संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 15 अगस्त 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला के समरहिल में हुए भारी भूस्खलन के बाद चलाए गए बचाव अभियान के दौरान घटना स्थल का दौरा किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 217 पृष्ठ: 12+12+12+8 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### पंजाब के शहीदी स्मारकों से पीएम का नाम हटाया

चंडीगढ़: पंजाब की सियासत में अब भाजपा और आप के बीच एक नया विवाद खड़ा हो गया है। क्योंकि पंजाब सरकार ने प्रदेश के शहीद स्मारकों पर लिखे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम को हटा दिया है। ऐसे में भाजपा ने पंजाब की आप सरकार पर गलत कार्रवाई के आरोप लगाए हैं। भाजपा के आरोप और सवालों पर पंजाब की आप सरकार ने जवाब दिया है। राज्य सरकार ने कहा कि शहीद स्मारकों पर केवल शहीदों के नाम ही होने चाहिए। वहीं पंजाब भाजपा के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने कहा कि प्रदेश की मान सरकार ने शहीदों के यादगारी पत्थरों से पीएम नरेंद्र मोदी का नाम हटा दिया है। उन्होंने प्रदेश सरकार की इस कार्रवाई को गलत ठहराया है। स्पष्ट है कि इस मुद्दे पर आगामी दिनों में भाजपा और आप के बीच खींचतान बढ़ सकती है।

### एम्स डॉक्टर ने बिना सहमति के महिला के एग्स बांटे

नई दिल्ली: दिल्ली एम्स के आईवीएफ सेंटर में 6 साल पहले एक डॉक्टर ने महिला मरीज के एग्स (अंडाणु) को बिना उसकी सहमति के बांट दिया था। उसने दो अन्य महिलाओं में उन एग्स को इंप्लांट किया था। इस मामले में दिल्ली मेडिकल काउंसिल ने 10 अगस्त 2022 को डॉक्टर का लाइसेंस एक महीने के लिए सस्पेंड कर दिया था। इस साल 18 जुलाई को नेशनल मेडिकल कमीशन ने आदेश को पलट दिया।जांच कमेटी ने माना कि महिला डॉक्टर ने रिप्रोडक्टिव मेडिसिन की फील्ड में अहम योगदान दिया है। इस केस में उनका मकसद गरीब महिलाओं की मदद करना था।

# हिमाचल में बारिश ने मचाई जबरदस्त तबाही

## हिमाचल में भारी बारिश से हुई तबाही, एक ही दिन में 41 लोगों की हुई मौत, 13 लापता, सीएम ने राहत अभियान का लिया जायजा

**कुदरत का कहर**

**इस भीषण त्रासदी के दृष्टिगत इस बार स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नहीं होगा**

टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा

.मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पिछले दो दिन से हो रही भारी बारिश के कारण हिमाचल प्रदेश के इतिहास में एक दिन में सबसे अधिक 41 लोगों की बहुमूल्य जान गई है, जबकि 13 लोग अभी भी लापता हैं। भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति का जायजा लेने के लिए शिमला में बुलाई गई एक आपात बैठक में उन्होंने कहा कि इस भीषण त्रासदी के दृष्टिगत इस बार स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में सिर्फ ध्वजारोहण, परेड और मुख्य अतिथि का संबोधन ही होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि परेड में स्थानीय पुलिस और एसडीआरएफ के जवान शामिल नहीं होंगे। वह बचाव कार्यों में ही शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारी बारिश से लोगों को हो रही परेशानियों को दूर करना सरकार की पहली प्राथमिकता है और परेड को भी स्केल डाउन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में जवान राहत और बचाव कार्यों में तैनात किए जाएंगे और लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नालागढ़ से एनडीआरएफ की टुकड़ी शिमला पहुंच गई है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में लगभग 1200 सड़कें प्रभावित हुई हैं, जिन्हें बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 600 सड़कों को आज शाम तक खोल दिया जाएगा और 300 सड़कों को कल तक बहाल कर दिया जाएगा।





### शिव मंदिर मे 25 से 30 लोगो के दबे होने की आशंका

**मंदिर** पर पहाड़ टूटकर गिर पड़ा। शिमला के समरहिल इलाके के शिव मंदिर में बडा हादसा हुआ । जिसमें 25 से 30 लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। शिमला में सोमवार सुबह लैंडस्लाइडिंग की वजह से हुए दो बड़े हादसों के बाद डेडबॉडी के साथ-साथ घायलों को इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल लाया जा रहा है।

### शिमला में बंद सड़कों को खोलने के निर्देश

**शिमला** शहर में बंद सड़कों को जल्द से जल्द खोलने के निर्देश दिए और कहा कि गिरे हुए पेड़ों को तुरंत हटा कर सड़कों को बहाल किया जाए। खतरनाक हो चुके पेड़ों को चिन्हित कर सुबह तक उसकी रिपोर्ट उन्हें प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रभावित पेयजल योजनाओं को जल्द से जल्द बहाल कर लोगों को पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश भर में बहुत से स्थानों पर बादल फटने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिसका सम्बन्धित विभाग को अध्ययन करना चाहिए, ताकि इनके कारणों के बारे में पता चल सके। हादसा सुबह सवा सात बजे के करीब हुआ, जब मंदिर में लोग जलाभिषेक करने पहुंचे थे. मंदिर में हवन यज्ञ और प्रसाद बनाने की भी तैयारी चल रही थी. इसी बीच सैलाब संग आए मलबे और विशालकाय पत्थरों ने मंदिर को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। प्रदीप पुत्र सुखराम उम्र 25 साल निवासी समरहिल शिव बावड़ी विद्यासागर पुत्र अमित कुमार उम्र 19 साल निवासी समरहिल शिव बावड़ी, अंकुश कुमार पुत्र बाबू सिंह उम्र 26 साल निवासी शिव बावड़ी समरहिल राहुल पुत्र अमित कुमार उम्र 19 साल निवासी शिव बावड़ी समरहिल, सावन कुमार पुत्र श्रवण कुमार उम्र 33 साल निवासी शिव बावड़ी समरहिल, अरुण कुमार पुत्र दयानंद उम्र 28 साल निवासी शिव बावड़ी समरहिल के तौर पर की गई है।

उन्होंने इस बारिश के कारण जिला सोलन, शिमला, मंडी और हमीरपुर सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावितों की हरसंभव मदद प्रदान करने के निर्देश दिए।

## 5 महीने के टॉप पर पहुंची फुटकर महंगाई

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

जुलाई में फुटकर महंगाई बढ़कर 7.44% पर आ गई है। महंगाई का यह 15 महीने का उच्चतम स्तर है। इससे पहले अप्रैल 2022 में महंगाई 7.79% रही थी। खाने-पीने का सामान खासकर सब्जियां महंगी होने के कारण महंगाई बढ़ी है। जून में फुटकर महंगाई 4.81% रही थी। वहीं मई में यह 25 महीने के निचले स्तर 4.25% पर आ गई थी। कंज्यूमर फूड प्राइस इंडेक्स जुलाई में बढ़कर 11.51% हो गया है। जून में यह 4.49% था जबकि मई में 2.96% था।

ये इंडेक्स खाने-पीने के सामान के दामों में बढ़ोतरी और उनमें कमी को दिखाता है। उपभोक्ता बास्केट में लगभग आधी हिस्सेदारी खाने-पीने की चीजों की होती है। जुलाई में महंगाई पहक के 6% की ऊपरी टॉलरेंस लिमिट के पार निकल गई है। शहरी महंगाई दर बढ़कर 7.20% पर आ गई जो जून में 4.96% थी ग्रामीण महंगाई दर बढ़कर 7.63% पर आ गई जो जून में

## पंजाब में पाक घुसपैठिया ढेर

पठानकोट: पंजाब में रविवार रात एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को ढेर किया गया है। बीएसएफ जवानों ने पठानकोट में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर क्रॉस कर रहे व्यक्ति को मार गिराया। व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव झाड़ियों में मिला। स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले पठानकोट में भारत-पाक सीमा पर कमलजीत पोस्ट पर बीती रात फायरिंग हुई, जिसमें पाकिस्तान की ओर से भारत की सीमा में घुसपैठ कर रहे एक घुसपैठिये को मार गिराया गया। झाड़ियों में पड़ा घुसपैठिये का शव। झाड़ियों में पड़ा घुसपैठिये का शव। बॉर्डर पर इलाके में सर्च ऑपरेशन हालांकि इसमें अभी तक मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई, लेकिन सूत्रों की मानें तो बॉर्डर पर काफी हलचल दिखाई दे रही है।

## कुछ लोगों के स्वार्थ ने भारत को विभाजन की ओर ढकेला: योगी

टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ

**कुछ लोगों** ने अपने स्वार्थ को राष्ट्र से ऊपर रखकर इस देश को विभाजन की त्रासदी की ओर ढकेला था। ये केवल राजनीतिक या जमीन के टुकड़ों का विभाजन नहीं था, बल्कि ये मानवता के दो दिलों के विभाजन का एक त्रासदीपूर्ण निर्णय था, जिसकी कीमत आज के ही दिन 1947 में लाखों लोगों को चुकानी पड़ी थी। इतिहास को विस्मृत करके कोई भी समाज आगे नहीं बढ़ सकता, इसीलिए आज हमारा संकल्प होना चाहिए कि मेरा व्यक्तिगत स्वार्थ, मेरे परिवार, मेरी जाति, मेरे मत, मजहब, क्षेत्र और भाषा का स्वार्थ कभी भी मेरे राष्ट्र से ऊपर नहीं हो सकता। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में विभाजन विभीषिका दिवस के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान अपने उद्बोधन में कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आश्चर्य होता है जब 1947 में देश का विभाजन होना ही था तो फिर पाकिस्तान और बांग्लादेश से भारत में आज भी घुसपैठ क्यों हो रही है।



**दो टूक**

**पाकिस्तान ने इतिहास से सबक नहीं सीखा, आज उसकी दुर्गति किसी से छिपी नहीं : मुख्यमंत्री**

अगर उन्हें पाकिस्तान ही उतना प्यारा था तो उन्हें उस पाकिस्तान की समृद्धि और मानवता के कल्याण और समृद्धि के लिए वहीं से नया संदेश पूरी दुनिया को देना चाहिए था। मगर उन्होंने इतिहास से सबक नहीं सीखा। परिणाम सबके सामने है। विभाजन की विभीषिका को झेलते हुए भी 140 करोड़ की आबादी वाला भारत जाति, मत, मजहब, उत्तर, दक्षिण, पूरब, पश्चिम के भेद को समाप्त करते हुए, एक भारत श्रेष्ठ भारत के संदेश के साथ आगे बढ़ रहा है। वहीं पाकिस्तान की दुर्गति किसी से छिपी नहीं है। ऐसा नहीं है कि उनके पास उर्वरा भूमि नहीं है। भारत की कृषि उत्पादन की सबसे उर्वरा भूमि विभाजन के बाद पाकिस्तान के पंजाब में गई। पाकिस्तान उस भूमि के बल पर कुछ दिन तक अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में अग्रसर भी हुआ। मगर उसकी नकारात्मकता ने उसे आज वहां पहुंचा दिया है।





नरेला चेतना मंच
नरेला, दिल्ली-40
श्री राकेश बंसल संरक्षक
श्री कृष्ण घी वाले संरक्षक
श्री अनिल गुप्ता संरक्षक
श्री संजय बंसल चैयरमेन
श्री भगवान गौतम वाईस चैयरमेन
श्री आनन्द खत्री वाईस चैयरमेन
श्री मनोज बंसल प्रधान
श्री मोहित गुप्ता महासचिव
श्री अनिल कुमार गर्ग कोषाध्यक्ष
श्री अनिल वर्मा उपप्रधान
श्री कपिल भारद्वाज उपप्रधान
श्री अनिल शर्मा उप प्रधान
श्री प्रमोद नरवाल उपप्रधान
श्री अतुल गुप्ता विधी प्रमुख
श्री गौरव मारवाह सह कोषाध्यक्ष
श्री संजय शर्मा सचेतक
श्री अजय मंगला कार्यकारिणी सदस्य
श्री नवीन मल्होत्रा कार्यकारिणी सदस्य


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
Sada Ram Gupta
Gen. Secretary
Senior Citizen's Welfare Association (Regd)
Regd Office: 28, Rajiv Colony, Opp. Canara Bank, Narela, Delhi
Resi: B-199, G-Block, Punjabi Colony, Narela, Delhi
E-mail: bksrgupta@gmail.com
Patron: Federation of Narela Sub. City Delhi
Past President : Lions Club Inter National, Narela Greater
Ex. President: Bharat Swabhiman Trust, Distt. Narela
Gen Secretary : Senior Citizen's Welfare Association (Regd.) Narela
-do- Human Rights Protection Sangh of India Distt. North West Delhi
-do- A One Shivaji Nagar Residents Welfare Asson. (Regd.) Narela
-do- Narela Partibha Samman Simi Narela
Truste: Maruti Nandan Dharam Shala (Trust) Mehandipur (Raj)
-do- Agarsain Mahakutambh International Trust GTK Road, Kundli Delhi
Executive Member: Brahmakumaris Social Wing. Mt. Abu
-do-: Poorva Sainik Seva Parishad, Delhi
Appointed Member: Brahmakumaries TDI/Ansal Kundli Sonipat (Hr.)
Member: Akhil Bhartiya Aggarwal Sammelan, Delhi
-do- Varisht Nagrik Kesri Club, Narela
-do--Aggarwal Sewa Sangh (Regd.) Narela
-do- Swami Vivekanada Trust, Narela
-do-Patanjali Yog Simiti, Narela
-do-:Art of Living Narela


आजादी का अमृत महोत्सव
15 AUGUST 2023
INDIA
सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब, नरेला
की ओर से सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राष्ट्रीय दैनिक
# एक्शन इंडिया
सबकी ख़बर सब तक
03
नई दिल्ली
मंगलवार, 15 अगस्त 2023
RKB
Rakesh Bhardwaj Group












# व्यवस्था परिवर्तन का जनता को हो रहा फायदा: मनोहर लाल




करनाल/टीम एक्शन इंडिया
**मुख्यमंत्री मनोहर** लाल ने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद पिछले 9 सालों में व्यवस्था को बदला है। जिसका सीधा फायदा जनता को पहुंच रहा है। कांग्रेस तो व्यवस्था परिवर्तन के बारे में सोच भी नहीं सकती। विपक्षी भी अब सत्तारूढ़ सरकार को पोर्टल की सरकार कहने लगे हैं। नई व्यवस्थाओं के तहत लोगों के काम हाथों हाथ होने लगे हैं और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है। मुख्यमंत्री आज करनाल जिला के गांव पुंडरक में हलके के 20वें जनसंवाद कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।
उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 10 साल में जितने विकास कार्य कराये उससे दो गुणा अधिक भाजपा ने 9 साल में कर दिए। इतना ही नहीं कांग्रेस राज में जितना पैसा खर्च होता था उससे आधे में विकास कार्य पूरे कराये गये हैं। 2014 से पहले 100 में से 15 पैसे ही नीचे तक पहुंचते थे लेकिन अब एक क्लिक से शत-प्रतिशत राशि लाभार्थियों के खातों में पहुंचती है। उन्होंने कहा कि एक दौर था जब बुढ़ापा पेंशन बांटते समय शाम को यदि दस लोगों की पेंशन बच जाती थी तो उसे उल्टा-सीधा अंगूठा लगाकर वितरित हुआ दिखा दिया जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। गांवों में विकास के लिये कितनी ग्रांट भेजनी है यह आबादी अनुसार तय कर दिया गया है। इस राशि को पंचायतों अथवा नगर निगम को खर्च करने की आजादी है। अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं गांव में जिनके परिवार पहचान पत्र नहीं बने हैं, तुरंत बनायें। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र एक महत्वपूर्ण दस्तावेज बन चुका है। विभिन्न योजनाओं का फायदा लेने के लिये पीपीपी जरूरी है।
मनोहर लाल ने बताया कि पीपीपी के आंकड़ों अनुसार पुंडरक की आबादी 3863 है। 53 प्रतिशत लोगों की आय 1.80 लाख से कम है। आयुष्मान भारत योजना के तहत 1731 लोग पात्र हैं। इनमें से 1565 के कार्ड मंजूर हो चुके हैं और 108 लोग योजना का लाभ उठा चुके हैं। सरकार इनके इलाज पर 40 लाख रुपये खर्च कर चुकी है। उन्होंने सीएमओ को इस बात की जांच के निर्देश दिये कि पवन कुमार पुत्र शेर सिंह के इलाज पर 7 लाख 11 हजार रुपये की राशि खर्च हुई है या नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीपीपी के आधार पर गांव में 133 नये राशन कार्ड बने हैं। पहले राशनकार्ड धारकों की संख्या 357 थी जो अब बढकर 490 हो गई है। तीन लोगों की बुढ़ापा पेंशन खुद बनी है। इसके लिए उन्हें दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़े।
**सिफारिश के आधार पर नौकरी का दौर खत्म:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सिफारिश के आधार पर नौकरी का दौर खत्म हो चुका है। नौ साल में इस गांव में 20 लोगों को केंद्र और 20 को राज्य सरकार की नौकरी मिली है। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार योजना के तहत 26 लोगों के ऋण मंजूर हो चुके हैं। गांव में 2 करोड़ 88 लाख के विकास कार्य कराये गये हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर गांव में लाइब्रेरी खोली जायेगी। पंचायतें से तालाबों की सफाई कराने की अपील करते हुए उन्होंने कि इस कार्य के लिये डीजल का पैसा सरकार देगी। गांव के सतपाल, रोशन और बनारसी की बुढ़ापा पेंशन मौके पर ही बनाई गई।

## कार की टक्कर से दो युवक घायल

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत
उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर जिले के चांदीपुर खुर्द के रहने वाले प्रवेश पांडेय ने राई थाना पुलिस को बताया कि वह कुंडली में स्थित एक कंपनी में अधिकारी हैं। वह अपने दोस्त मेरठ के रहने वाले संदीप के बाइक से फ्लैट पर आ रहे थे। वह जाखौली से टीडीआइ की ओर जा रहे थे। इस दौरान जाखौली मोड़ के पास एक तेज रफ्तार ईको कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह दोनों घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

**▶▶ इससे वह दोनों घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया**


**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| 1. | कार्यस्थल सहित कार्य का विवरण: शामली स्टेशन पर पूर्वोत्तर रेलवे भूमि पर गति शक्ति मल्टी मोडल कार्गो टर्मिनल विकसित करने हेतु निविदा |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत: रु. 13,69,16,850/- |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य: रु. 11,800/- |
| 4. | कार्यालय का पता: मुख्य महाप्रबंधक/गति शक्ति/नई दिल्ली, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली 110055 |
| 5. | जमा की जाने वाली धरोहर राशि: रु. 1,36,91,700/- |
| 6. | निर्माण कार्य को पूर्ण करने की अवधि: 18 माह |
| 7. | ई–निविदा आमंत्रण/खुलने का समय व दिनांक: 11:00 hrs. on 08.09.2023, 11:30 hrs. on 08.09.2023 |
| 8. | वेबसाइट का विवरण जहाँ पर ई–निविदा विवरण देखा जा सकता है: उत्तर रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in |

सं.: 1C-MG-BMHR-39-GCT-2023 दिनांक: 14.08.2023 2520/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## ऑटो कारोबारी की सड़क हादसे में मौत, पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत
**राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार वाहन ने ऑटो कारोबारी को चपेट में ले लिया। हादसे में घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृतक घोषित कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस वाहन का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। गांव खेवड़ा निवासी दीपक ने बताया कि उसका जीजा विजय सोनी गुरुग्राम के झाडसा गांव के रहने वाला था। उनका आटो का कारोबार था। वह रात को करीब एक बजे जीटी रोड पर दिल्ली से पानीपत साइड में कार से जा रहे थे।जब वह नांगल फ्लाईओवर के पास पहुंचे तो किसी वाहन ने उनकी कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनको अस्पताल में पहुंचाया। जहां पर हादसे में लगी चोटों के कारण उनकी मौत हो गई। हादसा कर भागने वाले वाहन की पहचान नहीं हो सकी है। हादसा वाहन चालक के तेज रफ्तार व लापरवाही के कारण हुआ है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज से हादसा कर भागने वाले वाहन की पहचान का प्रयास कर रही है।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित हुए कार्यक्रम
### देशभक्तिमय हुआ माहौल, भारत माता की जय के गूंजे नारे

करनाल/टीम एक्शन इंडिया
**मेरी माटी-मेरा देश** अभियान के तहत सोमवार को जिले में अलग-अलग कार्यक्रमों की श्रृंखला में गांव चिडाव, सिरसी, बीड माजरा, मंजूरा ब्याना, गढी जाटान, खानपुर, बदरपुर में शिलाफलकम, वसुधा वंदन, वीरों का वंदन, अमृत वाटिका, पौधारोपण, पंच प्रण शपथ जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
जिलाभर के गांवों में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने इस अभियान के तहत पौधारोपण किया गया और मिट्टी को मुट्ठी में भरकर देश की एकता, कर्तव्यों की भावना को लक्षित करती पंच प्रण की शपथ ली गई। इस दौरान गांवों में सेना के जवानों व वीरों का भी सम्मान किया गया। गांवों का माहौल देशभक्ति से सराबोर हो गया तथा भारत माता की जय के नारे गूंजे। इसके अतिरिक्त आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सभी लोग 13 से 15 अगस्त तक हर-घर तिरंगा फहरा रहे हैं। अभियान के तहत पटेहडा, बदरपुर, खेडा, मोर माजरा, कुताना में सार्वजनिक भवनों व घरों छतों पर तिरंगा फहराया। अभियान को लेकर जनमानस में भारी उत्साह है तथा वे जोश के साथ अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं।
इसके अलावा सरकारी भवनों, औद्योगिक इकाईयों, पंचायत भवन, सामुदायिक केन्द्रों, अस्पतालों, सामाजिक धार्मिक व राजनैतिक संगठनों के भवनों पर भी तिरंगा फहराया जा रहा है।
अभियान के दौरान स्कूलों में राष्ट्रीयता की भावना को प्रबल करने लिए पांच प्रण लिए जा रहे है।


**उत्तर रेलवे**
**खुली निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल अभियंता-II रेलवे नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए नई निविदा आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 08.09.2023 को 15:00 बजे मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली में खोली जाएगी।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | A) SSE/W/MTC और SSE/W/MOZ खंड में कॉलोनियों और सेवा भवनों के दिन-प्रतिदिन के रखरखाव के लिए कुशल और अकुशल कर्मचारियों को काम पर रखकर रखरखाव गतिविधियों के लिए प्रावधान। |
| अनुमानित लागत | GEM/2023/B/3796163 GeM पर निविदा सूचना के अनुसार |
| धरोहर राशि | GEM/2023/B/3796163 GeM पर निविदा सूचना के अनुसार |
| कार्य समापन अवधि | GEM/2023/B/3796163 GeM पर निविदा सूचना के अनुसार |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | GEM/2023/B/3796163 GeM पर निविदा सूचना के अनुसार |
| समान कार्य की परिभाषा | GEM/2023/B/3796163 GeM पर निविदा सूचना के अनुसार |

नोट:- 1. निविदा प्रपत्र की वेबसाइट www.gem.gov.in दिनांक 14.08.2023 से 08.09.2023 के 15:00 बजे तक डाउनलोड कर सकते है। 2. निविदा संबंधी अन्य जानकारी टेंडर दस्तावेज से देख सकते है।
BID No. GEM/2023/B/3796163 दिनांक: 14.08.2023. 2519/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## भाजपा सरकार से दुखी लोगों ने हरियाणा में बनाया बदलाव का मन: सुमिता सिंह

करनाल/टीम एक्शन इंडिया
**पूर्व विधायक** सुमिता सिंह ने कहा कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन की लहर चल पड़ी है और इस लहर में मौजूदा सरकार का आगामी वर्ष में होने वाले विधानसभा चुनाव में पूरी तरह से सफाया हो जाएगा।
सुमिता सिंह ने सैदपुरा मे राजेश देसवाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रही थी। सैदपुरा में पहुंचने पर सैदपुरा वासियों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कुशासन गलत नीतियों से प्रदेश का हर वर्ग दुखी है और कांग्रेस शासनकाल को याद कर रहा है। लेकिन भाजपा सरकार ने प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई व भ्रष्टाचार एको बढ़ावा दिया। हरियाणा से एक ही आवाज आ रही है कि बीजेपी सरकार जा रही है और कांग्रेस सरकार आ रही है।
उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने हर वर्ग को अपमानित और प्रताडित करने का काम किया है। इसलिए अब लोगों ने हरियाणा में बदलाव का मन बना लिया है। बीजेपी सरकार की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले विकास, प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, किसानों, खिलाडियों के मान-सम्मान, किसानों की फसलों के भाव, पेंशन देने में जो हरियाणा नंबर एक पर था और खुशहाली की तरफ बढ़ रहा था, आज वो बेरोजगारी, महंगाई, अपराध, भ्रष्टाचार, नशाखोरी में नंबर 1 बन गया और विकास में पिछड कर 19वें पायदान पर पहुँच गया है। बेरोजगार युवा हताशा में आकर नशे का सहारा लेता है और नशे में वो अपराध के दलदल में फंस रहा है।


**उत्तर रेलवे**
**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी, जिसका विवरण सारणीबद्ध है–

| क्र. सं. | कैटगरी एवं विवरण | ई–कैटलॉग | स्टेशनों के नाम | ई–नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 06 रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्म/कोन्कोर्स/प्रतिक्षालय हाल/रूम में ग्लो साइन बोर्ड/बोर्डस/होर्डिंग द्वारा नॉन डिजिटल वाणिज्य विज्ञापन ठेका हेतु | ADV-RDN-05-2023 | सहारनपुर, मंडी गोबिंदगढ़, अम्बाला छावनी (BCN डिपो की दीवार), बराडा, जगाधरी वर्कशॉप, मलोट, तपा एवं सिरसाबाद | 24.08.2023 को 11.00 बजे |
| 2 | 02 रेलवे स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में होर्डिंग/यूनिपोल द्वारा वाणिज्य विज्ञापन ठेका हेतु | | लेहरा गागा एवं जगाधरी वर्कशॉप | |
| 3 | कम्प्रेहेंसिव दो/तीन/चार पहिया पार्किंग ठेका | Parking-09-2023 | T–2 कॉलोनी पार्क, सहारनपुर रेलवे स्टेशन | 24.08.2023 को 15.00 बजे |
| 4 | 06 रेलवे स्टेशनों पर, प्लास्टिक बोटल क्रशर मशीन द्वारा वाणिज्य विज्ञापन करने का ठेका | UMB-PBCM-06-23 | शिमला, सरहिंद, अबोहर, यमुनानगर जगाधरी, राजपुरा, एवं पटियाला | 25.08.2023 को 11.00 बजे |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें। 2524/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**
**ई–खुली निविदा सूचना**

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्नकार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 05–09–2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| ए | सहायक मंडल अभियंता/सम्पत्ति–IV के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/शकूरबस्ती के कार्य क्षेत्र में जल आपूर्ति प्रणाली की मरम्मत और पीवीसी जल भंडारण टैंक के प्रावधान हेतु। | रूपये 8999959.28 | रूपये 180000.00 | 06 महीने |
| बी | सहायक मंडल अभियंता/सम्पत्ति–IV के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/शकूरबस्ती के कार्य क्षेत्र में जनरल स्टोर, बीआरआई कार्यालय और एस एंड टी स्टोर में सड़क की मरम्मत के काम हेतु। | रूपये 11999912.56 | रूपये 210000.00 | 06 महीने |
| सी | सहायक मंडल अभियंता/सम्पत्ति–IV के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/शकूरबस्ती के कार्य क्षेत्र में ब्लॉक संख्या आर–228, टी–5, 339, 340 और बीआरआई कार्यालय की टपकती छत और क्षतिग्रस्त एसी शीट की बाहरी सतह की पेंटिंग की मरम्मत हेतु। | रूपये 8999997.73 | रूपये 180000.00 | 06 महीने |
| डी | सहायक मंडल अभियंता/सम्पत्ति–IV के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/शकूरबस्ती के कार्य क्षेत्र में बाहरी पेंटिंग, दरवाजे, खिड़कियां, बालकनी, क्षतिग्रस्त आरसीसी छत, बीम, सनशेड, एसी शीट और बाहरी प्लास्टर की मरम्मत ब्लॉक नं. 310 से 315, 301 से 308, 342 से 346, 293 से 296, 280,283 286, 285 आदि। | रूपये 14499953.39 | रूपये 222500.00 | 06 महीने |
| इ | सहायक मंडल अभियंता/सम्पत्ति–IV के अंतर्गत दिल्ली किशन गंज-I एवं दिल्ली किशन गंज-II रेलवे कॉलोनियों की क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत हेतु। | रूपये 17999999.48 | रूपये 240000.00 | 06 महीने |
| ऍफ | सहायक मंडल अभियंता/सम्पत्ति–IV के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/शकूरबस्ती के कार्य क्षेत्र में अखाड़ा और शेड क्षेत्र में मरम्मत, स्वास्थ्य इकाई और अधीनस्थ विश्राम गृह की मरम्मत हेतु। | रूपये 5099993.57 | रूपये 102000.00 | 06 महीने |

1. निविदा दिनांक 05.09.2023 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।
पत्र संख्या:– 128–डब्ल्यू/268/निविदा सूचना/23–24/डब्ल्यू–ई/टेंडर नं.: 24 (ए. बी. सी. डी. इ. ऍफ) दिनांक: 14.08.2023 2527/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**
**ई–निविदा सूचना।**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/ओएंडएफ अम्बाला के द्वारा ई–टेंडर संख्या 631-TRS/CAMC/HRE-Bemco/SPARMV/ART/SRE/M-4 के अंतर्गत एकल निविदा आमंत्रित की जाती हैं जिसके बंद होने की तिथि व समय 31.08.2023 को प्रातः 11:00 बजे है। इस निविदा के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदाकर्ता ध्यान दें कि निविदा मूल्य एवं धरोहर राशि का भुगतान केवल through online payment मोड के द्वारा जो कि IREPS पर उपलब्ध है जैसे कि नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | एकल निविदा फॉर कॉम्प्रेहेंसिव टाइल एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ बेमको मेक हाइड्रोलिक रि-रेलिंग इक्विपमेंट (HRE) ऑफ SPARMV at बठिंडा में तीन वर्ष की अवधि का कॉन्ट्रैक्ट | | |
| निविदा टाइप | सिंगल निविदा | बिडिंग सिस्टम | Single packet system |
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | 31.08.2023 at 11:00 A.M. | अपलोडिंग दिनांक | 09.08.2023 at 12:40 P.M. |
| प्री–बिड हाँ/नहीं | नहीं | प्री–बिड क्वेरी दिनांक एवं समय | N.A. |
| एडवरटाईज्ड वैल्यू | ₹27,80,670/- | टेंडरिंग सेक्शन | O&F |
| धरोहर राशि | ₹55,700/- | निविदा की वैधता | 60 दिन |
| निविदा मूल्य | ₹0.00/- | कार्य अवधि | 36 माह |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 17.08.2023 | निविदा खुलने की तिथि | 31.08.2023 at 11:30 A.M. |

सं.: 631-TRS/CAMC/HRE-Bemco/SPARMV/ART/SRE/M-4 दिनांक: 11.08.2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2512/2023


## अधिवक्ता के घर से जेवरात व नकदी चोरी
### पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा किया दर्ज

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत
**मोहाना थाना** क्षेत्र में चोरों ने सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता के पैतृक आवास से चोरी कर ली। चोरी को घर का ताला खोलकर अंजाम दिया गया। घटना के समय उनके अधिवक्ता के माता-पिता अपनी पशुशाला में गए थे। उनको घर आने पर चोरी होने की जानकारी हुई। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।
गांव माहरा निवासी राहुल भारद्वाज सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता है। वह अपने परिवार के साथ दिल्ली में ही रहते है। उनके गांव के घर पर बुजुर्ग माता-पिता रहते है। राहुल भारद्वाज ने मोहाना थाना पुलिस को बताया कि उनके पिता राजेश कुमार भारद्वाज और माता सुनीता देवी सुबह को पांच बजे अपने घेर में पशुशाला में चले जाते है। वह रोजाना की तरह 13 अगस्त की सुबह भी पशुशाला में गए थे।

## राष्ट्रीय पर्व के रूप में मना रहे हैं आजादी का जश्न : समता

करनाल/टीम एक्शन इंडिया
**गौशाला** रोड स्थित अभेद शक्ति सदन स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देशभक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अतिरिक्त हरियाणवी कल्चर पर कार्यक्रम हुआ, जिसमें काव्या व काश्वी सुपुत्री डॉ. अमित कुमार सहित अनुष्का, लवप्रीत कौर, प्रतिष्ठा, अंजलि, श्रृष्टी, भव्या और काव्या आदि ने देशभक्ति पर अपनी प्रस्तुति दी। स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर मिस समता ने स्वतंत्रता दिवस के बारे बच्चों व उनके अभिभावकों को जानकारी देते हुए कहा कि आज हम सभी यहां पर 15 अगस्त 1947 को प्राप्त आजादी के जश्न को एक राष्ट्रीय पर्व के रूप में मानने के लिए एकत्रित हुए हैं।


**उत्तर मध्य रेलवे**
ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या: 23/55 दिनांक: 11.08.2023
**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई) निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमन्त्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 70233058बी | ब्राजिंग रोड | 80 किलो. | 18.09.2023 |
| 2 | 80235103 | एरोसोल फायर | 296 सेट | 18.09.2023 |
| 3 | 50235334 | सप्लाई, ट्रांसपोर्टेशन, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एंड कमिशनिंग ऑफ मल्टी सेक्शन डिजीटल एक्सल काउन्टर (एमएसडीएसी) | 102 सेट | 28.08.2023 |
| 4 | 64231004 | हाइड्रोलिक हॉस पाइप वर्किंग प्रेसर | 1000 नग | 27.09.2023 |
| 5 | 64231070 | जेएचएस हेक्स हेड बोल्ट 16 गुणा 70 एमएम | 1500 नग | 27.09.2023 |
| 6 | 64231045 | एयर आयलर पार्ट नं- 90180 | 50 नग | 27.09.2023 |
| 7 | 64231064 | हाइड्रोलिक एल्बो 90 डिग्री आउट आफ क्रीं कटिंग | 50 नग | 27.09.2023 |
| 8 | 64231002 | हाइड्रोलिक हॉस आईडी- 3/4 इंच पार्ट नं- एसाई 100 आर 9-12 | 500 मीटर | 03.10.2023 |
| 9 | 64231071 | हेक्स हेड बोल्ट साइज 3ए : 16 गुणा 75 एमएम | 1200 नग | 03.10.2023 |
| 10 | 64231078 | हाइड्रोलिक हॉस आईडी- 1/2 इंच डब्ल्यूपी 295 बार | 1000 मीटर | 03.10.2023 |
| 11 | 64231073 | हेक्स हेड बोल्ट 16 गुणा 90 एमएम | 1200 नग | 03.10.2023 |
| 12 | 64231074 | हेक्स हेड बोल्ट 20 गुणा 60 एमएम | 1500 नग | 03.10.2023 |
| 13 | 63235115 | सप्लाई ऑफ बोल्ट एण्ड नट ऑफ 25X130mm, Drg. No. T-11508 | 166.2 एम.टी | 10.10.2023 |
| 14 | 64235117 | कॉन्टैक्टर | 36 नग | 04.09.2023 |
| 15 | 64235118 | कॉर्ड वायर | 2500 एमटीआर | 05.10.2023 |
| 16 | 64235120 | अल्टरनेटर | 12 नग | 05.10.2023 |
| 17 | 64235121 | चार्जिंग अल्टरनेटर | 05 नग | 05.10.2023 |
| 18 | 64235017D | हाइड्रोलिक एडॉप्टर | 99 नग | 12.09.2023 |
| 19 | 64225021C | न्यूमैटिक | 74 नग | 11.10.2023 |
| 20 | 30232616 | चोक पिन फॉर ट्रांजिशन एंड नॉन ट्रांजिशन सीबीसी | 3000 नग | 04.09.2023 |
| 21 | 30232687 | बॉडी साइड अरेंजमेंट | 30 नग | 05.09.2023 |

नोट: उपरोक्त ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। 1291/23 (A)
North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 73476708
वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। रूद्राक्ष 9815119633, 9855577523
कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 7087033731
कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## Change of Name

1. AHSAAS CHHIKARA SO SI PARDEEP KUMAR R/o VPO JUAN (177), Sonipat Haryana-131024. In my Aadhar Card No. 6963 8019 7909 & Educational Documents my name is mentioned as AHSAAS CHHIKARA. But in Passport No. L5797698 my name is mentioned as EHSAAS. That AHSAAS CHHIKARA & EHSAAS is one & the same person .

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## न्यूज फ्लैश

### हिसार : अदालत ने हत्यारे पति को दी उम्र कैद, 20 हजार जुर्माना

हिसार : एडीजे अमित सहरावत की अदालत ने हत्यारे पति को उम्र कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उस पर 20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। आरोप है कि हत्यारे सुखबीर ने अपनी पत्नी से मारपीट करने के बाद जहर पिलाकर उसे मौत के घाट उतार दिया था। अदालत में चले मामले के अनुसार उत्तर प्रदेश निवासी जहावती देवी ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसकी बेटी पूजा की शादी 11 नवंबर 2017 को रावलवास खुर्द के सुखबीर के साथ की थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही से ही उसकी बेटी पूजा को उसका पति सुखबीर व सास तंग करने लगे। इसी के चलते 11 फरवरी 2021 को उसकी बेटी पूजा ने फोन कर बताया कि उसके पति व सास उसे परेशान कर रहे है। इस पर 12 फरवरी को दोपहर को उसके दामाद सुखबीर ने फोन किया कि पूजा ने जहर निगल लिया है। इस पर वह अपने दामाद प्रतापगढ़ के सैलखा के रहने वाले केशव को साथ लेकर पूजा के ससुराल वालों से संपर्क करके हिसार के नागरिक अस्पताल पहुंची। यहां पर देखा तो पूजा मृत मिली। शिकायतकर्ता के अनुसार पूजा के मुंह पर, आंख पर व गर्दन पर चोटों के निशान है और मुंह व नाक से खून आया हुआ है। साथ ही जहर पिलाना पाया गया। उसे पूरा शक है कि बेटी पूजा को उसके पति सुखबीर व उसकी सास राजबाला ने उसकी चोटें मारकर व जहर पिलाकर हत्या की है। इसी मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया था, जिस पर अदालत ने हत्यारे को सजा सुनाई है।

### मिनिस्ट्रियल स्टाफ कर्मियों की हडताल 34वें दिन भी रही जारी

जींद : हरियाणा मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन के आह्वान पर कर्मियों की हडताल सोमवार को 34वें दिन भी जारी रही। नागरिक अस्पताल में चल रहे धरने को हरियाणा रोडवेज वर्कर यूनियन के राज्य उपप्रधान प्रदीप शर्मा ने लिपिकों का समर्थन किया। उन्होंने सरकार से मांग की कि हड़ताली लिपिकों से तुरंत बातचीत करके भाजपा सरकार अपने चुनावी घोषणा पत्र व पूर्ववर्ती सरकार के 25 अगस्त 2014 के कैबिनेट निर्णयानुसार लिपिक व स्टैनो वर्ग का वेतन मान 35400 करने सहित सभी जायज मांगो समाधान करें। उन्होंने बताया कि सरकार हड़ताली कर्मचारियों से बातचीत का ढोंग रचती और बातचीत के बाद अगली मीटिंग की तिथि निर्धारित कर देती है, इससे जनता व कर्मियों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने बताया कि हड़ताली लिपिकों के कारण आमजन मानस को रोजमर्रा के कार्यों के लिए हो रही परेशानी के मध्यनजर हरियाणा रोडवेज के कर्मचारी एक दिन के लिए राज्य के सभी डिपुओ पर रोष प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि यदि अन्य कर्मचारी जिनको जुलाई माह का वेतन अभी तक नही मिला भी हड़ताल पर आ गए तो और भी गंभीर स्थिति उत्पन हो जाएगी। सर्व कर्मचारी संघ के ब्लाक प्रधान ईश्वर सिंह सच्चाखेड़ा ने हड़ताली लिपिको का समर्थन करते हुए सरकार को चेतावनी दी यदि लिपिको द्वारा लोकतांत्रिक व संवैधानिक रूप से की जा रही हड़ताल को लंबा खींच कर कुचलने का प्रयास किया गया तो प्रदेश के अन्य कर्मचारी संगठन भी उनके आंदोलन मे शामिल हो जाएंगे। इस अवसर पर दीनानाथ शर्मा, ईशवंती देवी, आजाद पांचाल, सतीश शर्मा, इंदुमती, सविता देवी, एकता रानी, दर्शना देवी, किरण कुमारए विजय मौजूद थे।

### हरियाणा के 12 पुलिस अधिकारियों को मिलेगा पुलिस पदक

चंडीगढ़ : स्वतंत्रता दिवस पर हरियाणा पुलिस के 12 अधिकारियों और जवानों का विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक (पीपीएमडीएस) और सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित करने के लिए चयन किया गया है। हरियाणा पुलिस के प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इन मेडलों की घोषणा की है। हरियाणा पुलिस के दो अधिकारियों को विशिष्ट सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पुलिस पदक, जबकि 10 अन्य पुलिस अधिकारियों व जवानों को सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से अलंकृत किया गया है। उप पुलिस अधीक्षक सीआईडी उदय राज सिंह तंवर और लेडी सब-इंस्पेक्टर जनक कुमारी को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित करने के लिए चुना गया है। इसके अतिरिक्त सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से अलंकृत होने वालों में राहुल देव डीएसपी झज्जर, वीरेंद्र सिंह पुलिस उपायुक्त सोनीपत, नवीन कुमार सहायक उप निरीक्षक हिसार, राजबाला महिला उप निरीक्षक गुरुग्राम, राम पाल निरीक्षक यमुनानगर, सुनील कुमार उप निरीक्षक कमांडो नेवल करनाल, सुरेंद्र प्रताप हेड कांस्टेबल राज्य अपराध शाखा पंचकुला, वीरेंद्र कुमार एएसआई पंचकुला, युद्धवीर सिंह सब इंस्पेक्टर एंटी करप्शन ब्यूरो गुरुग्राम और जोगिंदर सिंह एएसआई रोहतक शामिल हैं। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार अग्रवाल ने सभी पुलिस अधिकारियों और जवानों को बधाई देते हुए कहा कि यह समस्त पुलिस बल के लिए बहुत की गौरव व सम्मान का क्षण है। डीजीपी ने कहा कि हमारे पुलिस अधिकारियों की बहादुरी, प्रतिबद्धता व अथक प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान से पुलिस पदक से अलंकृत होने वालों के साथ-साथ अन्य अधिकारियों व जवानों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

# 'नगर निगम शहर से अवैध विज्ञापनों को हटाने की कर रहा कार्रवाई'

## अवैध विज्ञापन लगाने पर लगेगा 3 गुणा जुमार्ना

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। नगर निगम आयुक्त** अभिषेक मीणा ने बताया कि निगम का प्रवर्तन दल शहर में अनाधिकृत रूप से लगाए गए विज्ञापनों को हटाने की कार्रवाई कर रहा है। इसके चलते गत दिनों में शहर के मुख्य स्थान व बाजार, सडकों तथा नेशनल हाईवे पर नगर निगम से बिना अनुमति लिए लगाए गए विज्ञापन बोर्ड, फ्लैक्स व होर्डिंग्स को हटाया गया है। उन्होंने बताया कि एन्फोर्समेंट टीम अवैध विज्ञापनों को उतारने के काम को एक अभियान के रूप में लेकर कर रही है और सम्बंधित व्यक्ति के खिलाफ विज्ञापन पॉलिसी में दिए गए प्रावधान के अनुसार जुमार्ना भी लगाया जाएगा।

विज्ञापन पॉलिसी के तहत 104 साईट की अपलोड- उन्होंने बताया कि नगर निगम की ओर से विज्ञापन पॉलिसी के तहत 104 साईट पोर्टल पर अपलोड की गई हैं। इच्छुक एजेंसी या पार्टी ह्यद्दह्व.ब्धह्यद्भद्रह्लह्र४७.द्दश्र पोर्टल पर, 17 अगस्त तक एक या एक से अधिक साईट भर सकता है। वार्षिक रेट की कुल



राशि का 10 प्रतिशत ई.एम.डी. के रूप में भरना होगा। इसके बाद 18 अगस्त 2023 को ऑनलाईन बोली होगी। उन्होंने बताया कि यूनिपोल व होर्डिंग की 79 साईट, 12 बस क्यू शैल्टर तथा 13 साईकिल स्टैण्ड की साईट विज्ञापन के लिए ओपन की गई हैं। इच्छुक बोलीदाता/विज्ञापनदाता अपनी पसंद की साईट आवेदन पर डाल सकता है। उन्होंने बताया कि ठेका एक साल के लिए रहेगा और सम्बंधित पार्टी को एक साल की फीस एकमुश्त ही देनी होगी। उन्होंने बताया कि उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य जगह पर भी अगर कोई व्यक्ति विज्ञापन प्रदर्शित करना चाहता है, तो वह नगर निगम कार्यालय में अलग से आवेदन कर सकता है।

इच्छुक पार्टी करे ऑनलाईन आवेदन- निगमायुक्त ने बताया कि इच्छुक पार्टी बोली पर विज्ञापन साईट लेने के लिए 17 अगस्त तक आवेदन कर सकती है, इसके लिए ह्वपोर्टल खुला है।

ऑक्शन में जो भी बोलीदाता या विज्ञापनदाता ज्यादा शुल्क देगा, उसी को साईट मिलेगी। इस काम को देखने के लिए नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अदिति को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत निकली कलश यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत नारनौल में डीएसपी जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। अमृत कलश यात्रा में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। अग्रसेन चौक पर यात्रा का समापन किया गया। कलश यात्रा पुलिस लाइन से लेकर शहर के अन्य हिस्सों में निकाली गई। सरकार द्वारा चलाए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उन वीर जवानों का सम्मान करने से है जिन्होंने देश के लिए अपना बलिदान दिया है। महेंद्रगढ़ पुलिस के द्वारा सोमवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत कलश यात्रा निकाली गई। डीएसपी जितेंद्र कुमार ने कलश यात्रा को रवाना किया, इस दौरान वेलफेयर निरीक्षक कंवर सिंह और लाइन अफसर एसआई जगदीप भी मौजूद रहे। आजादी के अमृत महोत्सव के समापन अवसर पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत मिट्टी को नमन वीरों का वंदन कार्यक्रम अभियान चलाया जा रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव हमारे देश के लिए गौरव का पल है।

## स्कूल के छात्र-छात्राओं ने निकाली हर घर तिरंगा रैली




**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल। आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत भारत सरकार द्वारा चलाई गई मुहिम के तहत दिनांक 14 अगस्त, 2023 को डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने हर घर तिरंगा रैली निकाली। रैली को स्कूल प्रधानाचार्या मंजु मल्होत्रा ने हरी झंडी दिखाकर स्कूल से रवाना किया। इसके पश्चात स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देश के तिरंगे और देश पर शहीद होने वाले वीर जवानों के सम्मान में स्लोगन लगाए। यह रैली स्कूल के सभी शिक्षकों के संरक्षण में पुलिस ल्ली और आस-पास के स्थानों से गुजरी। इस रैली का मुख्य उद्देश्य उन वीर जवानों का सम्मान करने से है जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने आपको कुर्बान कर दिया। प्रधानाचार्या मंजु मल्होत्रा ने भी अंत में बच्चो को यही संदेश दिया कि हमें अपनी मिट्टी और वीरों से प्रेम होना चाहिए तभी एक राष्ट्र खुशहाल बन सकता है

## नगर निगम गुरुग्राम की वार्डबंदी का ड्राफ्ट तैयार

**नूंह/गुरुग्राम: नगर** निगम गुरुग्राम की वार्डबंदी के लिए गठित एडहॉक कमेटी के सुझावों व एतराजों पर अमल करते हुए नगर निगम की वार्डबंदी का खाका तैयार हो गया है। फाइनल ड्राफ्ट की मंजूरी का प्रस्ताव सोमवार को सरकार के पास भेजा गया। यह जानकारी डीसी निशांत कुमार यादव ने सोमवार को लघु सचिवालय में वार्डबंदी को लेकर गठित एडहॉक कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। इस बैठक में एडीसी हितेश कुमार मीणा सहित कमेटी के अन्य सदस्यों ने भाग लिया। डीसी निशांत कुमार यादव ने कमेटी के सदस्यों को बताया कि जुलाई माह में एडहॉक कमेटी की बैठक में कमेटी के सदस्यों से मिले सुझावों व एतराजों के आधार पर वार्डबंदी को फाइनल टच देते हुए आवश्यक बदलाव किए गए हैं।

## 'थानेसर स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूरी'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**प्रशासन की तरफ से 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह पिपली पुलिस लाइन के प्रांगण में धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस राष्ट्रीय पर्व पर सांसद नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र पुलिस लाइन में ध्वजारोहण करेंगे। इस कार्यक्रम को पूरी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली है। थानेसर के स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में सांसद नायब सिंह सैनी शहीदी स्मारक पर शहीदों को नमन करने के उपरांत पिपली पुलिस लाइन के प्रांगण में ध्वजारोहण करेंगे।



अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में हर व्यक्ति को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि 15 अगस्त को सभी अधिकारी समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करें और अपनी-अपनी ड्यूटी को ईमानदारी और शिद्दत के साथ पूरा करें। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे और पुलिस, होमगार्ड, स्काऊटस, गर्ल गाईड व एनसीसी की टुकडियां द्वारा शानदार मार्च पास्ट का प्रदर्शन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह को मनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की टीमों का चयन किया गया है। जो शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगी। इसके साथ-साथ महिला व पुरुष पुलिस के जवानों, होमगार्ड जवानों, एनसीसी के कैडेट द्वारा शानदार परेड और मार्च पास्ट निकाला जाएगा।

## 'भाजपा जजपा गठबंधन सरकार की कथनी और करनी में अंतर'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)कांग्रेस पिछड़ा** प्रकोष्ठ के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी भिवानी खेड़ा ने कहा कि भाजपा जजपा गठबंधन सरकार की कथनी और करनी में भारी अंतर है। प्रदेश सरकार ने बाढ़ प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की बात की थी परंतु आज तक भी बाढ़ से खराब हुई फसलों से पीड़ित किसानों को मुआवजे के नाम पर एक भी पैसा नहीं मिला। उन्होंने कहा कि बाढ़ और बारिश से किसानों की 100 प्रतिशत फसलें खराब हो गई है जिसके चलते किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है ।सुरेंद्र सैनी ने कहा कि किसान देश



का अन्नदाता है और देश के खाद्यान्नों को भरने का काम करता है। सरकार किसान की सुध नहीं लेगी तो ऐसे में किसान सरकारी खाद्यान्नों को कैसे भर पाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने वादा किया था कि बाढ़ से खराब हुई फसलों की विशेष गिरदावरी करवाकर उन्हें जल्द मुआवजा दिया जाएगा, लेकिन अभी तक किसानों को मुआवजे का एक भी पैसा नहीं मिला है, बल्कि उल्टा किसानों को दोबारा से फसल लगाने के लिए पैसे खर्च करने पड़े और दोबारा से लगाई गई फसल भी बारीश से खराब हो गई। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी ने कहा कि गठबंधन सरकार किसान विरोधी सरकार है जिसने हर वर्ग को परेशान कर रखा है। सरकार जनता की आवाज को सुनने की बजाय दबाने का काम कर रही है जिसका खामियाजा सरकार को आने वाले विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में भुगतना पड़ेगा। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह सैनी भिवानी खेड़ा के अतिरिक्त पाला राम सिंहपुरा, रोशन लाल सैनी, बलवंत सैनी पूर्व सरपंच बहादुर पुरा,पाला राम सिंगपुरा,जय करण सैनी, गुरनेक सिंह, दिल बहादुर सिंह, मनीष कुमार, पवन सैनी इत्यादि उपस्थित है।

## जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह करनाल की अनाज मंडी में : अनीश यादव



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त अनीश** यादव ने बताया कि जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को करनाल की अनाज मंडी में भव्य व शानदार ढंग से मनाया जाएगा। समारोह में हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवर पाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे तथा प्रातः 8 बजकर 58 मिनट पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड का निरीक्षण करेंगे। मुख्य अतिथि इससे पहले शहर के कर्ण पार्क के निकट जिला सैनिक बोर्ड कार्यालय के परिसर में वीर शहीदों की याद में बने वॉर मैमोरियल स्थल पर जाकर देश के अमर शहीदों का स्मरण कर पुष्प चक्र अर्पित करेंगें और अपनी श्रद्धांजलि देंगें।

उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह हमारा राष्ट्रीय पर्व है, जिला प्रशासन द्वारा समारोह की गरिमा को देखते हुए सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं तथा सुरक्षा के भी पुख्ता इन्तजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह की परेड में 8 टुकडियां शामिल हो रही है। ये सभी टुकडियां परेड कमांडर डीएसपी सुरेश कुमार के कुशल नेतृत्व में मार्च करती हुए सलामी मंच के आगे से गुजरी। परेड में हरियाणा पुलिस के जवानों की प्लाटुन, होमगार्ड, एनसीसी आर्मी विंग की टुकडियां, स्काउटस व गाईडस की प्लाटुन तथा प्रजातंत्र के प्रहरी की प्लाटुन शामिल रहेगी।

## उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने निभाया वायदाः जेजेपी

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
**जननायक जनता** पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा व जिला प्रेस प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी ने संयुक्त रूप से कहा कि जननायक जनता पार्टी केवल राजनीतिक दल ही नहीं बल्कि राष्ट्रवादी व सामाजिक दल भी है जो सदैव जनहित में अपने दायित्वों की पूर्ति करता है। सोमवार को जारी बयान में पार्टी के दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने हाल ही में घोषणा की थी कि देश की स्वतंत्रता व आन के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों के नाम पर राजकीय स्कूलों का नामकरण किया जाएगा। इसी घोषणा को अमलीजामा पहनाते हुए हुए कल 15 अगस्त से हरियाणा के विभिन्न जिलों के 509 राजकीय स्कूलों का नामकरण शहीदों के नाम से हो जाएगा। जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा व प्रेस प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी ने कहा कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अपनी घोषणा को मूर्त रूप देते हुए यह सिद्ध किया है कि वे जो भी वायदा करते हैं।

## क्षतिग्रस्त मकानों का 15 अगस्त पर मुआवजा प्रदान करे -मोहड़ी

**मांग**

▶▶ प्रशासनिक अधिकारियों को जल्द ही उनके घरों का मुआयना करके मुआवजा देना चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) पिछले** करीब 25 दिनों पहले आई बाढ़ के कारण क्षेत्र के कई गांवों में बाढ़ ने घरों को तहस-नहस कर दिया है । जिसके चलते गांव मोहड़ी के कुछ घरों में भी बहुत खस्ता हालत हो गई है मकानों में लंबी



व गहरी जरा ने आ गई है । जिस कारण कभी भी मकानों की छत गिरने का डर मकान मालिकों को सताता रहता है जिसके क्षतिग्रस्त हुए मकानों के मालिकों की आवाज उठाने के लिए जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जरनैल सिंह मोहड़ी ने उनके घरों का दौरा किया और मकान मालिक संतोष देवी व निर्मला देवी का कहना है कि उनके घरों के नजदीक अंबाला कैंट से आने वाला सीवरेज का नाल जा रहा है जिसके ओवर फ्लो होने से उनके घरों में पानी घुस गया था जिस कारण उनके घरों में गहरी दरारें आ गई है तथा हर समय उनके सिर पर मौत का भय मंडराता रहता है उनकी इस दयनीय हालत को देखने के लिए जजपा पार्टी के वरिष्ठ नेता मौके पर पहुंचे तथा उनको आश्वासन दिया और कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को जल्द ही उनके घरों का मुआयना करके मुआवजा देना चाहिए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कहा कि वह पक्षपात पूर्ण नीति कर इमानदारी से क्षतिग्रस्त हुए मकान मालिकों को 15 अगस्त के अवसर पर आर्थिक सहयोग राशि प्रदान करे ।

## वह देश नष्ट हो जाते हैं जो अपने इतिहास और सांस्कृतिक मूल्यों को भुला देते हैंः डॉ. प्रीतम

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**श्रीकृष्णा आयुष** विश्वविद्यालय में सोमवार को विभाजन विभीषिका दिवस पर अखंड भारत संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान जी ने की। कुलसचिव डॉ. नरेश भार्गव ने उपस्थित गणमान्यों का परिचय व पुष्पगुच्छ के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए अखंड भारत के मानचित्र के समक्ष 21 दीप जलाकर किया गया। मुख्य वक्ता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डॉ. भीम राव अम्बेडकर स्टडी सेंटर




के उप-निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह ने कहा कि वह देश नष्ट हो जाते हैं जो अपने इतिहास और सांस्कृतिक मूल्यों को भुला देते हैं। इसलिए

**संस्कृति**

▶▶ कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए अखंड भारत के मानचित्र के समक्ष 21 दीप जलाकर किया गया

समय अनुसार वर्तमान पीढ़ी को राष्ट्रीय महत्व के विषयों की जानकारी देना बहुत जरूरी है। 14 अगस्त यानी आज के दिन विश्व पटल पर ऐसे देश का उद्भव हुआ, जो एक अलग प्रकार की मानसिकता रखता है। भारत देश की अनूठी संस्कृति है और यह दुनिया की सबसे पुरानी और महानतम सभ्यताओं में से एक है, जिसकी सीमाएं हिन्दुकुश पर्वत से लेकर हिन्द महासागर तक फैली हुई थी। मगर एक विशेष तरह की मानसिकता से ग्रसित लोगों ने भारत के विरूद्ध एक षड्यंत्र रचा और विश्वभर में भारत को सांप-सपेरों, जातिवाद और धार्मिक अंधविश्वास से ग्रस्त देश के रूप में प्रचारित किया गया। जबकि सनातन सत्य कुछ ओर है हमारे संतों और महापुरुषों ने सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया की कामना की है। ऐसी दृष्टि भारत ही दे सकता है। कार्यक्रम के अंत में छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. दीप्ति पराशर ने अतिथियों का आभार प्रकट किया।

## मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत विभिन्न गांवों में आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**उपायुक्त डॉ.** वीरेन्द्र कुमार दहिया के मार्गदर्शन में जिला में मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में जिला के प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लेकर वीरों का वंदन किया और देश के वीर शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि दी। अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा ने गांव बिंझौल में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के 75 वर्ष पूरे होने और इस गौरवशाली इतिहास को याद करने के लिए आजादी का जशन मनाया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि पिछले साल भी आयोजित राष्ट्रव्यापी अभियान हर घर तिरंगा बेहद सफल रहा था और इस साल आजादी के अमृत महोत्सव के तहत महत्वपूर्ण कार्यक्रम मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम शुरू किया गया है। उन्होंने इस मौके पर गांव में आयोजित तिरंगा यात्रा को भी हरी झण्डी दिखाई। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक चौधरी ने गांव वैसर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आमजन को प्रोत्साहित करने के लिए मेरी माटीमेरादेशडॉटजीओवीडॉटइन वेबसाईटल लॉच की गई है।

## संपादकीय

# हिंदुत्व की विचारधारा को आगे बढ़ाते योगी आदित्यनाथ

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र संपन्न हुआ। इस सत्र में जहाँ एक ओर कई ऐतिहासिक व महत्वपूर्ण विधेयक पारित हुए वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन ने प्रदेश के विपक्ष को चिंता में डाल दिया। केंद्र में आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया और प्रधानमंत्री जी के उत्तर के बीच में स्वयं ही बहिर्गमन कर अपनी किरकिरी करा ली, इसका प्रभाव विधानसभा सत्र पर भी दिखा। संसद में आई.एन.डी.आई.ए का अविश्वास प्रस्ताव गिर जाने के बाद विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर सियासी तंज कसे और कहा कि हम 2024 ही नहीं अपितु 27 व 32 भी जीतेंगें। योगी जी की इस भविष्यवाणी से विरोधी दल के नेता सकपका गये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सम्बोधन में जहां प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का विस्तृत चित्र प्रस्तुत किया वहीं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद व हिंदुत्व की विचाराधारा को आगे बढ़ाने का संकेत दिया। मुख्यमंत्री ने सपा मुखिया पर कविताओं के माध्यम से जमकर व्यंग्यबाण छोड़े और चाचा शिवपाल यादव को भी यह कहते हुए अपना रास्ता तय करने की सलाह दी कि समाजवादी आपको कभी सम्मान नहीं देंगे । अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने सपा नेता अखिलेश यादव द्वारा बनाये जा रहे पीडीए पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हमने जो 55 लाख आवास गरीबों को दिये हैं क्या यह पीडीए नहीं है? हमारी सरकार हर घर नल योजना चला रही है, हर महिला के लिए शौचालय उपलब्ध हो रहा है, हर घर रसोई गैस उज्जवला योजना के माध्यम से पहुंच रही है क्या यह पीडीए वर्ग में नहीं है? मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेता प्रतिपक्ष को उत्तर देते हुए कि आपके लिए गरीब वोट बैंक है जबकि हमारे लिए परिवार है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के अंदर 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत की सुविधा मिल रही है। स्वास्थ्य सुविधा पहले से बेहतर हुई है ।अपनी सरकार की उपलब्धियां बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, सिद्धार्थनगर, संत कबीर नगर, बस्ती, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, गोंडा, पीलीभीत, लखीमपुर और सहारनपुर तक से इंसेफलाइटिस समाप्त हो चुका है। नेता प्रतिपक्ष के सांड वाले विषय पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस सांड की आप बात कर रहे हैं वह पशुपालन का हिस्सा है और हमारे लिए नंदी के समान है। आप के समय में वह बूचड़खने के हवाले होता था हमारे समय में यही पशुपालन का हिस्सा है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद व हिंदुत्व - योगी जी ने अपने सम्बोधन में कांवड़ यात्रा और पुलिस थानों में कृष्ण जन्माष्टमी मनाए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा पर पुष्पवर्षा करने से नेता प्रतिपक्ष को परेशानी होती है, आपने तो कांवड़ यात्रा को प्रतिबंधित ही कर दिया था। और तो और आप लोगों ने तो पुलिस लाइन में जन्माष्टमी के आयोजन को भी प्रतिबंधित कर दिया था, मैंने आते ही हर थाने, हर बैरक और हर जेल में जन्माष्टमी का पर्व मनाने का रास्ता साफ किया और इस बार भी हर थाने ,हर बैरक और हर जेल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन होगा।

# अरविन्द क्रांतिकारी से योगी एवं दार्शनिक बने

ललित गर्ग

"पारिवारिक वातावरण पश्चिमी संस्कृति से प्रेरित होने के बावजूद उनमें भारतीय संस्कृति रची-बसी थी। देशभक्ति से प्रेरित एवं आजादी के लिये कुछ अनूठा करने की भावना रखने वाले अरविन्द ने जानबूझ कर घुड़सवारी की परीक्षा देने से इनकार कर दिया और राष्ट्र-सेवा करने की ठान ली। योगी अरविन्द की प्रतिभा से बड़ौदा नरेश अत्यधिक प्रभावित थे अतः उन्होंने इन्हें अपनी रियासत में शिक्षाशास्त्री के रूप में नियुक्त कर लिया। लार्ड कर्जन के बंग-भंग की योजना रखने पर सारा देश तिलमिला उठा, आन्दोलित हो गया। बंगाल में इसके विरोध के लिये जब उग्र आन्दोलन हुआ तो अरविन्द घोष ने इसमे सक्रिय रूप से भाग लिया। नेशनल लॉ कॉलेज की स्थापना में भी इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। मात्र 75 रुपये मासिक पर इन्होंने वहाँ अध्यापन-कार्य किया"



**भारत वह** देश है, जहां वेद का आदिघोष हुआ, युद्ध के मैदान में भी गीता गाई गयी, वहीं कपिल, कणाद, गौतम आदि ऋषि-मुनियों ने अवतरित होकर मानव जाति को अंधकार से प्रकाश पथ पर अग्रसर किया। यह देश योग दर्शन के महान आचार्य पतंजलि का देश है, जिन्होंने पतंजलि योगसूत्र रचा। हमने हर संस्कृति से सीखा, हर संस्कृति को सिखाया। हमारा प्रेम, हमारी आजादी, हमारी संवदेनाएं, हमारी आकांक्षाएं, हमारे सपने, हमारा जीवन सबकुछ जब दांव पर लगा था तब एक हवा का तेज झोंका आया और हम सब के लिये एक संकल्प, एक आश्वासन एवं एक विश्वास बन गया। जिन्होंने न केवल हमें आजादी का स्वाद चखाया बल्कि हमारे जीवन का रहस्य भी उद्घाटित किया। एक अमृत पुत्र एवं महान क्रांतिकारी के रूप में जिनकी पहचान हैं महर्षि अरविन्द। जेल की सलाखों के पिछे भगवान् श्रीकृष्ण की गहन साधना एवं साक्षात्कार ने जिन्हें एक महान् क्रांतिकारी से योगी एवं दार्शनिक बना दिया था। योगी अरविन्द की उग्र राष्ट्र सोच एवं क्रांतिकारी विचारों से ब्रिटिश सरकार अत्यधिक आतंकित एवं भयभीत थी अतः 2 मई 1908 को चालीस युवकों के साथ उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इतिहास में इसे ह्यअलीपुर षडयन्त्र केसह्न के नाम से जानते है। उन्हें एक वर्ष तक अलीपुर जेल में कैद रखा गया। अलीपुर जेल में ही उन्हें हिन्दू धर्म एवं हिन्दू-राष्ट्र विषयक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभूति हुई। वे जेल में गीता पढ़ा करते और भगवान श्रीकृष्ण की आराधना किया करते। ऐसा कहा जाता है कि अरविंद जब अलीपुर जेल में थे तब उन्हें साधना के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन हुए। महर्षि अरविन्द एक बहुभाषीय व्यक्ति थे, वे एक उच्च नैतिक चरित्र के विलक्षण व्यक्ति थे जिसने उनको एक शिक्षक, लेखक, विचारक, संपादक, योगी एवं क्रांतिकारी बनने के काबिल बनाया। वे एक अच्छे लेखक थे जिन्होंने अपने कई लेखों में मानवता, दर्शनशास्त्र, शिक्षा, भारतीय संस्कृति, धर्म और राजनीति के बारे में लिखा था। खासकर उन्होंने डार्विन जैसे जीव वैज्ञानिकों के सिद्धात से आगे चेतना के विकास की एक कहानी लिखी और समझाया कि किस तरह धरती पर जीवन का विकास हुआ। उनकी प्रमुख कृतियां हैं- द मदर, लेटर्स ऑन योगा, सावित्री, योग समन्वय, दिव्य जीवन, फ्यूचर पोयट्री। उनकी आध्यात्मिकता एवं राष्ट्रीयता दोनों ही एक सिक्के के दो पहलू थे। राष्ट्रीय एवं मानवीय प्रश्नों का समाधान प्रस्तुत करते हुए उन्होंने युवा अवस्था में स्वतन्त्रता संग्राम में क्रान्तिकारी के रूप में भाग लिया, किन्तु बाद में यह एक योगी एवं दार्शनिक बन गये और इन्होंने पांडिचेरी में एक आश्रम स्थापित किया। उनका अनुभूत सत्य है कि ह्यरहे भीतर, जीयें बाहरह्न। जो भी उनकी विलक्षण आध्यात्मिक एवं योग की सन्निधि में आता, वह निरोगी एवं तेजस्वी बन जाता। जो राष्ट्रीय सोच की छांव में आता, देश के लिये बलिदान होने को तत्पर हो जाता है और जो भी उनकी उन्नत वैचारिकता की छांव में आता, विभाव स्वभाव में बदल जाता। उस आभावलय का प्रभाव ही विलक्षण एवं अनूठा था कि व्यक्ति भीतर से रू-ब-रू होने लगता। स्वयं की पहचान में उसे शब्द नहीं तलाशने पड़ते।

योगी अरविन्द देश की राजनीतिक ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक क्रांति के सशस्त हस्ताक्षर थे। वे एक क्रांतिकारी, योगी, मनीषी, साहित्यकार, समाज-सुधारक, शिक्षाशास्त्री, विचारक एवं दार्शनिक थे। क्रांतिकारी इसलिए की वे गरमदल के लिए प्रेरणास्रोत थे और दार्शनिक इसलिए की उन्होंने ह्यक्रमिक विकासह्न एवं इवोल्यूशन का एक नया सिद्धांत गढ़ा। दर्शनशास्त्र में जीव वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन के साथ उनका नाम भी जोड़ा जाता है। उन्हीं के आह्वान पर हजारों बंगाली युवकों ने देश की स्वतंत्रता के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदों को चूम लिया था। सशस्त्र क्रांति के पीछे उनकी ही प्रेरणा थी। वे व्यक्ति नहीं, धर्म, दर्शन, योग, साहित्य साधना, संस्कृति एवं राष्ट्रीयता के प्रेरणापुरुष थे। वेद, उपनिषद ग्रन्थों आदि पर टीका लिखी। योग साधना पर मौलिक ग्रन्थ लिखे। वे कवि भी थे और गुरु भी। अरविन्द के क्रांतिकारी एवं आध्यात्मिक जीवन की उपलब्धियां उम्र के पैमानों से इतनी ज्यादा है कि उनके आकलन में गणित का हर फामूर्ला छोटा पड़ जाता है। उन्होंने पुरुषार्थ से न केवल स्वयं का बल्कि राष्ट्र का भाग्य रचा, जो आज भी हमारे जीवन की दशा एवं दिशा बदलने में सक्षम है। महान् क्रांतिकारी एवं ऋषि पुरुष महर्षि अरविन्द का जन्म 15 अगस्त 1872 को कोलकाता (बंगाल की धरती) में हुआ। उनके पिता के. डी. घोष एक डॉक्टर तथा अंग्रेजों के प्रशंसक थे, जबकि उनके चारों बेटे अंग्रेजों के लिए सिरदर्द बन गए। डॉक्टर घोष उन्हें उच्च शिक्षा दिला कर उच्च सरकारी पद दिलाना चाहते थे, अतएव मात्र 7 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने इन्हें इंग्लैण्ड भेज दिया। उन्होंने केवल 18 वर्ष की आयु में ही आई० सी० एस० की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी। पारिवारिक वातावरण पश्चिमी संस्कृति से प्रेरित होने के बावजूद उनमें भारतीय संस्कृति रची-बसी थी। देशभक्ति से प्रेरित एवं आजादी के लिये कुछ अनूठा करने की भावना रखने वाले अरविन्द ने जानबूझ कर घुड़सवारी की परीक्षा देने से इनकार कर दिया और राष्ट्र-सेवा करने की ठान ली। योगी अरविन्द की प्रतिभा से बड़ौदा नरेश अत्यधिक प्रभावित थे अतः उन्होंने इन्हें अपनी रियासत में शिक्षाशास्त्री के रूप में नियुक्त कर लिया।

लार्ड कर्जन के बंग-भंग की योजना रखने पर सारा देश तिलमिला उठा, आन्दोलित हो गया। बंगाल में इसके विरोध के लिये जब उग्र आन्दोलन हुआ तो अरविन्द घोष ने इसमे सक्रिय रूप से भाग लिया। नेशनल लॉ कॉलेज की स्थापना में भी इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। मात्र 75 रुपये मासिक पर इन्होंने वहाँ अध्यापन-कार्य किया। उन्होंने किशोरगंज (वर्तमान में बंगलादेश में) में स्वदेशी आन्दोलन प्रारम्भ कर दिया। अब वे केवल धोती, कुर्ता और चादर ही पहनते थे। उसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय विद्यालय से भी अलग होकर अग्निवर्षी पत्रिका वन्देमातरम् का प्रकाशन प्रारम्भ किया। बंगाल के बाहर क्रांतिकारी गतिविधियों को बढ़ाने के लिये उन्होंने कुछ मदद मौलाना अबुल कलाम आजाद से ली थी। उन्होंने वन्देमातरम् पत्रिका के द्वारा विदेशी सामानों का बहिष्कार और आक्रामक कार्यवाही सहित स्वतंत्रता पाने के कुछ प्रभावकारी एवं अचूक तरीके उल्लेखित हैं। उनके क्रांतिकारी लेखन और भाषणों ने स्वदेशी, स्वराज और भारत के लोगों के लिये विदेशी सामानों के बहिष्कार के संदेश को फैलाने में मदद की एवं क्रांति की अलख जगायी। एक विचारक के रूप में अरविन्द की विशेषता यह है कि उनका राष्ट्रवाद, पारम्परिक राष्ट्रवाद से भिन्न था। उन्होंने राष्ट्रवाद की नई और मौलिक व्याख्या की। उन्होंने कहा कि भारत केवल एक देश ही नहीं है। यह हमारी माँ है, देवी है। इसकी मुक्ति का प्रयास करना हमारा धर्म है। श्री अरविन्द ने राष्ट्र को एक दैविक रूप प्रदान कर आध्यात्मिक राष्ट्रवाद के सिद्धांत का प्रतिपादन किया। इससे राष्ट्रवाद अधिक प्रखर एवं सात्विक बन गया। डॉ. कर्णसिंह के अनुसार- ह्यअरविन्द भारतीय राष्ट्रवाद के मसीहा थे।ह्न श्री अरविन्द ने भारतीय दर्शन के साथ-साथ विश्व के श्रेष्ठतम राजनीतिक व दार्शनिक साहित्य का अध्ययन किया था। वे विश्व के श्रेष्ठतम दार्शनिकों में से थे। उन्होंने राष्ट्रवाद को नया रूप दिया और उसे अन्तर्राष्ट्रीयता एवं विश्व बन्धुत्व के मार्ग का एक माध्यम माना। वे पाश्चात्य विचारधाराओं के भौतिकवाद के साथ भारत के आध्यात्मिकवाद का समन्वय चाहते थे।

## कविता

### हे युवाओ आगे आओ

हे युवाओ
आगे आओ
मत बैठो निराश

रोजगार भी तुम्हें मिलेगा
और मिलेगी जॉब
हे युवाओ
आगे आओ
मत बैठो निराश

मत बैठो निराश
आश्रित तुम किसी पर
करो स्वयं कोई काम शुरू
और अमल इसी पर

हे युवाओ
आगे आओ
मत बैठो निराश

मत बैठो निराश दिखा दो दमखम अपना
देश गाँव परिवार का पूरा करके सपना।

नरेन्द्र सोनकर

## हर घर तिरंगा अभियान

**प्रियंका सौरभ**

**भारत** की स्वतंत्रता के 76वें वर्ष के जश्न के हिस्से के रूप में, भारत सरकार ने "हर घर तिरंगा" अभियान शुरू किया है। अभियान में भाग लेते समय भारतीय ध्वज संहिता को समझना जरूरी है। 'हर घर तिरंगा' आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में एक अभियान है, जिसका उद्देश्य लोगों को तिरंगे को घर लाने और भारत की आजादी के 76वें वर्ष के उपलक्ष्य में इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अभियान के माध्यम से नागरिकों को 13 से 15 अगस्त 2023 तक अपने घरों में झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया है। इस पहल के पीछे का विचार लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज भारत के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। यह हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सार्वभौमिक स्नेह, सम्मान और निष्ठा है। यह भारत के लोगों की भावनाओं और मानस में एक अद्वितीय और विशेष स्थान रखता है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का फहराना/उपयोग/प्रदर्शन राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 और भारतीय ध्वज संहिता, 2002 द्वारा नियंत्रित होता है। भारतीय ध्वज संहिता राष्ट्रीय ध्वज के प्रदर्शन के लिए सभी कानूनों, सम्मेलनों, प्रथाओं और निर्देशों को एक साथ लाती है। यह निजी, सार्वजनिक और सरकारी संस्थानों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के प्रदर्शन को नियंत्रित करता है। अपना राष्ट्रीय ध्वज यानी तिरंगा। इसको लहराते देख गर्व से सीना चौड़ा हो जाता है। इस के सम्मान में इसे सैल्यूट करने का मन चाहता है। सबसे पहले 7 अगस्त 1906 कलकता (अब कोलकाता) में लोअर सर्कुलर रोड के पास पारसी बागान स्क्वायर पर पहला राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया था। उस समय इसमें लाल, पीले और हरे रंग की तीन क्षैतिज पट्टियाँ बनी हुई थीं। इसके बाद, कई बदलावों से गुजरते हुए यह राष्ट्रीय ध्वज 22 जुलाई, 1947 को संविधान सभा द्वारा इसके मौजूदा स्वरूप में स्वीकार किया गया। इसके मौजूदा स्वरूप को डिजाइन करने में स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकय्या का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस मौजूदा राष्ट्रीय ध्वज में सबसे ऊपर गहरा केसरिया, बीच में सफेद और सबसे नीचे गहरा हरा रंग बराबर अनुपात में है। झंडे की चौड़ाई और लम्बाई का अनुपात 2:3 है। सफेद पट्टी के केंद्र में गहरा नीले रंग का चक्र है, जिसका प्रारूप अशोक की राजधानी सारनाथ में स्थापित सिंह के शीर्षफलक के चक्र में दिखने वाले चक्र की तरह है। चक्र की परिधि लगभग सफेद पट्टी की चौड़ाई के बराबर है। चक्र में 24 तीलियाँ हैं। हमारे राष्ट्रीय प्रतीकों का कोई दुरुपयोग ना करे, कोई इनका अपमान न करे। इसी को ध्यान में रखते हुए साल 1950 में प्रतीक और नाम (अनुचित उपयोग रोकथाम) अधिनियम, 1950 लाया गया। यह राष्ट्रीय ध्वज, सरकारी विभाग द्वारा उपयोग किये जाने वाले चिह्न, राष्ट्रपति या राज्यपाल की आधिकारिक मुहर, महात्मा गांधी और प्रधानमंत्री के चित्रमय निरूपण तथा अशोक चक्र के उपयोग को प्रतिबंधित करता है।

## विचार

# भारतीय आजादी के सवालों में अब हो नया सवेरा

**ललित गर्ग**

**आजादी** का अमृत महोत्सव मनाने के बाद शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर होते हुए एक बड़ा एवं बुनियादी प्रश्न खड़ा है कि क्या हम वास्तविक रूप में आजाद है? सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या हम आजादी के सही मायने जानते हैं? क्या हम आजादी का सही अर्थ समझ पाए हैं? ये तमाम प्रश्न न केवल हमारी आजादी पर प्रश्न चिह्न लगाते हैं, बल्कि समाज के बौद्धिक वर्ग व आम जनता को आजादी के सही मायने खोजने के लिए भी प्रेरित करते हैं। क्या हमारे पास ईमानदार एवं नैतिक होने की कोई आजादी बची है? क्या हम वास्तविक गरीबी की दबी हुई आवाजों के बीच जीवित रह सकते हैं? राजशाही के नाम पर और लोकतंत्र के नाम पर जिन्होंने हम पर शासन किया, उनके झूठ और धोखे से हमें क्या आजादी मिली? क्या हमारे राजनेता आम आदमी की तरह बारिश और भूकंप में भी नंगे पैर चलकर ऊंचे दफ्तरों तक जाते हैं? क्या उनका घर सड़क पर चलने वाले आम आदमी जितना छोटा है? इन स्थितियों के बीच आजादी की बात भ्रमपूर्ण ही प्रतीत होती है। देश में बढ़ता भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, भुखमरी, कुपोषण तथा गरीबी के कारण आजादी शब्द के मायने खत्म होते जा रहे हैं। जिस देश की जनता अपने लिए भर पेट भोजन जुटाने के काबिल भी नहीं वहां आजादी की बातें भी बंधन में जकड़ती महसूस होती हैं। इन अभावों के साथ कैसे कहें कि हम आजाद हैं। आज हम कहीं नक्सलवाद से लड़ रहे हैं तो कहीं आतंकवाद से, कहीं जातिवाद से तो कहीं भ्रष्टाचार से, और तो और हमारे देश की अधिकतर महिलाएं तो सिर्फ अपने अस्तित्व के लिए लड़ रही हैं। आज भी उन्हें इंतजार है उस आजादी का, जो एक औरत को उसकी सही पहचान दिलाने में मदद करे, देश की आधी आबादी को इंतजार है उस आजादी का, जो उनकी प्रतिभा को पनपने के पूर्ण अवसर दें। देश की बहन-बेटियों को इंतजार है उस आजादी का, जहां वे बेखौफ रहकर अपने सम्मान की रक्षा कर पाएं। हमारे यहां उन्हें समानता का अधिकार देना तो दूर एक आम नागरिक होने तक का सम्मान प्राप्त नहीं है। इसलिए बार-बार उनके अस्तित्व व आत्मसम्मान को कुचला जाता है। आजादी एक सार्वभौमिक एवं सर्वकालीन मूल्य है, इस मूल्य की प्रतिष्ठापना के लिये निरन्तर समग्र क्रांति की अपेक्षा रहती है। जब तक व्यक्ति-व्यक्ति के संस्कारों एवं जीवनशैली में जमी दासता, हीनता, अनुशासनहीनता, उच्छृंखलता, जड़ता की परतें नहीं उतर जाती, तब तक वास्तविक आजादी का स्वाद चखना मुश्किल है। यह एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है कि व्यक्ति के मनोभावों से समाज एवं राष्ट्र प्रभावित होता होता है। आजादी एक प्रकार की मनःस्थिति है, जो विचारों के केनवास पर आकार पाती है। आजादी का मूल्य देश, काल, व्यक्ति और परिस्थिति के सन्दर्भ में परिवर्तित होता रहा है। उसका कोई एक स्वरूप या धारणा नहीं है। इसलिये उन-उन सन्दर्भों में उसका सापेक्ष मूल्य करते हुए इसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है कि आजादी के नाम पर भी स्वच्छन्दता एवं उच्छृंखलता को प्रोत्साहन मिलता है। इसलिये सही अर्थ में आजाद या स्वतंत्र वही हो सकता है जिस पर अपना शासन हो। निज पर शासन फिर अनुशासन- यही वास्तविक आजाद होने का मर्म है। आत्मानुशासित व्यक्ति अपने परिवार, संगठन, समाज और राष्ट्र की उन सभी सीमाओं को स्वीकार करता है, जिनमें उसका व्यक्तित्व विकास होता है, समाज एवं राष्ट्र का वास्तविक विकास होता है। आज समाज का सारा नक्शा बदल रहा है। परस्पर समभाव या सद्भाव केवल अब शिक्षा देने तक रह गया है। हो सकता है भीतर ही भीतर कुछ घटित हो रहा है। ये हालात जो सामने आ रहे हैं, वे आजादी के पहले से ही अन्दर ही अन्दर पनप रहे थे। राष्ट्र जिन डाटों के सहारे सुरक्षित था, लगता है उनको हमारे नेताओं की वोट नीति, कट्टरवादियों की उन्मादी सोच व अवांछनीय तत्वों ने खोल दिया है।

संविधान निमार्ताओं ने धर्मनिरपेक्ष का शब्दार्थ कुछ भी किया हो, सकारात्मक या नकारात्मक, पर अगर देश को एक बनाए रखना है, साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखना है, तो सभी धर्मावलम्बियों को दूसरे धर्म के प्रति आदर भाव रखना होगा। अन्यथा स्वयं को बहुसंख्यक बनाने की होड़ के बहाने चेहरे बदलते रहेंगे, झण्डे बदलते रहेंगे, नारे बदलते रहेंगे, परिभाषाएं बदलती रहेंगी, मन नहीं बदल सकेंगे।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादक: रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र मे प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# 75 से 100 वर्षों की अमृतकाल की यात्रा 2047

**किशन भावनानी गोंदिया**

**वैश्विक** स्तरपर पूरी दुनिययां की नजरें भारत द्वारा मनाए जाने वाले 77 में स्वतंत्रता दिवस उत्सव 15 अगस्त 2023 की ओर लगी हुई है, जिसका नेतृत्व माननीय पीएम करेंगे व ध्वज फहराएंगे और इस ऐतिहासिक स्मारक की प्राचीर से राष्ट्र को पारंपरिक संबोधन करेंगे। अभी आजादी का अमृतमहोत्सव समारोह चल रहा है, जिसका शुभारंभ माननीय पीएम ने 12 मार्च 2021 को गुजरात के अहमदाबाद स्थित साबरमती आश्रम से किया गया था। इसका समापन 15 अगस्त 2023 को होगा और 16 अगस्त 2023 से आजादी की 75 से 100 वर्षों की यात्रा अमृतकाल 2047 की शुरुआत होगी, जो निश्चित रूप से महान भारत की रचना करेगी और 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनियां पर राज करने वाला बादशाह का दर्जा प्राप्त होगा जिसके लिए हरनागरिक की सहभागिता जरूरी है। 77 में स्वतंत्रता दिवस समारोह में कई नई पहल की गई है, जैसे पिछले साल की तुलना में बहुत अधिक अतिथियों को आमंत्रित किया गया है जिसमें 1800 से अधिक लोगों को जीवनसाथी के साथ आमंत्रित किया गया है, वही माय गोव के जरिए 17 हजार आधिकारिक ई निमंत्रण आमंत्रण ऑनलाइन भेजे गए हैं। यानें निमंत्रण कार्ड जारी किए गए हैं। 12 से अधिक स्थानों पर सरकार की विभिन्न योजनाओं के पहलुओं को समर्पित सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए गए हैं। दूसरी ओर भारत देश 13 से 15 अगस्त 2023 के बीच हर घर तिरंगा अभियान मनाया जा रहा है जिसमें पीएम सहित करोड़ों लोगों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी डीपी को तिरंगे में बदल दिया है,जिससे नागरिकों में जोश और गजब के उत्साह का बोध हो रहा है और हमारे प्रिय देश और हमारे दिल का संबंध और गहरा हो रहा है, राष्ट्रवाद की भावना कूट-कूट कर समाहित हो रही है। चूंकि 77 वें स्वतंत्रता दिवस उत्साह उमंग से अमृत महोत्सव संपन्न होकर 1947- 2047 अमृत कल शुरू होगा, इसलिए मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से हम चर्चा करेंगे, भारत के 77 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह से नए उत्साह के साथ अमृतकाल 2047 में प्रवेश करेंगे।

## सच्ची स्वतंत्रता पाएं

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

**संपूर्ण** भारत में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को मनाया जाता है। कई अन्य देश भी विभिन्न तिथियों पर स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं। जहाँ सांसारिक अर्थ में स्वतंत्रता का मतलब होता है वह दिन जब एक देश किसी दूसरे देश के नियंत्रण से आजाद हुआ था, वहीं आध्यात्मिक अर्थ में स्वतंत्रता हमारी आत्मा की आजादी की ओर भी संकेत करता है। हमारे अंतर की गहराई में है हमारी आत्मा, जोकि प्रकाश, प्रेम, और शांति से भरपूर है। हमारे ये आत्मिक खजाने मन, माया, और भ्रम की पर्तों के नीचे छुपे रहते हैं। हमारा ध्यान अंदरूनी संसार के बजाय हर वक्त बाहरी संसार में ही लगा रहता है। हम अपने मन की इच्छाओं के जरिये अपने ऊपर पड़े पर्दे बढ़ाते रहते हैं, जिससे हमारे अंदर काम, क्रोध, लोभ, मोह, और अहंकार में भी बढ़ोतरी होती चली जाती है। क्या इन बाधाओं को तोड़कर अपनी आत्मा का अनुभव करने का कोई तरीका है?

इसके लिए हमें धरती के चारों कोनों में तलाश करने की जरूरत नहीं है। सौभाग्य से, युगों-युगों से संत-महापुरुष आत्मा के क्षेत्र में तरक्की करते रहे हैं। वे ऐसा करने में सफल रहे हैं, अपने ध्यान को अंतर में टिकाकर। जिसे मेडिटेशन, मौन प्रार्थना, या अंतर्मुख होना भी कहा जाता है। वे हमें बताते हैं कि सच्ची आजादी हमें तभी मिलती है, जब हम शांत अवस्था में बैठते हैं, अपनी आँखें बंद करते हैं, और अपने ध्यान को अंतर में केंद्रित कर प्रभु की ज्योति का अनुभव प्राप्त करते हैं। यदि हम अपनी आत्मा को ढकने वाली पर्तों को हटाने में सफल हो जाएं, तो हम अपने सच्चे आत्मिक स्वरूप को अवश्य देख पाएंगे जोकि प्रभु की दिव्य-ज्योति से प्रकाशमान है। जब हमारी आत्मा शरीर और मन की कैद से मुक्त हो जाती है, तो वो स्वतंत्र और खुश होकर ऊपर उठने लगती है। इस बाहरी संसार की समय व स्थान की सीमाओं से ऊपर उठकर वो अपने सच्चे अनंत अस्तित्व को पहचानने लगती है, तथा इस भौतिक मंडल से परे के आध्यात्मिक मंडलों की खुशियों व आनंद का अनुभव करने लगती है। यह आध्यात्मिक यात्रा आरंभ होती है आंतरिक प्रकाश को देखने व आंतरिक ध्वनि को सुनने के साथ। इनमें अधिक से अधिक डूबते जाने से हमारी आत्मा शारीरिक चेतनता से ऊपर उठ जाती है। तथा धीरे-धीरे अंड, ब्रह्मंड, और पारब्रह्म के रूहानी मंडलों से गुजरते हुए अपने निजधाम सचखंड वापिस पहुँच जाती है। वहीं हम अपनी आत्मा को उसकी निर्मल अवस्था में देख पाते हैं और अनुभव करते हैं कि वो परमात्मा का ही अंश है। वहीं हमारी आत्मा फिर से अपने स्रोत परमात्मा में लीन हो जाती है तथा अंतहीन खुशियों, परमानंद, और प्रेम से भरपूर हो जाती है। तो बाहरी स्वतंत्रता दिवस मनाने के साथ-साथ हमें आत्मिक स्वतंत्रता प्राप्त करने की भी कोशिश करनी चाहिए।

15 अगस्त

# स्वतंत्रता दिवस



*'रात 12 बजे जब दुनिया सो रही होगी तब भारत जीवन और स्वतंत्रता पाने के लिए जागेगा। एक ऐसा क्षण जो इतिहास में दुर्लभ है, जब हम पुराने युग से नए युग की ओर कदम बढ़ाएंगे... भारत दोबारा अपनी पहचान बनाएगा।'* - पंडित जवाहरलाल नेहरू

यह एक देश भक्ति से भरा हुआ हृदय था, जिसमें आज़ादी के लिए प्यार और हमारी प्यारी मातृभूमि के लिए अमर समर्पण था जो 200 साल तक अँग्रेज़ों के राज के अधीन रहने के पर भी बना रहा और हमें अँग्रेज़ों से आज़ादी मिली। 15 अगस्त 1947, वह दिन था जब भारत को ब्रिटिश राज से आज़ादी मिली और इस प्रकार एक नए युग की शुरुआत हुई जब भारत के मुक्त राष्ट्र के रूप में उठा। स्वतंत्रता दिवस के दिन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र, भारत के जन्म का आयोजन किया जाता है और भारतीय इतिहास में इस दिन का अत्यंत महत्व है।

भारतीय स्वतंत्रता के संघर्ष में अनेक अध्याय जुड़े हैं जो 1857 की क्रांति से लेकर जलियाँवाला बाग नरसंहार, असहयोग आंदोलन से लेकर नमक सत्याग्रह तक अनेक हैं। भारत ने एक लंबी यात्रा तय की है जिसमें अनेक राष्ट्रीय और क्षेत्रीय अभियान हुए और इसमें उपयोग किए गए दो प्रमुख अस्त्र थे सत्य और अहिंसा। हमारी स्वतंत्रता के संघर्ष में भारत के राजनैतिक संगठनों के व्यापक रंग, उनकी दर्शन धारा और आंदोलन शामिल हैं जो एक महान कारण के लिए एक साथ मिलकर चले और ब्रिटिश उप-निवेश साम्राज्य का अंत हुआ और एक स्वतंत्र राष्ट्र का जन्म हुआ। यह दिन हमारी आज़ादी का जश्न मनाने और उस सभी शहीदों को श्रद्धांजलि देने का अवसर जिन होंने इस महान कारण के लिए अपने जीवन का बलिदान कर दिया। स्वतंत्रता दिवस पर प्रत्येक भारतीय के मन में राष्ट्रीयता, भाई-चारे और निष्ठा की भावना भर जाती है।

**अनेकानेक आयोजन**

स्वतंत्रता दिवस को पूरी निष्ठा, गहरे समर्पण और अपार देश भक्ति के साथ पूरे देश में मनाया जाता है। स्कूलों और कालेजों मे यह दिन सांस्कृतिक गतिविधियों, कवायद और ध्वज आरोहण के साथ मनाया जाता है। दिल्ली में प्रधानमंत्री लाल किले पर तिरंगा झंडा फहराते हैं और इसके बाद राष्ट्र गान गाया जाता है। वे राष्ट्र को संबोधित भी करते हैं और पिछले एक वर्ष के दौरान देश की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हैं तथा आगे आने वाले समय के लिए विकास का आह्वान करते हैं। इसके साथ वे आज़ादी के संघर्ष में शहीद हुए नेताओं को श्रद्धांजलि देते हैं और आज़ादी की लड़ाई में उनके योगदान पर अभिवादन करते हैं। एक अत्यंत रोचक गतिविधि जो स्वतंत्रता दिवस के साथ जुड़ी हुई है, वह है पतंग उड़ाना, जिसे आज़ादी और स्वतंत्रता का संकेत कहा जाता है।

## कविता

### मेरे देश का झंडा 'तिरंगा', सबसे अनोखा सबसे निराला,

तीन रंग इसमें है समाहित, बीच में नीला चक्र है डाला।
सबसे प्रथम रंग केसरिया, बलिदानों की कथा सुनाता,
शहीदों की याद दिलाता, देशप्रेम का भाव जगाता।
दूजा रंग सफेद है बच्चा, सबसे सादा सबसे सच्चा,
सदाचार, शांति की भावना, निर्मल, पावन मनोकामना।
तीजा रंग हरा हरियाला, प्रगति का रथ इसने संभाला,
मेहनतकश बन जाएं सारे, माटी देश की रूप निखारे।
सबके बीच इक चक्र है भैया, चौबीस कांटी समय का पहिया,
कहता सदा है चलते जाना, धर्म और सत्य की राह अपनाना।

रोचिका शर्मा, चेन्नई

### लड़कियो की आजादी -देश की आजादी

है प्रीत जहां की रीत सदा मैं जन्म वहां पे लेती हूं, भारत में जन्म लेकर में, भारत मां की याद दिलाती हूँ।, लड़के -लड़की का भेद नहीं और दिल से गहरा नाता है, कुछ और नही आता मुझको बस प्यार लुटाना आता है।। है मान चुकी सारी दुनिया में बात में बात वही दुहराती हूँ भारत की रहने वाली हूँ भारत मां की याद दिलाती हूँ।।

**मॉडर्न कविता**

*एक माँ जब कन्या भ्रू हत्या विषय पर लेख पढ़ती है तब एक बेटी कोख से अपनी माँ से पूछती है कि-*



ममी-ममी यस बेटी,
मैं जन्मूंगी,
नो बेटी,
मुझे भ्रूण में मारोगी,
यस बेटी,
दुनिया में लाओगी
नो। नो। नो।
भारत आजाद तभी होगा
जब देश में कन्या का जन्म होगा ,वध नही..........
लड़कियो की आजादी -देश की आजादी

प्रदीप सॉंखला
-बिलाड़ा,जोधपुर

### प्यारा तिरंगा शान से, लहर-लहर लहराएगा।

भारत का हर देशभक्त, वंदे मातरम् गाएगा।।
आन-मान-मर्यादा का, हरदम शान बचाना होगा।
अपने देश के अंदर फिर से, सच्चाई को लाना होगा।।
देश का सर्वोच्च सदस्य, झंडे को फहराएगा।
अपमान न इसका होने पाए, जन-जन की अभिलाषा है।
भारत का भविष्य सजाने वाले, लोगों को तुमसे आशा है।।
मेरा देश एक दिन फिर से, सोने की चिड़िया कहलाएगा।
दुश्मन को चकनाचूर करेंगे, सरहद पर झंडा फहराएंगे।
भारत मां की रक्षा की खातिर, तरकश से बाण चलाएंगे।।
आतंकवाद यहां नहीं चलेगा, आतंकी को मार गिराएंगे।
जय हिन्द जय-जय भारत की, गाथा तुम्हें सुनाएंगे।।

शम्भू नाथ



# परिवार के लिए क्या है आजादी का अर्थ?

**डॉ. क्षमा शर्मा**

दरअसल आजादी के अर्थ उसकी परिभाषाएं सबके लिए अलग-अलग होती हैं। देश, काल समय के अनुसार वे बदलती भी रहती हैं। आदमी, औरत, बच्चे यहां तक कि पशु-पक्षियों तक को अजादी पसंद होती है। जिस तरह देश के लिए आजादी का मतलब है कि हमें किसी की पराधीनता स्वीकार नहीं है। वैसे ही आखिर परिवार के लिए आजादी का क्या अर्थ है? परिवार में जितने लोग रहते हैं क्या उन सबके लिए आजादी के एक जैसे अर्थ होते हैं, शायद नहीं।

परिवार के हर सदस्य के लिए आजादी का अर्थ अलग है और अपने हित से भी जुड़ा है। बिना निजी हितों से जुड़े आजादी के किसी के लिए कोई मायने नही होता। संयुक्त परिवार में आपस में हितों की इतनी टकराहट होती है कि वहां आजादी के अर्थ खोजना दिलचस्प होगा। मान लीजिए एक परिवार में माता-पिता, एक बेटा उसकी पत्नी और एक बेटी रहते हैं तो अब इस परिवार में बहू के लिए आजादी क्या वही होगी, जो सास के लिए होती है।

**आजकल हालांकि सासें**

काफी बदल गई हैं, लेकिन फिर भी उन्हें यह लगता है कि पूरी जिंदगी तो वे इस परिवार के लिए खटती रही हैं। हाय मेरा घर, उसका खर्चा, बचत, मेरे बच्चे, उनका करियर, उनका स्वास्थ्य, उनकी अच्छी नौकरी, फिर शादी की चिंता करते-करते जिंदगी बीत गई। अब जीवन के जो कुछ वर्ष बचे हैं, तो उन्हें कुछ शांति और आराम से बिता लें। काम से कुछ निजात मिले। कहीं आ-जा सकें।

**सास के बरक्स बहू की**

आजादी के सपने क्या होंगे। अभी-अभी तो शादी हुई है, अभी से क्या घर के काम में खटने लगें। कुछ घूमें-फिरें, एंजॉय करें। अभी नहीं करेंगे तो कब करेंगे। जिम्मेदारियां संभालने के लिए तो उम्र पड़ी है। नौकरी करके घर पहुंचें तो कम से कम खाना न बनाना पड़े। कोई एक प्याला चाय देने वाला हो। ननद किसी काम में खोट निकालने वाली और चुगलखोर न हो।

यह नहीं आता, वह नहीं आता, अपने मायके से कुछ नहीं लाई आदि बातें किसी से न सुनना पड़े। घूंघट तो हर्गिज न हो। कोई कमाई के पैसे पर भी चील नजर न रखे। जो मन चाहे पहन सकूं। जो मन चाहे खा सकूं, जब चाहे मायके जा सकूं। कोई रोक-टोक न हो। बहू पर रोक-टोक का न होना ही उसकी असली आजादी है।

**अब इस परिवार की लड़की**

के बारे में सोचें। वह सोचेगी कि घर में आते ही भाभी उसके भाई पर कब्जा न कर ले। माता-पिता की जो चीजें हैं, उन पर अपना अधिकार न जमाने लगे। बात-बात पर टोकने न लगे। उसे प्रतिद्वंद्वी न माने। उसके पढ़ने-लिखने, खाने, दोस्तों से मिलने पर किसी रोक-टोक का सामना न करना पड़े। भाभी सहेली की तरह हो न कि उसे बोझ समझे। दोनों हिल-मिलकर रह सकें। भाई पहले की तरह ही उसका खयाल रखे। उसकी बात भी घर में सुनी जाए।

**वहीं घर के पुरुषों में पिता**

के बारे में पहले सोचें। उनकी आजादी का क्या अर्थ है। पिता की इच्छा होगी कि अब तक घर में जो सुख-शांति है, उसे बने रहना चाहिए। बेटा अब तक जो आदर करता आया है, उसमें कोई कमी न आए। वह बात-बात पर अब यह न कहने लगे कि कोई उसे बिना मांगी सलाह न दे। उसे अपनी जिंदगी जीने दी जाए। घर में पैसे टके और अधिकारों को लेकर परिवार के किसी सदस्य के बीच में वैमनस्य और मतभेद इतने न हो जाएं कि अलगाव की नौबत आ जाए।



**दूसरी तरफ बेटे**


का सोच क्या होगा। वह सोचेगा कि अब वह बच्चा नहीं रहा। माता-पिता बात-बात में न टोकें और न हर पल जिम्मेदारी का अहसास कराते रहें। रात-बिरात देर से लौटें तो पहले की तरह डांट न पड़े। उसकी पत्नी को बाहरी न मानकर अपना समझा जाए। उसके परिवार की भी इज्जत की जाए। साथ ही पत्नी उसके माता-पिता की इज्जत करे। आते ही अलग हो जाने की बात न करने लगे।

बेटा होने के नाते अगर माता-पिता की देखभाल करता है ,तो उसमें अड़ंगा न लगाए। दफ्तर से लौटने में अगर थोड़ी देर हो जाए तो पत्नी मास्टर बनकर पूछताछ न करने लगे। अगर ये बातें नहीं तो कैसी आजादी! तो देखिए, परिवार में जितने लोग उनकी उतनी ही उनकी इच्छाएं, आकांक्षाएं। आजादी का असली मतलब भी यही है कि घर में परिवार में हर एक को अपनी बात कहने की और दूसरे की सुनने की आजादी हो।

हर कोई दूसरे की इच्छा का सम्मान करे। क्योंकि घरों से मोहल्ला बनता है। मोहल्लों से गांव और नगर। नगर से महानगर, इन सबसे मिलकर देश। तो आजादी के मायने उसे मनाना सेलिब्रेट करना तो है ही। हर घर और परिवार की खुशी के लिए भी जरूरी है हम एक-दूसरे का खयाल करें। दूसरों की इच्छाओं को अपनी मानकर पूरा करें। हम किसी की मदद करेंगे तो कोई और हमारी। ऐसे ही तो आदान-प्रदान का सिलसिला शुरू होता है।

इस तरह की मदद को उठे हाथ ही तो देश को बनाते हैं। देश की तरक्की में सही भूमिका निभाते हैं। सच्ची आजादी का अर्थ बताते हैं। देश की आजादी को हमेशा तरक्की के रास्ते पर डालकर ही आगे बढ़ाया जा सकता है।

# क्यों महात्मा गांधी ने 15 अगस्त 1947 को तिरंगा नहीं फहराया



14 अगस्त 1947 की रात को जब संविधान सभा की बैठक राष्ट्रपिता का नाम लेकर शुरु हुई उस वक्त सभा के बाहर महात्मा गांधी की जय के नारे लगाये जा रहे थे, लेकिन इन सब के बीच महात्मा गांधी वहां मौजूद नही थे। जिस रात देश की आजादी की घोषणा हो रही थी उस वक्त महात्मा गांधी कलकत्ता में थे और उन्होंने किसी भी कार्यक्रम में हिस्सा नही लिया और ना ही तिरंगा फहराया। लेकिन इसके पीछे की वजह काफी अहम है। बापू ने 15 अगस्त को रखा था 24 घंटे का उपवास भारत का विभाजन एक ऐसी घटना हुई जिसने हजारों लोगों के खून की बलि ली थी। 16 अगस्त 1946 को कलकत्ता में हिंदू मुस्लिम दंगे शुरु हो गये थे जोकि पूरे बंगाल में धीरे-धीरे फैल गये थे। देशभर में मचे कत्लेआम के खिलाफ 15 अगस्त के दिन महात्मा गांधी ने 24 घंटे का उपवास रखा था। महात्मा गांधी का कहना था कि जिस आजादी के लिए उन्होने इतना संघर्ष किया उसकी कीमत भारत का विभाजन के रूप में चुकानी पड़ी।

क्या आप कत्लेआम के बीच उत्सव मनाना चाहते हैं 14 अगस्त की शाम को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ने बापू से मुलाकात की और उनसे 15 अगस्त को होने वाले कार्यक्रमों में हिस्सा लेने का आग्रह किया। उस वक्त बापू ने कहा कि हर तरफ लोग भूख से मर रहे हैं, क्या आप इन सबके बीच में उत्सव मनाना चाहते हैं।

**भूल जाइये कि मुझे अंग्रेजी आती है**

उस वक्त बापू से एक वरिष्ठ पत्रकार ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर संदेश देने को कहा तो बापू के शब्द थे हमारे यहां अकाल है। वहीं बीबीसी ने जब बापू से संदेश लेने की कोशिश की तो गांधी जी ने बीबीसी से जवाहरलाल नेहरू से बात करने को कहा था। लेकिन बीबीसी ने एक बार फिर बापू से कहा कि आपका संदेश काफी अहम है क्योंकि यह कई देशों में कई भाषाओं में अनुवाद करके सुनाया जाएगा। लेकिन व्यथित बापू ने यह कहकर इनकार कर दिया कि आप भूल जाइये कि मुझे अंग्रेजी आती है।



## 15 अगस्त व्यंजन

### तिरंगा ब्रेड केक



**सामग्री:** ब्रेड एक बड़ा पैकेट, एक आम, मलाई एक कटोरी, पिसी हुई शक्कर एक कटोरी, गुलाब जल एक चम्मच, सजाने के लिए काजू, किशमिश, बादाम, अमरूद का जैम आवश्यकतानुसार।

**विधि :** सर्वप्रथम मलाई में आधा कटोरी शक्कर व गुलाब जल मिलाकर इसे अच्छी तरह फेंटे। बाकी बची हुई शक्कर आम में मिलाकर उसे फेंटें। अब किसी प्लेट में एक ब्रेड रखें, उस पर आम का मिश्रण फैलाएं, इस पर दूसरी ब्रेड रखकर मलाई का मिश्रण फैलाएं। अब उसके ऊपर ब्रेड की तीसरी स्लाइस रखकर उस पर जैम लगाएं। इसी प्रकार चौथी ब्रेड रखकर मलाई का मिश्रण लगाएं। अब सजावट हेतु काजू, किशमिश आदि चिपकाएं तथा इसे केक की तरह सर्व करें।

### लाजवाब तिरंगी खोया बर्फी



**सामग्री :** 400 ग्राम खोया या मावा (फ्रेश), 350 ग्राम शक्कर, 150 ग्राम पनीर, मीठा पीला व हरा रंग, चांदी का बरक, आधा चम्मच इलायची पावडर।

**विधि :** सबसे पहले खोया और पनीर को कद्दूकस करके रख लें। अब इसमें शक्कर मिलाएं, तत्पश्चात कड़ाही में मध्यम आंच पर पकने दें। मिश्रण गाढ़ा होने पर गैस बंद कर दें। अब तैयार मिश्रण को तीन भागों में बराबर बांट लें। पहले वाले को सफेद रखें।

दूसरे भाग में मीठा पीला व तीसरे भाग में हरा रंग मिला लें। हल्के हाथ से मोटा बेल लें और सबसे नीचे हरा, फिर सफेद और ऊपर पीले रंग की जमा दें और हल्के से हाथ से दबा कर बरक चिपका दें। अब इसको चौकोर शेप छोटे-छोटे साइज में काटें और लाजवाब तिरंगी बर्फी पेश करें।

## न्यूज फ्लैश

### स्कूल में अपने गांव के वीरों की प्रेरक कथाएं सुनेंगे बच्चे

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

ब्रजरज देशभक्ति की उर्वरा भूमि रही है। देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले देशभक्तों की कहानियां अब बच्चों का प्रेरित करेंगी। बच्चे अपने ही गांव के वीर सपूतों की कहानियां सुनेंगे और गुनगुनाएंगे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी गांवों के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक सरकारी स्कूलों में संबंधित गांव के वीर शहीदों के चित्र लगाए जाएंगे तथा माल्यार्पण, पुष्प अर्पित कर नमन किया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी पुलकित खरे के निर्देशन में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर इस बार एक नई पहल की शुरूआत की जाएगी, जिसमें जिन गांवों के लोग देश सेवा करते हुए शहीद हुए हैं। उन सभी संबंधित गांव के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक सरकारी स्कूलों में शहीदों के चित्र लगवाने के साथ ही स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर उस गांव के शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करवाने का कार्य किया जाएगा। इससे शहीदों के सम्मान के साथ ही लोगों में देश के प्रति समर्पण भावना जागृत होगी। इसी क्रम में जिले के समस्त प्राथमिक व माध्यमिक सरकारी स्कूलों में उक्त कार्य किया जायेगा जिसमे बच्चों व उनके अभिभावकों को शामिल करते हुए वीर शहीदों को श्रद्धा पूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी तथा उनके बलिदान व शौर्य से सभी को अवगत कराया जायेगा। नौहझील ग्राम प्रधान प्रशांत गुप्ता ने बताया कि नौहझील में आजादी का जश्न धूमधाम से मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राजेश चौधरी होंगे। तिरंगा यात्रा शेरगढ़ रोड़ स्थित निषाद राज मूर्ति से शुरू होकर शेरगढ़ रोड़ होते हुए चामड़ चैराहा, रेतिया बाजार, टोली मोहल्ला, बाजना रोड़ होते हुए बाजना तिराहा से ब्लॉक मुखालय पर पहुंचेगी।

### श्रद्धालु फोन चोरी कर रिश्तेदारों से मांग रहा पैसे

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

हर चरण लाल गुप्ता निवासी विजय नगर गाजियाबाद 28 जुलाई को गिरिराज जी की परिक्रमा करते समय रास्ते में सो गए। तभी किसी ने उनका फोन चुरा लिया। उनको घर पहुंचकर जानकारी हुई कि उनके फोन से अज्ञात चोर ने उनके स्वजन और रिश्तेदारों से पैसे की मांग की है। पीड़ित ने घटनाक्रम की तहरीर थाना गोवर्धन में दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमहरि बाजपेई ने बताया कि मुकदमा कर कार्रवाई की जा रही है।

### आज बंद रहेंगी मदिरा की दुकानें

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

लाइसेंस प्राधिकारी जिला मजिस्टेªट पुलकित खरे ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शान्ति बनाये रखने की दृष्टि से आबकारी लाइसेंस की शर्तो के अन्तर्गत जनपद मथुरा की समस्त देशी मदिरा, विदेशी मदिरा एवं बीयर की थोक फुटकर दुकानें, मॉडल शॉप एवं एफएल-2द्बीएसीएल-2, एफएल-6 (समिश्र) बार अनुज्ञापन, सैन्य इकाइयों के एफएल-9द्ब9ए, एफएल-49 अनुज्ञापन, एमबी-1 अनुज्ञापन (माइक्रो ब्रिबरी) एवं भांग की फुटकर दुकानें 15 अगस्त को पूर्णतः बंद रहेंगी। इसी बन्दी के दिन के लिए अनुज्ञापीगण को कोई प्रतिकर देय नहीं होगा।

### कल लगेगा किसान दिवस

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

उप कृषि निदेशक ने बताया कि अगस्त महीने के किसान दिवस का आयोजन 16 अगस्त को अपरान्ह 12 बजे कृषि विज्ञान केन्द्र मथुरा के सभागार में किया जाएगा। जिसमें कृषकों की कृषि से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही निदान किया जाएगा एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा नवीन तकनीकी की जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया है कि किसान दिवस में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर समस्याओं का निदान पाएं साथ ही कृषि की नवीनतम तकनीकी जानकारी प्राप्त कर लाभ उठाएं।

### निरंकारी भक्तों ने किया पौधारोपण

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

कोसीकलां में संत निरंकारी मंडल के तत्वाधान में वननेस वन योजना के तहत श्मशान घाट की भूमि पर सुशील मदान मुखी के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया। इस मौके पर बहन बीना ने कहा कि संत निरंकारी मिशन ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भारत को हरा भरा खुबसूरत वनों का देश बनाने हेतु वननेस-वन अभियान के तहत पौधे लगाकर वास्तविक देशभक्ति का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। मूल चन्द कर्दम ने बताया कि वृक्षारोपण करना एवं पौधों की देखभाल करना मिशन का उद्देश्य है। मुन्ना लाल, रामबाबू, सुशील मदान ने कहा कि मनुष्य का जीवन जिस प्राण वायु पर

# 'शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले'

**आजादी का जश्न**

- -शहर से गांव तक आजादी का जश्न
- -76 शहीद स्मारकों पर दी जाएगी सलामी



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरनेवालों का यही बाकी निशां होगा। शहर से गांव तक आजादी के जश्न मनाया जा रहा है। देश की आन के लिए जान की बाजी लगाने वाले जांबाजों के गांव में आजादी के जश्न का जोश इस बार देखते ही बन रहा है। जनपद में 76 शहीद स्मारकों का सौंदर्यीकरण एवं नवनिर्माण किया गया है। शहीद स्मारकों पर स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और सलामी दी जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि इन सभी 76 स्मारकों पर वीर शहीदों के परिवारों को आमंत्रित किया जायेगा, उनको सलामी दी जायेगी, सम्मानित किया जायेगा एवं शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गन्ना विकास एवं चीनी मीलें मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरह द्वारा नन्दगांव के सांचैली, सांसद हेमा मालिनी द्वारा मथुरा के मघेरा, विधायक बलदेव पूरन प्रकाश द्वारा भरतिया, विधायक मांट राजेश चैधरी द्वारा ऐदलगढ़ी, विधायक गोवर्धन मेघश्याम सिंह द्वारा भगवनपुरा, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी द्वारा फरह के गांजौली, एमएलसी ओमप्रकाश सिंह द्वारा फरह के शहजादपुर पौरी, जिलाधिकारी पुलकित खरे द्वारा मथुरा के हकीमपुर तथा मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा राया के गढ़ी नंदागुडेरा में शहीद स्मारकों का उद्घाटन किया जाएगा। इसी क्रम में मक्षेत्र पंचायत प्रमुख द्वारा अपनी सुविधानुसार अपनी क्षेत्र पंचायत की किसी एक ग्राम पंचायत में शहीद स्मारक का उद्घाटन किया जाएगा। शेष ग्राम पंचायतों में प्रधान अपनी ग्राम पंचायत में शहीद स्मारकों का उद्घाटन करेंगे।

कहां बने कितने स्मारक विकास खण्ड छाता में छह, नंदगांव में दो, चौमुहां में दो, फरह में छह, बलदेव में 18, राया में 10, मांट में पांच, नौहझील में 11, मथुरा में दो तथा गोवर्धन में 14 कुल 76 शहीद स्मारकों का लोकार्पण एवं उद्घाटन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि जितने भी शहीद परिवारों द्वारा शहीद स्मारक बनाने के प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं उन सभी को बनाया गया है। उन्होंने अवगत कराया है कि यदि कोई परिवार छूट गया है और जिसने आवेदन नहीं किया है, तो वह जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में अपना प्रार्थना पत्र दे दे, जिससे आगामी 26 जनवरी 2024 तक उनके वीर शहीदों के स्मारक बनाये जा सके और 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर लोकार्पण, उद्घाटन किया जा सके।

## बच्चों ने कार्ड पर उकेरे देश प्रेम के रंग



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल 77 में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने कार्ड पर देश प्रेम के सराबोर रंग उकेरे। नन्हें हाथों की कलाकारी ने सभी को मोहित कर दिया। सभी विजेता छात्र- छात्राओं को चैयरमैन धर्मवीर अग्रवाल ने सम्मानित किया। शहर के मवस्सल पेच स्थित अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल में छात्र छात्राओं ने कार्ड प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। बच्चों ने इस दौरान देश भक्ति से ओत प्रोत स्लोगन एवं कलाकृति उकेरी। उन्होंने देश के शहीदों को भी पेंटिंग के माध्यम से नमन किया। सभी प्रतिभागियों में से विजेता छात्र छात्राओं को चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारी नई पीढ़ी को देश भक्ति का पाठ जरूर सिखाया जाना चाहिए। ताकि उनें अपने देश एवं समाज के प्रति सम्मान और प्यार हमेशा बना रहें।

# चेयरमैन ने घर घर बांटे तिरंगा



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत बाजना नगर पंचायत अध्यक्ष सुभाष चौधरी ने कस्बा के सभी वार्ड में घर घर जाकर तिरंगा भेंट किये और नगर को स्वच्छ रखने के लिए झाडू लगाकर नगर वासियों को नगर को स्वच्छ बनाने के लिए अपील की।स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में नगर पंचायत बाजना द्वारा हिस्सा लिया का रहा है जिसमे सहयोग करने के लिए अपील करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष बाजना द्वारा स्वयं झाडू उठाकर सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर शिवकुमार तौमर, प्रमोद पाठक,ऋषिपाल सिंह,राजकुमार बाबूजी,महंत मधुमंगल दास जी महाराज, नन्दा सेठ आदि लोगों ने भाग लिया।

## युवक की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या

**बदायूं/टीम एक्शन इंडिया**

बिल्सी थाना क्षेत्र में घर के बाहर सो रहे युवक की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी। आरोपी मौके से फरार हो गया। सोमवार सुबह घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बिल्सी थाना क्षेत्र के मोहल्ला संख्या आठ में रहने वाले 40 वर्षीय तेजेन्द्र सागर रोजाना की तरह रविवार रात को भी अपने घर के बाहर सो रहा था। रात में ही किसी समय अज्ञात लोगों ने तेजेंद्र सागर की धारदार हथियार (फरसे) से गला रेत कर हत्या कर दी। घरवाले सोमवार सुबह उठे तो तेजेंद्र का शव खून से लथपथ चारपाई पर पड़ा देखा। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## लगातार तीसरे दिन वृंदावन में उमड़ी भीड़

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

वृंदावन में स्थित प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में ठाकुर जी के दर्शनों के अभिलाषी श्रद्धालुओं की भीड़ रिकार्ड तोड़ रही है। भीड़ के आगे व्यवस्था जवाब दे रही हैं। वर्तमान परिस्थितियों में भीड़ नियंत्रण के तमाम प्रयोग अभी तक बेअसर साबित हुए हैं। दर्शनों के लिए सैलाब उमड़ रहा है। मंदिर की गलियों में भी पैर रखने तक को खाली जगह नहीं बचती है। हालात बद से बदतर हो गए हैं। ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के अंदर एवं बाहरी परिसर क्षेत्र के साथ साथ वृंदावन शहर में श्रद्धालुओं का सैलाब नजर आ रहा था। जिससे वृंदावन में जाम की स्थिति पैदा हो गई। पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया। भीड़ की वजह से तिराहा एवं



चौराहों पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। हालांकि तिराहा एवं चौराहों पुलिस बल मौजूद रहा। ऐसा ही हाल सोमवार को भी नजर आया। मंदिर की तरफ जाने वाले सभी मार्गों पर सुबह से ही भारी संख्या में श्रद्धालु खड़े नजर आए,जैसे ही मंदिर के दर्शन खुले वैसे ही श्रद्धालुओं का सैलाब मंदिर की तरफ बढ़ने लगा श्रद्धालुओं की बस एक ही तमन्ना था कि कैसे भी उन्हें अपने आराध्य के दर्शन हो सकें। वहीं भीड़ के दबाव से दर्शन करने आई महिला श्रद्धालु बेहोश हो गई। जैसे तैसे वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने महिला को भीड़ से बाहर निकाला, हालांकि महिला श्रद्धालु के साथ आई अन्य महिलाओं ने बेहोश महिला को पानी पिलाया जिससे महिला होश में आ सकी।

# अखिल भारत हिंदू महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मथुरा पहुंची

**बैठक**

- सुभाष चंद्र बोस की परपोती मथुरा पहुंची। उन्होंने यहां आयोजित राष्ट्रीय चिंतन बैठक में भाग लिया।



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

अखिल भारत हिंदू महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष चंद्र बोस की परपोती मथुरा पहुंची। उन्होंने यहां आयोजित राष्ट्रीय चिंतन बैठक में भाग लिया। अखिल भारत हिंदू महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष का वृंदावन कट पर मथुरा जिला कार्यकारिणी के जिलाध्यक्ष संदीप शर्मा ने अपनी टीम के साथ स्वागत किया। उसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गोवर्धन रोड स्थित अंगूरी देवी सेवा सदन में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष राजश्री चौधरी ने कहा कि पिछली कार्यकारिणी को पूर्ण तरीके से भंग कर दिया है। अब नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें मथुरा से संदीप शर्मा को अखिल भारत हिंदू महासभा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। सुश्री राजश्री चैधरी ने देश में हो रही घटनाओं को लेकर गहरा शोष व्यक्त किया। सुश्री चौधरी ने कहा देश में कहीं भी अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ता अपनी भूमिका निभाने के लिए हमेशा तैयार रहे हैं। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष संदीप शर्मा ने कहा कि महासभा ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है, उसे पूरी तरीके से कर्तव्य निष्ठा से पूरा करूंगा। संगठन का विस्तार किया जाएगा। जिला अध्यक्ष संदीप शर्मा ने कहा कि जल्द ही करीब पांच हजार लोगों को संगठन में जोड़ा जाएगा। जिसमें खासकर युवा वर्ग के लोग जोड़े जाएंगे। अंत में जिला प्रभारी राजीव दीक्षित और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने देशभर में हो रही हो रही घटनाओं को लेकर कहा कि शासन प्रशासन अपनी जिम्मेदारी को समझे। इस तरीके की घटनाओं को पुनः दोहराया न जाए। हम ऐसी घटनाओं का पुरजोर विरोध करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष संदीप शर्मा, जिला प्रभारी राजवीर दीक्षित, श्याम सुंदर शर्मा, कुलदीप शर्मा, दीपक पचोरी, दीपक कौशिक, मनीषा ठाकुर, राजेंद्र सिसोदिया, योगेश गौतम, राजू कौशिक, सागर चतुर्वेदी, कान्हा चतुर्वेदी, सिवाराम तिवारी, प्रशांत गौतम, हंसल गौतम, नरेंद्र सिसोदिया, मुकेश पंडित, अवधेश शर्मा, विष्णु दुबे, संतोष उपाध्याय, विष्णु दीक्षित, राजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## परिवार के मुखिया की मृत्यु होने पर परिवार चलाने को मिलेगी आर्थिक मदद

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

समाज कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजनान्तर्गत नई व्यवस्था लागू की गई है। राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजनान्तर्गत गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के मुख्य कमाऊ मुखिया की मृत्यु, जिनकी आयु 18 वर्ष या अधिक और 60 वर्ष से कम आयु होने पर उनके परिवार के आश्रित को मृत्यु के एक वर्ष के अन्दर नये पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने पर आवेदन को एकमुश्त धनराशि 30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने का प्रावधान किया गया है। ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया पात्र आवेदक समाज कल्याण विभाग द्वारा नवनिर्मित वेबसाइट पर लॉगिन कर आवेदन किया जा सकता है। आवेदन पत्र में आधार लिंक बैंक खाता ही मान्य है। नवीन पोर्टल के चालू होने से पूर्व अवशेष पात्र आवेदन पत्रों में आधार प्रमाणीकरण का कार्य शीघ्र ही किया जाएगा और लागू शासनादेश के अनुसार यथाशीघ्र आर्थिक सहायता भुगतान की प्रक्रिया सम्पन्न कराई जायेगी। आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय आवेदन पत्र के निर्धारित प्रारूप पर सभी कालमों को भरना तथा साथ में आधार कार्ड, स्वयं का फोटो, तहसीलदार द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, मृतक की आयु से सम्बन्धित प्रमाण पत्र जैसे परिवार रजिस्टर व कुटुम्ब रजिस्टर नकल अथवा शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो तथा आधार लिंक सीबीएस बैंक खाता का होना आवश्यक है। ऑनलाइन भरे गये आवेदन पत्रों को तिथि वार वरीयता क्रम सॉफ्टवेयर से निर्धारित की जाएगी और भुगतान प्रक्रिया वरीयता क्रम में की जायेगी।

## चोरों ने कपड़ों के शो रूम को बनाया निशाना

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

कृष्णा नगर में चोरों ने रात के समय रेडीमेड कपड़ों के शो रूम को निशाना बना दिया। पॉश कॉलोनी में इस तरह के वारदात से व्यापारियों में आक्रोश है। व्यापारी संगठन से पुलिस से घटना के जल्द खुलासे की मांग की है। बधु वैडिंग प्लाजा में हुई वारदात के बाद लोग सकते में आ गये हैं। यह शहर का सबसे सुरक्षित और पॉश इलाका है। प्लाजा की दूरी कृष्णा नगर पुलिस चौकी से ज्यादा नहीं है। घटना की जानकारी तब हुई जब दुकान मालिक अरविंद अग्रवाल सोमवार की सुबह अपनी शॉप पर पहुंचे। जिस तरह से चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है उससे लगता है कि चोरों ने इत्मिनान से वारदात को अंजाम दिया है। चोर करीब साढे तीन लाख रुपए का सामान चोरी कर ले गये।

# तीन दिन की मौहलत के बाद नई बस्ती में फिर चला बुल्डोजर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

तीन दिन के खामोशी के बाद नई बस्ती में फिर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सोमवार से शुरू हो गई। यहां रेलवे अपनी जमीन से अतिक्रमण हटा रहा है। मथुरा वृंदावन रेल लाइन गेज परिवर्तन का कार्य इस समय प्रगति पर है। इसके लिए पहले अतिक्रमणों को हटाना होगा। मथुरा से वृंदावन तक सबसे सबसे अधिक अतिक्रमण श्रीकृष्ण जन्मस्थान के पास नई बस्ती में मिले। सोमवार को भारी पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाया गया। इस



बीच पुलिसकर्मियों ने ऊपर से आदेश का हवाला देते हुए मीडिया को मौके पर कवरेज से रोक दिया। वहीं कुछ सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता भी मौके पर जाना चाहते थे उन्हें भी रोक दिया गया। सामाजिक कार्यकर्ता ताराचंद गोस्वामी ने कहाकि यह ठीक नहीं है। सामाजिक कार्यकर्ता और मीडिया को रोकना संदेह पैदा करता है। इससे पहले नई बस्ती के लोगों ने रालोद नेता कुंवर नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पर एकत्रित होकर जिलाधिकारी को तथ्यों से अवगत कराया था, इस बीच इन लोगों का यह भी कहना था कि उन्हें अपना सामान तक हटाने या खुद अतिक्रमण को हटाने मौका नहीं दिया जा रहा है। इसके बाद तीन दिन के लिए अतिक्रमण ने काम को अस्थाई रूप से रोक दिया गया था। लोगों को नोटिस देकर अपने अतिक्रमण हटाने को कहा गया था। यहां 150 से अधिक अतिक्रमण चिन्हित किए गये हैं, जिन्हें हटाया जाना है। तीन दिन की मोहलत देने से पहले करीब पांच दर्जन अतिक्रमणों को हटा दिया गया था।

# केएम विश्वविद्यालय का भरतपुर में खुला काउंसलिंग सेंटर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

केएम विश्वविद्यालय मथुरा के भरतपुर स्थित फर्स्ट मॉडल में काउंसलिंग सेंटर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने फीता काटकर किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ने बताया कि शिक्षा अब व्यापार नहीं रहेगी। ब्रजभूमि में स्थापित इस विश्वविद्यालय में ब्रज की छात्राओं को फीस में छूट भी दी जा रही है। छात्र एवं छात्राओं की सुविधा के लिए भरतपुर से विश्वविद्यालय तक बस चलाई जाएगी। विश्वविद्यालय में बीए, बीकाम, एमए, एमकाम, फैशन डिजाइनिंग, बीबीए, एमबीए, बी.एससी. एग्रीकल्चर, बी.एससी.




कंप्यूटर साइंस, बी.एससी. आईटी, सहित अन्य 148 कोर्स चालू किये गये हैं। इतना ही नहीं निर्धन छात्र एवं छात्राओं को अन्य सुविधाएं भी यहां दी जा रही हैं। इस विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट श्रेणी के शिक्षक अध्यापन में लगाए गए हैं। आधुनिक लेक्चर थियेटर उपलब्ध हैं। आनलाइन लाइब्रेरी, खेलकूद का मानकों का मैदान भी उपलब्ध है। शिक्षण के साथ छात्र एवं छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में मां सरस्वती के समक्ष विश्वविद्यालय के कुलसचिव पूरन सिंह ने दीप प्रज्वलन किया। केएम विश्वविद्यालय के काउंसलिंग सेंटर के इस समारोह में कुलाधिपति के सलाहकार राजेश फौजदार, प्रशासनिक अधिकारी हरी मोहन रावत, सुनील कुमार अग्रवाल,उदल, दीपक माथुर, रनवीर सिंह, राहुल सिंह, देवेन्द्र चोधरी आदि शामिल रहे।

# गोवर्धन के 24 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम की पट्टिका लगेगी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित भंवर सिंह शर्मा का जन्म राजस्थान की धरती पर गांव पहुआ, जिला भरतपुर में हुआ था। चार साल की उम्र में अपने माता पिता का साया सर से उठ जाने के बाद उनके मामा द्वारा गोवर्धन थाना के सामने बने किशोर अनाथालय में दाखिल कर दिया गया। 15 वर्ष की आयु में आजादी के लिए लड़ते हुए लोगों को देखकर उनके भीतर देश भक्ति इस कदर जागी की वो भी उस आजादी की लड़ाई में कूद गए। उसके लिए उन्होंने बिजली के तार



काटे, रेल की पटरी उखाड़ी, अंग्रेजों की सभा भंग की। जिसकी वजह से वो कई बार पुलिस के द्वारा पकड़े गए और सजा हुई। ये स्वतंत्रता का सूरज 27 अगस्त 2016 को अस्त हो गया। उनके आजादी की किस्से और उनकी यादें जिंदा रखने के लिए पं भंवर सिंह शर्मा के ज्येष्ठ पुत्र पं कैलाश चंद्र मिश्रा द्वारा गोवर्धन में श्री लक्ष्मी नृसिंह नवग्रह वाटिका में अपने पिताजी के नाम से स्वतंत्रता सेनानी स्मारक एवं श्रद्धांजलि स्थल बनाया जा रहा है।

जिसमें गोवर्धन के 24 स्वतंत्रता सेनानियों की नाम पट्टिका लगाई जाएगी। ताकि आने वाली पीढ़ियों को भी ये याद रहे कि गोवर्धन के भी लोगों ने अंग्रेजों से लोहा लेने में अपनी कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी।

# पानीपत ग्रामीण विधानसभा में निकाली गई तिरंगा यात्रा

## सांसद संजय भाटिया ने चलाई बाइक, विधायक महीपाल ढांडा ने पीछे बैठकर लगाये भारत माता के जयकारे

**राष्ट्र प्रेम**

**शहीद स्मारक से लेकर बिचपडी चौंक तक राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को लेकर बाईक तिरंगा यात्रा निकाली**



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया।** पीएम नरेंद्र मोदी के आहवान पर देश भर में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत पानीपत ग्रामीण विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा के नेतृत्व में पानीपत के शहीद स्मारक से लेकर बिचपडी चौंक तक राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को लेकर बाईक तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा को सांसद संजय भाटिया ने रेस्ट हाउस से झंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद संजय भाटिया भी स्वयं बाइक पर सवार होकर और विधायक महीपाल ढांडा सांसद भाटिया की बाइक पर पीछे बैठकर हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा में कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। तिरंगा यात्रा रेस्ट हॉउस से शुरू होकर लघु सचिवालय प्रांगण स्थित शहीद स्मारक, सेक्टर 6, सेक्टर 13-17, अंसल और बरसत रोड़ से नूरवाला होते हुए बिचपडी चौंक पर सम्पन्न हुई। सांसद संजय भाटिया ने कहा कि आज यह तिरंगा यात्रा शहीदों के सम्मान में निकाली जा रही है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुतियां देकर इस देश की एकता व अखंडता को बरकरार रखा है। वहीं विधायक महीपाल ढांडा ने कहा कि इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से यह संदेश देना चाहते हैं कि शहीदों और तिरंगा के सम्मान से हम कोई समझौता नहीं करेंगे। लघु सचिवालय प्रांगण स्थित शहीदी स्मारक पर सांसद संजय भाटिया व विधायक महीपाल ढांडा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित करके शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। यात्रा में जिला परिषद की चेयरमैन ज्योति शर्मा, ब्लॉक समिति चेयरमैन दीपक राणा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष बलविंद आर्य, नगर निगम के पार्षदगण, विभिन्न गांव के सरपंच एवं पूर्व सरपंच, हलके के तीनों मंडल अध्यक्ष, पार्टी के सभी पदाधिकारी, युवा मोर्चा के साथी और पानीपत ग्रामीण हलके के भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

# अंबाला इंस्टीट्यूट कॉलेज की ओर लगाया गया रक्तदान शिविर



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)अंबाला इंस्टीट्यूट ऑफ** होटल मैनेजमेंट की ओर से अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर लगाया गया । इस अवसर पर मिशन अस्पताल के सहयोग से डॉक्टरों की टीम ने काफी सहयोग दिया । जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों एवं अन्य लोगों ने रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया।
रक्तदान शिविर का शुभारंभ अंबाला इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट के अध्यक्ष पवन अग्रवाल एवं रेजनता जोकि है संस्थान के प्रशिक्षण होटल के महाप्रबंधक इंद्रजीत सिंह ने किया । इस अवसर पर कॉलेज के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने सभी रक्तदाताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान जीवनदान है । रक्त की एक - एक बूंद अमूल्य है । जिनसे जरूरतमंद को देकर उसे जीवनदान दिया जाता है । कॉलेज के प्रिंसिपल शाहिद ने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि उन्हें रक्तदान जैसे किसी भी कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए और हमेशा अपने माता-पिता एवं गुरुओं का मान सम्मान करना चाहिए । मौके पर पहुंचे यशिक अग्रवाल एवं सुगंधा चोपड़ा अग्रवाल ने शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया । युवा दिवस पर कॉलेज के कार्यवाहक प्रिंसिपल रोमित खन्ना ने कहा कि रक्तदान एक महान उपहार है । जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को दिया जा सकता है रक्तदान शिविर का आयोजन

**महान कार्य**

**होटल मैनेजमेंट के अध्यक्ष पवन अग्रवाल एवं जोकि है संस्थान के प्रशिक्षण होटल के महाप्रबंधक इंद्रजीत सिंह ने किया**

हमारे लिए गौरव और खुशी की बात है । कॉलेज प्रबंधक कमेटी द्वारा इस प्रकार का रक्तदान शिविर भविष्य में जारी रखा जाएगा ।जो व्यक्ति भविष्य में पहली बार रक्तदान करते हैं उन्हें यह डर है कि रक्तदान से शरीर में कमजोरी आती है । लेकिन डॉक्टरों ने सभी को जानकारी दी कि हर 56 दिन में रक्तदान करना चाहिए । जिससे हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा । रक्तदान शिविर के अंत में सभी रक्तदाताओं को कॉलेज मैनेजमेंट के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया व इस शिविर के आयोजन में कॉलेज के सभी स्टाफ - पंकज, तरुण, राज बहादुर, सुभाष, तिलक, हिमांशी, नैंसी, केशव, रहमंत अली, अर्जुन, कुनाल वोहरा,विवेक ,अजय,अवतार,डॉक्टरों की टीम एवं आए हुए मीडिया बंधुओं का जिन्होंने इस कार्यक्रम की कवरेज की । उन सभी का मैं तहे दिल से धन्यवाद करता हूं और सभी को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामना देता हूं ।

## न्यूज फ्लैश

### हथीरा के सरकारी स्कूल में पंचायत प्रतिनिधियों ने छात्रों को टाई व बेल्ट का किया वितरण



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हथीरा में ग्राम पंचायत हथीरा की ओर से सभी छात्रों को डॉक्टर कृष्ण लाल, राजा राम शर्मा व संदीप कुमार पंच की ओर से टाई और बेल्ट प्रदान की गई इसमें सुभाष राणा का सराहनीय सहयोग रहा । डॉक्टर कृष्ण लाल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हथीरा के छात्रों को किसी भी कार्य में पीछे नहीं रहने दिया जाएगा।अभी पिछले दिनों बोर्ड के वार्षिक परीक्षा परिणाम में भी विद्यार्थियों ने परचम लहराया था। जब विद्यार्थी शहर के प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर आई कार्ड ,टाई, बेल्ट, लगाकर विद्यालय में आएंगे तो वह अपने आपको गौरवान्वित महसूस करेंगे और मन लगाकर अव्वल आने के लिए ज्यादा से ज्यादा पढ़ाई करने का हर संभव प्रयास करेंगे। प्रिंसिपल रमेश कुमार ने आए हुए सभी पंचायत प्रतिनिधियों का पुष्प कुछ देकर स्वागत किया और विद्यालय में उनके सहयोग की सराहना की एवं धन्यवाद किया और सभी बच्चों को हर रोज टाई और बेल्ट पहनकर विद्यालय में आने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### डी ए वी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, लुखी में छात्रों को तिरंगा ध्वज वितरित किए



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** आज डी ए वी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, लुखी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रधानाचार्य श्री गजेंद्र शर्मा जी ने बताया कि हम इस बार 77वा स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आजादी हमें बड़ी मुश्किल से प्राप्त हुई है यह आजादी हमें हमारे देश भक्तों द्वारा दिए गए बलिदान से प्राप्त हुई है। हमे देश भक्तो को और उनके बलिदान को नही भूलना चाहिए। विद्यालय द्वारा हर घर तिरंगा के तहत बच्चो को झंडे वितरित किए गए। इस अवसर पर समाज सेवी श्री नीरज भारद्वाज जी, श्री अनिल तवंर जी, और श्री सुशील तवंर उपस्थित रहे। इस अवसर पर बच्चो ने पेंटिंग प्रतियोगिता में भी भाग लिया जिसमे कक्षा बारहवी से यश ने प्रथम, कक्षा छटी से गुरनूर, कक्षा नौवीं से जस्मीन तृतीय स्थान प्राप्त किया। और कक्षा नौवीं से नवकिरण को कंसोलेशन प्राइज मिला। इस अवसर पर विद्यालय का स्टॉफ भी उपस्थित रहा।

### रक्तदान के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने पर विनोद पाल झांसा हुए सम्मानित

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)विनोद** पाल झांसा को जिला रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने पर शील्ड देकर सम्मानित किया गया। डॉ सुनील कुमार सचिव जिला रेड क्रॉस सोसायटी ने बताया कि पिछले वर्षों से यूथ ब्लड डोनेशन सोसायटी झांसा द्वारा रेड क्रॉस सोसायटी के साथ मिलकर रक्तदान क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव पर 18 दिन लगातार ब्लड डोनेशन कैंप लगाकर एक मिसाल कामयाब की गई। रक्त दान क्षेत्र में विनोद पाल झांसा के नाम अवार्ड एवम

# मेपल बेयर स्कूल ओमेक्स सिटी में नन्हे बच्चों ने तिरंगा यात्रा निकाली



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/ ओमैक्स सिटी के** मेपल बेयर स्कूल मे आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर सोमवार को स्कूल के नन्हें बच्चों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में तिरंगा यात्रा निकाली। हाथों में राष्ट्रीय झंडा थामे, 'भारत माता की जय' 'वंदे मातरम' 'जय हिंद' आदि गगनभेदी नारे लगाते हुए बच्चों ने स्कूल के भवन की परिक्रमा की। इस भव्य आयोजन को देखने के लिए बच्चों के अभिभावकों के अतिरिक्त अनेक अन्य गण मान्य भी स्कूल पहुंचे। बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए स्कूल के संचालक सुरेंद्र मदन भी इस दौरान उपस्थित रहे। 'तिरंगा यात्रा' आरंभ करने से पुर्व स्कूल संचालक सुरेंद्र मदान ने स्कूल के प्रिंसिपल, टीचर्स, बच्चों तथा अभिभावकों की उपस्थिति में स्कूल प्रांगण में राष्ट्रीय झंडा फहराया। 'तिरंगा यात्रा' के समापन पर सुरेंद्र मदान ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए उन्हें आजादी का महत्व समझाया। स्कूल की प्रिंसिपल उमा भनोट ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए देशभक्ति, निष्ठा तथा राष्ट्र प्रेम के बारे में समझाया। इस दौरान बच्चों में मिठाइयां भी बांटी गईं । स्कूल संचालक सुरेंद्र मदान ने स्कूल प्रिंसिपल उमा भनोट तथा टीचर्स वर्षा, दीपिका, हिमांशी, ज्योति, नितिशा व रिदम का तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन के लिए आभार प्रकट किया।

# द स्टैनफोर्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी-**
**स्वतंत्रता दिवस** को लेकर सोमवार को खरखौदा के थाना खुर्द गाँव के द स्टैनफोर्ड स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित।
द स्टैनफोर्ड स्कूल के चैयरमैन उत्सव दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वतंत्रता दिवस को लेकर उनके स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस दौरान चेयरमैन (उत्सव दहिया) व प्रधानाचार्य (संजीत नैन) ने तिरंगा लहराया। वही छात्र-छात्राओं ने अपनी कविताओं भाषण, संगीत व नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी को भाव विभोर कर दिया।

# अंबाला में जल्द बनेगा पशुपतिनाथ मंदिर एवं धर्मशाला



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अंबाला शहर स्थित मानव चौक खुराना कॉम्प्लेक्स में सेवा सुरक्षा सहयोग समिति (रजि.)नेपाली संस्था की मासिक बैठक महासचिव रीटा पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें संस्था के अध्यक्ष गणेश पटेल ने बताया कि संस्था द्वारा श्री पशुपतिनाथ मंदिर एवं धर्मशाला बनाने का कार्य अम्बाला में जल्द से जल्द किया जाएगा जिसके लिए शहर व अन्य भिन्न भिन्न राज्यों में बस रहे लोगों से अपील कि जाती है की अधिक से अधिक लोग बढ़-चढ़कर इस भव्य मंदिर एवं धर्मशाला बनाने में पूर्ण रूप से अधिक से अधिक अपना सहयोग दें । बैठक के चलते संस्था कोषाध्यक्ष दीपक वोहरा ने बताया कि पशुपतिनाथ मंदिर जो कि एक नेपाल की राजधानी काठमांडू में स्थित है एक ऐसा ही दृश्य अंबाला शहर जैन कॉलेज रोड हीरा नगर में पशुपतिनाथ मंदिर एवं धर्मशाला का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा इस भव्य मंदिर में दूर-दूर से श्रद्धालु यहां दर्शन करने आएंगे और इस मंदिर की मान्यता के अनुसार जो भी व्यक्ति सच्चे मन से इस मंदिर में आकर दर्शन करेगा उस व्यक्ति का अगले जन्म में पशु का जन्म नहीं होगा मानवता पर आधारित शिव भगवान के आशीर्वाद से जन्म लेकर धरती में जो व्यक्ति पैदा होगा उस व्यक्ति पर सदैव शिव का आशीर्वाद बना रहेगा।

# 'तिरंगा भारत की आन, बान, शान एवं स्वाभिमान का प्रतीक'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक ) कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के** कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि तिरंगा भारत की आन, बान, शान एवं स्वाभिमान का प्रतीक है। तिरंगे के तीनों रंग भारतीयता के परिचायक हैं। तिरंगे की बदौलत ही देश में आजादी के आंदोलन को राष्ट्रीय स्वरूप मिला है। वे सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर में हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ करते हुए बोल रहे थे। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत विश्वविद्यालय में आज तिरंगा अभियान की शुरूआत हो रही है।

# मेरी माटी मेरा देश" अभियान के तहत जिला पुलिस ने माटी कलश व तिरंगा यात्रा निकाली




**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत आजादी के** अमृत महोत्सव के समापन पर भारत सरकार द्वारा देशभर में मेरी माटी मेरा देश अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत जिला पुलिस द्वारा सोमवार को माटी कलश व तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। उप पुलिस अधीक्षक सतीश गौतम व एसडीएम वीरेंद्र ढुल की अगुवाई में यात्रा लघु सचिवालय परिसर से शुरू होकर सिविल अस्पताल, बस स्टैंड, लाल बत्ती चौक, संजय चौक, गोहाना मोड़, रेलवे रोड मोड़ से होते हुए थाना शहर परिसर में पहुंची। उप पुलिस अधीक्षक सतीश गौतम ने यात्रा का शुभारंभ करते हुए अपने संदेश में कहा कि यह अभियान एक जन आंदोलन है और प्रत्येक देशवासी को इससे जुड़ना चाहिए। हमें अपनी मातृभूमि की रक्षा व तिरंगे के सम्मान के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।
यह तिरंगा हमें उन स्वतंत्रता सेनानियों तथा देश की रक्षा करने वालों व इसकी प्रगति में योगदान देने वाले महान व्यक्तियों की याद दिलाता है। उन्होंने आह्वान किया कि हम देश नवनिर्माण में सक्रिय भागीदारी करते हुए तिरंगे को विश्व विजयी और ऊंच्चा बनाए रखें।

# स्वतंत्रता सेनानियों के कड़े संघर्ष व बलिदान से मिली है आजादी : सुरेंद्र पंवार

## विधायक सुरेंद्र पंवार ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम में की शिरकत



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत। विधायक सुरेंद्र पंवार** ने कहा कि 15 अगस्त का दिन देशवासियों के लिए बड़े हर्ष व उल्लास का दिन होता है। 15 अगस्त के दिन ही हमारा देश आजाद हुआ था। यह स्वतंत्रता हमें कोई एकाएक नहीं मिली थी, बल्कि यह देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के दशकों तक किए गए कड़े संघर्ष, त्याग, तपस्या व बलिदान का नतीजा था। विधायक सुरेंद्र पंवार देवडू रोड स्थित दिल्ली विद्या पीठ स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकर करने के उपरांत संबोधित कर रहे थे।
विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि आजादी के मतवालों ने देश को आजाद करवाने में अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया था। उन सभी महान स्वतंत्रता सेनानियों को शत-शत नमन करता हूं कि जिनकी बदौलत आज हम खुली हवा में सांस ले रहे है। हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम देश को आजादी दिलवाने वाले उन सभी वीरों के दिखाए मार्ग पर चलते हुए अपने देश को तरक्की के पथ पर निरंतर आगे बढ़ाते रहे, ताकि हमारा देश व प्रदेश हमेशा खुशहाल रहे।
इस दौरान चेयरमैन वीर सिंह सैनी, अराधना ग्रोवर, प्रिय दर्शन सैनी, सत्य प्रिय सैनी, गीतांजलि अरोड़ा, प्रवीन सैनी, मुकेश सैनी, प्रेम रेलन, दुलीचंद, कृष्णचंद मिड्ढा, ऋतु सिंधु, गोपाल दहिया, उदय सैनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बिरला स्कूल में कार्यक्रम आयोजित



**खरखौदा/सोनीपत/हरियाणा - सोमपाल सैनी**
रोहतक रोड पर स्थित बिरला इंटरनेशनल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस को बड़े ही जोर शोर से मनाया गया। स्कूल प्रांगण में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व एमएलए, चेयरमैन एलबीएस स्कूल, ऑल इंडिया रेसलिंग चैंपियनशिप, हरियाणा स्टेट कबड्डी चैंपियन डॉ वीरेंद्रपाल सिंह जी मौजूद रहे। अन्य सम्मानित अतिथियों में श्रवण कुमार भारतीय क्रिकेटर और फास्ट बॉलर इशांत शर्मा के कोच भी रहे रहे। नेशनल व इंटरनेशनल तकनीक ऑफिशल व एंकर जिन्होंने सीबीएसई का फर्स्ट कबड्डी मैच पूर्ण रूप से संचालित किया था वह शख्सियत डॉक्टर कप्तान सिंह खोखर भी बिरला स्कूल में अतिथि के रूप में पधारे। महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक के सीनियर प्रोफेसर एस. एस. चहल भी प्रमुख अतिथिगणों में शामिल रहे। स्कूल प्रांगण में पहुंचने पर मुख्य अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया। सबसे पहले अतिथिगणों ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस की गरिमा को और बढ़ाया। विद्यालय में उपस्थित चारों सदनों के विद्यार्थी गणों ने बैंड के साथ मार्च पास कर लहराते हुए तिरंगे को अपनी सलामी दी। कार्यकारी अधिकारी सिकंदर दहिया ने विद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा दिल की गहराइयों से उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रमों के श्रृंखला को आगे बढ़ते हुए सबसे पहले मुख्य अतिथियों ने बॉक्सिंग और कराटे जैसे खेलों में गोल्ड मेडल जीतने वाले विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया इसके पश्चात विद्यार्थियों ने अपनी रंगारंग कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण दिया। विद्यालय की छात्राओं ने हरियाणवी गीत पर थिरक जहां भारत में अपने हरियाणा प्रांत की शोभा को दर्शाया वहीं पर विद्यालय में उपस्थित सभी सदस्यों का मन भी मोह लिया। उरी द सर्जिकल स्ट्राइक इस गंभीर विषय का प्रस्तुतीकरण विद्यालय के पहली और दूसरी कक्षा के छात्रों ने एक नाटक और उसी में समाहित एक गीत के माध्यम से इतने शानदार तरीके से प्रस्तुत किया कि देखने वाले सभी सदस्य उनके इस प्रयास को देखकर हैरान रह गए। नन्हे बच्चों ने भी आजादी के गीतों पर थिरक कर स्वतंत्रता के प्रति अपनी वह भावनाएं व्यक्त की जिसे देखकर सभी ने अपने दांतों तले उंगली दबा ली। मुख्य अतिथि डॉ वीरेंद्रपाल सिंह अहलावत ने समस्त स्कूल प्रबंधन समिति का आभार व्यक्त किया कि विद्यालय में उन्हें आमंत्रित कर ऐसा शानदार कार्यक्रम साक्षात देखने का अवसर प्रदान किया। डॉ वीरेंद्र बताया की आजादी हमें बहुत प्रयासों और कुर्बानियों के पश्चात मिली है तो हमें अपने आजादी का न केवल सम्मान करना चाहिए अपितु इसे बचाने का भरसक प्रयास भी करना चाहिए।


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
रणवीर सिंह
निखिल न्यूज एजेंसी


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
मोहित त्यागी
जिला मंत्री, जिला केशवपुरम भाजपा



सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी की
हार्दिक शुभकामनाएं
Umesh Sharma
Architect (B. Arch)
JBB ASSOCIATES
ARCHITECTS | ENGINEERS | INTERIOR DESIGNERS
Sanction of
Building Plans
from MCD/DDA
Office : B-107, Ist Floor, Gali No. 1, Majlish Park, Adarsh Nagar, Delhi-110033
Mob. : 9810021450, 9212027450
Email: ucs1973@gmail.com, Jbb2100@gmail.com


श्री आदर्श कला केन्द्र (पंजी.)
केवल पार्क रामलीला कमेटी की ओर से
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद तायल
प्रधान
हरीश भारद्वाज
महासचिव
बलबीर गुप्ता
कोषाध्यक्ष


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
Notan Dass Arora
(M): 9868365678 9540949722
President: Nav Chetna Sangthan (Regd.) RWA
VBDD Charitable Trust (Regd.)
Chief Secy. Joint Secy.: Sri Bahawalpur
Panchyat, Narela (Regd.)
Secretary: Narela Vikas Sangthan (Regd.)
Bahawalpur Samaj, Delhi (Regd.)
Joint Secy: Bahawalpur Ganesh
Dharamshala, (Regd.) Haridwar
Prabhari: Bahawalpur Mahasangh (Regd )
Rajpura - Haridwar


आर. एस. ज्वैलर्स
सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सेवानिवृत राजपत्रित अधिकारी, दिल्ली सरकार
चेयरमैन: नरेला ज्वैलर्स एसोसिएशन
वरिष्ठ उपाध्यक्ष: नरेला विकास संगठन
ट्रस्टी: नरेला मंडी, गुरूद्वारा
मुख्य संरक्षक: जय किरण सोशल,
डेवलपमेंट सोसायटी, नरेला
संरक्षक: टैलेंट ऑफ इंडिया मैगज़ीन
जेपी बागेश्वर
M.SC. LLB
हमारे यहां शुद्ध सोने व चांदी के आभूषण मिलते हैं व ऑर्डर देने पर नए डिजायनों में बनाए जाते हैं।
पाना उद्यान, मेन बाजार, नरेला- दिल्ली-40


ADARSH NAGAR ANC CLUB Delhi
Adarsh Nagar Club
and Recreational Society ( Regd.)
की ओर से सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
जन्माष्टमी एवं रक्षाबंधन
की हार्दिक शुभकामनाएं
GOVERNING BODY
CHAIRMAN Master Jai Kishan Goel
CHIEF PATRON Sanjay Singhal
VICE CHAIRMAN Rakesh Bansal
VICE CHAIRMAN Rajiv Goel
PRESIDENT Manish Kansal
GEN. SECRETARY Jitender Kr. Gupta
TREASURER Sanjay Goel
VICE-PRESIDENT Tarun Kumar Gupta
SECRETARY Nitesh Mehra(Adv.)
VICE CHAIRMAN Virender Goel
VICE CHAIRMAN Prakash Chand Aggarwal
VICE-PRESIDENT Balvinder Kumar
AUDITOR Mukesh Gupta(C.A.)
AUDITOR Rakesh Gupta(C.A.)
EXECUTIVE COMMITTEE
VICE-PRESIDENT Anil Aggarwal
VICE-PRESIDENT Pawan Bindal
VICE-PRESIDENT Sharat Gautam
VICE-PRESIDENT Ragvinder Chauhan
VICE-PRESIDENT Manoj Bansal
VICE-PRESIDENT Rammohan Aggarwal
VICE-PRESIDENT Madan Mehra
SECRETARY Amit Gupta
FINANCE ADVISOR Sikander Makhija
FINANCE ADVISOR Ramkumar Barar
FINANCE ADVISOR Lakhpat Bansal
FINANCE ADVISOR Rajesh Goel
FINANCE ADVISOR Rajesh Gupta
JOINT TREASURER Vinod Aggarwal
JOINT TREASURER Amit Gupta (Sonu)
COORDINATOR Mukesh Bansal
COORDINATOR Prem Chand Gupta
COORDINATOR Parveen Kansal
COORDINATOR Rakesh Gupta
COORDINATOR Sandeep Kansal
JOINT-SECRETARY Rajesh Goel
JOINT-SECRETARY Hemant Sharma
JOINT-SECRETARY Yogesh Gupta
JOINT-SECRETARY Arun Gupta
JOINT-SECRETARY Anil Singhal
JOINT-SECRETARY Gaurav Singhal
JOINT-SECRETARY Naveen Goel
JOINT-SECRETARY Lalit Gupta
JOINT-SECRETARY Yagvinder Goyal
JOINT-SECRETARY Ashwani Sharma
JOINT-SECRETARY Naresh Tandon
JOINT-SECRETARY Sunil Khanna
ADVISOR Parmanand Singhal
ADVISOR Shiv Naraian Singhal
ADVISOR Rishi Garg
ADVISOR Baldevraj Vinayak
ADVISOR Nikesh Gupta
ADVISOR Anil Goyal


AAP
सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
अजीत यादव
निगम पार्षद, भलस्वा वार्ड (वार्ड नम्बर-17)


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
अमरनाथ को गाली दी है भीख मिले हथियारों ने
क्योंकि ये सब कठपुतली हैं रावलपिंडी वालों की
इसलियें नाकाम रही हैं कोशिश सभी अधियारों की
अंतिम एक चुनौती दे दो सीमा पर पड़ोसी को
गीदड़ कायरता ना समझे सिंहो की खामोशी को
अब केवल आवश्यकता है हिम्मत की खुदारी की
दिल्ली केवल दो दिन की मोहलत दे दे तैयारी की
सेना को आदेश थमा दो घाटी गैर नहीं होगी
जहाँ तिरंगा नहीं मिलेगा उनकी खैर नहीं होगी।
वन्देमातरम्
aap
AAM AADMI PARTY
एडवोकेट चित्रा "विद्यार्थी"
निगम पार्षद M.A.,LL.B., LL.M.
वजीर पुर वार्ड न. 66
प्रेम कुमार "विद्यार्थी"
पार्षद प्रतिनिधि
वजीर पुर विधानसभा


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
पूनम चौहान
अध्यक्ष, उत्तर-पूर्वी जिला भाजपा
गुलाब सिंह राठौर
निगम पार्षद, मुकुंदपुर वार्ड


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
वंदेमातरम्
15 August
सुखबीर सिंह कालरा
सदस्य, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, स्वरूप नगर वार्ड
चेयरमैन, खालसा कॉलेज, देव नगर दिल्ली
प्रेजीडेंस, गोविन्द सदन गुरुद्वारा, महरौली
चेयरमैन, गुरू नानक देव इंस्टीट्यूट एण्ड मैनेजमेंट पंजाबी बाग
चेयरमैन, द सोशल वैलफेयर एण्ड हेल्थ आर्गेनाईजेशन
डायरेक्टर, कोर एडवाइजरी कमेटी, एक्शन इंडिया मीडिया ग्रुप
पूर्व सदस्य, फ़ूड कारपोरेशन ऑफ इंडिया
मोबाईल नम्बर- 9310014786, 9810014786

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    नई दिल्ली, मंगलवार, 15 अगस्त 2023 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23    वर्ष: 17 अंक: 217 पृष्ठ: 12+12+12+8    RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com    राष्ट्रीय संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला के समरहिल में हुए भारी भूस्खलन के बाद चलाए गए बचाव अभियान के दौरान घटना स्थल का दौरा किया।











संजीव कौशिक
ब्यूरोचीफ, सोनीपत
मो० 9991270143
सभी विज्ञापनदाताओं को स्वंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
सोनू कुमार
रिपोर्टर, सोनीपत


आप सभी को आजादी के पर्व
77वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेन्द्र पंवार
विधायक सोनीपत


समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
माईराम कौशिक
वरिष्ठ भाजपा नेता राई


आप सभी देश व प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं


76th
स्वतंत्रता दिवस
समस्त देशवासियों को
76 वें स्वतंत्रता दिवस
हरियाली तीज, रक्षा बंधन
एवं जन्माष्टमी
के पर्व की हार्दिक
शुभकामनाएं एवं बधाई
निखिल मदान


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता
दिवस की
हार्दिक शुभकामनायें
अमित बिन्दल


स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन
एवं जन्माष्टमी की
हार्दिक शुभकामनाएँ
ललित बत्रा
प्रतीक बत्रा


आप सभी को आजादी के पर्व
77वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
पदम सिंह दहिया


Independence Day
The only school with management leaders from IITs because
THE BEST DON'T COMPROMISE
G3 SCHOOL
GYAN GANGA GLOBAL
CBSE


आप सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन
एवं जन्माष्टमी की
हार्दिक शुभकामनाएँ
सुरेन्द्र मदान
निगम पार्षद, वार्ड नं. 3


आप सभी को
77वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
एडवोकेट मनोज गोहाना
प्रदेश महासचिव
राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, हरियाणा कांग्रेस


आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
रक्षाबंधन
व
जन्माष्टमी पर्व
की हार्दिक
शुभकामनाएं


समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस,
हरियाली तीज व रक्षा बंधन
की
हार्दिक शुभकामनाएं
रामसिंह रावत (नेताजी)
हल्का नांगल चौधरी


INTERNATIONAL
BIRLA SCHOOL
CHILDREN ACADEMY
SENIOR SECONDARY
(An English Medium Co-Educational Sr. Sec. Residential School)
7 Acres of Lush Green Campus
Pre-Nursery to IX & XI
Stream
Arts, Commerce, Medical & Non Medical
स्वतंत्रता दिवस
AC Hostel for Girl & Boys
की हार्दिक शुभकामनाएं
15th August
HAPPY INDEPENDENCE DAY
Sh. Kuldeep Dahiya
Chairman, Birla School
Sikander Dahiya
CEO, Birla School
Sports Academies
Fully AC Campus
Athletics
Wrestling
Boxing
Football
Cricket
www.birlaschoolsonipat.com
8708038680, 8100990000
Rohtak Road, Kharkhoda Sonipat-131402









































# हिमाचल में मौनसून का तांडव-आसमान से बरसी आफत, अब तक 51 की मौत

टीम एक्शन इंडिया/शिमला

हिमाचल प्रदेश में मॉनसून ने एक बार फिर तांडव मचाया है। प्रदेश में आसमान से आफत बरस रही है। राज्य में बीते चार दिनों से लगातार हो रही भारी वर्षा से जनजीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रदेश में मूसलाधार वर्षा से आई बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं में आज अभी तक 50 लोगों की मौत हो गई है जबकि दर्जनों अन्य घायल हो गए हैं। आज सर्वाधिक 19 मौतें मंडी जिला में हुई जबकि शिमला में 14, सोलन में 11, हमीरपुर में 4, सिरमौर में 2 और चम्बा में एक व्यक्ति की मौनसून से जुड़ी घटनाओं में मौत हो गई।

राज्य में सभी राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 751 सड़कें बन्द हैं। इसके अलावा बिजली के 4697 ट्रांसफार्मर और पेयजल की 902 योजनाएं भी ठप्प हैं। इसके चलते लोग अपने घरों तक ही सीमित होकर रह गए हैं और लोग सहमे हुए हैं।

राजधानी शिमला के समरहिल क्षेत्र की शिव बावड़ी में हुए भूस्खलन में 25 से 30 लोग दब गए हैं। इनमें से अभी तक 9 लोगों के शव बरामद किये जा चुके हैं जबकि शेष लोगों को निकालने के लिए राहत व बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं। इस घटना में 6 घायलों का आईजीएमसी शिमला में उपचार चल रहा है। जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर हैं तथा राहत व बचाव कार्यों का संचालन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी आज भूस्खलन स्थल का दौरा किया और राहत व बचाव कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इस समय सरकार की प्राथमिकता फंसे लोगों को बचाना है। इस घटना में शिव बावड़ी मंदिर का नामोनिशान भी मिट गया है।

शिमला के ही फागली में हुए भूस्खलन की चपेट में कई घर आ गए। इस घटना में 5 लोगों की मौत हो गई जबकि 8 अन्य घायल हो गए हैं। इस घटना में अभी भी कुछ लोगों के दबे होने की आशंका है। भूस्खलन के कारण यहां कई भवनों को खतरा पैदा हो गया है।

सोलन जिला के कंडाघाट उपमंडल की ममलीग उप-तहसील के जडौन गांव में बीती रात हुई बादल फटने की घटना में 7 लोगों की मौत हो गई। इनमें 4 बच्चे भी शामिल हैं। मृतकों में हरनाम सिंह, उनकी पत्नी खेमलता, 13 वर्षीय बेटा राहुल, 11 वर्षीय बेटी नेहा, कमल किशोर, उनका 9 वर्षीय बेटा गौरव और 12 वर्षीय बेटी रक्षा शामिल है। बादल फटने की इस घटना में 5 लोग घायल हो गए। इस घटना में हरनाम और रतीराम नामक व्यक्ति का मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इसी पंचायत में एक अन्य मकान भी भारी वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इसमें कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। सोलन जिला के अर्की तहसील की बलेरा पंचायत के चलोग गांव में एक मकान के ढह जाने से दो बच्चों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति की खोज जारी है। सोलन के ही राम शहर और बद्दी में भी मकान ढह जाने की घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई है।

मंडी जिला के द्रंग विधानसभा क्षेत्र की कटौला तहसील की ग्राम पंचायत सेगली बंबोला के चलाहर गांव में एक घर के ढह जाने से 8 लोग दब गए। इनमें से 7 लोगों के शव बरामद कर लिये गए हैं। मरने वालों में 7 लोग उप तहसील कटौला के गांव बम्बोता के रहने वाले हैं। डी.एस.पी. पधर संजीव सूद ने कहा कि एनडीआरएफ और कमांद पुलिस चौकी की टीम घटना स्थल पर है। इसी क्षेत्र में पराशर को जाने वाली सड़क पर बना बागी नाला पुल भारी वर्षा के कारण आई बाढ़ में बह गया है। इससे पराशर क्षेत्र का सड़क संपर्क पूरी तरह से कट गया है। 6 शव आज पंडोह के साथ लगते साम्बल में मिले हैं। इनकी शिनाख्त होना अभी बाकी है। धर्मपुर में 2 लोगों की, सरकाघाट में 1, बल्ह में 1 और मंडी सदर में 1 की मौत हुई है। मंडी सदर के मजवाड़ में 2 जबकि साम्बल में एक व्यक्ति लापता है

15 अगस्त

# स्वतंत्रता दिवस



'रात 12 बजे जब दुनिया सो रही होगी तब भारत जीवन और स्वतंत्रता पाने के लिए जागेगा। एक ऐसा क्षण जो इतिहास में दुर्लभ है, जब हम पुराने युग से नए युग की ओर कदम बढ़ाएंगे... भारत दोबारा अपनी पहचान बनाएगा।' - पंडित जवाहरलाल नेहरू

यह एक देश भक्ति से भरा हुआ हृदय था, जिसमें आजादी के लिए प्यार और हमारी प्यारी मातृभूमि के लिए अमर समर्पण था जो 200 साल तक अँग्रेजों के राज के अधीन रहने के पर भी बना रहा और हमें अँग्रेजों से आजादी मिली। 15 अगस्त 1947, वह दिन था जब भारत को ब्रिटिश राज से आजादी मिली और इस प्रकार एक नए युग की शुरुआत हुई जब भारत के मुक्त राष्ट्र के रूप में उठा। स्वतंत्रता दिवस के दिन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र, भारत के जन्म का आयोजन किया जाता है और भारतीय इतिहास में इस दिन का अत्यंत महत्व है।

भारतीय स्वतंत्रता के संघर्ष में अनेक अध्याय जुड़े हैं जो 1857 की क्रांति से लेकर जलियाँवाला बाग नरसंहार, असहयोग आंदोलन से लेकर नमक सत्याग्रह तक अनेक हैं। भारत ने एक लंबी यात्रा तय की है जिसमें अनेक राष्ट्रीय और क्षेत्रीय अभियान हुए और इसमें उपयोग किए गए दो प्रमुख अस्त्र थे सत्य और अहिंसा। हमारी स्वतंत्रता के संघर्ष में भारत के राजनैतिक संगठनों के व्यापक रंग, उनकी दर्शन धारा और आंदोलन शामिल हैं जो एक महान कारण के लिए एक साथ मिलकर चले और ब्रिटिश उप-निवेश साम्राज्य का अंत हुआ और एक स्वतंत्र राष्ट्र का जन्म हुआ। यह दिन हमारी आजादी का जश्न मनाने और उन सभी शहीदों को श्रद्धांजलि देने का अवसर जिन्होंने इस महान कारण के लिए अपने जीवन का बलिदान कर दिया। स्वतंत्रता दिवस पर प्रत्येक भारतीय के मन में राष्ट्रीयता, भाई-चारे और निष्ठा की भावना भर जाती है।

### अनेकानेक आयोजन

स्वतंत्रता दिवस को पूरी निष्ठा, गहरे समर्पण और अपार देश भक्ति के साथ पूरे देश में मनाया जाता है। स्कूलों और कालेजों में यह दिन सांस्कृतिक गतिविधियों, कवायद और ध्वज आरोहण के साथ मनाया जाता है। दिल्ली में प्रधानमंत्री लाल किले पर तिरंगा झंडा फहराते हैं और इसके बाद राष्ट्र गान गाया जाता है। वे राष्ट्र को संबोधित भी करते हैं और पिछले एक वर्ष के दौरान देश की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हैं तथा आगे आने वाले समय के लिए विकास का आह्वान करते हैं। इसके साथ वे आजादी के संघर्ष में शहीद हुए नेताओं को श्रद्धांजलि देते हैं और आजादी की लड़ाई में उनके योगदान पर अभिवादन करते हैं। एक अत्यंत रोचक गतिविधि जो स्वतंत्रता दिवस के साथ जुड़ी हुई है, वह है पतंग उड़ाना, जिसे आजादी और स्वतंत्रता का संकेत कहा जाता है।



## कविता

### मेरे देश का झंडा 'तिरंगा', सबसे अनोखा सबसे निराला,

तीन रंग इसमें है समाहित, बीच में नीला चक्र है आला।
सबसे प्रथम रंग केसरिया, बलिदानों की कथा सुनाता,
शहीदों की याद दिलाता, देशप्रेम का भाव जगाता।
दूजा रंग सफेद है बच्चा, सबसे सादा सबसे सच्चा,
सदाचार, शांति की भावना, निर्मल, पावन मनोकामना।
तीजा रंग हरा हरियाला, प्रगति का रथ इसने संभाला,
मेहनतकश बन जाए सारे, माटी देश की रूप निखारे।
सबके बीच इक चक्र है भैया, चौबीस कांटी समय का पहिया,
कहता सदा है चलते जाना, धर्म और सत्य की राह अपनाना।
रोचिका शर्मा, चेन्नई

### लड़कियो की आजादी -देश की आजादी

है प्रीत जहां की रीत सदा मैं जन्म वहां पे लेती हूं,
भारत में जन्म लेकर मैं, भारत मां की याद दिलाती हूं। लड़के -लड़की का भेद नहीं और दिल से गहरा नाता है, कुछ और नहीं आता मुझको बस प्यार लुटाना आता है।। है मान चुकी सारी दुनिया में बात में बात यही दुहराती हूँ भारत की रहने वाली हूं भारत मां की याद दिलाती हूं।।

मौलिक कविता

*एक माँ जब कन्या भ्रू हत्या विषय पर लेख पढ़ती है तब एक बेटी कोख से अपनी माँ से पूछती है कि-*

मम्मी-मम्मी यस बेटी,
मैं जन्मूंगी,
नो बेटी,
मुझे भ्रूण में मारोगी,
यस बेटी,
दुनिया में लाओगी
नो। नो। नो।
भारत आजाद तभी होगा
जब देश में कन्या का जन्म होगा ,वध नही.........
लड़कियो की आजादी -देश की आजादी



प्रदीप सोंखला
-बिलाड़ा,जोधपुर

### प्यारा तिरंगा शान से, लहर-लहर लहराएगा।

भारत का हर देशभक्त, वंदे मातरम् गाएगा।।
आन-मान-मर्यादा का, हरदम शान बचाना होगा।
अपने देश के अंदर फिर से, सच्चाई को लाना होगा।।
देश का सर्वोच्च सदस्य, झंडे को फहराएगा।
अपमान न इसका होने पाए, जन-जन की अभिलाषा है।
भारत का भविष्य सजाने वाले, लोगों को तुमसे आशा है।।
मेरा देश एक दिन फिर से, सोने की चिड़िया कहलाएगा।
दुश्मन को चकनाचूर करेंगे, सरहद पर झंडा फहराएंगे।
भारत मां की रक्षा की खातिर, तरकश से बाण चलाएंगे।।
आतंकवाद यहां नहीं चलेगा, आतंकी को मार गिराएंगे।
जय हिन्द जय-जय भारत की, गाथा तुम्हें सुनाएंगे।।
शम्भू नाथ



# परिवार के लिए क्या है आजादी का अर्थ?

**डॉ. क्षमा शर्मा**

दरअसल आजादी के अर्थ उसकी परिभाषाएं सबके लिए अलग-अलग होती हैं। देश, काल समय के अनुसार वे बदलती भी रहती हैं। आदमी, औरत, बच्चे यहां तक कि पशु-पक्षियों तक को अजादी पसंद होती है। जिस तरह देश के लिए आजादी का मतलब है कि हमें किसी की पराधीनता स्वीकार नहीं है। वैसे ही आखिर परिवार के लिए आजादी का क्या अर्थ है? परिवार में जितने लोग रहते हैं क्या उन सबके लिए आजादी के एक जैसे अर्थ होते हैं, शायद नहीं।

परिवार के हर सदस्य के लिए आजादी का अर्थ अलग है और अपने हित से भी जुड़ा है। बिना निजी हितों से जुड़े आजादी के किसी के लिए कोई मायने नहीं होता। संयुक्त परिवार में आपस में हितों की इतनी टकराहट होती है कि वहां आजादी के अर्थ खोजना दिलचस्प होगा। मान लीजिए एक परिवार में माता-पिता, एक बेटा उसकी पत्नी और एक बेटी रहते हैं तो अब इस परिवार में बहू के लिए आजादी क्या वही होगी, जो सास के लिए होती है।

### आजकल हालांकि सासें

काफी बदल गई हैं, लेकिन फिर भी उन्हें यह लगता है कि पूरी जिंदगी तो वे इस परिवार के लिए खटती रही है। हाय मेरा घर, उसका खर्चा, बचत, मेरे बच्चे, उनका करियर, उनका स्वास्थ्य, उनकी अच्छी नौकरी, फिर शादी की चिंता करते-करते जिंदगी बीत गई। अब जीवन के जो कुछ वर्ष बचे हैं, तो उन्हें कुछ शांति और आराम से बिता लें। काम से कुछ निजात मिले। कहीं आ-जा सकें।

### सास के बरक्स बहू की

आजादी के सपने क्या होंगे। अभी-अभी तो शादी हुई है, अभी से क्या घर के काम में खटने लगें। कुछ घूमे-फिरें, एंजॉय करें। अभी नहीं करेंगे तो कब करेंगे। जिम्मेदारियां संभालने के लिए तो उम्र पड़ी है। नौकरी करके घर पहुंचे तो कम से कम खाना न बनाना पड़े। कोई एक प्याला चाय देने वाला हो। ननद किसी काम में खोट निकालने वाली और चुगलखोर न हो।

यह नहीं आता, वह नहीं आता, अपने मायके से कुछ नहीं लाई आदि बातें किसी से न सुनना पड़े। घूंघट तो हर्गिज न हो। कोई कमाई के पैसे पर भी चील नजर न रखे। जो मन चाहे पहन सकूं। जो मन चाहे खा सकूं, जब चाहे मायके जा सकूं। कोई रोक-टोक न हो। बहू पर रोक-टोक का न होना ही उसकी असली आजादी है।

### अब इस परिवार की लड़की

के बारे में सोचें। वह सोचेगी कि घर में आते ही भाभी उसके भाई पर कब्जा न कर ले। माता-पिता की जो चीजें हैं, उन पर अपना अधिकार न जमाने लगे। बात-बात पर टोकने न लगे। उसे प्रतिद्वंद्वी न माने। उसके पढ़ने-लिखने, खाने, दोस्तों से मिलने पर किसी रोक-टोक का सामना न करना पड़े। भाभी सहेली की तरह हो न कि उसे बोझ समझे। दोनों हिल-मिलकर रह सकें। भाई पहले की तरह ही उसका ख्याल रखे। उसकी बात भी घर में सुनी जाए।

### वहीं घर के पुरुषों में पिता

के बारे में पहले सोचें। उनकी आजादी का क्या अर्थ है। पिता की इच्छा होगी कि अब तक घर में जो सुख-शांति है, उसे बने रहना चाहिए। बेटा अब तक जो आदर करता आया है, उसमें कोई कमी न आए। वह बात-बात पर अब यह न कहने लगे कि कोई उसे बिना मांगी सलाह न दे। उसे अपनी जिंदगी जीने दी जाए। घर में पैसे टके और अधिकारों को लेकर परिवार के किसी सदस्य के बीच में वैमनस्य और मतभेद इतने न हो जाएं कि अलगाव की नौबत आ जाए।



### दूसरी तरफ बेटे


का सोच क्या होगा। वह सोचेगा कि अब वह बच्चा नहीं रहा। माता-पिता बात-बात में न टोकें और न हर पल जिम्मेदारी का अहसास कराते रहें। रात-बिरात देर से लौटें तो पहले की तरह डांट न पड़े। उसकी पत्नी को बाहरी न मानकर अपना समझा जाए। उसके परिवार की भी इज्जत की जाए। साथ ही पत्नी उसके माता-पिता की इज्जत करे। आते ही अलग हो जाने की बात न करने लगे।

बेटा होने के नाते अगर माता-पिता की देखभाल करता है ,तो उसमें अड़ंगा न लगाए। दफ्तर से लौटने में अगर थोड़ी देर हो जाए तो पत्नी मास्टर बनकर पूछताछ न करने लगे। अगर ये बातें नहीं तो कैसी आजादी! तो देखिए, परिवार में जितने लोग उनकी उतनी ही उनकी इच्छाएं, आकांक्षाएं। आजादी का असली मतलब भी यही है कि घर में परिवार में हर एक को अपनी बात कहने की और दूसरे की सुनने की आजादी हो।

हर कोई दूसरे की इच्छा का सम्मान करे। क्योंकि घरों से मोहल्ला बनता है। मोहल्लों से गांव और नगर। नगर से महानगर, इन सबसे मिलकर देश। तो आजादी के मायने उसे मनाना सेलिब्रेट करना तो है ही। हर घर और परिवार की खुशी के लिए भी जरूरी है हम एक-दूसरे का खयाल करें। दूसरों की इच्छाओं को अपनी मानकर पूरा करें। हम किसी की मदद करेंगे तो कोई और हमारी। ऐसे ही तो आदान-प्रदान का सिलसिला शुरू होता है।

इस तरह की मदद को उठे हाथ ही तो देश को बनाते हैं। देश की तरक्की में सही भूमिका निभाते हैं। सच्ची आजादी का अर्थ बताते हैं। देश की आजादी को हमेशा तरक्की के रास्ते पर डालकर ही आगे बढ़ाया जा सकता है।

# क्यों महात्मा गांधी ने 15 अगस्त 1947 को तिरंगा नहीं फहराया



14 अगस्त 1947 की रात को जब संविधान सभा की बैठक राष्ट्रपिता का नाम लेकर शुरु हुई उस वक्त सभा के बाहर महात्मा गांधी की जय के नारे लगाये जा रहे थे, लेकिन इन सब के बीच महात्मा गांधी वहां मौजूद नहीं थे। जिस रात देश की आजादी की घोषणा हो रही थी उस वक्त महात्मा गांधी कलकत्ता में थे और उन्होंने किसी भी कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया और ना ही तिरंगा फहराया। लेकिन इसके पीछे की वजह काफी अहम है। बापू ने 15 अगस्त को रखा था 24 घंटे का उपवास भारत का विभाजन एक ऐसी घटना हुई जिसने हजारों लोगों के खून की बलि ली थी। 16 अगस्त 1946 को कलकत्ता में हिंदू मुस्लिम दंगे शुरु हो गये थे जोकि पूरे बंगाल में धीरे-धीरे फैल गये थे। देशभर में मचे कत्लेआम के खिलाफ 15 अगस्त के दिन महात्मा गांधी ने 24 घंटे का उपवास रखा था। महात्मा गांधी का कहना था कि जिस आजादी के लिए उन्होंने इतना संघर्ष किया उसकी कीमत भारत का विभाजन के रूप में चुकानी पड़ी।

क्या आप कत्लेआम के बीच उत्सव मनाना चाहते हैं 14 अगस्त की शाम को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ने बापू से मुलाकात की और उनसे 15 अगस्त को होने वाले कार्यक्रमों में हिस्सा लेने का आग्रह किया। उस वक्त बापू ने कहा कि हर तरफ लोग भूख से मर रहे हैं, क्या आप इन सबके बीच में उत्सव मनाना चाहते हैं।

### भूल जाइये कि मुझे अंग्रेजी आती है

उस वक्त बापू से एक वरिष्ठ पत्रकार ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर संदेश देने को कहा तो बापू के शब्द थे हमारे यहां अकाल है। वहीं बीबीसी ने जब बापू से संदेश लेने की कोशिश की तो गांधी जी ने बीबीसी से जवाहरलाल नेहरू से बात करने को कहा था। लेकिन बीबीसी ने एक बार फिर बापू से कहा कि आपका संदेश काफी अहम है क्योंकि यह कई देशों में कई भाषाओं में अनुवाद करके सुनाया जाएगा। लेकिन व्यथित बापू ने यह कहकर इनकार कर दिया कि आप भूल जाइये कि मुझे अंग्रेजी आती है।



## 15 अगस्त व्यंजन

### तिरंगा ब्रेड केक



**सामग्री:** ब्रेड एक बड़ा पैकेट, एक आम, मलाई एक कटोरी, पिसी हुई शक्कर एक कटोरी, गुलाब जल एक चम्मच, सजाने के लिए काजू, किशमिश, बादाम, अमरूद का जैम आवश्यकतानुसार।

**विधि :** सर्वप्रथम मलाई में आधा कटोरी शक्कर व गुलाब जल मिलाकर इसे अच्छी तरह फेंटें। बाकी बची हुई शक्कर आम में मिलाकर उसे फेंटें। अब किसी प्लेट में एक ब्रेड रखें, उस पर आम का मिश्रण फैलाएं, इस पर दूसरी ब्रेड रखकर मलाई का मिश्रण फैलाएं। अब उसके ऊपर ब्रेड की तीसरी स्लाइस रखकर उस पर जैम लगाएं। इसी प्रकार चौथी ब्रेड रखकर मलाई का मिश्रण लगाएं। अब सजावट हेतु काजू, किशमिश आदि चिपकाएं तथा इसे केक की तरह सर्व करें।

### लाजवाब तिरंगी खोया बर्फी



**सामग्री :** 400 ग्राम खोया या मावा (फ्रेश), 350 ग्राम शक्कर, 150 ग्राम पनीर, मीठा पीला व हरा रंग, चांदी का बरक, आधा चम्मच इलायची पावडर।

**विधि :** सबसे पहले खोया और पनीर को कद्दूकस करके रख लें। अब इसमें शक्कर मिलाएं, तत्पश्चात कड़ाही में मध्यम आंच पर पकने दें। मिश्रण गाढ़ा होने पर गैस बंद कर दें। अब तैयार मिश्रण को तीन भागों में बराबर बांट लें। पहले वाले को सफेद रखें।

दूसरे भाग में मीठा पीला व तीसरे भाग में हरा रंग मिला लें। हल्के हाथ से मोटा बेल लें और सबसे नीचे हरा, फिर सफेद और ऊपर पीले रंग की जमा दें और हल्के से हाथ से दबा कर बरक चिपका दें। अब इसको चौकोर शेप छोटे-छोटे साइज में काटें और लाजवाब तिरंगी बर्फी पेश करें।




# 15 अगस्त आजादी का दिवस

आजादी कहें या स्वतंत्रता ये ऐसा शब्द है जिसमें पूरा आसमान समाया है। आजादी एक स्वाभाविक भाव है या यूँ कहें कि आजादी की चाहत मनुष्य को ही नहीं जीव-जन्तु और वनस्पतियों में भी होती है। सदियों से भारत अंग्रेजों की दासता में था, उनके अत्याचार से जन-जन त्रस्त था। खुली फिजा में सांस लेने को बेचैन भारत में आजादी का पहला बिगुल 1857 में बजा किन्तु कुछ कारणों से हम गुलामी के बंधन से मुक्त नहीं हो सके। वास्तव में आजादी का संघर्ष तब अधिक हो गया जब बाल गंगाधर तिलक ने कहा कि स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।

अनेक क्रांतिकारियों और देशभक्तों के प्रयास तथा बलिदान से आजादी की गौरव गाथा लिखी गई है। यदि बीज को भी धरती में दबा दें तो वो धूप तथा हवा की चाहत में धरती से बाहर आ जाता है क्योंकि स्वतंत्रता जीवन का वरदान है। व्यक्ति को पराधीनता में चाहे कितना भी सुख प्राप्त हो किन्तु उसे वो आनन्द नहीं मिलता जो स्वतंत्रता में कष्ट उठाने पर भी मिल जाता है। तभी तो कहा गया है कि-

**पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं।**

जिस देश में चंद्रशेखर, भगत सिंह, राजगुरू, सुभाष चन्द्र, खुदीराम बोस, रामप्रसाद बिस्मिल जैसे क्रान्तिकारी तथा गाँधी, तिलक, पटेल, नेहरू, जैसे देशभक्त मौजूद हों उस देश को गुलाम कौन रख सकता था। आखिर देशभक्तों के महत्वपूर्ण योगदान से 14 अगस्त की अर्धरात्रि को अंग्रेजों की दासता एवं अत्याचार से हमें आजादी प्राप्त हुई थी। ये आजादी अमूल्य है क्योंकि इस आजादी में हमारे असंख्य भाई-बन्धुओं का संघर्ष, त्याग तथा बलिदान समाहित है। ये आजादी हमें उपहार में नहीं मिली है। वंदेमातरम् और इंकलाब जिंदाबाद की गर्जना करते हुए अनेक वीर देशभक्त फांसी के फंदे पर झूल गए। 13 अप्रैल 1919 को जलियाँवाला हत्याकांड, वो रक्त रंजित भूमि आज भी देश-भक्त नर-नारियों के बलिदान की गवाही दे रही है।



आजादी अपने साथ कई जिम्मेदारियां भी लाती है, हम सभी को जिसका ईमानदारी से निर्वाह करना चाहिए किन्तु क्या आज हम 66 वर्षों बाद भी आजादी की वास्तविकता को समझकर उसका सम्मान कर रहे हैं? आलम तो ये है कि यदि स्कूलों तथा सरकारी दफ्तरों में 15 अगस्त न मनाया जाए और उस दिन छुट्टी न की जाए तो लोगों को याद भी न रहे कि स्वतंत्रता दिवस हमारा राष्ट्रीय त्योहार है जो हमारी जिंदगी के सबसे अहम दिनों में से एक है।

एक सर्वे के अनुसार ये पता चला कि आज के युवा को स्वतंत्रता के बारे में सबसे ज्यादा जानकारी फिल्मों के माध्यम से मिलती है और दूसरे नम्बर पर स्कूल की किताबों से जिसे सिर्फ मनोरंजन या जानकारी ही समझता है। उसकी अहमियत को समझने में सक्षम नहीं है। ट्विटर और फेसबुक पर खुद को अपडेट करके और आर्थिक आजादी को ही वास्तविक आजादी समझ रहा है। वेलेंटाइन डे को स्वतंत्रता दिवस से भी बड़े पर्व के रूप में मनाया जा रहा है।

आज हम जिस खुली फिजा में सांस ले रहे है वो हमारे पूर्वजों के बलिदान और त्याग का परिणाम है। हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि मुश्किलों से मिली आजादी की रूह को समझें। आजादी के दिन तिरंगे के रंगों का अनोखा अनुभव महसूस करें इस पर्व को भी आजाद भारत के जन्मदिवस के रूप में पूरे दिल से उत्साह के साथ मनाएं। स्वतंत्रता का मतलब केवल सामाजिक और आर्थिक स्वतंत्रता न होकर एक वादे का भी निर्वाह करना है कि हम अपने देश को विकास की ऊँचाइयों तक ले जायेंगे। भारत की गरिमा और सम्मान को सदैव अपने से बढ़कर समझेंगे। रविन्द्र नाथ टैगोर की कविताओं से कलम को विराम देते हैं।

*हो चित्त जहाँ भय-शून्य, माथ हो उन्नत*
*हो ज्ञान जहाँ पर मुक्त, खुला यह जग हो*
*घर की दीवारें बने न कोई कारा*
*हो जहाँ सत्य ही स्रोत सभी शब्दों का*
*हो लगन ठीक से ही सब कुछ करने की*
*हों नहीं रूढ़ियाँ रचती कोई मरुस्थल*
*पाये न सूखने इस विवेक की धारा*
*हो सदा विचारों ,कर्मों की गतो फलती*
*बातें हों सारी सोची और विचारी*
*हे पिता मुक्त वह स्वर्ग रचाओ हममें*
*बस उसी स्वर्ग में जागे देश हमारा।*

# झंडा ऊँचा रहे हमारा

*झंडा ऊँचा रहे हमारा*
*विश्व विजयी तिरंगा प्यारा.*

यह गीत भारत का हर बच्चा गुनगुनाता है, बड़े ही शान से। आखिर क्या बात है इस ध्वज में जिसने आजादी के परवानों में एक नया जोश भर दिया था और जो आज भी हर भारतीय को अपने गरिमामय इतिहास की याद दिलाता है और विभिन्नता में एकता वाले इस देश को एक सूत्र में बाँधे हुए है। हर स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर लाल किले की प्राचीर पर राष्ट्रीय ध्वज को बड़े ही आदर और सम्मान के साथ फहराया जाता है। देश के प्रथम नागरिक से लेकर आम नागरिक तक इसे सलामी देता है। 21 तोपों की सलामी से सेना इसका सम्मान करती है। किसी भी देश का झंडा उस देश की पहचान होता है। तिरंगा हम भारतीयों की पहचान है। राष्ट्रीय झंडे ने पहली बार आजादी की घोषणा के कुछ ही दिन पहले 22 जुलाई 1947 को पहली बार अपना वो रंग रूप पाया जो आज तक कायम है। हमारा राष्ट्रीय ध्वज तीन रंगों से बना है इसलिए हम इसे तिरंगा भी कहते है। सबसे ऊपर केसरिया रंग फिर सफ़ेद और सबसे नीचे हरा। बीच में गहरे नीले रंग का चक्र बना है जिसमें 24 चक्र है जिसे हम अशोक चक्र के नाम से जानते है। इस प्रतीक को सारनाथ में अशोक महान के स्तंभ से लिया गया है। तिरंगे की बनावट पर हमारे देश में काफी ध्यान दिया जाता है क्यों कि ये हमारे सम्मान से जुड़ा हुआ है। हर तिरंगे में अशोक चक्र श्वेत रंग के तीन चौथाई भाग में ही होना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज खादी के कपड़े का होना चाहिए। आज जो ध्वज हमारे देश की पहचान है उसे इस रूप में ढालने वाले थे पिंगली वेंकैया।



तिरंगे में इन रंगों की क्या महत्ता है ये जानना बहुत ज़रूरी है। केसरिया यानी भगवा रंग वैराग्य का रंग है। हमारे आजादी के दीवानों ने इस रंग को सबसे पहले अपने ध्वज में इसलिए सम्मिलित किया जिससे आने वाले दिनों में देश के नेता अपना लाभ छोड़ कर देश के विकास में खुद को समर्पित कर दें। जैसे भक्ति में साधु वैराग ले मोह माया से हट भक्ति का मार्ग अपनाते हैं। श्वेत रंग प्रकाश और शांति के प्रतीक के रूप में लिया गया। हरा रंग प्रकृति से संबंध और संपन्नता दर्शाता है, और केंद्र में स्थित अशोक चक्र धर्म के 24 नियमों की याद दिलाता है।

हमारे राष्ट्रीय ध्वज का इतिहास भी बहुत रोचक है। 20वीं सदी में जब हमारा देश ब्रिटिश सरकार की गुलामी से मुक्ति पाने के लिए संघर्ष कर रहा था, तब स्वतंत्रता सेनानियों को एक ध्वज की जरूरत महसूस हुई क्यों कि ध्वज स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति का प्रतीक रहा है। सन् 1904 में विवेकानंद की शिष्या सिस्टर निवेदिता ने पहली बार एक ध्वज बनाया जिसे बाद में सिस्टर निवेदिता ध्वज से जाना गया। यह ध्वज लाल और पीले रंग से बना था। पहली बार तीन रंग वाला ध्वज सन् 1906 में बंगाल के बँटवारे के विरोध में निकाले गए जलूस में शचीन्द्र कुमार बोस लाए। इस ध्वज में सबसे ऊपर केसरिया रंग, बीच में पीला और सबसे नीचे हरे रंग का उपयोग किया गया था। केसरिया रंग पर 8 अधखिले कमल के फूल सफ़ेद रंग में थे। नीचे हरे रंग पर एक सूर्य और चंद्रमा बना था। बीच में पीले रंग पर हिंदी में वंदेमातरम् लिखा था।

सन 1908 में सर भीकाजी कामा ने जर्मनी में तिरंगा झंडा लहराया और इस तिरंगे में सबसे ऊपर हरा रंग था, बीच में केसरिया, सबसे नीचे लाल रंग था। इस झंडे में धार्मिक एकता को दर्शाते हुए हरा रंग इस्लाम के लिए और केसरिया हिंदू और सफ़ेद ईसाई व बौद्ध दोनों धर्मों का प्रतीक था। इस ध्वज में भी देवनागरी में वंदेमातरम् लिखा था और सबसे ऊपर 8 कमल बने थे। इस ध्वज को भीकाजी कामा, वीर सावरकर और श्यामजी कृष्ण वर्मा ने मिलकर तैयार किया था। प्रथम विश्व युद्ध के समय इस ध्वज को बर्लिन कमेटी ध्वज के नाम से जाना गया क्यों कि इसे बर्लिन कमेटी में भारतीय क्रांतिकारियों द्वारा अपनाया गया था।

सन् 1916 में पिंगली वेंकैया ने एक ऐसे ध्वज की कल्पना की जो सभी भारतवासियों को एक सूत्र में बाँध दे। उनकी इस पहल को एस.बी. बोमान जी और उमर सोमानी जी का साथ मिला और इन तीनों ने मिल कर नेशनल फ्लैग मिशन का गठन किया। वेंकैया ने राष्ट्रीय ध्वज के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से सलाह ली और गांधी जी ने उन्हें इस ध्वज के बीच में अशोक चक्र रखने की सलाह दी जो संपूर्ण भारत को एक सूत्र में बाँधने का संकेत बने। पिंगली वेंकैया लाल और हरे रंग के की पृष्ठभूमि पर अशोक चक्र बना कर लाए पर गांधी जी को यह ध्वज ऐसा नहीं लगा कि जो संपूर्ण भारत का प्रतिनिधित्व कर सकता। राष्ट्रीय ध्वज में रंग को लेकर तरह-तरह के वाद विवाद चलते रहे। अखिल भारतीय संस्कृत कांग्रेस ने सन 1924 में ध्वज में केसरिया रंग और बीच में गदा डालने की सलाह इस तर्क के साथ दी कि यह हिंदुओं का प्रतीक है। फिर इसी क्रम में किसी ने गेरुआ रंग डालने का विचार इस तर्क के साथ दिया कि ये हिंदू, मुसलमान और सिख तीनों धर्म को व्यक्त करता है।

काफी तर्क-वितर्क के बाद भी जब सब एकमत नहीं हो पाए तो सन् 1931 में अखिल भारतीय कांग्रेस के ध्वज को मूर्तरूप देने के लिए 7 सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई। इसी साल कराची कांग्रेस कमेटी की बैठक में पिंगली वेंकैया द्वारा तैयार ध्वज, जिसमें केसरिया, श्वेत और हरे रंग के साथ केंद्र में अशोक चक्र स्थित था, को सहमति मिल गई। इसी ध्वज के तले आजादी के परवानों ने कई आंदोलन किए और 1947 में अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर मजबूर कर दिया। आजादी की घोषणा से कुछ दिन पहले फिर कांग्रेस के सामने ये प्रश्न आ खड़ा हुआ कि अब राष्ट्रीय ध्वज को क्या रूप दिया जाए इसके लिए फिर से डॉ. राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में एक कमेटी बनाई गई और तीन सप्ताह बाद 14 अगस्त को इस कमेटी ने अखिल भारतीय कांग्रेस के ध्वज को ही राष्ट्रीय ध्वज के रूप में घोषित करने की सिफ़ारिश की। 15 अगस्त 1947 को तिरंगा हमारी आजादी और हमारे देश की आजादी का प्रतीक बन गया। राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश की पहचान है इसलिए इसे हर भारतीय सम्मान दे ये तो जरूरी है ही कोई भी व्यक्ति इसकी गरिमा को धूमिल ना करे इसके लिए भारतीय कानून में कुछ धाराएँ बनाई गई है। फ्लैग कोड इंडिया -2002 में राष्ट्रीय ध्वज से जुड़ी कुछ खास बातों का ज़िक्र किया गया है जिसे हम भारतीयों को जानना जरूरी है। सन् 2002 के पहले आम जनता राष्ट्रीय दिवस को छोड़ किसी और दिन इसे किसी सार्वजनिक स्थान पर नहीं लगा सकती थी। सिर्फ सरकारी कार्यालयों में ही इसे लगाया जा सकता था। सन् 2002 में भारत के जाने माने उद्योगपति नवीन जिंदल ने अपने कार्यालय के ऊपर राष्ट्रीय ध्वज लगाया था जिसके लिए उन्हें सूचित किया गया कि उन्हें ऐसा करने पर कानूनी कार्यवाही से गुजरना होगा। इसके विरोध में उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक जन हित याचिका इस बाबत दायर की कि भारत की आम जनता को सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज लहराने और उसे प्यार देने का नागरिक अधिकार है। यह मामला उच्च न्यायालय से उच्चतम न्यायालय में गया और न्यायालय ने भारत सरकार को इस मामले पर विचार करने के लिए एक कमेटी बिठाने की सलाह दी। अंत में भारतीय मंत्रालय ने एक संवैधानिक संशोधन कर सभी भारतवासियों को साल के 365 दिन राष्ट्रध्वज सम्मान के साथ लगाने का अधिकार दिया। इसी के साथ ध्वज के सम्मान की बात भी स्पष्ट कर दी गई कि ध्वज फहराने के समय किस आचरण संहिता का ध्यान रखा जाना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज कभी भूमि पर नहीं गिरना चाहिए और ना ही धरातल के संपर्क में आना चाहिए। सन् 2005 के पहले तक इसे वर्दियों और परिधानों में उपयोग में नहीं लाया जा सकता था, लेकिन सन 2005 में फिर एक संशोधन के साथ भारतीय नागरिकों को इसका अधिकार दिया गया।





## लोकतंत्र के सपने

एक हाथ में लोकतंत्र के सपने
दूसरे में बारूदी छर्रे।
बोलिए-हिप-हिप हुर्रे।
एक तरफ भूखे एहसास,
दूसरी तरफ कसाई।
जी हाँ, आपने भी
सही जगह बस्ती बसाई।
पेट में उगते हैं मौसम,
चूल्हे में सुबह-शाम।
बाकी जिंदगी तो होती है,
सड़कों पर तमाम।

आस्तीनों में पलते हैं दोस्त,
म्यानों में मिलते हैं संबंध।
मखमल के हैं संबोधन,
लेकिन टाट के हैं पैबंद।
पर, मेरे वैचारिक सहचरो।
वोट देते ही रटने लगो-
संविधानी मंत्र। वरना
फिर किस तरह बचेगा लोकतंत्र।
और अगर लोकतंत्र नहीं रहा तो
तुम्हारा पेट और चूल्हा कहाँ जाएगा?
-सुधीर सक्सेना सुधि



## संपादकीय

# हिंदुत्व की विचारधारा को आगे बढ़ाते योगी आदित्यनाथ

उत्तर प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र संपन्न हुआ। इस सत्र में जहाँ एक ओर कई ऐतिहासिक व महत्वपूर्ण विधेयक पारित हुए वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन ने प्रदेश के विपक्ष को चिंता में डाल दिया। केंद्र में आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया और प्रधानमंत्री जी के उत्तर के बीच में स्वयं ही बहिर्गमन कर अपनी किरकिरी करा ली, इसका प्रभाव विधानसभा सत्र पर भी दिखा। संसद में आई.एन.डी.आई.ए का अविश्वास प्रस्ताव गिर जाने के बाद विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर सियासी तंज कसे और कहा कि हम 2024 ही नहीं अपितु 27 व 32 भी जीतेंगे। योगी जी की इस भविष्यवाणी से विरोधी दल के नेता सकपका गये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सम्बोधन में जहां प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का विस्तृत चित्र प्रस्तुत किया वहीं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद व हिंदुत्व की विचाराधारा को आगे बढ़ाने का संकेत दिया। मुख्यमंत्री ने सपा मुखिया पर कविताओं के माध्यम से जमकर व्यंग्यबाण छोड़े और चाचा शिवपाल यादव को भी यह कहते हुए अपना रास्ता तय करने की सलाह दी कि समाजवादी आपको कभी सम्मान नहीं देंगे। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने सपा नेता अखिलेश यादव द्वारा बनाये जा रहे पीडीए पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हमने जो 55 लाख आवास गरीबों को दिये हैं क्या यह पीडीए नहीं है? हमारी सरकार हर घर नल योजना चला रही है, हर महिला के लिए शौचालय उपलब्ध हो रहा है, हर घर रसोई गैस उज्जवला योजना के माध्यम से पहुंच रही है क्या यह पीडीए वर्ग में नहीं है? मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेता प्रतिपक्ष को उत्तर देते हुए कि आपके लिए गरीब वोट बैंक है जबकि हमारे लिए परिवार है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के अंदर 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत की सुविधा मिल रही है। स्वास्थ्य सुविधा पहले से बेहतर हुई है ।अपनी सरकार की उपलब्धियां बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, सिद्धार्थनगर, संत कबीर नगर, बस्ती, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, गोंडा, पीलीभीत, लखीमपुर और सहारनपुर तक से इंसेफलाइटिस समाप्त हो चुका है। नेता प्रतिपक्ष के सांड वाले विषय पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस सांड की आप बात कर रहे हैं वह पशुपालन का हिस्सा है ओर हमारे लिए नंदी के समान है। आप के समय में वह बूचड़खने के हवाले होता था हमारे समय में यही पशुपालन का हिस्सा है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद व हिंदुत्व - योगी जी ने अपने सम्बोधन में कांवड़ यात्रा और पुलिस थानों में कृष्ण जन्माष्टमी मनाए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा पर पुष्पवर्षा करने से नेता प्रतिपक्ष को परेशानी होती है, आपने तो कांवड़ यात्रा को प्रतिबंधित ही कर दिया था। और तो और आप लोगों ने तो पुलिस लाइन में जन्माष्टमी के आयोजन को भी प्रतिबंधित कर दिया था, मैने आते ही हर थाने, हर बैरक और हर जेल में जन्माष्टमी का पर्व मनाने का रास्ता साफ किया और इस बार भी हर थाने ,हर बैरक और हर जेल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन होगा।

# अरविन्द क्रांतिकारी से योगी एवं दार्शनिक बने



ललित गर्ग

> पारिवारिक वातावरण पश्चिमी संस्कृति से प्रेरित होने के बावजूद उनमें भारतीय संस्कृति रची-बसी थी। देशभक्ति से प्रेरित एवं आजादी के लिये कुछ अनूठा करने की भावना रखने वाले अरविन्द ने जानबूझ कर घुड़सवारी की परीक्षा देने से इनकार कर दिया और राष्ट्र-सेवा करने की ठान ली। योगी अरविन्द की प्रतिभा से बड़ौदा नरेश अत्यधिक प्रभावित थे अतः उन्होंने इन्हें अपनी रियासत में शिक्षाशास्त्री के रूप में नियुक्त कर लिया। लार्ड कर्जन के बंग-भंग की योजना रखने पर सारा देश तिलमिला उठा, आन्दोलित हो गया। बंगाल में इसके विरोध के लिये जब उग्र आन्दोलन हुआ तो अरविन्द घोष ने इसमे सक्रिय रूप से भाग लिया। नेशनल लॉ कॉलेज की स्थापना में भी इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। मात्र 75 रुपये मासिक पर इन्होंने वहाँ अध्यापन-कार्य किया

भारत वह देश है, जहां वेद का आदिघोष हुआ, युद्ध के मैदान में भी गीता गाई गयी, वहीं कपिल, कणाद, गौतम आदि ऋषि-मुनियों ने अवतरित होकर मानव जाति को अंधकार से प्रकाश पथ पर अग्रसर किया। यह देश योग दर्शन के महान आचार्य पतंजलि का देश है, जिन्होंने पतंजलि योगसूत्र रचा। हमने हर संस्कृति से सीखा, हर संस्कृति को सिखाया। हमारा प्रेम, हमारी आजादी, हमारी संवेदनाएं, हमारी आकांक्षाएं, हमारे सपने, हमारा जीवन सबकुछ जब दांव पर लगा था तब एक हवा का तेज झोंका आया और हम सब के लिये एक संकल्प, एक आश्वासन एवं एक विश्वास बन गया। जिन्होंने न केवल हमें आजादी का स्वाद चखाया बल्कि हमारे जीवन का रहस्य भी उद्घाटित किया। एक अमृत पुत्र एवं महान क्रांतिकारी के रूप में जिनकी पहचान हैं महर्षि अरविन्द। जेल की सलाखों के पिछे भगवान् श्रीकृष्ण की गहन साधना एवं साक्षात्कार ने जिन्हें एक महान् क्रांतिकारी से योगी एवं दार्शनिक बना दिया था। योगी अरविन्द की उग्र राष्ट्र सोच एवं क्रांतिकारी विचारों से ब्रिटिश सरकार अत्यधिक आतंकित एवं भयभीत थी अतः 2 मई 1908 को चालीस युवकों के साथ उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इतिहास में इसे ह्यअलीपुर षडयन्त्र केसह्न के नाम से जानते है। उन्हें एक वर्ष तक अलीपुर जेल में कैद रखा गया। अलीपुर जेल में ही उन्हें हिन्दू धर्म एवं हिन्दू-राष्ट्र विषयक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभूति हुई। वे जेल में गीता पढ़ा करते और भगवान श्रीकृष्ण की आराधना किया करते। ऐसा कहा जाता है कि अरविंद जब अलीपुर जेल में थे तब उन्हें साधना के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन हुए। महर्षि अरविन्द एक बहुभाषीय व्यक्ति थे, वे एक उच्च नैतिक चरित्र के विलक्षण व्यक्ति थे जिसने उनको एक शिक्षक, लेखक, विचारक, संपादक, योगी एवं क्रांतिकारी बनने के काबिल बनाया। वे एक अच्छे लेखक थे जिन्होंने अपने कई लेखों में मानवता, दर्शनशास्त्र, शिक्षा, भारतीय संस्कृति, धर्म और राजनीति के बारे में लिखा था। खासकर उन्होंने डार्विन जैसे जीव वैज्ञानिकों के सिद्धांत से आगे चेतना के विकास की एक कहानी लिखी और समझाया कि किस तरह धरती पर जीवन का विकास हुआ। उनकी प्रमुख कृतियां हैं- द मदर, लेटर्स ऑन योगा, सावित्री, योग समन्वय, दिव्य जीवन, फ्यूचर पोयट्री। उनकी आध्यात्मिकता एवं राष्ट्रीयता दोनों ही एक सिक्के के दो पहलू थे। राष्ट्रीय एवं मानवीय प्रश्नों का समाधान प्रस्तुत करते हुए उन्होंने युवा अवस्था में स्वतन्त्रता संग्राम में क्रान्तिकारी के रूप में भाग लिया, किन्तु बाद में यह एक योगी एवं दार्शनिक बन गये और इन्होंने पांडिचेरी में एक आश्रम स्थापित किया। उनका अनुभूत सत्य है कि ह्यरहे भीतर, जीयें बाहरह्न। जो भी उनकी विलक्षण आध्यात्मिक एवं योग की सन्निधि में आता, वह निरोगी एवं तेजस्वी बन जाता। जो राष्ट्रीय सोच की छांव में आता, देश के लिये बलिदान होने को तत्पर हो जाता है और जो भी उनकी उन्नत वैचारिकता की छांव में आता, विभाव स्वभाव में बदल जाता। उस आभावलय का प्रभाव ही विलक्षण एवं अनूठा था कि व्यक्ति भीतर से रू-ब-रू होने लगता। स्वयं की पहचान में उसे शब्द नहीं तलाशने पड़ते।

योगी अरविन्द देश की राजनीतिक ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक क्रांति के सशस्त हस्ताक्षर थे। वे एक क्रांतिकारी, योगी, मनीषी, साहित्यकार, समाज-सुधारक, शिक्षाशास्त्री, विचारक एवं दार्शनिक थे। क्रांतिकारी इसलिए की वे गरमदल के लिए प्रेरणास्रोत थे और दार्शनिक इसलिए की उन्होंने ह्यक्रमिक विकासह्न एवं इवोल्यूशन का एक नया सिद्धांत गढ़ा। दर्शनशास्त्र में जीव वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन के साथ उनका नाम भी जोड़ा जाता है। उन्हीं के आह्वान पर हजारों बंगाली युवकों ने देश की स्वतंत्रता के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदों को चूम लिया था। सशस्त्र क्रांति के पीछे उनकी ही प्रेरणा थी। वे व्यक्ति नहीं, धर्म, दर्शन, योग, साहित्य साधना, संस्कृति एवं राष्ट्रीयता के प्रेरणापुरुष थे। वेद, उपनिषद ग्रन्थों आदि पर टीका लिखी। योग साधना पर मौलिक ग्रन्थ लिखे। वे कवि भी थे और गुरु भी। अरविन्द के क्रांतिकारी एवं आध्यात्मिक जीवन की उपलब्धियां उम्र के पैमानों से इतनी ज्यादा है कि उनके आकलन में गणित का हर फामूर्ला छोटा पड़ जाता है। उन्होंने पुरुषार्थ से न केवल स्वयं का बल्कि राष्ट्र का भाग्य रचा, जो आज भी हमारे जीवन की दशा एवं दिशा बदलने में सक्षम है। महान् क्रांतिकारी एवं ऋषि पुरुष महर्षि अरविन्द का जन्म 15 अगस्त 1872 को कोलकाता (बंगाल की धरती) में हुआ। उनके पिता के. डी. घोष एक डॉक्टर तथा अंग्रेजों के प्रशंसक थे, जबकि उनके चारों बेटे अंग्रेजों के लिए सिरदर्द बन गए। डॉक्टर घोष उन्हें उच्च शिक्षा दिला कर उच्च सरकारी पद दिलाना चाहते थे, अतएव मात्र 7 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने इन्हें इंग्लैण्ड भेज दिया। उन्होंने केवल 18 वर्ष की आयु में ही आई० सी० एस० की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी। पारिवारिक वातावरण पश्चिमी संस्कृति से प्रेरित होने के बावजूद उनमें भारतीय संस्कृति रची-बसी थी। देशभक्ति से प्रेरित एवं आजादी के लिये कुछ अनूठा करने की भावना रखने वाले अरविन्द ने जानबूझ कर घुड़सवारी की परीक्षा देने से इनकार कर दिया और राष्ट्र-सेवा करने की ठान ली। योगी अरविन्द की प्रतिभा से बड़ौदा नरेश अत्यधिक प्रभावित थे अतः उन्होंने इन्हें अपनी रियासत में शिक्षाशास्त्री के रूप में नियुक्त कर लिया।

लार्ड कर्जन के बंग-भंग की योजना रखने पर सारा देश तिलमिला उठा, आन्दोलित हो गया। बंगाल में इसके विरोध के लिये जब उग्र आन्दोलन हुआ तो अरविन्द घोष ने इसमे सक्रिय रूप से भाग लिया। नेशनल लॉ कॉलेज की स्थापना में भी इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। मात्र 75 रुपये मासिक पर इन्होंने वहाँ अध्यापन-कार्य किया। उन्होंने किशोरगंज (वर्तमान में बंगलादेश में) में स्वदेशी आन्दोलन प्रारम्भ कर दिया। अब वे केवल धोती, कुर्ता और चादर ही पहनते थे। उसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय विद्यालय से भी अलग होकर अग्निवर्षी पत्रिका वन्देमातरम् का प्रकाशन प्रारम्भ किया। बंगाल के बाहर क्रांतिकारी गतिविधियों को बढ़ाने के लिये उन्होंने कुछ मदद मौलाना अबुल कलाम आजाद से ली थी। उन्होंने वन्देमातरम् पत्रिका के द्वारा विदेशी सामानों का बहिष्कार और आक्रामक कार्यवाही सहित स्वतंत्रता पाने के कुछ प्रभावकारी एवं अचूक तरीके उल्लेखित हैं। उनके क्रांतिकारी लेखन और भाषणों ने स्वदेशी, स्वराज और भारत के लोगों के लिये विदेशी सामानों के बहिष्कार के संदेश को फैलाने में मदद की एवं क्रांति की अलख जगायी। एक विचारक के रूप में अरविन्द की विशेषता यह है कि उनका राष्ट्रवाद, पारस्परिक राष्ट्रवाद से भिन्न था। उन्होंने राष्ट्रवाद की नई और मौलिक व्याख्या की। उन्होंने कहा कि भारत केवल एक देश ही नहीं है। यह हमारी माँ है, देवी है। इसकी मुक्ति का प्रयास करना हमारा धर्म है। श्री अरविन्द ने राष्ट्र को एक दैविक रूप प्रदान कर आध्यात्मिक राष्ट्रवाद के सिद्धांत का प्रतिपादन किया। इससे राष्ट्रवाद अधिक प्रखर एवं सात्विक बन गया। डॉ. कर्णसिंह के अनुसार- ह्यअरविन्द भारतीय राष्ट्रवाद के मसीहा थेह्न श्री अरविन्द ने भारतीय दर्शन के साथ-साथ विश्व के श्रेष्ठतम राजनीतिक व दार्शनिक साहित्य का अध्ययन किया था। वे विश्व के श्रेष्ठतम दार्शनिकों में से थे। उन्होंने राष्ट्रवाद को नया रूप दिया और उसे अन्तर्राष्ट्रीवता एवं विश्व बन्धुत्व के मार्ग का एक माध्यम माना। वे पाश्चात्य विचारधाराओं के भौतिकवाद के साथ भारत के आध्यात्मिकवाद का समन्वय चाहते थे।



## कविता

### हे युवाओ आगे आओ

हे युवाओ
आगे आओ
मत बैठो निराश

रोजगार भी तुम्हें मिलेगा
और मिलेगी जॉब
हे युवाओ
आगे आओ
मत बैठो निराश

मत बैठो निराश
आश्रित तुम किसी पर
करो स्वयं कोई काम शुरू
और अमल इसी पर

हे युवाओ
आगे आओ
मत बैठो निराश

मत बैठो निराश दिखा दो दमखम अपना
देश गाँव परिवार का पूरा करके सपना।

नरेन्द्र सोनकर

## हर घर तिरंगा अभियान

प्रियंका सौरभ

भारत की स्वतंत्रता के 76वें वर्ष के जश्न के हिस्से के रूप में, भारत सरकार ने "हर घर तिरंगा" अभियान शुरू किया है। अभियान में भाग लेते समय भारतीय ध्वज संहिता को समझना जरूरी है। 'हर घर तिरंगा' आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में एक अभियान है, जिसका उद्देश्य लोगों को तिरंगे को घर लाने और भारत की आजादी के 76वें वर्ष के उपलक्ष्य में इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अभियान के माध्यम से नागरिकों को 13 से 15 अगस्त 2023 तक अपने घरों में झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया है। इस पहल के पीछे का विचार लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज भारत के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। यह हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सार्वभौमिक स्नेह, सम्मान और निष्ठा है। यह भारत के लोगों की भावनाओं और मानस में एक अद्वितीय और विशेष स्थान रखता है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का फहराना/उपयोग/प्रदर्शन राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 और भारतीय ध्वज संहिता, 2002 द्वारा नियंत्रित होता है। भारतीय ध्वज संहिता राष्ट्रीय ध्वज के प्रदर्शन के लिए सभी कानूनों, सम्मेलनों, प्रथाओं और निर्देशों को एक साथ लाती है। यह निजी, सार्वजनिक और सरकारी संस्थानों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के प्रदर्शन को नियंत्रित करता है। अपना राष्ट्रीय ध्वज यानी तिरंगा। इसको लहराते देख गर्व से सीना चौड़ा हो जाता है। इस के सम्मान में इसे सैल्यूट करने का मन चाहता है। सबसे पहले 7 अगस्त 1906 कलकत्ता (अब कोलकाता) में लोअर सर्कुलर रोड के पास पारसी बागान स्क्वायर पर पहला राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया था। उस समय इसमें लाल, पीले और हरे रंग की तीन क्षैतिज पट्टियाँ बनी हुई थीं। इसके बाद, कई बदलावों से गुजरते हुए यह राष्ट्रीय ध्वज 22 जुलाई, 1947 को संविधान सभा द्वारा इसके मौजूदा स्वरूप में स्वीकार किया गया। इसके मौजूदा स्वरूप को डिजाइन करने में स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकय्या का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस मौजूदा राष्ट्रीय ध्वज में सबसे ऊपर गहरा केसरिया, बीच में सफेद और सबसे नीचे गहरा हरा रंग बराबर अनुपात में है। झंडे की चौड़ाई और लम्बाई का अनुपात 2:3 है। सफेद पट्टी के केंद्र में गहरा नीले रंग का चक्र है, जिसका प्रारूप अशोक की राजधानी सारनाथ में स्थापित सिंह के शीर्षफलक के चक्र में दिखने वाले चक्र की तरह है। चक्र की परिधि लगभग सफेद पट्टी की चौड़ाई के बराबर है। चक्र में 24 तीलियाँ हैं। हमारे राष्ट्रीय प्रतीकों का कोई दुरुपयोग ना करे, कोई इनका अपमान न करे। इसी को ध्यान में रखते हुए साल 1950 में प्रतीक और नाम (अनुचित उपयोग रोकथाम) अधिनियम, 1950 लाया गया। यह राष्ट्रीय ध्वज, सरकारी विभाग द्वारा उपयोग किये जाने वाले चिह्न, राष्ट्रपति या राज्यपाल की आधिकारिक मुहर, महात्मा गांधी और प्रधानमंत्री के चित्रमय निरूपण तथा अशोक चक्र के उपयोग को प्रतिबंधित करता है।

## विचार

# भारतीय आजादी के सवालों में अब हो नया सवेरा

ललित गर्ग

आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के बाद शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर होते हुए एक बड़ा एवं बुनियादी प्रश्न खड़ा है कि क्या हम वास्तविक रूप में आजाद है? सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या हम आजादी के सही मायने जानते हैं? क्या हम आजादी का सही अर्थ समझ पाए हैं? ये तमाम प्रश्न न केवल हमारी आजादी पर प्रश्न चिह्न लगाते हैं, बल्कि समाज के बौद्धिक वर्ग व आम जनता को आजादी के सही मायने खोजने के लिए भी प्रेरित करते हैं। क्या हमारे पास ईमानदार एवं नैतिक होने की कोई आजादी बची है? क्या हम वास्तविक गरीबी की दबी हुई आवाजों के बीच जीवित रह सकते हैं? राजशाही के नाम पर और लोकतंत्र के नाम पर जिन्होंने हम पर शासन किया, उनके झूठ और धोखे से हमें क्या आजादी मिली? क्या हमारे राजनेता आम आदमी की तरह बारिश और भूकंप में भी नंगे पैर चलकर ऊंचे दफ्तरों तक जाते हैं? क्या उनका घर सड़क पर चलने वाले आम आदमी जितना छोटा है? इन स्थितियों के बीच आजादी की बात भ्रमपूर्ण ही प्रतीत होती है। देश में बढ़ता भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, भुखमरी, कुपोषण तथा गरीबी के कारण आजादी शब्द के मायने खत्म होते जा रहे हैं। जिस देश की जनता अपने लिए भर पेट भोजन जुटाने के काबिल भी नहीं वहां आजादी की बातें भी बंधन में जकड़ती महसूस होती हैं। इन अभावों के साथ कैसे कहें कि हम आजाद हैं। आज हम कहीं नक्सलवाद से लड़ रहे हैं तो कहीं आतंकवाद से, कहीं जातिवाद से तो कहीं भ्रष्टाचार से, और तो और हमारे देश की अधिकतर महिलाएं तो सिर्फ अपने अस्तित्व के लिए लड़ रही हैं। आज भी उन्हें इंतजार है उस आजादी का, जो एक औरत को उसकी सही पहचान दिलाने में मदद करे, देश की आधी आबादी को इंतजार है उस आजादी का, जो उनकी प्रतिभा को पनपने के पूर्ण अवसर दें। देश की बहन-बेटियों को इंतजार है उस आजादी का, जहां वे बेखौफ रहकर अपने सम्मान की रक्षा कर पाएं। हमारे यहां उन्हें समानता का अधिकार देना तो दूर एक आम नागरिक होने तक का सम्मान प्राप्त नहीं है। इसलिए बार-बार उनके अस्तित्व व आत्मसम्मान को कुचला जाता है। आजादी एक सार्वभौमिक एवं सर्वकालीन मूल्य है, इस मूल्य की प्रतिष्ठापना के लिये निरन्तर समग्र क्रांति की अपेक्षा रहती है। जब तक व्यक्ति-व्यक्ति के संस्कारों एवं जीवनशैली में जमी दासता, हीनता, अनुशासनहीनता, उच्छृंखलता, जड़ता की परतें नहीं उतर जाती, तब तक वास्तविक आजादी का स्वाद चखना मुश्किल है। यह एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है कि व्यक्ति के मनोभावों से समाज एवं राष्ट्र प्रभावित होता होता है। आजादी एक प्रकार की मनःस्थिति है, जो विचारों के केनवास पर आकार पाती है। आजादी का मूल्य देश, काल, व्यक्ति और परिस्थिति के सन्दर्भ में परिवर्तित होता रहा है। उसका कोई एक स्वरूप या धारणा नहीं है। इसलिये उन-उन सन्दर्भों में उसका सापेक्ष मूल्य करते हुए इसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है कि आजादी के नाम पर भी स्वच्छन्दता एवं उच्छृंखलता को प्रोत्साहन मिलता है। इसलिये सही अर्थ में आजाद या स्वतंत्र वही हो सकता है जिस पर अपना शासन हो। निज पर शासन फिर अनुशासन- यही वास्तविक आजाद होने का मर्म है। आत्मानुशासित व्यक्ति अपने परिवार, संगठन, समाज और राष्ट्र की उन सभी सीमाओं को स्वीकार करता है, जिनमें उसका व्यक्तित्व विकास होता है, समाज एवं राष्ट्र का वास्तविक विकास होता है। आज समाज का सारा नक्शा बदल रहा है। परस्पर समभाव या सद्भाव केवल अब शिक्षा देने तक रह गया है। हो सकता है भीतर ही भीतर कुछ घटित हो रहा है। ये हालात जो सामने आ रहे हैं, वे आजादी के पहले से ही अन्दर ही अन्दर पनप रहे थे। राष्ट्र जिन डाटों के सहारे सुरक्षित था, लगता है उनको हमारे नेताओं की वोट नीति, कट्टरवादियों की उन्मादी सोच व अवांछनीय तत्वों ने खोल दिया है।

संविधान निर्माताओं ने धर्मनिरपेक्ष का शब्दार्थ कुछ भी किया हो, सकारात्मक या नकारात्मक, पर अगर देश को एक बनाए रखना है, साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखना है, तो सभी धर्मावलम्बियों को दूसरे धर्म के प्रति आदर भाव रखना होगा। अन्यथा स्वयं को बहुसंख्यक बनाने की होड के बहाने चेहरे बदलते रहेंगे, झण्डे बदलते रहेंगे, नारे बदलते रहेंगे, परिभाषाएं बदलती रहेंगी, मन नहीं बदल सकेंगे।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546

फैक्स - (011) 27677673

प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज

9999889104, 9250706656

ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# 75 से 100 वर्षों की अमृतकाल की यात्रा 2047

किशन भावनानी गोंदिया

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां की नजरें भारत द्वारा मनाए जाने वाले 77 में स्वतंत्रता दिवस उत्सव 15 अगस्त 2023 की ओर लगी हुई है, जिसका नेतृत्व माननीय पीएम करेंगे व ध्वज फहराएंगे और इस ऐतिहासिक स्मारक की प्राचीर से राष्ट्र को पारंपरिक संबोधन करेंगे। अभी आजादी का अमृतमहोत्सव समारोह चल रहा है, जिसका शुभारंभ माननीय पीएम ने 12 मार्च 2021 को गुजरात के अहमदाबाद स्थित साबरमती आश्रम से किया गया था। इसका समापन 15 अगस्त 2023 को होगा और 16 अगस्त 2023 से आजादी की 75 से 100 वर्षों की यात्रा अमृतकाल 2047 की शुरूआत होगी, जो निश्चित रूप से महान भारत की रचना करेगी और 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनियां पर राज करने वाला बादशाह का दर्जा प्राप्त होगा जिसके लिए हरनागरिक की सहभागिता जरूरी है। 77 में स्वतंत्रता दिवस समारोह में कई नई पहल की गई है, जैसे पिछले साल की तुलना में बहुत अधिक अतिथियों को आमंत्रित किया गया है जिसमें 1800 से अधिक लोगों को जीवनसाथी के साथ आमंत्रित किया गया है, वही माय गोव के जरिए 17 हजार आधिकारिक ई निमंत्रण आमंत्रण ऑनलाइन भेजे गए हैं। यानें निमंत्रण कार्ड जारी किए गए हैं। 12 से अधिक स्थानों पर सरकार की विभिन्न योजनाओं के पहलुओं को समर्पित सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए गए हैं। दूसरी ओर भारत देश 13 से 15 अगस्त 2023 के बीच हर घर तिरंगा अभियान मनाया जा रहा है जिसमें पीएम सहित करोड़ों लोगों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी डीपी को तिरंगे में बदल दिया है,जिससे नागरिकों में जोश और गजब के उत्साह का बोध हो रहा है और हमारे प्रिय देश और हमारे दिल का संबंध और गहरा हो रहा है, राष्ट्रवाद की भावना कूट-कूट कर समाहित हो रही है। चूंकि 77 वें स्वतंत्रता दिवस उत्साह उमंग से अमृत महोत्सव संपन्न होकर 1947- 2047 अमृत कल शुरू होगा, इसलिए मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से हम चर्चा करेंगे, भारत के 77 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह से नए उत्साह के साथ अमृतकाल 2047 में प्रवेश करेंगे।

## सच्ची स्वतंत्रता पाएं

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

संपूर्ण भारत में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को मनाया जाता है। कई अन्य देश भी विभिन्न तिथियों पर स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं। जहाँ सांसारिक अर्थ में स्वतंत्रता का मतलब होता है वह दिन जब एक देश किसी दूसरे देश के नियंत्रण से आजाद हुआ था, वहीं आध्यात्मिक अर्थ में स्वतंत्रता हमारी आत्मा की आजादी की ओर भी संकेत करता है। हमारे अंतर की गहराई में है हमारी आत्मा, जोकि प्रकाश, प्रेम, और शांति से भरपूर है। हमारे ये आत्मिक खजाने मन, माया, और भ्रम की पर्तों के नीचे छुपे रहते हैं। हमारा ध्यान अंदरूनी संसार के बजाय हर वक्त बाहरी संसार में ही लगा रहता है। हम अपने मन की इच्छाओं के जरिये अपने ऊपर पड़े पर्दे बढ़ाते रहते हैं, जिससे हमारे अंदर काम, क्रोध, लोभ, मोह, और अहंकार में भी बढ़ोतरी होती चली जाती है। क्या इन बाधाओं को तोड़कर अपनी आत्मा का अनुभव करने का कोई तरीका है?

इसके लिए हमें धरती के चारों कोनों में तलाश करने की जरूरत नहीं है। सौभाग्य से, युगों-युगों से संत-महापुरुष आत्मा के क्षेत्र में तरक्की करते रहे हैं। वे ऐसा करने में सफल रहे हैं, अपने ध्यान को अंतर में टिकाकर। जिसे मेडिटेशन, मौन प्रार्थना, या अंतर्मुख होना भी कहा जाता है। वे हमें बताते हैं कि सच्ची आजादी हमें तभी मिलती है, जब हम शांत अवस्था में बैठते हैं, अपनी आँखें बंद करते हैं, और अपने ध्यान को अंतर में केंद्रित कर प्रभु की ज्योति का अनुभव प्राप्त करते हैं। यदि हम अपनी आत्मा को ढकने वाली पर्तों को हटाने में सफल हो जाएं, तो हम अपने सच्चे आत्मिक स्वरूप को अवश्य देख पाएंगे जोकि प्रभु की दिव्य-ज्योति से प्रकाशमान है। जब हमारी आत्मा शरीर और मन की कैद से मुक्त हो जाती है, तो वो स्वतंत्र और खुश होकर ऊपर उठने लगती है। इस बाहरी संसार की समय व स्थान की सीमाओं से ऊपर उठकर वो अपने सच्चे अनंत अस्तित्व को पहचानने लगती है, तथा इस भौतिक मंडल से परे के आध्यात्मिक मंडलों की खुशियों व आनंद का अनुभव करने लगती है। यह आध्यात्मिक यात्रा आरंभ होती है आंतरिक प्रकाश को देखने व आंतरिक ध्वनि को सुनने के साथ। इनमें अधिक से अधिक डूबते जाने से हमारी आत्मा शारीरिक चेतना से ऊपर उठ जाती है। तथा धीरे-धीरे अंड, ब्रह्मंड, और पारब्रह्म के रूहानी मंडलों से गुजरते हुए अपने निजधाम सचखंड वापिस पहुँच जाती है। वहाँ हम अपनी आत्मा को उसकी निर्मल अवस्था में देख पाते हैं और अनुभव करते हैं कि वो परमात्मा का ही अंश है। वहाँ हमारी आत्मा फिर से अपने स्रोत परमात्मा में लीन हो जाती है तथा अंतहीन खुशियों, परमानंद, और प्रेम से भरपूर हो जाती है। तो बाहरी स्वतंत्रता दिवस मनाने के साथ-साथ हमें आत्मिक स्वतंत्रता प्राप्त करने की भी कोशिश करनी चाहिए।

# महत्वपूर्ण दिन 15 अगस्त

*स्वतंत्रता दिवस के दिन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र, भारत के जन्म का आयोजन किया जाता है और भारतीय इतिहास में इस दिन का अत्यंत महत्व है। भारतीय स्वतंत्रता के संघर्ष में अनेक अध्याय जुड़े हैं जो 1857 की क्रांति से लेकर जलियांवाला बाग नरसंहार, असहयोग आंदोलन से लेकर नमक सत्याग्रह तक अनेक हैं।*



15 अगस्त 1947, वह दिन था जब भारत को ब्रिटिश राज से आजादी मिली और इस प्रकार एक नए युग की शुरूआत हुई जब भारत के मु त राष्ट्र के रूप में उठा। स्वतंत्रता दिवस के दिन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र, भारत के जन्म का आयोजन किया जाता है और भारतीय इतिहास में इस दिन का अत्यंत महत्व है। भारतीय स्वतंत्रता के संघर्ष में अनेक अध्याय जुड़े हैं जो 1857 की क्रांति से लेकर जलियांवाला बाग नरसंहार, असहयोग आंदोलन से लेकर नमक सत्याग्रह तक अनेक हैं। भारत ने एक लंबी यात्रा तय की है जिसमें अनेक राष्ट्रीय और क्षेत्रीय अभियान हुए और इसमें उपयोग किए गए दो प्रमुख अस्त्र थे सत्य और अहिंसा।

हमारी स्वतंत्रता के संघर्ष में भारत के राजनैतिक संगठनों के व्यापक रंग, उनकी दर्शन धारा और आंदोलन शामिल हैं जो एक महान कारण के लिए एक साथ मिलकर चले और ब्रिटिश उप निवेश साम्राज्य का अंत हुआ और एक स्वतंत्र राष्ट्र का जन्म हुआ। यह दिन हमारी आजादी का जश्न मनाने और उन सभी शहीदों को श्रद्धान्जलि देने का अवसर जिन्होंने इस महान कारण के लिए अपने जीवन का बलिदान कर दिया। स्वतंत्रता दिवस पर प्रत्येक भारतीय के मन में राष्ट्रीयता, भाई चारे और निष्ठा की भावना भर जाती है।

# आम आदमी के लिए आजादी के मायने...

*आजादी के इतने सालों बाद आज भी आम आदमी के मन यह सवाल उठता है उनके लिए आजादी के मायने क्या हैं? एक तरफ सरकार आम लोगों को भोजन और रोजगार की गारंटी दे रही है तो दूसरी तरफ देश के कई इलाकों में अब भी बहुसंख्य जनता भुखमरी की शिकार है। देश का किसान आत्महत्या करने को मजबूर है।*

हर तरफ लूट खसोट मची है, घोटालों और भ्रष्टाचार से देश की जनता त्रस्त हो चुकी है। ऐसे में सवाल ये उठता है कि क्या हमारे देश के वीर शहीदों ने इसी भारत का सपना देखा था? बिल्कुल नहीं...। देश के अमर सेनानियों ने जिस भारत की कल्पना की थी वो आत्मनिर्भर था। वह समानता और भाईचारे पर आधारित था।

पिछले कई सालों की तरह इस साल भी हम अपना स्वतंत्रता दिवस पूरे तामझाम के साथ मनाएंगे। जाहिर सी बात है, भव्य कार्यक्रम होंगे नई घोषणाएं होंगी और देशवासियों के सामने फिर से तमाम बड़े-बड़े वायदे होंगे।

उपलब्धियों की वाहवाही होगी और आतंकवादियों, चरमपंथियों को फिर एक कड़ी चेतावनी दी जाएगी। फिर जैसे ही आयोजन खत्म होगा, फिर से सबकुछ पहले जैसा हो जाएगा। तमाम वादे भुला दिए जाएंगे और सबकुछ बेखौफ चलता रहेगा। यही वजह है कि आजादी की 67वीं वर्षगांठ के हर्षोल्लास के माहौल में भी मन पूरी तरह खुशी का आनन्द महसूस नहीं कर पा रहा है, मन में एक खिन्नता है, लगता है जैसे आज भी कुछ अधूरा है। कहने को तो हम आजाद हो गए हैं, लेकिन अपने दिल पर हाथ रखकर जरा खुद से पूछिए क्या आपका मन इस बात की गवाही देता है, नहीं..तो क्यों?



### ...ये समस्याएं और फिर भी हम आजाद हैं?

आजाद देश उसे कहते हैं जहां आप खुली साफ हवा में अपनी मर्जी से सांस ले सकते हैं, कुदरत के दिए हुए हर तोहफे का अपनी हद में रहकर इस्तेमाल कर सकते हैं, जहां अधिकारों और कर्तव्यों का बराबरी से निर्वाह किया जाए। लेकिन अपने यहां तो कहानी ही उलटा है। आम आदमी के लिए यहां न पीने का साफ पानी है न खुली साफ हवा, न खाने को भोजन है, न सोने को घर, कर्तव्यों पर अधिकार हावी है, फिर भी हम आजाद हैं?

याद होगा नक्सलवाड़ी आंदोलन का वह दिन। यह कहने की जरूरत नहीं कि सन् 1969 में नक्सलवाड़ी का विद्रोह आम जनता द्वारा आजादी को लेकर पाले गए उसके सपनों के टूटने की पहली प्रतिक्रिया थी। हमारा शासक वर्ग जिस तरह से दिन-प्रतिदिन आम आदमी पर काले कानून लाद रहा है, ठीक उसी तरह पीड़ित और उपेक्षित समुदाय अपने-अपने तरीके से संघर्ष कर रहा है। जिसे देश के कई भागों में देखा जा सकता है। कहीं आरक्षण की मांग हो रही है तो कहीं आरक्षण के अंदर आरक्षण की, कहीं अलग राज्य की मांग की जा रही है रही है तो कहीं दूसरे अधिकारों की। देश का कोई भी इलाका इस तरह की मांगों से अछूता नहीं है।

बात यहीं तक सीमित नहीं है। आजादी के बाद कई चीजें आम आदमी से दूर हो गई, जो उनके मूल अधिकारों में शामिल होनी चाहिए थी। आजादी के 67 साल बाद भी देश की 76 फीसदी जनता 20रूपये से कम पर गुजारा कर करने को मजबूर है। हम आज भी करोड़ों लोगों को उनके सिर पर एक अदद छत तक मुहैया नहीं करा पाए हैं।

प्रशासन और आम आदमी के बीच एक खतरनका स्तर तक की गैपिंग हो चुकी है जिस्से हर तरफ भ्रष्टाचार का दानव विकराल रूप धारण कर चुका है। लोग आज भी भूख से मर रहे हैं। जनता आज भी कमरतोड़ महंगाई से पिस रही है। लेकिन सरकार के पास कोई योजना नहीं है इससे निपटने के लिए। साफ है कि दिन ब दिन अमीर होते भारत में आम जनता अपनी हालत पर आंसू बहाने को आज भी मजबूर है।

दरअसल आजादी के इतने सालों तक हमारे शासक वर्ग ने आज तक हमसे सिर्फ झूठे वादे किए और झूठी कसमें खाई। समस्या के समाधान के नाम पर एक के बाद एक नई समस्या खड़ी की गई। साल दर साल आम आदमी हाशिए पर खड़ा होता गया। आज आम आदमी के पास आजादी का जश्न मनाने को कुछ भी नहीं बचा है। वह किस चीज पर गर्व करके आजादी का जश्न मनाए?

वास्तव में किसी भी देश की जनता की खुशहाली उस देश की प्रगति एवं संपन्नता का एक मात्र सुचकांक है। लेकिन इन सबसे बेखबर हमारा शासक वर्ग खुद के बनाए विकास के आंकड़ों से वाहवाही लूट रहा है। इन सबसे यह साफ जाहिर होता है कि अब हमारे आत्ममंथन का दौर आ गया है। ऐसे में मुझे धूमिल की एक कविता याद आती है,जिसमें उन्होंने कहा है...'क्या आजादी सिर्फ तीन थके हुए रंगों का नाम है...जिन्हें एक पहिया ढोता है या इसका कोई खास मतलब होता है?'

# तीन बार बदला हमारे तिरंगे का रूप

* सन् 1921 में गांधी जी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के लिए इस झंडे की पेशकश की गई।
* सन् 1931 में कांग्रेस द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के लिए पारित स्वराज झंडा।
* 1947 से इस ध्वज को स्वतंत्र भारत का राष्ट्रीय ध्वज स्वीकार किया गया।



हमारे देश की शान तिरंगा झंडा। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज तक तिरंगे की कहानी में कई रोचक मोड़ आए। पहले उसका स्वरूप कुछ और था और आज कुछ और है।

हम प्रतिवर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाते हैं लेकिन बहुत ही कम लोगों को अपने राष्ट्रीय ध्वज के बारे में पूरी जानकारी है। अपने पाठकों को तिरंगे की कहानी के रूप में कुछ जानकारियां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रस्तुत कर रहे हैं।

### बापू की पेशकश

सबसे पहले देश के राष्ट्रीय ध्वज की पेशकश 1921 में महात्मा गांधी ने की थी। जिसमें बापू ने दो रंग के झंडे को राष्ट्रीय ध्वज बनाने की बात कही थी। इस झंडे को मछलीपट्टनम के पिंगली वैंकेया ने बनाया था। दो रंगों में लाल रंग हिन्दू और हरा रंग मुस्लिम समुदाय का प्रतिनिधित्व करता था। बीच में गांधी जी का चरखा था जो इस बात का प्रमाण था कि भारत का झंडा अपने देश में बने कपड़े से बना।

### फिर बना स्वराज झंडा

इसके बाद स्वतंत्रता के आंदोलन के अंतर्गत खिलाफत आंदोलन में तीन रंगों के स्वराज झंडे का प्रयोग किया गया। खिलाफत आंदोलन में मोतीलाल नेहरू ने इस झंडे को थामा और बाद में कांग्रेस ने 1931 में स्वराज झंडे को ही राष्ट्रीय ध्वज की स्वीकृति दी। जिसमें ऊपर केसरिया बीच में सफेद और नीचे हरा रंग था। साथ ही बीच में नीले रंग से चरखा बना हुआ था।

### 1947 में आया नया तिरंगा

देश के आजाद होने के बाद संविधान सभा में पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 22 जुलाई 1947 में वर्तमान तिरंगे झंडे को राष्ट्रीय ध्वज घोषित किया। जिसमें तीन रंग थे। ऊपर केसरिया, बीच में सफेद और नीचे हरा रंग। सफेद रंग की पट्टी में नीले रंग से बना था अशोक चक्र जिसमें 24 तीलियां थीं जो धर्म और कानून का प्रतिनिधित्व करती थीं। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का वही स्वरूप आज भी मौजूद है।

### खादी का झंडा

स्वराज झंडे पर आधारित तिरंगे झंडे के नियम-कानून फ्लैग कोड ऑफ इंडिया द्वारा बनाए गए। जिसमें निर्धारित था कि झंडे का प्रयोग केवल स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के अवसर पर ही किया जाएगा।

इसके बाद 2002 में नवीन जिंदल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई। जिसके पक्ष में सुप्रीम कोर्ट ने भारत सरकार को निर्देश दिए कि अन्य दिनों में भी झंडे का प्रयोग नियंत्रित रूप में हो सकता है। इसके बाद 2005 में जो सुधार हुआ उसके अंतर्गत कुछ परिधानों में भी तिरंगे झंडे का प्रयोग किया जा सकता है।

### कागज का प्रयोग

भारतीय ध्वज संहिता के प्रावधान के अनुरूप नागरिकों एवं बच्चों से शासन की अपील है कि वे स्वतंत्रता दिवस पर केवल कागज के बने राष्ट्रीय ध्वज का ही उपयोग करें। साथ ही कागज के झंडों को समारोह संपन्न होने के बाद न विकृत किया जाए और न ही जमीन पर फेंका जाए।

ऐसे झंडों का निपटान उनकी मर्यादा के अनुरूप ही किया जाना चाहिए। आमजन से आग्रह है कि वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्लास्टिक से बने झंडों का उपयोग बिलकुल ही न करें, क्योंकि प्लास्टिक से बने झंडे लंबे समय तक नष्ट नहीं होते हैं और जैविक रूप से अपघट्य न होने के कारण ये वातावरण के लिए हानिकारक होते हैं। साथ ही इधर-उधर पड़े रहने से राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा को आघात पहुंचता है।

# ये कैसी आजादी! जहां बालमन नहीं स्वतंत्र

भले ही आज हम 15 अगस्त के उल्लास में डूबे हों, सरकारी व चौथे स्तंभ के झूठे प्रचार-प्रसार के बल पर जय भारत जय इंडिया कर रहे हों, लेकिन या वाकई आज हम आजादी के सही मायनों पर खरे उतर पाए हैं। हैरत की बात है कि हमारे देश का आधार स्तंभ यानी बालमन ही हजारों बेड़ियों में जकड़ा हुआ है। सरकार की कथित तमाम कोशिशों के बावजूद बच्चों की एक बड़ी आबादी मेहनत की भट्ठी में तपने को मजबूर है।

आसमान में पतंग उड़ाने, कहीं दूर तक सैर तक जाने, मजे-मौज और पढ़ाई करने वाले दिनों मेंअपनी इच्छाओं का दमन करके दुनिया के लगभग एक करोड़ बच्चे कहीं कल-कारखानों में, कहीं होटलों में तो कहीं बंद कोठियों की साफ-सफाई में लगे हैं। कानून किताबों में पड़ा ऊंघ रहा है। क्योंकि उसे जगाने वाले हाथ देखकर भी कुछ नहीं करते बल्कि कई बार तो वह खुद ही कानून तोड़ते नजर आते हैं। और इस पर भी दर्दनाक बात यह कि बच्चों के मुद्दे कभी विधानसभा और संसद में गंभीरता और नियमितता से नहीं उठाए जाते। कारण साफ है, बच्चों का वोट नहीं होता। यदि हम सरकारी आंकड़ों पर ही गौर करें तो पता चलता है कि देश में वर्ष 2001 की जनगणना के मुताबिक लगभग सवा करोड़ बाल मजदूर हैं। जबकि गैर सरकारी आकड़े इससे तीन गुणा अधिक है। देश के गरीब तबके से जुड़े अधिकांश बच्चे बेहतर शिक्षा से वंचित हैं। शारीरिक व मानसिक विकास की बात भी बेमानी है। भारतीय संविधान संशोधन के बाद देश के चौदह वर्ष तक के हर बच्चे को अनिवार्य और निशुल्क शिक्षा का अधिकार दिया गया है। लेकिन यह भी कोरी घोषणा बनता दिखाई दे रहा है। आज भले ही हम आजादी के अवसर पर सरकारी घोषणाओं को सुन कर खुश हो रहे हों, लेकिन क्या कभी गौर किया कि पहले की घोषणाओं से देश, समाज या हमें कितना फायदा हुआ। बच्चों की ही बात लीजिए, बच्चों को स्वास्थ्य और पोषण की व्यवस्था, निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा तथा बालश्रम को दूर कर संरक्षण की व्यवस्था करना बेहद जरूरी है एवं अनेक बार अलग-अलग सरकारों ने घोषणाएं की हैं। लेकिन फिर भी हालात जस के तस बने हुए हैं, बल्कि कह सकते हैं कि हालात और अधिक बिगड़ते जा रहे हैं। निश्चित ही स्थिति खासा भयावह है, लेकिन इस ओर ध्यान देने का साहस किसी में नहीं। किसी के पास इतना वक्त नहीं कि देश के बालमन पर गौर करें, उन्हें मजदूरी से बचाए, उन्हें निशुल्क शिक्षा व स्वास्थ्य सेवा दे। आखिर ये कब तक चलेगा कब तक यूं ही बालमन घुट-घुट कर जीएगा और हम कब तक गणतंत्र-स्वतंत्र दिवस पर झूठी, महत्वहीन और खोखली खुशी मनाएंगे।

## न्यूज फ्लैश

### स्कूल में अपने गांव के वीरों की प्रेरक कथाएं सुनेंगे बच्चे

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
ब्रजरज देशभक्ति की उर्वरा भूमि रही है। देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले देशभक्तों की कहानियां अब बच्चों का प्रेरित करेंगी। बच्चे अपने ही गांव के वीर सपूतों की कहानियां सुनेंगे और गुनगुनाएंगे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी गांवों के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक सरकारी स्कूलों में संबंधित गांव के वीर शहीदों के चित्र लगाए जाएंगे तथा माल्यार्पण, पुष्प अर्पित कर नमन किया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी पुलकित खरे के निर्देशन में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर इस बार एक नई पहल की शुरूआत की जाएगी, जिसमें जिन गांवों के लोग देश सेवा करते हुए शहीद हुए हैं। उन सभी संबंधित गांव के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक सरकारी स्कूलों में शहीदों के चित्र लगवाने के साथ ही स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर उस गांव के शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करवाने का कार्य किया जाएगा। इससे शहीदों के सम्मान के साथ ही लोगों में देश के प्रति समर्पण भावना जागृत होगी। इसी क्रम में जिले के समस्त प्राथमिक व माध्यमिक सरकारी स्कूलों में उक्त कार्य किया जायेगा जिसमे बच्चों व उनके अभिभावकों को शामिल करते हुए वीर शहीदों को श्रद्धा पूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी तथा उनके बलिदान व शौर्य से सभी को अवगत कराया जायेगा। नौहझील ग्राम प्रधान प्रशांत गुप्ता ने बताया कि नौहझील में आजादी का जश्न धूमधाम से मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राजेश चौधरी होंगे। तिरंगा यात्रा शेरगढ़ रोड़ स्थित निषाद राज मूर्ति से शुरू होकर शेरगढ़ रोड़ होते हुए चामड़ चैराहा, रेतिया बाजार, टोली मोहल्ला, बाजना रोड़ होते हुए बाजना तिराहा से ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचेगी।

### श्रद्धालु फोन चोरी कर रिश्तेदारों से मांग रहा पैसे

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
हर चरण लाल गुप्ता निवासी विजय नगर गाजियाबाद 28 जुलाई को गिरिराज जी की परिक्रमा करते समय रास्ते में सो गए। तभी किसी ने उनका फोन चुरा लिया। उनको घर पहुंचकर जानकारी हुई कि उनके फोन से अज्ञात चोर ने उनके स्वजन और रिश्तेदारों से पैसे की मांग की है। पीड़ित ने घटनाक्रम की तहरीर थाना गोवर्धन में दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमहरि बाजपेई ने बताया कि मुकदमा कर कार्रवाई की जा रही है।

### आज बंद रहेंगी मदिरा की दुकानें

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
लाइसेंस प्राधिकारी जिला मजिस्टेªट पुलकित खरे ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शान्ति बनाये रखने की दृष्टि से आबकारी लाइसेंस की शर्तों के अन्तर्गत जनपद मथुरा की समस्त देशी मदिरा, विदेशी मदिरा एवं बीयर की थोक फुटकर दुकानें, मॉडल शॉप एवं एफएल-2ध्2बीध्सीएल-2, एफएल-6 (समिश्र) बार अनुज्ञापन, सैन्य इकाइयों के एफएल-9ध्9ए, एफएल-49 अनुज्ञापन, एमबी-1 अनुज्ञापन (माइक्रो ब्रिबरी) एवं भांग की फुटकर दुकानें 15 अगस्त को पूर्णतः बंद रहेंगी। इसी बन्दी के दिन के लिए अनुज्ञापीगण को कोई प्रतिकर देय नहीं होगा।

### कल लगेगा किसान दिवस

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
उप कृषि निदेशक ने बताया कि अगस्त महीने के किसान दिवस का आयोजन 16 अगस्त को अपरान्ह 12 बजे कृषि विज्ञान केन्द्र मथुरा के सभागार में किया जाएगा। जिसमें कृषकों की कृषि से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही निदान किया जाएगा एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा नवीन तकनीकी की जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया है कि किसान दिवस में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर समस्याओं का निदान पाएं साथ ही कृषि की नवीनतम तकनीकी जानकारी प्राप्त कर लाभ उठाएं।

### निरंकारी भक्तों ने किया पौधारोपण

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कोसीकलां में संत निरंकारी मंडल के तत्वाधान में वननेस वन योजना के तहत श्मशान घाट की भूमि पर सुशील मदान मुखी के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया। इस मौके पर बहन बीना ने कहा कि संत निरंकारी मिशन ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भारत को हरा भरा खुबसूरत वनों का देश बनाने हेतु वननेस-वन अभियान के तहत पौधे लगाकर वास्तविक देशभक्ति का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। मूल चन्द कर्दम ने बताया कि वृक्षारोपण करना एवं पौधों की देखभाल करना मिशन का उद्देश्य है। मुन्ना लाल, रामबाबू, सुशील मदान ने कहा कि मनुष्य का जीवन जिस प्राण वायु पर

# 'शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले'

**आजादी का जश्न**

-शहर से गांव तक आजादी का जश्न
-76 शहीद स्मारकों पर दी जाएगी सलामी



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरनेवालों का यही बाकी निशां होगा। शहर से गांव तक आजादी के जश्न मनाया जा रहा है। देश की आन के लिए जान की बाजी लगाने वाले जांबाजों के गांव में आजादी के जश्न का जोश इस बार देखते ही बन रहा है। जनपद में 76 शहीद स्मारकों का सौंदर्यीकरण एवं नवनिर्माण किया गया है। शहीद स्मारकों पर स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और सलामी दी जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि इन सभी 76 स्मारकों पर वीर शहीदों के परिवारों को आमंत्रित किया जायेगा, उनको सलामी दी जायेगी, सम्मानित किया जायेगा एवं शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गन्ना विकास एवं चीनी मीलें मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरह द्वारा नन्दगांव के सांचैली, सांसद हेमा मालिनी द्वारा मथुरा के मघेरा, विधायक बलदेव पूरन प्रकाश द्वारा भरतिया, विधायक मांट राजेश चैधरी द्वारा ऐदलगढ़ी, विधायक गोवर्धन मेघश्याम सिंह द्वारा भगवनपुरा, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी द्वारा फरह के गांजौली, एमएलसी ओमप्रकाश सिंह द्वारा फरह के शहजादपुर पौरी, जिलाधिकारी पुलकित खरे द्वारा मथुरा के हकीमपुर तथा मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा राया के गढ़ी नंदागुडेरा में शहीद स्मारकों का उद्घाटन किया जाएगा। इसी क्रम में मक्षेत्र पंचायत प्रमुख द्वारा अपनी सुविधानुसार अपनी क्षेत्र पंचायत की किसी एक ग्राम पंचायत में शहीद स्मारक का उद्घाटन किया जाएगा। शेष ग्राम पंचायतों में प्रधान अपनी ग्राम पंचायत में शहीद स्मारकों का उद्घाटन करेंगे।

कहां बने कितने स्मारक
विकास खण्ड छाता में छह, नंदगांव में दो, चौमुहां में दो, फरह में छह, बलदेव में 18, राया में 10, मांट में पांच, नौहझील में 11, मथुरा में दो तथा गोवर्धन में 14 कुल 76 शहीद स्मारकों का लोकार्पण एवं उद्घाटन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि जितने भी शहीद परिवारों द्वारा शहीद स्मारक बनाने के प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं उन सभी को बनाया गया है। उन्होंने अवगत कराया है कि यदि कोई परिवार छूट गया है और जिसने आवेदन नहीं किया है, तो वह जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में अपना प्रार्थना पत्र दे दे, जिससे आगामी 26 जनवरी 2024 तक उनके वीर शहीदों के स्मारक बनाये जा सके और 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर लोकार्पण, उद्घाटन किया जा सके।

## बच्चों ने कार्ड पर उकेरे देश प्रेम के रंग



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल 77 में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने कार्ड पर देश प्रेम से सराबोर रंग उकेरे। नन्हें हाथों की कलाकारी ने सभी को मोहित कर दिया। सभी विजेता छात्र- छात्राओं को चैयरमैन धर्मवीर अग्रवाल ने सम्मानित किया। शहर के मवस्सल पेच स्थित अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल में छात्र छात्राओं ने कार्ड प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। बच्चों ने इस दौरान देश भक्ति से ओत प्रोत स्लोगन एवं कलाकृति उकेरी। उन्होंने देश के शहीदों को भी पेंटिंग के माध्यम से नमन किया। सभी प्रतिभागियों में से विजेता छात्र छात्राओं को चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारी नई पीढ़ी को देश भक्ति का पाठ जरूर सिखाया जाना चाहिए। ताकि उन्हें अपने देश एवं समाज के प्रति सम्मान और प्यार हमेशा बना रहें।

## चेयरमैन ने घर घर बांटे तिरंगा



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत बाजना नगर पंचायत अध्यक्ष सुभाष चौधरी ने कस्बा के सभी वार्ड में घर घर जाकर तिरंगा भेंट किये और नगर को स्वच्छ रखने के लिए झाड़ू लगाकर नगर वासियों को नगर को स्वच्छ बनाने के लिए अपील की।स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में नगर पंचायत बाजना द्वारा हिस्सा लिया का रहा है जिसमे सहयोग करने के लिए अपील करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष बाजना द्वारा स्वयं झाड़ू उठाकर सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर शिवकुमार तौमर, प्रमोद पाठक,ऋषिपाल सिंह,राजकुमार बाबूजी,महंत मधुमंगल दास जी महाराज, नन्दा सेठ आदि लोगों ने भाग लिया।

## युवक की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या

**बदायूं/टीम एक्शन इंडिया**
बिल्सी थाना क्षेत्र में घर के बाहर सो रहे युवक की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी। आरोपी मौके से फरार हो गया। सोमवार सुबह घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बिल्सी थाना क्षेत्र के मोहल्ला संख्या आठ में रहने वाले 40 वर्षीय तेजेन्द्र सागर रोजाना की तरह रविवार रात को भी अपने घर के बाहर सो रहा था। रात में ही किसी समय अज्ञात लोगों ने तेजेंद्र सागर की धारदार हथियार (फरसे) से गला रेत कर हत्या कर दी। घरवाले सोमवार सुबह उठे तो तेजेंद्र का शव खून से लथपथ चारपाई पर पड़ा देखा। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## लगातार तीसरे दिन वृंदावन में उमड़ी भीड़

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन में स्थित प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में ठाकुर जी के दर्शनों के अभिलाषी श्रद्धालुओं की भीड रिकार्ड तोड रही है। भीड़ के आगे व्यवस्था जवाब दे रही हैं। वर्तमान परिस्थितियों में भीड नियंत्रण के तमाम प्रयोग अभी तक बेअसर साबित हुए हैं। दर्शनों के लिए सैलाब उमड़ रहा है। मंदिर की गलियों में भी पैर रखने तक को खाली जगह नहीं बचती है। हालात बद से बदतर हो गए हैं। ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के अंदर एवं बाहरी परिसर क्षेत्र के साथ साथ वृंदावन शहर में श्रद्धालुओं का सैलाब नजर आ रहा था। जिससे वृंदावन में जाम की स्थिति पैदा हो गई। पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया। भीड़ की वजह से तिराहा एवं



चौराहों पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। हालांकि तिराहा एवं चौराहों पुलिस बल मौजूद रहा। ऐसा ही हाल सोमवार को भी नजर आया। मंदिर की तरफ जाने वाले सभी मार्गों पर सुबह से ही भारी संख्या में श्रद्धालु खड़े नजर आए जैसे ही मंदिर के दर्शन खुले वैसे ही श्रद्धालुओं का सैलाब मंदिर की तरफ बढ़ने लगा श्रद्धालुओं की बस एक ही तमन्ना था कि कैसे भी उन्हें अपने आराध्य के दर्शन हो सकें। वहीं भीड़ के दबाव से दर्शन करने आई महिला श्रद्धालु बेहोश हो गई। जैसे तैसे वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने महिला को भीड़ से बाहर निकाला, हालांकि महिला श्रद्धालु के साथ आई अन्य महिलाओं ने बेहोश महिला को पानी पिलाया जिससे महिला होश में आ सकी।

# अखिल भारत हिंदू महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मथुरा पहुंची

**बैठक**

सुभाष चंद्र बोस की परपोती मथुरा पहुंची। उन्होंने यहां आयोजित राष्ट्रीय चिंतन बैठक में भाग लिया।



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
अखिल भारत हिंदू महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष चंद्र बोस की परपोती मथुरा पहुंची। उन्होंने यहां आयोजित राष्ट्रीय चिंतन बैठक में भाग लिया। अखिल भारत हिंदू महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष का वृंदावन कट पर मथुरा जिला कार्यकारिणी के जिलाध्यक्ष संदीप शर्मा ने अपनी टीम के साथ स्वागत किया। उसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गोवर्धन रोड स्थित अंगूरी देवी सेवा सदन में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष राजश्री चौधरी ने कहा कि पिछली कार्यकारिणी को पूर्ण तरीके से भंग कर दिया है। अब नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें मथुरा से संदीप शर्मा को अखिल भारत हिंदू महासभा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। सुश्री राजश्री चैधरी ने देश में हो रही घटनाओं को लेकर गहरा शोष व्यक्त किया। सुश्री चौधरी ने कहा देश में कहीं भी अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ता अपनी भूमिका निभाने के लिए हमेशां तैयार रहे हैं। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष संदीप शर्मा ने कहा कि महासभा ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है, उसे पूरी तरीके से कर्तव्य निष्ठा से पूरा करूंगा। संगठन का विस्तार किया जाएगा। जिला अध्यक्ष संदीप शर्मा ने कहा कि जल्द ही करीब पांच हजार लोगों को संगठन में जोड़ा जाएगा। जिसमें खासकर युवा वर्ग के लोग जोड़े जाएंगे। अंत में जिला प्रभारी राजीव दीक्षित और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने देशभर में हो रही हो रही घटनाओं को लेकर कहा कि शासन प्रशासन अपनी जिम्मेदारी को समझे। इस तरीके की घटनाओं को पुनः दोहराया न जाए। हम ऐसी घटनाओं का पुरजोर विरोध करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष संदीप शर्मा, जिला प्रभारी राजवीर दीक्षित, श्याम सुंदर शर्मा, कुलदीप शर्मा, दीपक पचोरी, दीपक कौशिक, मनीषा ठाकुर, राजेंद्र सिसोदिया, योगेश गौतम, राजू कौशिक, सागर चतुर्वेदी, कान्हा चतुर्वेदी, सियाराम तिवारी, प्रशांत गौतम, हंसल गौतम, नरेंद्र सिसोदिया, मुकेश पंडित, अवधेश शर्मा, विष्णु दुबे, संतोष उपाध्याय, विष्णु दीक्षित, राजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## परिवार के मुखिया की मृत्यु होने पर परिवार चलाने को मिलेगी आर्थिक मदद

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
समाज कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजनान्तर्गत नई व्यवस्था लागू की गई है। राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजनान्तर्गत गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के मुख्य कमाऊ मुखिया की मृत्यु, जिनकी आयु 18 वर्ष या अधिक और 60 वर्ष से कम आयु होने पर उनके परिवार के आश्रित को मृत्यु के एक वर्ष के अन्दर नये पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने पर आवेदन को एकमुश्त धनराशि 30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने का प्रावधान किया गया है। ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया पात्र आवेदक समाज कल्याण विभाग द्वारा नवनिर्मित वेबसाइट पर लॉगिन कर आवेदन किया जा सकता है। आवेदन पत्र में आधार लिंक बैंक खाता ही मान्य है। नवीन पोर्टल के चालू होने से पूर्व अवशेष पात्र आवेदन पत्रों में आधार प्रमाणीकरण का कार्य शीघ्र ही किया जाएगा और लागू शासनादेश के अनुसार यथाशीघ्र आर्थिक सहायता भुगतान की प्रक्रिया सम्पन्न कराई जायेगी। आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय आवेदन पत्र के निर्धारित प्रारूप पर सभी कालमों को भरना तथा साथ में आधार कार्ड, स्वंय का फोटो, तहसीलदार द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, मृतक की आयु से सम्बन्धित प्रमाण पत्र जैसे परिवार रजिस्टर व कुटुम्ब रजिस्टर नकल अथवा शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो तथा आधार लिंक सीबीएस बैंक खाता का होना आवश्यक है। ऑनलाइन भरे गये आवेदन पत्रों को तिथि वार वरीयता क्रम सॉफ्टवेयर से निर्धारित की जाएगी और भुगतान प्रक्रिया वरीयता क्रम में की जायेगी।

## चोरों ने कपड़ों के शो रूम को बनाया निशाना

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कृष्णा नगर में चोरों ने रात के समय रेडीमेड कपड़ों के शो रूम को निशाना बना दिया। पॉश कॉलोनी में इस तरह के वारदात से व्यापारियों में आक्रोष है। व्यापारी संगठन से पुलिस से घटना के जल्द खुलासे की मांग की है। वधु वैडिंग प्लाजा में हुई वारदात के बाद लोग सकते में आ गये हैं। वह शहर का सबसे सुरक्षित और पॉश इलाका है। प्लाजा की दूरी कृष्णा नगर पुलिस चौकी से ज्यादा नहीं है। घटना की जानकारी तब हुई जब दुकान मालिक अरविंद अग्रवाल सोमवार की सुबह अपनी शॉप पर पहुंचे। जिस तरह से चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है उससे लगता है कि चोरों ने इत्मिनान से वारदात को आंजम दिया है। चोर करीब साढे तीन लाख रुपए का सामान चोरी कर ले गये।

## तीन दिन की मौहलत के बाद नई बस्ती में फिर चला बुल्डोजर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
तीन दिन के खामोशी के बाद नई बस्ती में फिर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सोमवार से शुरू हो गई। यहां रेलवे अपनी जमीन से अतिक्रमण हटा रहा है। मथुरा वृंदावन रेल लाइन गेज परिवर्तन का कार्य इस समय प्रगति पर है। इसके लिए पहले अतिक्रमणों को हटाना होगा। मथुरा से वृंदावन तक सबसे सबसे अधिक अतिक्रमण श्रीकृष्ण जन्मस्थान के पास नई बस्ती में मिले। सोमवार को भारी पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाया गया। इस



बीच पुलिसकर्मियों ने ऊपर से आदेश का हवाला देते हुए मीडिया को मौके पर कवरेज से रोक दिया। वहीं कुछ सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता भी मौके पर जाना चाहते थे उन्हें भी रोक दिया गया। सामाजिक कार्यकर्ता ताराचंद गोस्वामी ने कहाकि यह ठीक नहीं है। सामाजिक कार्यकर्ता और मीडिया को रोकना संदेह पैदा करता है। इससे पहले नई बस्ती के लोगों ने रालोद नेता कुंवर नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में बडी संख्या में कलेक्ट्रेट पर एकत्रित होकर जिलाधिकारी को तथ्यों से अवगत कराया था, इस बीच इन लोगों का यह भी कहना था कि उन्हें अपना सामान तक हटाने या खुद अतिक्रमण को हटाने मौका नहीं दिया जा रहा है। इसके बाद तीन दिन के लिए अतिक्रमण ने काम को अस्थाई रूप से रोक दिया गया था। लोगों को नोटिस देकर अपने अतिक्रमण हटाने को कहा गया था। यहां 150 से अधिक अतिक्रमण चिन्हित किए गये हैं, जिन्हें हटाया जाना है। तीन दिन की मोहलत देने से पहले करीब पांच दर्जन अतिक्रमणों को हटा दिया गया था।

# केएम विश्वविद्यालय का भरतपुर में खुला काउंसलिंग सेंटर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
केएम विश्वविद्यालय मथुरा के भरतपुर स्थित फर्स्ट मॉडल में काउंसलिंग सेंटर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने फीता काटकर किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ने बताया कि शिक्षा अब व्यापार नहीं रहेगी। ब्रजभूमि में स्थापित इस विश्वविद्यालय में ब्रज की छात्राओं को फीस में छूट भी दी जा रही है। छात्र एवं छात्राओं की सुविधा के लिए भरतपुर से विश्वविद्यालय तक बस चलाई जाएगी। विश्वविद्यालय में बीए, बीकाम, एमए, एमकाम, फैशन डिजाइनिंग, बीबीए, एमबीए, बी.एससी. एग्रीकल्चर, बी.एससी.




कंप्यूटर साइंस, बी.एससी. आईटी, सहित अन्य 148 कोर्स चालू किये गये हैं। इतना ही नहीं निर्धन छात्र एवं छात्राओं को अन्य सुविधाएं भी यहां दी जा रही हैं। इस विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट श्रेणी के शिक्षक अध्यापन में लगाए गए हैं। आधुनिक लेक्चर थियेटर उपलब्ध हैं। आनलाइन लाइब्रेरी, खेलकूद का मानकों का मैदान भी उपलब्ध है। शिक्षण के साथ छात्र एवं छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में मा सरस्वती के समक्ष विश्वविद्यालय के कुलसचिव पूरन सिंह ने दीप प्रज्वलन किया। केएम विश्वविद्यालय के काउंसलिंग सेंटर के इस समारोह में कुलाधिपति के सलाहकार राजेश फौजदार, प्रशासनिक अधिकारी हरी मोहन रावत, सुनील कुमार अग्रवाल,उदल, दीपक माथुर, रनवीर सिंह, राहुल सिंह, देवेन्द्र चोधरी आदि शामिल रहे।

# गोवर्धन के 24 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम की पट्टिका लगेगी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित भंवर सिंह शर्मा का जन्म राजस्थान की धरती पर गांव पहुआ, जिला भरतपुर में हुआ था। चार साल की उम्र में अपने माता पिता का साया सर से उठ जाने के बाद उनके मामा द्वारा गोवर्धन थाना के सामने बने किशोर अनाथालय में दाखिल कर दिया गया। 15 वर्ष की आयु में आजादी के लिए लड़ते हुए लोगों को देखकर उनके भीतर देश भक्ति इस कदर जागी की वो भी उस आजादी की लड़ाई में कूद गए। उसके लिए उन्होंने बिजली के तार



काटे, रेल की पटरी उखाड़ी, अंग्रेजों की सभा भंग की। जिसकी वजह से वो कई बार पुलिस के द्वारा पकड़े गए और सजा हुई। ये स्वतंत्रता का सूरज 27 अगस्त 2016 को अस्त हो गया। उनके आजादी की किस्से और उनकी यादें जिंदा रखने के लिए पं भंवर सिंह शर्मा के ज्येष्ठ पुत्र पं कैलाश चंद मिश्रा द्वारा गोवर्धन में श्री लक्ष्मी नृसिंह नवग्रह वाटिका में अपने पिताजी के नाम से स्वतंत्रता सेनानी स्मारक एवं श्रद्धांजलि स्थल बनाया जा रहा है।

जिसमें गोवर्धन के 24 स्वतंत्रता सेनानियों की नाम पट्टिका लगाई जाएगी। ताकि आने वाली पीढ़ियों को भी ये याद रहे कि गोवर्धन के भी लोगों ने अंग्रेजों से लोहा लेने में अपनी कोई कसर बाकी नही छोड़ी थी।

## टाटा स्टील अभी किसी नए अधिग्रहण को उत्सुक नहीं है :कंपनी सीईओ

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनी टाटा स्टील अभी किसी अन्य नए अधिग्रहण के लिए उत्सुक नहीं है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टी वी नरेंद्रन ने ऐसे समय में यह बयान दिया है जब वेदांता लिमिटेड अपने इस्पात तथा इस्पात बनाने वाले कच्चे माल के कारोबार की समीक्षा व मूल्यांकन कर रही है। वेदांता लिमिटेड ने जून में कहा था कि वह तुरंत समीक्षा शुरू करेगा और अपने कुछ या सभी इस्पात व्यवसायों की संभावित रणनीतिक बिक्री सहित विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला का मूल्यांकन करेगी। नरेंद्रन ने वेदांता लिमिटेड के इस्पात व्यवसाय को खरीदने में उनकी कंपनी की रुचि पर पूछे सवाल पर कहा, ''हम किसी अन्य नए अधिग्रहण के लिए उत्सुक नहीं हैं... हमें इसकी जरूरत नहीं है।'' उन्होंने कहा कि टाटा स्टील की मौजूदा साइट पर अभी करने को बहुत कुछ है। उन्होंने टाटा स्टील के ब्रिटेन स्थित परिचालन के बारे में कहा, हम ब्रिटेन सरकार के साथ समाधान के लिए बातचीत कर रहे हैं। हम सरकार (वहां की) के साथ आम सहमति बनाना चाहेंगे। नरेंद्रन ने कहा कि फिलहाल ब्रिटेन में समस्या नहीं है, और उत्पादन प्रभावित नहीं हुआ है। लेकिन बात यह है कि संपत्तियां पुरानी हैं और वो बहुत भरोसेमंद नहीं रह गई हैं।




## Deloitte ने की थी हिंडनबर्ग के आरोपों की बाहर से स्वतंत्र जांच की मांग

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की एक कंपनी से लेखा परीक्षक के तौर पर इस्तीफा देने से पहले डेलॉयट ने अमेरिकी शॉर्टसेलर हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों की बाहर से स्वतंत्र जांच कराने की मांग की थी। कंपनी ने हालांकि कहा कि आरोपों का वित्तीय लेखा-जोखा पर कोई असर नहीं पड़ा था और डेलॉयट के छोड़कर जाने के लिए बताया गया कारण संतोषजनक नहीं था। अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) ने शेयर बाजार को भेजे 163 पन्नों की रिपोर्ट में डेलॉयट हास्किंस एंड सेल्स एलएलपी का इस्तीफा भेजा था। एपीएसईजेड ने कहा कि डेलॉयट के अधिकारियों ने बैठक में अडाणी समूह की अन्य सूचीबद्ध कंपनियों के लेखा परीक्षक (ऑडिटर) के रूप में व्यापक ऑडिट भूमिका की कमी पर चिंता व्यक्त की।हालांकि, फर्म ने ऑडिटर को बताया कि ऐसी नियुक्तियों की सिफारिश करना उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं है क्योंकि अन्य संस्थाएं पूरी तरह से स्वतंत्र हैं। पूर्व केंद्रीय गृह सचिव और एपीएसईजेड की लेखापरीक्षा समिति के चेयरमैन गोपाल कृष्ण पिल्लई ने कहा, (एपीएसईजेड की) लेखापरीक्षा समिति का विचार था कि वैधानिक लेखापरीक्षक के रूप में इस्तीफे के लिए डेलॉयट द्वारा दिए गए आधार इस तरह के कदम के लिए ठोस या पर्याप्त नहीं थे। उन्होंने कहा कि डेलॉयट लेखा परीक्षक के रूप में बने रहने को तैयार नहीं थी और इसलिए, ग्राहक-लेखा परीक्षक संविदात्मक संबंध को सौहार्दपूर्ण ढंग से समाप्त करने पर सहमति हुई।





## आगामी त्योहारों में यात्री वाहनों की बिक्री के 10 लाख इकाई का आकंड़ा पार करने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** त्योहारों के दौरान इस साल घरेलू यात्री वाहन की बिक्री के 10 लाख इकाई का आंकड़ा पार करने की उम्मीद है। इस वर्ष 68 दिन के त्योहारों का मौसम 17 अगस्त से शुरू होकर 14 नवंबर तक चलेगा।

हालांकि, इस अवधि में कुछ दिन खरीदारी के लिए शुभ नहीं माने जाते। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन व बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने बताया कि आमतौर पर त्योहारों के दौरान बिक्री बढ़ जाती है, जो पूरे वर्ष होने वाली बिक्री का करीब 22-26 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, '' इस वित्तीय वर्ष में यात्री वाहन की कुल बिक्री 40 लाख इकाई के दायरे में रहने की उम्मीद है, त्योहारों के दौरान करीब 10 लाख इकाइयों की बिक्री होने की उम्मीद है।'

# कैट को 'हर घर तिरंगा अभियान' से 600 करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) का अनुमान है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'हर घर तिरंगा अभियान' से इस वर्ष देशभर में करीब 35 करोड़ तिरंगे झंडे की बिक्री होगी, जिससे लगभग 600 करोड़ रुपये का व्यापार होगा। पिछले वर्ष इस अभियान से लगभग 500 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ था। कैट ने देशभर के व्यापारियों से अपनी दुकानों एवं घरों पर 13 से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज जरूर लगाने और अपने कर्मचारियों को भी तिरंगे झंडे वितरित करने की अपील की है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि राष्ट्रभक्ति एवं स्व-रोजगार से जुड़े इस अभियान ने पूरे देश में लोगों के बीच देशभक्ति की भावना को बढ़ाने के साथ को-आपरेटिव व्यापार की बड़ी संभावनाएं खोल दी हैं।




खंडेलवाल ने तिरंगा के प्रति लोगों के समर्पण और उत्साह को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस साल 15 अगस्त से 15 अगस्त 2024 तक की अवधि को 'स्वराज वर्ष' घोषित करने की अपील की है। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री से यह भी आग्रह किया कि अगले महीने होने वाले जी-20 सम्मेलन के अवसर पर भी देश के लोगों से हर घर तिरंगा की अपील की जाए। खंडेलवाल ने कहा कि आज से 15 अगस्त तक देशभर में कैट के झंडे तले देश के व्यापारी संगठन 4000 से अधिक तिरंगा कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

इसमें तिरंगा रैलियां, तिरंगा मार्च, तिरंगा गौरव यात्रा एवं स्वराज मार्च जैसे कार्यक्रम होंगे। उन्होंने बताया कि हर घर तिरंगा से देशभर में 10 लाख से अधिक लोगों को रोजगार दिया, जिन्होंने अपने घर में या छोटे स्थानों पर स्थानीय दर्जी की सहायता से बड़े पैमाने पर तिरंगा झंडा बनाया है।

## Fiscal position: महाराष्ट्र पहले, छत्तीसगढ़ दूसरे स्थान पर; पश्चिम बंगाल, पंजाब, केरल निचले तीन पायदान पर

**मुंबई।** देश के सबसे गरीब राज्यों में से एक छत्तीसगढ़ बेहतर राजकोषीय स्थिति की सूची में महाराष्ट्र के बाद दूसरे स्थान पर है और तेलंगाना इस सूची में तीसरे स्थान पर है। वहीं निचले तीन पायदान पर पश्चिम बंगाल, पंजाब और केरल है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। डॉयचे बैंक इंडिया के मुख्य अर्थशास्त्री कौशिक दास द्वारा प्रमुख 17 राज्यों के वित्तीय स्वास्थ्य पर तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 के पहले बजट अनुमानों के आधार पर महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना शीर्ष तीन राज्यों में शामिल हैं। निचले तीन पायदान पर पश्चिम बंगाल, पंजाब और केरल हैं। दूसरी ओर वित्त वर्ष 2022-23 के संशोधित बजट अनुमानों के आधार पर, महाराष्ट्र रैंकिंग में शीर्ष पर रहा। इसके बाद छत्तीसगढ़, ओडिशा तेलंगाना और झारखंड है। इस दौरान पश्चिम बंगाल का प्रदर्शन सबसे खराब था, जबकि उसके बाद पंजाब, बिहार, राजस्थान और उत्तर प्रदेश का नाम आता है। केरल सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले पांच राज्यों से बाहर रहा। आंध्र प्रदेश की रैंकिंग वित्त वर्ष 2021-22 में आठवें स्थान से गिरकर वित्त वर्ष 2022-23 में 11वें स्थान पर आ गई। गुजरात पांचवें से सातवें स्थान पर खिसक गया है। प्रमुख 17 राज्यों की राजकोषीय स्थिति पर आधारित रिपोर्ट चार प्रमुख राजकोषीय मापदंडों- राजकोषीय घाटा, स्वयं का कर राजस्व, राज्य ऋण स्तर (सभी उनके व्यक्तिगत सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में) और अंत में राजस्व प्राप्तियों के मुकाबले ब्याज भुगतान पर आधारित है।

## आईआरसीटीसी के नकली एप से हो रही धोखाधड़ी, निजी जानकारी हो सकती है लीक

**नई दिल्ली।** अगर आप रेलवे टिकट बुक करने के लिए आईआरसीटीसी एप का इस्तेमाल कर रहे हैं तो सावधान होने की जरूरत है। आईआरसीटीसी ने ग्राहकों को एक ईमेल भेजकर कहा है कि नकली मोबाइल एप इस समय तेजी से चल रहे हैं। इसके जरिये धोखेबाज बड़े पैमाने पर नकली लिंक भेज रहे हैं और ग्राहकों को फंसा रहे हैं।

आईआरसीटीसी ने कहा है कि नकली आईआरसीटीसी रेल कनेक्ट मोबाइल एप डाउनलोड करने के लिए मैसेज आता है। ऐसे फर्जी मोबाइल एप से बचना चाहिए। उन्हें केवल गूगल प्ले या फिर एप्पल एप स्टोर से ही आईआरसीटीसी के एप को डाउनलोड करना चाहिए।

**निजी जानकारी हो सकती है लीक**

करोड़ों लोग आईआरसीटीसी के एप का उपयोग करते हैं। ऐसे में इस तरह के नकली एप से लोगों की निजी जानकारी धोखेबाजों के हाथ लग सकती है और इससे उन्हें नुकसान हो सकता है।

**शीर्ष सात कंपनियों की पूंजी 74,603 करोड़ रुपये घटी**

शेयर बाजार की शीर्ष सात कंपनियों की पूंजी में पिछले हफ्ते




74,603 करोड़ की कमी आई है। सबसे अधिक 25,011 करोड़ एचडीएफसी बैंक के पूंजीकरण में कमी आई। आईसीआईसीआई बैंक की पूंजी 12,781 करोड़, एयरटेल की 11,096 करोड़ और एचयूएल की 10,396 करोड़ घट गई।

**विदेशी निवेशकों ने निकाले 3,200 करोड़ रुपये**

मुंबई। वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता के चलते अगस्त में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 3,200 करोड़ रुपये की निकासी की है। इससे पहले इन्होंने जुलाई, जून और मई में भारी निवेश किया था। इस साल बाजार में इन निवेशकों ने अब तक 1.26 लाख करोड़ का निवेश किया है।

**त्योहारों में 10 लाख के पार जा सकती है यात्री वाहनों की बिक्री**

त्योहारों में घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री 10 लाख के पार हो सकती है। इस वर्ष 68 दिन के त्योहारों का मौसम 17 अगस्त से शुरू होकर 14 नवंबर तक चलेगा।

मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी शशांक श्रीवास्तव ने बताया, त्योहारों के दौरान बिक्री बढ़ जाती है। यह पूरे वर्ष की बिक्री का करीब 22-26 प्रतिशत होती है। उन्होंने कहा, इस वित्तीय वर्ष में यात्री वाहन की बिक्री 40 लाख रह सकती है। इस साल उद्योग में मजबूत बिक्री देखी गई और आने वाले महीनों में भी इसके जारी रहने की उम्मीद है।

## भारत ने भगोड़े आर्थिक अपराधियों के प्रत्यर्पण और भ्रष्टाचार मुक्त दुनिया की वकालत की

**कोलकाता।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कोलकाता में महत्वपूर्ण जी-20 भ्रष्टाचार विरोधी मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान भ्रष्टाचार मुक्त दुनिया बनाने के अलावा भगोड़े आर्थिक अपराधियों के तेजी से प्रत्यर्पण और उनकी संपत्ति की वसूली पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भगोड़े आर्थिक अपराधी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कानून प्रवर्तन के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती पैदा करते हैं, क्योंकि वे न्याय से बचने के लिए देशों की कानूनी और वित्तीय प्रणालियों के बीच अंतराल और मतभेदों का फायदा उठाने में सक्षम हैं।

केंद्रीय कार्मिक राज्यमंत्री सिंह ने कहा, भगोड़े आर्थिक अपराधी अपने देश में गंभीर आर्थिक अपराध करते हैं और गिरफ्तारी, अभियोजन या अपनी सजा की तामील से बचने के लिए दूसरे देश में भाग जाते हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक अपराधों में धोखाधड़ी, कर चोरी, मनी लॉन्ड्रिंग और गबन जैसी कई प्रकार की अवैध गतिविधियां शामिल हैं। सिंह ने कहा, उनके काम कानून के शासन को कमजोर करते हैं, आर्थिक विकास में बाधा डालते हैं और अक्सर



भ्रष्टाचार में योगदान देते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 भ्रष्टाचार निरोधक कार्य समूह (एसीडब्ल्यूजी) कानून प्रवर्तन सहयोग और सूचना साझाकरण और संपत्ति वसूली तंत्र को मजबूत करने से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम सहमति बनाने में सफल रहा है। मंत्री ने कहा, जी-20 के रूप में हमें अपनी महत्वाकांक्षा के प्रति साहसी होने और भ्रष्टाचार से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग में कमियों को दूर करने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है। मुझे यकीन है कि जी-20 सदस्य प्रत्यर्पण तंत्र की प्रभावशीलता को बढ़ाने और सीमा पार वित्तीय प्रवाह की बेहतर ट्रैकिंग की सुविधा हेतु इन सिद्धांतों को लागू करने के लिए ठोस कदम उठाएंगे, जो भगोड़े आर्थिक अपराधियों को रोकेगा। सिंह ने कहा कि भारत भ्रष्टाचार से निपटने के लिए एक मजबूत और समग्र दृष्टिकोण का प्रबल समर्थक रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के नेताओं के रूप में यह जी-20 की जिम्मेदारी है कि वह यह सुनिश्चित करे कि हम इस गति को तब तक जारी रखें जब तक कि 'भ्रष्टाचार मुक्त दुनिया' बनाने का यह दृष्टिकोण वास्तविकता न बन जाए। उन्होंने कहा, मजबूत भ्रष्टाचार विरोधी नीतियों को प्राथमिकता देकर और उसे लागू करके हम पारदर्शिता, अखंडता और जवाबदेही के लिए वैश्विक मानक स्थापित कर सकते हैं।

## ऑक्सफैम इंडिया के खिलाफ आयकर पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही पर कोर्ट की रोक, विभाग को नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गैर सरकारी संगठन ऑक्सफैम इंडिया के खिलाफ आयकर पुनर्मूल्यांकन की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। अदालत ने आयकर विभाग (आईटी) को नोटिस जारी किया और एनजीओ द्वारा दायर याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें उसके खिलाफ जारी नोटिस और आदेश को चुनौती दी गई थी।

रिकॉर्ड के मुताबिक, 7 सितंबर, 2022 को एनजीओ पर एक सर्वेक्षण किया गया था, जिसके कारण वर्ष 2016-17 के लिए पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही शुरू की गई और इस साल 29 मार्च को ऑक्सफैम को एक नोटिस जारी किया गया।

पीठ ने कहा,'अगले छह सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दायर किया जाएगा। इस पर यदि कोई प्रत्युत्तर हो तो सुनवाई की अगली तारीख से कम से कम पांच दिन पहले दायर किया जाएगा।' न्यायमूर्ति राजीव शकधर और न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया की पीठ ने कहा, 'मामले को 22 नवंबर, 2023 को सूचीबद्ध किया जाए। इस बीच, अदालत के अगले निर्देश तक पुनर्मूल्यांकन की कार्यवाही जारी रखने पर रोक रहेगी।'

एनजीओ को 29 मार्च को आईटी अधिनियम के प्रावधानों के तहत एक नोटिस जारी किया गया




था, जिसने याचिकाकर्ता के खिलाफ इस आधार पर पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही शुरू कर दी थी कि याचिकाकर्ता कथित तौर पर मुकदमेबाजी गतिविधियों में शामिल था जो विदेशी योगदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) की धारा 8 (1) का उल्लंघन था। इसके अलावा, इसे कथित तौर पर विदेशी नागरिकों से संदिग्ध योगदान प्राप्त हुआ था और यह भविष्य की परियोजनाओं के लिए एडवांस के रूप में प्राप्त 15.09 करोड़ रुपये के राजस्व के रूप में मान्यता देने में विफल रहा था।

एनजीओ के वकील ने दलील दी कि अधिकारियों ने याचिकाकर्ता के साथ सर्वेक्षण रिपोर्ट साझा नहीं की और इसके खिलाफ शुरू की गई कार्यवाही पर सीमित रोक है। याचिकाकर्ता ने कहा कि उसके खिलाफ लगाया गया यह आरोप कि उसे विदेशी नागरिकों से चंदा मिला है जो संदिग्ध है, गलत है क्योंकि योगदानकर्ताओं का विवरण और नाम मुहैया कराया गया है। पीठ ने कहा कि आकलन अधिकारी (एओ) का यह कहना कि 15.09 करोड़ रुपये को आय के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए थी, पूरी तरह से गलत है, क्योंकि ये एडवांस के रूप में था था जिनका उपयोग भविष्य की वस्तुओं के लिए किया जाना था और इसलिए यह वह आय नहीं थी जो विचाराधीन अवधि में उत्पन्न हुई थी।

आयकर विभाग के वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता एनजीओ का एफसीआरए लाइसेंस खराब चल रहा है और याचिकाकर्ता इस अदालत में एक अन्य पीठ के समक्ष अपने अधिकार के लिए लड़ रहा है।

# एफडी पर ज्यादा ब्याज पाने का यह सही समय, तीन साल पैसा फिक्स्ड करना है फायदेमंद

**नई दिल्ली।** विश्लेषकों के मुताबिक, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के तीसरी बार दरों को अपरिवर्तित रखने के फैसले से अभी भी समय है कि आप फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर ज्यादा ब्याज ले सकें। एफडी निवेश के लिए एक से तीन साल की समय सीमा को सबसे फायदेमंद अवधि माना जाता है।

हाल के समय में एफडी में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया, क्योंकि मई 2022 में जब आरबीआई ने रेपो दर में बढ़ोतरी शुरू की तो बैंकों ने भी लगातार ब्याज दरें बढ़ानी शुरू कर दी थी। पिछले 10 महीनों में केंद्रीय बैंक ने फरवरी 2023 तक 2.5 प्रतिशत रेपो दर में बढ़ोतरी की। इस दौरान फिक्स्ड डिपॉजिट की दरें भी 9 फीसदी तक पहुंच गई थी। पिछले तीन बार से रेपो दर में कोई वृद्धि नहीं होने से बैंक अब एफडी पर मिलने वाले ब्याज में कटौती कर सकते हैं।

**8.60फीसदी तक मिल रहा है ब्याज जमा पर**

सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक अभी भी 8.60 फीसदी ब्याज एफडी पर दे रहा है। इसकी वेबसाइट के मुताबिक, एक साल के जमा पर 6.85 फीसदी, एक साल से 15 माह तक के जमा पर 8.25 फीसदी और 15 माह से दो साल के जमा पर 8.50 प्रतिशत ब्याज दे रहा है। दो साल से तीन साल के जमा पर 8.60 प्रतिशत तक ब्याज दे रहा है। एक्सिस बैंक दो साल से 30 माह तक के जमा पर 7.20 फीसदी ब्याज दे रहा है। जबकि 13 महीने से ज्यादा पर 7.10 फीसदी और 30 माह से तीन साल के जमा पर 7 प्रतिशत का ब्याज दे रहा है। एचडीएफसी बैंक 4 साल से 55 महीने की अवधि पर 7.25 फीसदी ब्याज दे रहा है। आईसीआईसीआई बैंक 15 से 18 महीने की अवधि पर 7.10 प्रतिशत ब्याज दे रहा है।




**बैंकों के पास है भरपूर तरलता**

बैंकों के एफडी पर दरों में कटौती से यह संकेत मिल रहा है कि वे आगे भी इसे जारी रखेंगे। एफडी दरें कई कारकों से प्रभावित होती हैं। इनमें रेपो दर, कर्ज और जमा के बीच भारी अंतर और बैंकों की तरलता प्रमुख है। जहां तक तरलता की बात है तो 2000 रुपये के नोट को चलन से वापस लेने के बाद बैंकों के पास भरपूर तरलता आ गई है। यही कारण है कि आरबीआई ने बैंकों से एक लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त तरलता वापस लेने का कदम उठाया है। पिछले साल जब रेपो दर बढ़ रही थी, तब बैंकों का कर्ज 17 फीसदी बढ़ा था, जबकि जमा 10 फीसदी बढ़ा था। ऐसे में इस सात प्रतिशत के अंतर को पाटने के लिए बैंकों ने एफडी पर जमकर दरें बढ़ाई थीं।

**पांच बैंकों ने दरों में की कमी**

पिछले 15 महीनों में बैंकों में जमा राशि पर औसत ब्याज दरों में लगातार वृद्धि देखी गई है। ऐसे में अब एफडी दरों में वृद्धि का युग समापन की ओर है। रेपो दर की यथास्थिति कायम रहने के साथ बैंक अब एफडी दरों को कम करने की सोच रहे हैं। पिछले दो महीनों के भीतर लगभग पांच बैंकों ने एफडी ब्याज दरों में कटौती की है।

एक्सिस बैंक ने 26 जुलाई से प्रभावी एफडी दरों में 0.10 प्रतिशत तक की कटौती की। दूसरे सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक पीएनबी ने भी जून में एफडी दरों को 0.05 प्रतिशत तक कम कर दिया था।

**बैंक ऑफ इंडिया ने एक फीसदी तक घटाया ब्याज**

बैंक ऑफ इंडिया एफडी पर ब्याज में कटौती में अग्रणी बनकर उभरा है। इसने एक प्रतिशत की कटौती की। ये संशोधित दरें 28 जुलाई से लागू हैं। इंडसइंड बैंक ने 5 अगस्त से एफडी दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने 0.85 प्रतिशत की कमी की है। अन्य बैंक संभावित रूप से आगामी अवधि में एफडी ब्याज दरों को कम कर सकते हैं।

बैंक या कॉर्पोरेट एफडी जोखिम के लिहाज से सर्वोत्तम है। ब्याज दरें आगे जाकर कम हो सकती हैं। ऐसे में अगर अभी ज्यादा ब्याज मिल रहा है तो एफडी कराने में भलाई है।

-अर्चना पांडे, निवेश सलाहकार

## पीएलआई के तहत आवंटित राशि इस साल 13000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है, बोले डीपीआईआईटी सचिव



**नई दिल्ली।** सरकार उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के तहत लाभ पाने की इच्छुक पात्र कंपनियों को करीब 13000 करोड़ रुपये का वितरण कर सकती है। एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि चालू वर्ष से पीएलआई के तहत वितरित की गई राशि और बड़ी होगी। उन्होंने नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि मुझे लगता है कि इस साल करीब 13,000 करोड़ रुपये का वितरण किया जाएगा। सरकार ने योजना के तहत अब तक प्राप्त 3,400 करोड़ रुपये के दावों में से मार्च 2023 तक केवल 2,900 करोड़ रुपये का वितरण किया है। इस योजना की घोषणा 2021 में 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ दूरसंचार, व्हाइट गुड्स, कपड़ा, चिकित्सा उपकरणों के निर्माण, ऑटोमोबाइल, विशेष स्टील, खाद्य उत्पाद, उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल, उन्नत रसायन विज्ञान सेल बैटरी, ड्रोन और फार्मा जैसे 14 क्षेत्रों के लिए की गई थी।

यह पूछे जाने पर कि पूरा कोष कब वितरित किया जाएगा, सिंह ने कहा, 'यह कहना मुश्किल है क्योंकि इसमें कई कारक शामिल हैं। लेकिन हम उम्मीद करते हैं कि योजना के कार्यकाल के दौरान इसका एक अच्छा हिस्सा समाप्त हो जाएगा।' उन्होंने कहा कि इस योजना से होने वाली बचत पर पहले से ही अन्य पीएलआई योजनाओं या पुनर्गठित पीएलआई योजनाओं के लिए विचार किया जा रहा है।

# एक्स से कमाई सीमा से अधिक तो लगेगा 18 फीसदी जीएसटी, पंजीकरण भी कराना होगा

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) से विज्ञापन राजस्व साझाकरण योजना से उपयोगकर्ताओं को होने वाली आय को जीएसटी कानून के तहत आपूर्ति माना जाएगा और इस पर 18% कर देना होगा। बशर्ते यह कमाई जीएसटी से 20 लाख रुपये तक की आय की सीमा से अधिक हो। उसे जीएसटी का पंजीकरण भी कराना होगा।




विशेषज्ञों के अनुसार किसी व्यक्ति की किराये से आय, बैंक जमा पर ब्याज व अन्य पेशेवर समेत विभिन्न सेवाओं से एक साल में कुल आय 20 लाख से ज्यादा होती है, तो उस पर जीएसटी लगता है। मिजोरम, मेघालय, मणिपुर जैसे कुछ विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए यह सीमा 10 लाख रुपये है।

एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ पार्टनर रजत मोहन ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति बैंक से ब्याज के रूप में सालाना 20 लाख हासिल करता है और एक्स से भी एक लाख रुपये तक की कमाई करता है तो पूरी कमाई 21 लाख मानी जाएगी। उसे छूट की सीमा 20 लाख को छोड़कर एक लाख पर 18% जीएसटी देना होगा।


15th
INDEPENDENCE DAY
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
बेघर हुए बाढ़ पीड़ितों की
ज्यादा से ज्यादा मदद करें।
जरनैल सिंह मोहड़ी
जजपा नेता



स्वतंत्रता दिवस , रक्षाबंधन
व जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
हाथ से हाथ जोड़ो
जसबीर मलौर
पूर्व विधायक


फिर लहराया सेंट जोसेफ का परचम
सेंट जोसेफ स्कूल अंबाला शहर हमेशा से अपनी विभिन्न संस्कृतिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है। इसी क्रम में एक और उपलब्धि अंकित हुई जब सेंट जोसेफ के विद्यार्थियों ने गत रविवार 13 अगस्त को मोहाली में आयोजित ट्राई सिटी स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप जोकि शेमरोक स्पोर्ट्स एरिना में आयोजित की गई में 5 गोल्ड, 3 सिल्वर एवं 8 कांस्य पदक हासिल कर अपना वर्चस्व कायम रखा। सेंट जोसेफ स्कूल विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है इसी प्रयास में दिनांक 14 अगस्त को हर घर तिरंगा ड्राइव के अंतर्गत विद्यार्थियों में देश प्रेम की भावना को जागृत करते हुए हर कक्षा में विद्यार्थियों के साथ तिरंगे की सजावट की गई एवं देश भक्ति के गीत भी गाए गए।
St. Joseph school
129, Civil Lines, Ambala City 0171-2550329Email:-sjs755ambala@gmail.com


SARWAL HOSPITAL
HARYANA GOVT. EMPANELLED HOSPITAL
77वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
Fully Functional 24x7 ICU
With Ventilator and Bipap
Minimal Invasive Laparoscopic Surgery
AI 3D Robo Plan Knee Resurfacing
All Cancer Treatment
Our Services
Best Surgical and Cancer Treament
• हर तरह कैंसर का आधुनिक तकनीक से इलाज
• कीमोथेरेपी, यूरोलॉजी, ब्रेस्ट कैंसर, लैप्रोस्कोपी सर्जरी
• पेट के हर तरह के ऑपरेशन दूरबीन के द्वारा किए जाते है
Best Bone & Joint Replacement Center
• जीरो कट तकनीनी से घुटने बदलना
• रीढ़ की हड्डी का बिना टांके के दूरबीन से इलाज
• दूरबीन से कंधे व घुटने की स्पोर्टस चोट का इलाज
• बिना चीरफाड़ के ऑपरेशन (ऑर्थोस्कोपी)
Contact Us: +91-98126-36877
#4 Civil Lines, Opposite Telephone Exchange, Near Arya Chowk, Ambala, Haryana


INTERNATIONAL
BIRLA SCHOOL
CHILDREN ACADEMY
SENIOR SECONDARY
AFFILIATED TO CBSE
(An English Medium Co-Educational Sr. Sec. Residential School)
7 Acres of Lush Green Campus
Pre-Nursery to IX & XI
Stream
Arts, Commerce, Medical & Non Medical
स्वतंत्रता दिवस
AC Hostel for Girl & Boys
की हार्दिक शुभकामनाएं
15th August
HAPPY INDEPENDENCE DAY
Sh. Kuldeep Dahiya
Chairman, Birla School
Sikander Dahiya
CEO, Birla School
Sports Academies
Fully AC Campus
Athletics
Wrestling
Boxing
Football
Cricket
www.birlaschoolsonipat.com
8708038680, 8100990000
Rohtak Road, Kharkhoda Sonipat-131402


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
आदेश भारद्वाज
अध्यक्ष, करावल नगर जिला, कांग्रेस कमेटी


समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
रक्षाबंधन व
जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
82782-82782
पर मिस कॉल देकर मुझसे सीधा जुड़े।
आपका सुख दुख का साथी
संदीप गर्ग
मो. 96149-33333

# धन्यवाद पानीपत विशेषांक

की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

चौ0 कमाल हुसैन ब्युरो चीफ पानीपत

मैं सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें देता हू स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर पानीपत से दैनिक एक्शन इंडिया समाचार विशेषांक निकालने में सहयोग देने के लिए सभी विज्ञापन दाताओं व पाठकों का दिल की गहराईयों से आभार व्यक्त करता हू आशा है कि भविष्य में भी इस प्रकार आपका प्यार व सहयोग मिलता रहेगा।

दैनिक एक्शन इंडिया, मो0 9813507693

आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल
आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा द्वारा संचालित
जी.टी. रोड, पानीपत
C.B.S.E. Affiliated School
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पानीपत ब्रिक किल्न एसोसिएशन
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
खुशी राम जागलान
जिला प्रधान पानीपत भट्ठा एसोसिएशन

आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय
(आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा द्वारा संचालित)
जी.टी. रोड, पानीपत
CBSE Affiliated School
स्वतंत्रता दिवस, तीज और रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
वीरेन्द्र पाहूजा
रामपाल जागलान
राजेन्द्र जागलान
मनीष आर्य

ARYA P.G. COLLEGE PANIPAT
(A COLLEGE WITH POTENTIAL FOR EXECELLANCE STATUS BY UGC)
की ओर से सभी प्रदेशवासियों को
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
सुरेन्द्र सिंगला प्रधान
सी.ए. कमल किशोर महासचिव
डॉ. जगदीश गुप्ता प्राचार्य

PCC ACADEMY
अंग्रेजी बोलना सीखें
आप सभी देश व प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
RAJIV PRUTHI MD
H.O. Model Town, Near Aneja Petrol Pump, Panipat

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
36 बिरादरी के चहेते
समाजसेवी उद्योगपति एवं वरिष्ठ भा.ज.पा. नेता
निगम पार्षद, वार्ड नं. 26
विजय जैन
हल्का पानीपत ग्रामीण

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
चौ0 अफसर रावल
प्रांत संयोजक हरियाणा

SHRI S.D. EDUCATION SOCIETY (REGD.)
Panipat (Estd. 1946)
स्वतंत्रता दिवस एवं आगामी पर्वों रक्षाबंधन और जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
S.D. Sr. Sec. School, G.T. Road, Panipat
S.D. (P.G.) College, G.T. Road, Panipat
M.A.S.D. Public School, Faridpur Road, Panipat
S.D.V.M. HUDA, Sec-12, Panipat
S.D.V.M. City G.T. Road, Panipat
APIIT S.D. India, Faridpur Road, Panipat
S.D. International School, Sector-6, Panipat
S.D. Institute of Medical Sciences, Dadlana, Panipat
S.D. Institute of Pharmacy, Faridpur Road, Panipat
Anup Kumar President
Roshan Lal Mittal Patron
Dinesh Kumar Goel Secretary
Rohit Garg Vice President
Surender Kumar Joint Secretary
Nishant Gupta Auditor

जननायक जनता पार्टी जिन्दाबाद
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
माननीय श्री दुष्यंत चौटाला जी
जयदेव नौल्था
पूर्व प्रत्याशी पानीपत शहरी जजपा
जिला प्रवक्ता जेजेपी, पानीपत

Cambridge Fields Global School
Nangla (par) Panipat
15 August HAPPY INDEPENDENCE DAY
Key Features:-
1. Committed to best quality education
2. Computer classes.
3. Dedicated Infrastructure
4. Loving environment
5. Excellent Teachers
Contact us:- 9996182811
wesite:- cfgschool.com / Email: cfgs.panipat@gmail.com

J.P. RATHEE CONSTRUCTION CO.
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
Prop. Jaipal Rathi

स्वतंत्रता दिवस, तीज व रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
चौ. प्रेम सिंह भालसी
प्रदेश महासचिव इनेलो किसान प्रकोष्ठ
नवीन नैन भालसी
युवा जिला अध्यक्ष, इनेलो पानीपत

समस्त भारतीयों को भारत को
और प्रार्थना है कि प्रत्येक भारतीय बिना किसी भेदभाव के सच्चे अर्थो में स्वतंत्रता भाव से जीवन जी सके
HAPPY Independence DAY
आर्यन सिंह
प्रमुख समाज सेवी

15 AUGUST स्वतंत्रता दिवस
हरियाली तीज, रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
आर्य सुरेश मलिक
उप-प्रधान, जिला परिषद पानीपत
हल्का - पानीपत ग्रामीण

स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
सत्ता नहीं सेवा
सचिन कुण्डू
पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा युवा कांग्रेस
हल्का-पानीपत ग्रामीण
सम्पर्क : 9992659809, 7268804000

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
विरेन्द्र शाह (उर्फ बुल्लेशाह)
शहरी विधान सभा पानीपत

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस, तीज व रक्षा बंधन, की हार्दिक शुभकामनाएं
महीपाल सुबेदार
M. 98123-61582

INTERNATIONAL YEAR OF MILLETS 2023

G20 भारत 2023 INDIA

## हमारा साझा विज़न:
## 2023-24 तक 5000 मेगावाट, 2030 तक 25000 मेगावाट तथा 2040 तक 50000 मेगावाट








जल विद्युत | पवन विद्युत | सौर विद्युत | विद्युत पारेषण | ताप विद्युत | पॉवर ट्रेडिंग

### प्रचालनाधीन परियोजनाएं:

- 1500 मेगावाट नाथपा झाकड़ी जल विद्युत स्टेशन
- 412 मेगावाट रामपुर जल विद्युत स्टेशन
- 47.6 मेगावाट खिरवीरे पवन विद्युत स्टेशन
- 5.6 मेगावाट चारंका सौर पीवी विद्युत स्टेशन
- 50 मेगावाट साडला पवन विद्युत स्टेशन
- एनजेएचपीएस में 1.31 मेगावाट ग्रिड कनैक्टिड सौर विद्युत स्टेशन
- 75 मेगावाट परासन सौर विद्युत स्टेशन
- 400 केवी, डी/सी क्रास बार्डर ट्रासमिशन लाईन (भारतीय हिस्सा)

### विकासाधीन परियोजनाएं:

- भारत के विभिन्न राज्यों में जल विद्युत परियोजनाएं
- नेपाल में जल परियोजनाएं
- बिहार में ताप परियोजना
- भारत के विभिन्न राज्यों में सौर एवं पवन विद्युत परियोजनाएं
- ट्रांसमिशन लाइनों का निषादन

एसजेवीएन SJVN

## एसजेवीएन लिमिटेड
## SJVN Limited

(भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम)
एक 'मिनी रत्न' एवं शेड्यूल 'ए' पीएसयू। एक आईएसओ 9001:2005 प्रमाणित कम्पनी

**पंजीकृत कार्यालय** : एसजेवीएन लिमिटेड, शक्ति सदन, कॉरपोरेट मुख्यालय, शनान, शिमला–171006, हिमाचल प्रदेश (भारत)
**एक्सीपीडाइटिंग कार्यालय** : ऑफिस ब्लाक, टॉवर–1, 6वीं मंजिल, एनबीसीसी कॉम्पलैक्स, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली–110023 (भारत)
**वेबसाइट** : www.sjvn.nic.in



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला के समरहिल में हुए भारी भूस्खलन के बाद चलाए गए बचाव अभियान के दौरान घटना स्थल का दौरा किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 217 पृष्ठ: 12+12+12+8 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group







नई दिल्ली में सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सब्जी विक्रेता रामेश्वर के साथ।

## भारत-ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित एफटीए वार्ता में लंबित मुद्दों पर होगी चर्चा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारत और ब्रिटेन के बीच जारी प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की बातचीत में बड़ी प्रगति हुई है। दोनों देशों के बीच इस महीने होने वाली उच्चस्तरीय बैठकों में लंबित मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। भारत एफटीए के लंबित मुद्दे को सुलझाने की कोशिश कर रही है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को दी जानकारी में बताया कि दोनों देशों के बीच इस महीने होने वाली उच्चस्तरीय बैठकों में लंबित मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इस समय दोनों देशों के बीच एफटीए पर 12वें दौर की बातचीत जारी है। प्रस्तावित एफटीए के कुल 26 अध्यायों में 19 पर बातचीत पूरी हो चुकी है। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि लंदन में 11वें दौर की बातचीत गहन रही और कई मुद्दों पर सहमति बनी। उन्होंने बताया कि भारत और ब्रिटेन के बीच निवेश पर एक अलग समझौते (द्विपक्षीय निवेश संधि) के तहत बातचीत की जा रही है। बर्थवाल ने कहा कि अब केवल कुछ ही मुद्दे बचे हैं। व्यापार एवं निवेश कार्यसमूह (टीआईडब्ल्यूजी) की बैठक (जयपुर) के दौरान ब्रिटेन की टीम भारत आ रही है, जिसमें हमें उम्मीद हैं, बाकी मुद्दों को पूरा कर लेंगे।






# 15 अगस्त आजादी का दिवस





**आजादी कहें या स्वतंत्रता ये ऐसा शब्द है जिसमें पूरा आसमान समाया है। आजादी एक स्वाभाविक भाव है या यूँ कहें कि आजादी की चाहत मनुष्य को ही नहीं जीव-जन्तु और वनस्पतियों में भी होती है। सदियों से भारत अंग्रेजों की दासता में था, उनके अत्याचार से जन-जन त्रस्त था। खुली फिजा में सांस लेने को बेचैन भारत में आजादी का पहला बिगुल 1857 में बजा किन्तु कुछ कारणों से हम गुलामी के बंधन से मुक्त नहीं हो सके। वास्तव में आजादी का संघर्ष तब अधिक हो गया जब बाल गंगाधर तिलक ने कहा कि स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।**

अनेक क्रांतिकारियों और देशभक्तों के प्रयास तथा बलिदान से आजादी की गौरव गाथा लिखी गई है। यदि बीज को भी धरती में दबा दें तो वो धूप तथा हवा की चाहत में धरती से बाहर आ जाता है क्योंकि स्वतंत्रता जीवन का वरदान है। व्यक्ति को पराधीनता में चाहे कितना भी सुख प्राप्त हो किन्तु उसे वो आनन्द नहीं मिलता जो स्वतंत्रता में कष्ट उठाने पर भी मिल जाता है। तभी तो कहा गया है कि-

## पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं।

जिस देश में चंद्रशेखर, भगत सिंह, राजगुरु, सुभाष चन्द्र, खुदीराम बोस, रामप्रसाद बिस्मिल जैसे क्रान्तिकारी तथा गाँधी, तिलक, पटेल, नेहरु, जैसे देशभक्त मौजूद हों उस देश को गुलाम कौन रख सकता था। आखिर देशभक्तों के महत्वपूर्ण योगदान से 14 अगस्त की अर्धरात्रि को अंग्रेजों की दासता एवं अत्याचार से हमें आजादी प्राप्त हुई थी। ये आजादी अमूल्य है क्योंकि इस आजादी में हमारे असंख्य भाई-बन्धुओं का संघर्ष, त्याग तथा बलिदान समाहित है। ये आजादी हमें उपहार में नहीं मिली है। वंदेमातरम् और इंकलाब जिंदाबाद की गर्जना करते हुए अनेक वीर देशभक्त फांसी के फंदे पर झूल गए। 13 अप्रैल 1919 को जलियाँवाला हत्याकांड, वो रक्त रंजित भूमि आज भी देश-भक्त नर-नारियों के बलिदान की गवाही दे रही है।



आजादी अपने साथ कई जिम्मेदारियां भी लाती है, हम सभी को जिसका ईमानदारी से निर्वाह करना चाहिए किन्तु क्या आज हम 66 वर्षों बाद भी आजादी की वास्तविकता को समझकर उसका सम्मान कर रहे है? आलम तो ये है कि यदि स्कूलों तथा सरकारी दफ्तरों में 15 अगस्त न मनाया जाए और उस दिन छुट्टी न की जाए तो लोगों को याद भी न रहे कि स्वतंत्रता दिवस हमारा राष्ट्रीय त्योहार है जो हमारी जिंदगी के सबसे अहम दिनों में से एक है।

एक सर्वे के अनुसार ये पता चला कि आज के युवा को स्वतंत्रता के बारे में सबसे ज्यादा जानकारी फिल्मों के माध्यम से मिलती है और दूसरे नम्बर पर स्कूल की किताबों से जिसे सिर्फ मनोरंजन या जानकारी ही समझता है। उसकी अहमियत को समझने में सक्षम नहीं है। ट्विटर और फेसबुक पर खुद को अपडेट करके और आर्थिक आजादी को ही वास्तविक आजादी समझ रहा है। वेलेंटाइन डे को स्वतंत्रता दिवस से भी बड़े पर्व के रूप में मनाया जा रहा है।

आज हम जिस खुली फिजां में सांस ले रहे हैं वो हमारे पूर्वजों के बलिदान और त्याग का परिणाम है। हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि मुश्किलों से मिली आजादी की रुह को समझें। आजादी के दिन तिरंगे के रंगों का अनोखा अनुभव महसूस करें इस पर्व को भी आजद भारत के जन्मदिवस के रूप में पूरे दिल से उत्साह के साथ मनाएं। स्वतंत्रता का मतलब केवल सामाजिक और आर्थिक स्वतंत्रता न होकर एक वादे का भी निर्वाह करना है कि हम अपने देश को विकास की ऊँचाइयों तक ले जायेंगें। भारत की गरिमा और सम्मान को सदैव अपने से बढ़कर समझेगें। रविन्द्र नाथ टैगोर की कविताओ से कलम को विराम देते हैं।

*हो चित जहाँ भय-शून्य, माथ हो उन्नत*
*हो ज्ञान जहाँ पर मुक्त, खुला यह जग हो*
*घर की दीवारें बने न कोई कारा*
*हो जहाँ सत्य ही स्रोत सभी शब्दों का*
*हो लगन ठीक से ही सब कुछ करने की*
*हों नहीं रूढ़ियाँ रचती कोई मरुस्थल*
*पाये न सूखने इस विवेक की धारा*
*हो सदा विचारों ,कर्मों की गतो फलती*
*बातें हों सारी सोची और विचारी*
*हे पिता मुक्त वह स्वर्ग रचाओ हममें*
*बस उसी स्वर्ग में जागे देश हमारा।*

# झंडा ऊँचा रहे हमारा

*झंडा ऊँचा रहे हमारा*
*विश्व विजयी तिरंगा प्यारा..*

यह गीत भारत का हर बच्चा गुनगुनाता है.. बड़े ही शान से। आखिर क्या बात है इस ध्वज में जिसने आज़ादी के परवानों में एक नया जोश भर दिया था और जो आज भी हर भारतीय को अपने गरिमामय इतिहास की याद दिलाता है और विभिन्नता में एकता वाले इस देश को एक सूत्र में बाँधे हुए है। हर स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर लाल क़िले की प्राचीर पर राष्ट्रीय ध्वज को बड़े ही आदर और सम्मान के साथ फहराया जाता है। देश के प्रथम नागरिक से लेकर आम नागरिक तक इसे सलामी देता है। 21 तोपों की सलामी से सेना इसका सम्मान करती है। किसी भी देश का झंडा उस देश की पहचान होता है। तिरंगा हम भारतीयों की पहचान है। राष्ट्रीय झंडे ने पहली बार आज़ादी की घोषणा के कुछ ही दिन पहले 22 जुलाई 1947 को पहली बार अपना वो रंग रूप पाया जो आज तक कायम है। हमारा राष्ट्रीय ध्वज तीन रंगों से बना है इसलिए हम इसे तिरंगा भी कहते हैं। सबसे ऊपर केसरिया रंग फिर सफ़ेद और सबसे नीचे हरा। बीच में गहरे नीले रंग का चक्र बना है जिसमें 24 चक्र हैं जिसे हम अशोक चक्र के नाम से जानते हैं। इस प्रतीक को सारनाथ में अशोक महान के स्तंभ से लिया गया है। तिरंगे की बनावट पर हमारे देश में काफ़ी ध्यान दिया जाता है क्यों कि ये हमारे सम्मान से जुड़ा हुआ है। हर तिरंगे में अशोक चक्र श्वेत रंग के तीन चौथाई भाग में ही होना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज खादी के कपड़े का होना चाहिए। आज जो ध्वज हमारे देश की पहचान है उसे इस रूप में ढालने वाले थे पिंगली वेंकैया।




तिरंगे में इन रंगों की क्या महता है ये जानना बहुत ज़रूरी है। केसरिया यानी भगवा रंग वैराग्य का रंग है। हमारे आज़ादी के दीवानों ने इस रंग को सबसे पहले अपने ध्वज में इसलिए सम्मिलित किया जिससे आने वाले दिनों में देश के नेता अपना लाभ छोड़ कर देश के विकास में ख़ुद को समर्पित कर दें। जैसे भक्ति में साधु वैराग ले मोह माया से हट भक्ति का मार्ग अपनाते हैं। श्वेत रंग प्रकाश और शांति के प्रतीक के रूप में लिया गया। हरा रंग प्रकृति से संबंध और संपन्नता दर्शाता है, और केंद्र में स्थित अशोक चक्र धर्म के 24 नियमों की याद दिलाता है।

हमारे राष्ट्रीय ध्वज का इतिहास भी बहुत रोचक है। 20वी सदी में जब हमारा देश ब्रिटिश सरकार की गुलामी से मुक्ति पाने के लिए संघर्ष कर रहा था, तब स्वतंत्रता सेनानियों को एक ध्वज की ज़रूरत महसूस हुई क्यों कि ध्वज स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति का प्रतीक रहा है। सन् 1904 में विवेकानंद की शिष्या सिस्टर निवेदिता ने पहली बार एक ध्वज बनाया जिसे बाद में सिस्टर निवेदिता ध्वज से जाना गया। यह ध्वज लाल और पीले रंग से बना था। पहली बार तीन रंग वाला ध्वज सन् 1906 में बंगाल के बँटवारे के विरोध में निकाले गए जलूस में शचीन्द्र कुमार बोस लाए। इस ध्वज में सबसे ऊपर केसरिया रंग, बीच में पीला और सबसे नीचे हरे रंग का उपयोग किया गया था। केसरिया रंग पर 8 अधखिले कमल के फूल सफ़ेद रंग में थे। नीचे हरे रंग पर एक सूर्य और चद्रमा बना था। बीच में पीले रंग पर हिंदी में वंदेमातरम् लिखा था।

सन् 1908 में सर भीकाजी कामा ने जर्मनी में तिरंगा झंडा लहराया और इस तिरंगे में सबसे ऊपर हरा रंग था, बीच में केसरिया, सबसे नीचे लाल रंग था। इस झंडे में धार्मिक एकता को दर्शाते हुए हरा रंग इस्लाम के लिए और केसरिया हिंदू और सफ़ेद ईसाई व बौद्ध दोनों धर्मों का प्रतीक था। इस ध्वज में भी देवनागरी में वंदेमातरम् लिखा था और सबसे ऊपर 8 कमल बने थे। इस ध्वज को भीकाजी कामा, वीर सावरकर और श्यामजी कृष्ण वर्मा ने मिलकर तैयार किया था। प्रथम विश्व युद्ध के समय इस ध्वज को बर्लिन कमेटी ध्वज के नाम से जाना गया क्यों कि इसे बर्लिन कमेटी में भारतीय क्रांतिकारियों द्वारा अपनाया गया था।

सन् 1916 में पिंगली वेंकैया ने एक ऐसे ध्वज की कल्पना की जो सभी भारतवासियों को एक सूत्र में बाँध दे। उनकी इस पहल को एस.बी. बोमान जी और उमर सोमानी जी का साथ मिला और इन तीनों ने मिल कर नेशनल फ़्लैग मिशन का गठन किया। वेंकैया ने राष्ट्रीय ध्वज के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से सलाह ली और गांधी जी ने उन्हें इस ध्वज के बीच में अशोक चक्र रखने की सलाह दी जो संपूर्ण भारत को एक सूत्र में बाँधने का संकेत बने। पिंगली वेंकैया लाल और हरे रंग के की पृष्ठभूमि पर अशोक चक्र बना कर लाए पर गांधी जी को यह ध्वज ऐसा नहीं लगा कि जो संपूर्ण भारत का प्रतिनिधित्व कर सकता। राष्ट्रीय ध्वज में रंग को लेकर तरह-तरह के वाद विवाद चलते रहे। अखिल भारतीय संस्कृत कांग्रेस ने सन 1924 में ध्वज में केसरिया रंग और बीच में गदा डालने की सलाह इस तर्क के साथ दी कि यह हिंदुओं का प्रतीक है। फिर इसी क्रम में किसी ने गेरुआ रंग डालने का विचार इस तर्क के साथ दिया कि ये हिंदू, मुसलमान और सिख तीनों धर्म को व्यक्त करता है।

काफ़ी तर्क-वितर्क के बाद भी जब सब एकमत नहीं हो पाए तो सन् 1931 में अखिल भारतीय कांग्रेस के ध्वज को मूर्तरूप देने के लिए 7 सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई। इसी साल कराची कांग्रेस कमेटी की बैठक में पिंगली वेंकैया द्वारा तैयार ध्वज, जिसमें केसरिया, श्वेत और हरे रंग के साथ केंद्र में अशोक चक्र स्थित था, को सहमति मिल गई। इसी ध्वज के तले आज़ादी के परवानों ने कई आंदोलन किए और 1947 में अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर मजबूर कर दिया। आजादी की घोषणा से कुछ दिन पहले फिर कांग्रेस के सामने ये प्रश्न आ खड़ा हुआ कि अब राष्ट्रीय ध्वज को क्या रूप दिया जाए इसके लिए फिर से डॉ. राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में एक कमेटी बनाई गई और तीन सप्ताह बाद 14 अगस्त को इस कमेटी ने अखिल भारतीय कांग्रेस के ध्वज को ही राष्ट्रीय ध्वज के रूप में घोषित करने की सिफ़ारिश की। 15 अगस्त 1947 को तिरंगा हमारी आज़ादी और हमारे देश की आज़ादी का प्रतीक बन गया। राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश की पहचान है इसलिए इसे हर भारतीय सम्मान दे ये तो ज़रूरी है ही कोई भी व्यक्ति इसकी गरिमा को धूमिल ना करे इसके लिए भारतीय कानून में कुछ धाराएँ बनाई गई है। फ्लैग कोड इंडिया -2002 में राष्ट्रीय ध्वज से जुड़ी कुछ खास बातों का ज़िक्र किया गया है जिसे हम भारतीयों को जानना ज़रूरी है। सन् 2002 के पहले आम जनता राष्ट्रीय दिवस को छोड़ किसी और दिन इसे किसी सार्वजनिक स्थान पर नहीं लगा सकती थी। सिर्फ़ सरकारी कार्यालयों में ही इसे लगाया जा सकता था। सन् 2002 में भारत के जाने माने उद्योगपति नवीन जिंदल ने अपने कार्यालय के ऊपर राष्ट्रीय ध्वज लगाया था जिसके लिए उन्हें सुचित किया गया कि उन्हें ऐसा करने पर कानूनी कार्यवाही से गुज़राना होगा। इसके विरोध में उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक जन हित याचिका इस बाबत दायर की कि भारत की आम जनता को सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज लहराने और उसे प्यार देने का नागरिक अधिकार है। यह मामला उच्च न्यायालय से उच्चतम न्यायालय में गया और न्यायालय ने भारत सरकार को इस मामले पर विचार करने के लिए एक कमेटी बिठाने की सलाह दी। अंत में भारतीय मंत्रालय ने एक संवैधानिक संशोधन कर सभी भारतवासियों को साल के 365 दिन राष्ट्रध्वज सम्मान के साथ लगाने का अधिकार दिया। इसी के साथ ध्वज के सम्मान की बात भी स्पष्ट कर दी गई कि ध्वज फहराने के समय किस आचरण संहिता का ध्यान रखा जाना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज कभी भूमि पर नहीं गिरना चाहिए और ना ही धरातल के संपर्क में आना चाहिए। सन् 2005 के पहले तक इसे वर्दियों और परिधानों में उपयोग में नहीं लाया जा सकता था, लेकिन सन 2005 में फिर एक संशोधन के साथ भारतीय नागरिकों को इसका अधिकार दिया गया।



## लोकतंत्र के सपने

एक हाथ में लोकतंत्र के सपने
दूसरे में बारूदी छर्रे।
बोलिए-हिप-हिप हुर्रे।
एक तरफ़ भूखे एहसास,
दूसरी तरफ कसाई।
जी हाँ, आपने भी
सही जगह बस्ती बसाई।
पेट में उगते है मौसम,
चूल्हे में सुबह-शाम।
बाकी जिंदगी तो होती है,
सड़कों पर तमाम।

आस्तीनों में पलते हैं दोस्त,
म्यानों में मिलते है संबंध।
मखमल के हैं संबोधन,
लेकिन टाट के हैं पैबंद।
पर, मेरे वैचारिक सहचरो।
वोट देते ही रटने लगो-
संविधानी मंत्र। वरना
फिर किस तरह बचेगा लोकतंत्र।
और अगर लोकतंत्र नहीं रहा तो
तुम्हारा पेट और चूल्हा कहाँ जाएगा?
-सुधीर सक्सेना सुधि



Punjab Land of Unlimited Opportunities

# नए पंजाब के लिए सबको साथ आना है



सभी देशवासियों को 77वें

# स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं

"स्वतंत्रता दिवस के खुशियों भरे अवसर पर, मैं देशवासियों को दिल की गहराइयों से बधाई देता हूँ। जैसा कि हम अपना 77वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं, तो हमारे लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि हम इस बात पर विचार करें कि हमने क्या हासिल किया है और राष्ट्र की विकास यात्रा जारी रखने के लिए हमने क्या योजनाएं बनाई हैं। इस संदर्भ में, मैं गर्व से कह सकता हूँ कि पंजाब स्वास्थ्य एवं शिक्षा के भविष्यवादी क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए इस दिशा में अग्रणी रहा है। पंजाब सरकार ने एक अनुकरणीय मार्ग दिखाया है। आइए, हम देश के अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों और संस्थापकों की गौरवशाली विरासत के सच्चे उत्तराधिकारी बनें और स्वयं को राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित करें।"

**भगवंत सिंह मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब

**सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब**

# एनडीआरआई में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वाला मास्टरमाइंड गिरफ्तार



करनाल। जिला पुलिस ने एसपी शशांक कुमार सावन के कुशल मार्गदर्शन में कार्य करते हुए एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। एएसआई जसबीर सिंह इंचार्ज चौकी जलमाना की अध्यक्षता में उनकी टीम ने 12 अगस्त को विश्वसनीय सूचना पर आरोपी प्रवीण पुत्र अमरनाथ वासी बड़ा गांव थाना कुंजपुरा करनाल को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से ?50000 बरामद किए गए। जांच में पाया गया कि आरोपी ने एनडीआरआई में नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी की थी। और आरोपी ने ऐसी ही ठगी की अन्य वारदात को भी अंजाम दिया है। इस संबंध में शिकायतकर्ता पूजा पुत्री महेंद्र पाल डागी लोहार वासी, विश्वकर्मा कॉलोनी करनाल ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ 22 मई को थाना असंध में एनडीआरआई में नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करवाया था। आरोपियों द्वारा शिकायतकर्ता से फोन पर संपर्क किया गया था और पैसे लेकर एनडीआरआई में नौकरी लगवाने का झांसा दिया गया था और इस संबंध में शिकायतकर्ता से कुल 256000 रुपए ठगे गए थे। इस मामले में पहले ही 29 जून को दो आरोपी जरनैल सिंह उर्फ गुलशन बेदी उर्फ गुरुदयाल पुत्र कुरडिया राम वासी कुड़क थाना तरावड़ी हाल एकता कॉलोनी, प्रेम नगर करनाल और राजीव उर्फ राजीव गुप्ता पुत्र होई राम वासी शेखपुरा खालसा थाना घरौंडा को गिरफ्तार किया जा चुका है और न्यायालय मे पेश करके जेल भेजा जा चुका है। अब आरोपी प्रवीण को भी न्यायालय मे पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# युवाओं को नशे से बचाने आगे आए द ग्रेट खली, अकादमी में सिखा रहे रेसलिंग के गुर

## बोले- सेलिब्रिटी होने के बावजूद खली का युवाओं के बारे में सोचना बहुत ही सराहनीय



तरावड़ी। द ग्रेट खली दिलीप सिंह युवाओं को नशे से बचाने के लिए आगे आए हैं, वह नीलोखेड़ी के पास स्थित अकेडमी में न केवल युवाओं को रेसलिंग के गुर सिखा रहे हैं, बल्कि नशे के खिलाफ भी जागरूक कर रहे हैं। दिल्ली-चंडीगढ़ नैशनल हाईवे पर नीलोखेड़ी के पास स्थित अकेडमी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए द ग्रेट खली ने कहा कि देश में जिस प्रकार से नशा युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा है ये सबसे बड़ी चिंता का विषय बन गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार भी दिन-ब-दिन युवाओं में नशे की प्रवृति बढ़ती जा रही है। खली ने आश्वासन दिया है कि वे युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए स्वास्थ्य पर ध्यान देने के साथ-साथ उन्हें रेसलिंग के साथ जोड़ेंगे। इससे युवा नशे से दूर रहेंगे और शारीरिक तौर पर सक्षम भी होंगे। इस अवसर पर खली ने कहा कि देश में रोजाना किसी न किसी मां के लाल को नशे की लत की वजह से अपनी जान से हाथ धोना पड़ रहा है। ऐसे में उनकी तरफ से रेसलिंग खेल के जरिए उन्हें नशे से दूर रखने का प्रयास किया जाएगा।

समाजसेवक की भूमिका अदा कर रहे द ग्रेट खली = इस अवसर पर द ग्रेट खली से खास मुलाकात करने पहुंचे राजकीय आदर्श मॉडल सीनियर सकेंडरी स्कूल तरावड़ी के एस.एम.सी. कमेटी के चेयरमैन सुनील उर्फ सिल्ला ने कहा कि द ग्रेट खली नशे के विरोध में बहुत ही अच्छी मुहिम चला रहे हैं। वह देश के युवाओं के लिए जिस सोच से काम कर रहे हैं वह बहुत ही काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि खली एक सच्चे समाज सेवक की भूमिका अदा कर रहे हैं। एक सेलिब्रिटी होने के बावजूद खली का निजी तौर पर देश के युवाओं के बारे में इतनी गंभीरता से सोचना और उस पर अमल करना बहुत ही सराहनीय कार्य है।

**लोगों को खली से लेनी चाहिए प्रेरणा = चंद्रपाल नड़ाणा**

इस अवसर पर हास्य कलाकार चंद्रपाल नड़ाणा ने कहा कि देश और प्रदेश के अन्य लोगों को भी खली से प्रेरणा लेनी चाहिए। तभी स्वस्थ और युवा भारत के निर्माण का सपना साकार हो सकेगा। चंद्रपाल नड़ाणा ने कहा कि जिस तरह से खली ने समाज के लोगों की सोच बदलने का बीड़ा उठाया है उसी सोच के साथ अगर हर बड़ा इंसान कार्य करें तो देश में कोई भी काम नामुमकिन नहीं होगा। उन्होंने नशे के खिलाफ मुहिम में साथ देने के लिए खली का आभार जताया।

# श्रम बाहर से, धर्म भीतर से और उपासना लक्ष्य को शुद्ध करती : शंकराचार्य

गुरुग्राम। ऊर्ध्वाम्नाम श्री काशी सुमेरु पीठ, डुमराँव बाग कालोनी-अस्सी, वाराणसी में चातुर्मास कर रहे पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानन्द सरस्वती महाराज ने अपने चातुर्मास प्रवचन ÷ब्रह्म साधना के विषय में कहा कि श्रम बाहर से शुद्ध करता है और धर्म भीतर से, उपासना लक्ष्य को शुद्ध करती है, योगाभ्यास दृष्टा को दृश्य से अलग करता है, जिससे आत्मा को जाना जाता है । यह बात शंकराचार्य के निजी सचिव स्वामी बृजभूषणानन्द सरस्वती के द्वारा मीडिया के साथ सांझा की गई है । शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद महाराज ने कहा साधन साध्य की बात नहीं करता । वह तो सिद्ध वस्तु की बात कहता है । वह पाप, पुण्य, स्वर्ग, नरक, पुण्यात्मा पापी की बात नहीं करता ।वह तो व्यक्ति के कोरे अज्ञान की बात करता है । वेदान्त जो बात बताता है, वह किसी दूसरे साधन से मिल ही नहीं सकती । इसका कर्म, उपासना, योग, द्रविण प्राणायाम आदि से कोई सम्बन्ध नहीं है, बादरायण सम्बन्ध भी नहीं है । प्रमाण दूसरों के लिए होते हैं, स्वयम् के लिए नहीं । यदि शम, दम आदि साधना सम्पन्न होकर



जो वेदान्त का श्रवण करे, तो सुन करके ही ब्रह्म का बोध हो जाता है । श्रवण, मनन, निर्दिध्यासन से ही सब सम्पन्न हो जाता है । पूज्य शंकराचार्य जी महाराज ने ÷धर्म क्या है ? ÷ उन्होंने धीर गंभीर विषय पर कहा कि मन जो बाहर की ओर भागा जा रहा है, उसे रोककर भीतर की ओर, आत्मा की ओर लगाना ही धर्म है । इस प्रकार धर्म का आत्म ज्ञान के साथ समन्वय है । धर्म, उपासना और योग से जब अन्तःकरण शुद्ध होता है, तब वेदान्त बोध कराता है ।शुद्ध अन्तःकरण में ही ब्रह्म और आत्मा की एकता का बोध होता है । इससे पूर्व केवल कहने मात्र से बोध नहीं होता । जितनी भी प्रकार की साधनायें होती हैं, वे अनात्मा से आत्मा की ओर, भोग से योग की ओर, बाहर से भीतर की ओर ले जाने में सहायक होती हैं । धर्म क्रिया के विस्तार को रोकता है । उपासना वासना के विस्तार को रोकती है, योग मन की चंचलता के विस्तार को रोकता है, सांख्य वैराग्य को स्थिर करता है । सारे साधन अन्ततः एक ही जगह पहुँचते हैं ।

# स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा

पानीपत। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। मुख्य समारोह शिवाजी स्टेडियम के मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की फाईनल रिहर्सल रविवार को शिवाजी स्टेडियम के मैदान में की गई। इससे पूर्व उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जिला सचिवालय स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की व उसके पश्चात फाईनल रिहर्सल अवलोकन किया और उन्होंने समारोह को भव्य बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। 15 अगस्त को होने वाले मुख्य समारोह में विधानसभा के उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे और प्रातः 8:58 बजे ध्वजारोहण करेंगे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने फाईनल रिहर्सल में अपनी प्रस्तुति दी। इसके अलावा पुलिस परेड, एनसीसी और स्काउट एण्ड गाईड के बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभिन्न कार्यक्रमों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, पी0टी0शो व अन्य कार्यक्रम की फाईनल रिहर्सल भी की गई।

मुख्य समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गुरु ब्रह्मानंद स्कूल ऊटला का योगा प्रदर्शन, डॉ. एम के के स्कूल का समूह नृत्य, गुरु रामदास पब्लिक स्कूल का भांगड़ा, जी वी एम सनौली रोड समूह नृत्य, रा0 क0 वरि0 मा0 वि0 मडलौडा का हरियाणवी नृत्य, दा मिलेनियम स्कूल पानीपत की ओर समूह गीत, प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल का देशभक्ति समूह नृत्य,बाल विकास पब्लिक स्कूल मॉडल टाऊन का समूह नृत्य, एस0डी0वी0एम0 स्कूल का हरियाणवी समूह नृत्य होगा। डी ए वी थर्मल की ओर से होर्स राइडिंग भी होगी। एसपी अजीत सिंह शेखावत ने सभी पुलिस अधिकारियों को अच्छी तरह से परेड में शामिल होने और ड्यूटी में कोताही न बरतने के निर्देश दिए।

एडीसी वीना हुड्डा ने सभी टीमों के इंचार्ज को कहा कि वे मुख्य समारोह के दिन सुबह प्रातः ठीक 8:00 बजे अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को भी समय पर पहुंचकर अपनी ड्यूटी सही समय पर करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी, सीटीएम राजेश सोनी, एसडीएम वीरेन्द्र सिंह ढुल, जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया के अलावा जिले के विभिन्न विभागों के गणमान्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत इंद्री के विश्राम गृह परिसर में किया पौधारोपण



करनाल। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत वसुधा वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को इंद्री के विश्राम गृह परिसर में पौधारोपण करके पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव प्रगतिशील भारत के 75 वर्ष पूरे होने और यहां के लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को याद करने और जश्न मनाने के लिए भारत सरकार की ओर से की जाने वाली एक पहल है। यह महोत्सव भारत की जनता को समर्पित है, जिन्होंने न केवल भारत को उसकी विकास यात्रा में आगे लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, बल्कि उनके भीतर प्रधानमंत्री मोदी के भारत 2.0 को सक्रिय करने के दृष्टिकोण को संभव बनाने की शक्ति और क्षमता भी है, जो आत्मनिर्भर भारत की भावना से प्रेरित है। बता दें कि मेरी माटी-मेरा देश अभियान समूचे देश में मनाया जा रहा है जिसके तहत शिलाफलकम का समर्पण, वसुधा वंदन, वीरों का वंदन, ध्वजारोहण व राष्ट्रगान के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। भारत सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के समापन पर मेरी माटी-मेरा देश अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत हमारी मातृभूमि के वीरों को श्रद्धांजलि देने के राष्ट्रव्यापी प्रयास किए गए हैं और इस अभियान का थीम मिट्टी को नमन-वीरों को वंदन है।

आजादी के अमृत महोत्सव के समापन पर मेरी माटी - मेरा देश अभियान के तहत ग्रामीणों को राष्ट्र भावना से जोड़ते हुए हाथ में मिट्टी लेकर पंच प्रण की शपथ दिलाई जा रही है और ग्रामीणों द्वारा इस मिट्टी को अमृत कलश में छोड़ा जा रहा है। इसे एक स्थान पर एकत्रित करके दिल्ली कर्तव्य पथ ले जाकर नमन किया जाएगा। इस मौके पर इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, भाजपा जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा, मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद, जिला महामंत्री राजबीर शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता धर्मपाल शाडिल्य, नंद लाल पांचाल, अमित कांबोज खेड़ा, सुनील खेड़ा, महेंद्र प्रेमी, महम सिंह धीमान, रोहताश कांबोज, रणबीर गोयत, रघुबीर बतान सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जेबीडी समाज कल्याण समिति ने लगाया रक्तदान शिविर



करनाल। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जेबीडी समाज कल्याण समिति की ओर से 8 वें रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन राजघराना रिजॉर्ट कैथल रोड करनाल में किया गया। इस शिविर में जिला नागरिक अस्पताल करनाल की टीम की देखरेख में 120 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर मेयर करनाल रेणू बाला गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, किरण कपूर, सीनियर डिप्टी मेयर राजेश कुमार, रघुनाथ नगर करनाल के प्रधान अमित आहूजा, शिवनाथ कपूर, ईश कुमार गुलाटी, बिशन सिंह शेखावत, अमित भाटिया, लेख राज चधवा, भानू वैद, नवीन दत्ता, प्रदीप बरेजा, अशोक अरोड़ा आदि ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए मेयर रेनूबाला गुप्ता ने कहा कि रक्तदान महादान होता है और उसे कोई भी कर सकता है। सभी को जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए इससे कोई कमजोरी नहीं आती। रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है और शरीर में नए रक्त का संचार होता है। डा. भारत भूषण कपूर ने बहुत से लोगों को तत्काल रक्त की आवश्यकता होती है और रक्तदान करके हम आसानी से उन्हें जीवनदान दे सकते हैं। यह दुनिया में किसी काम को करके मिलने वाली सबसे बड़ी संतुष्टि में से एक है, जिसे रक्तदान करने वाला ही अनुभव कर सकता है। इसके अलावा रक्तदान करने वाला व्यक्ति समाज में गौरवान्वित स्थान रखता है और दूसरों के लिए प्रेरणा होता है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष डॉक्टर भारत भूषण कपूर ने स्वतंत्रता दिवस की सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# डांस प्रतियोगिता में डिंपल ने मारी बाजी मंजू रही दूसरे स्थान पर



सिवानी मंडी। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर आजादी के महोत्सव के अंतर्गत खण्ड स्तरीय डांस प्रतियोगिता का आयोजन शहर के अग्रसेन भवन में आयोजित किया गया ।जिसमें सिवानी खंड के 110 बच्चों ने हिस्सा लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया इस बारे में जानकारी देते हुए ।आयोजक मनोज जांगड़ा ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने अपना प्रदर्शन किया इस प्रतियोगिता में जूनियर सीनियर वर्ग में प्रतिभागियों ने समाज में फैली कुरीतियां, देश भक्ति एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद के सदस्य मुकेश डालमिया ने शिरकत की एव अध्यक्षता जिला परिषद के सदस्य प्रतिनिधि विक्रम जांगडा ने की । कार्यक्रम की शुरुआत की माँ सरस्वती की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्वलन कर की गई । आयोजित डांस प्रतियोगिता में सीनियर रूप में डिंपल ने प्रथम स्थान मंजू ने दूसरा स्थान एवं खुशी ने तीसरा स्थान हासिल किया वहीं जूनियर वर्ग में कनिका ने प्रथम स्थान सौम्या ने द्वितीय एवं नव्या ने तीसरा स्थान हासिल किया सभी विजेताओं को प्रशंसा पत्र एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बोडीसी वॉइस चेयरमैन पवन खोखर, सरपंच रमेश सिंधु, प्रोफेसर सुनीता जनावा,रुचि जागुड,ललित , नवीन सुरतपुरिया ,संदीप खेड़ा, ब्रह्मप्रकाश बेनीवाल ,सांवरमल बंसल, नरेश पुनिया ,प्रवीण , नसीब खान,रामनिवास बंसल ,मोहित बंसल ,मुकेश शर्मा ,सतपाल तलवानी,संदीप खेड़ा ,सुरेश जाखड़ सुबेन लीलस , बलजीत मिल, महेंद्र गहलोत, लाल सिंह लालू परविंद्र तंवर, सुनीता वर्मा, मौजूद रहे ।

# मुख्यमंत्री ने खुले दिल से विकास कार्यों के लिए ग्रांट की स्वीकृत

करनाल - हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का जन संवाद कार्यक्रम करनाल जिला के इंद्री विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए कई मायनों में अहम रहा। एक ओर मुख्यमंत्री ने खुले दिल से विकास कार्यों के लिए ग्रांट स्वीकृत की तो वहीं दूसरी ओर मौके पर ही गांव की सार्वजनिक समस्याओं व लोगों की व्यक्तिगत शिकायतों को भी सुनकर अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके बाद कई लोगों को मौके पर ही वृद्धावस्था सम्मान भत्ता व परिवार पहचान पत्र बनाए गए जिससे लोग सरकार की तारीफ करते नजर आए।

28 वर्ष पुरानी गऊ चरान की जमीन पर हुए कब्जे को छुड़वाने की आशा

मुख्यमंत्री के जैनपुर साधान गांव में जन संवाद कार्यक्रम के दौरान रामगढ़ गांव के एक फरियादी ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि उनके गांव में पुराने समय में 136 कनाल 19 मरले जमीन गऊ चरान के लिए छोड़ी गई थी। परंतु कुछ लोगों ने जमीन पर पिछले 28 वर्षों से जबरन कब्जा किया हुआ है। इसके लिए गांव के कई लोगों ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से भी गुहार लगाई परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई यहां तक कि सीएम विंडो पर भी शिकायत दे चुके हैं। मुख्यमंत्री इस बात को सुनकर अचंभित हुए कि करीब 17 एकड़ से अधिक पंचायती जमीन पर इतने लंबे समय समय से लोग कब्जा किए हुए हैं। उन्होंने उपायुक्त श्री अनीश यादव को निर्देश दिए कि 16 अगस्त को प्रातः 11 बजे इस मामले में सुनवाई करें और उन्हें सूचित करें।

इसी प्रकार गांव कलरी जागीर के एक फरियादी ने बताया कि 2 दिसंबर 2022 को उनकी गर्दन पर चाकू से कुछ लोगों ने हमला कर दिया था, जिसकी चोट की फोटो व मेडिकल रिपोर्ट भी उनके पास है। फिर भी इस मामले में पुलिस ने किसी को गिरफ्तार नहीं किया और न ही उनकी सुनवाई की जा रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन को निर्देश दिए कि पुलिस अधीक्षक भी 16 अगस्त को प्रातः 11 बजे इस मामले की सुनवाई करें और इतना ही नहीं जिले के पुलिस से संबंधित इस प्रकार के जितने भी मामले हैं उन सभी की सुनवाई करें और जब तक सुनवाई नहीं होती कार्यालय में ही उपस्थित रहें।

इंद्री हलके में 76 किलोमीटर सड़कों का होगा कायापलट

जन संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विधायक श्री रामकुमार कश्यप तथा आस -पास के गांवों के सरपंचों द्वारा रखी गई मांगों को स्वीकार करते हुए 76 किलोमीटर लंबाई की 15 सड़कों की मरम्मत, सुदृढ़ीकरण व चौड़ीकरण का कार्य जिस पर करीब 25 करोड़ रुपये खर्च होंगे। जैनपुर साधान गांव में अब तक विकास कार्यों पर 2.24 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। उन्होंने बारात घर का अधूरा काम पूरा करवाने, एससी चौपाल का नवीनीकरण, शिव धाम का रास्ता, चारदीवारी व शैड, आयुर्वेद डिस्पेंसरी खोलने की स्वीकृति प्रदान की। जन संवाद कार्यक्रम के दौरान सरपंचों द्वारा गांव में ग्राम सचिवालय, व्यायामशाला बनाने की रखी जा रही मांग को मुख्यमंत्री ने मौके पर ही स्वीकृति प्रदान करते हुए जानकारी दी कि आगे से भविष्य में गांव में लाइब्रेरी खोलने की भी योजना तैयार कर ली गई है। गांव की आबादी के अनुसार इसकी व्यवस्था की जाएगी ताकि बच्चों को प्रतियोगिता व पढ़ाई करने की सुविधा मिल सके।

# करनाल पुलिस ने जिले भर में अपराध नियंत्रण व स्वतंत्रता दिवस के मध्यनजर चलाया नाइट डोमिनेशन अभियान

करनाल। पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार गत रात्रि नाइट डोमिनेशन अभियान के तहत एसपी शशांक कुमार सावन के दिशा निर्देशों के अनुसार जिला पुलिस ने अपराध नियंत्रण व स्वतंत्रता दिवस के मध्यनजर सुरक्षा हेतु पुख्ता इंतजाम के लिए जिले भर में विभिन्न स्थानों पर टाइट नाकाबंदी की। जिला पुलिस ने रात्रि 1 से सुबह तक यह अभियान चलाया। अभियान के दौरान सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने-अपने इलाकों में गस्त की। साथ ही विभिन्न स्थानों को चिन्हित करके दुरुस्त नाकाबंदी की गई। पुलिस द्वारा होटल, धर्मशाला, ढाबों व अन्य रैन बसेरों की गहनता से चेकिंग की। इस अभियान का उद्देश्य आमजन को परेशान करना नहीं बल्कि उन्हें सुरक्षित करना है। अभियान के पीछे उद्देश्य यह है कि अपराधी रात के समय वारदात को अंजाम देने निकलते हैं और उनको काबू किया जा सके। इस तरह सड़क पर पुलिस की उपस्थिति कई तरह की अपराधी गतिविधियों को रोकने में कारगर साबित होती है। पुलिस का सड़क पर आम आदमी को सुरक्षा का एहसास दिलाता है। नाइट डोमिनेशन के दौरान जिला पुलिस ने पहले भी काफी सफलता हासिल की है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिला के विभिन्न स्थानों को चिन्हित करके 44 स्थान पर नाकाबंदी की गई व 61 पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की गई और अपने-अपने एरिया में गस्त की गई। इस दौरान कुल 1648 दो पहिया, चार पहिया, हल्के और भारी कमर्शियल वाहनों की गहनता से जांच की गई। यातायात के नियमों का पालन न करने वाले एक वाहन को इंपाउंड किया गया। इस दौरान 147 सार्वजनिक स्थानों को चेक किया गया और 29 संदिग्ध अजनबी व्यक्तियों की तस्दीक हेतु स्ट्रेंजर रोल फॉर्म जारी किए गए। इस दौरान जिले भर में अलग अलग जगह पर करीब 500 पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

# मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत गांव ढूंडवा में फहराया तिरंगा किया पौधारोपण

कलायत। आजादी के अमृत महोत्सव पर मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत सरपंच सुरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गांव ढूंडवा के ग्राम सचिवालय में तिरंगा फहरा कर गांव में पौधरोपण किया गया। हाथों में माटी लेकर ग्रामीणों को पांच प्रण प्रतिज्ञा की शपथ दिलवाई गई।सरपंच सुरेन्द्र सिंह कहा कि वीरों ने अपने आप को देश को आजादी दिलाने के लिए बलिदान कर दिया। उनकी याद में कई कार्यक्रम किए जा रहे हैं। अमृत महोत्सव के अवसर पर ग्रामीण शमशेर सहरावत ने अपना 100 गज में बना मकान गांव में लाइब्रेरी बनाने के लिए पंचायत को दान किया गया ताकी गांव के बच्चों का भविष्य उज्जवल बन सके। इस अवसर पर सरपंच सुरेन्द्र सिंह और पंचों द्वारा शमशेर सहरावत का तह दिल से धन्यवाद किया

# भारत में अब नहीं चलेगा भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टिकरणः ओम प्रकाश धनखड़

चंडीगढ़। भारत की राजनीति से भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टिकरण का जमाना चला गया है। देश की जनता अपने बीच से ईमानदार सोच के व्यक्ति को राजनीति में आगे बढ़ाना चाहती है, और यही सोच भाजपा की है। देश की राष्ट्रपति आदिवासी समाज से, उपराष्ट्रपति किसान के घर से और पीएम मोदी गरीब घर से राजनीति में आए और देश के शीर्ष पदों को सुशोभित कर रहे हैं। हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने रविवार को बहादुरगढ़, कलानौर और कालांवाली विधानसभा क्षेत्रों के पन्ना प्रमुख सम्मेलनों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा का पन्ना प्रमुख देश का प्रधानमंत्री, प्रदेश का मुख्यमंत्री और भाजपा राष्ट्रीय व प्रदेश अध्यक्ष बन सकता है। इसलिए पन्ना प्रमुख भाजपा संगठन की असली ताकत है। हरियाणा में 55 विधानसभा क्षेत्रों में पन्ना प्रमुख सम्मेलन संपन्न हो चुके हैं। दो लाख 20 हजार पन्ना प्रमुख पोर्टल पर दर्ज हो चुके हैं। सितंबर तक तीन लाख 46 हजार पन्ना प्रमुख लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि पूरी कांग्रेस एक ही परिवार को आगे बढ़ाने में लगी हुई है। कांग्रेस के शासनकाल में 12 लाख करोड़ के घोटाले हुए। तुष्टिकरण की सारी सीमाएं लांघी गई। कांग्रेस ने रामलला को वर्षों तक टैंट में बैठाकर रखा। राम मंदिर निर्माण में बाधा डालने के लिए सुप्रीम कोर्ट में 21-21 वकील खड़े कर दिए। अब श्रीराम का अयोध्या में भव्य मंदिर बन रहा है तो ये कांग्रेसी श्रीराम के दर्शन करने अयोध्या पहुंच रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जब जम्मू-कश्मीर में धारा-370 हटाई तो इन्होंने कहा कि गलत हुआ है। अब मेवात में भाजपा ने नगर निकाय, खंड समितियों और जिला परिषद में जीत प्राप्त की तो कांग्रेस व आप को भाजपा की जीत हजम नहीं हुई। भाजपा का बढ़ता जनाधार कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को रास नहीं आ रहा है और वे नए-नए प्रपंच रच रही हैं। ये कांग्रेसी बड़े मायावी हैं, दिखते कहीं और है, बातें कहीं और की करते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को सोच कर बोलना सीखना होगा। मां भारती अमर व अविनाशी है। जब देश का एक नागरिक भी जिंदा है तब तक मां भारती अमर है।



**तीन लाख 27 हजार लोगों ने दिया बलिदान**

श्री धनखड़ ने कहा कि देश की आजादी के आंदोलन में तीन लाख 27 हजार लोगों ने बलिदान दिया। लगभग 12 हजार लोगों को अंग्रेज शासको ने कोर्ट से फांसी की सजा दिला दी। इनमें शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव जैसे बलिदानी शामिल हैं। रामप्रसाद बिस्मिल,राजेंद्र लाहिड़ी, ठाकुर रोशन सिंह जैसे क्रांतिकारियों ने अपने जीवन का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में इन वीर बलिदानियों की स्मृति में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी को भी कांग्रेस ने विभाजन की विभीषिका में बदल दिया। करोड़ों लोग विस्थापित हुए और दस लाख लोग मारे गए। यह पाप कांग्रेस ने किया है।

**मेवात हिंसा के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा**

प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ ने कहा कि मेवात प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। शहरी निकाय, ब्लॉक समिति, जिला परिषद में भाजपा को विजय मिली। यह कांग्रेस व आप जैसी पार्टियों को हजम नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मेवात के लोगों की भावनाओं के अनुरूप किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

15 अगस्त

# स्वतंत्रता दिवस



*'रात 12 बजे जब दुनिया सो रही होगी तब भारत जीवन और स्वतंत्रता पाने के लिए जागेगा। एक ऐसा क्षण जो इतिहास में दुर्लभ है, जब हम पुराने युग से नए युग की ओर कदम बढ़ाएंगे... भारत दोबारा अपनी पहचान बनाएगा।'* - पंडित जवाहरलाल नेहरू

यह एक देश भक्ति से भरा हुआ हृदय था, जिसमें आज़ादी के लिए प्यार और हमारी प्यारी मातृभूमि के लिए अमर समर्पण था जो 200 साल तक अँग्रेज़ों के राज के अधीन रहने के पर भी बना रहा और हमें अँग्रेज़ों से आज़ादी मिली। 15 अगस्त 1947, वह दिन था जब भारत को ब्रिटिश राज से आज़ादी मिली और इस प्रकार एक नए युग की शुरुआत हुई जब भारत के मुक्त राष्ट्र के रूप में उठा। स्वतंत्रता दिवस के दिन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र, भारत के जन्म का आयोजन किया जाता है और भारतीय इतिहास में इस दिन का अत्यंत महत्व है।

भारतीय स्वतंत्रता के संघर्ष में अनेक अध्याय जुड़े हैं जो 1857 की क्रांति से लेकर जलियाँवाला बाग नरसंहार, असहयोग आंदोलन से लेकर नमक सत्याग्रह तक अनेक है। भारत ने एक लंबी यात्रा तय की है जिसमें अनेक राष्ट्रीय और क्षेत्रीय अभियान हुए और इसमें उपयोग किए गए दो प्रमुख अस्त्र थे सत्य और अहिंसा। हमारी स्वतंत्रता के संघर्ष में भारत के राजनैतिक संगठनों के व्यापक रंग, उनकी दर्शन धारा और आंदोलन शामिल हैं जो एक महान कारण के लिए एक साथ मिलकर चले और ब्रिटिश उप-निवेश साम्राज्य का अंत हुआ और एक स्वतंत्र राष्ट्र का जन्म हुआ। यह दिन हमारी आज़ादी का जश्न मनाने और उस सभी शहीदों को श्रद्धांजलि देने का अवसर जिन्होंने इस महान कारण के लिए अपने जीवन का बलिदान कर दिया। स्वतंत्रता दिवस पर प्रत्येक भारतीय के मन में राष्ट्रीयता, भाई-चारे और निष्ठा की भावना भर जाती है।

### अनेकानेक आयोजन

स्वतंत्रता दिवस को पूरी निष्ठा, गहरे समर्पण और अपार देश भक्ति के साथ पूरे देश में मनाया जाता है। स्कूलों और कालेजों में यह दिन सांस्कृतिक गतिविधियों, कवायद और ध्वज आरोहण के साथ मनाया जाता है। दिल्ली में प्रधानमंत्री लाल किले पर तिरंगा झंडा फहराते है और इसके बाद राष्ट्र गान गाया जाता है। वे राष्ट्र को संबोधित भी करते है और पिछले एक वर्ष के दौरान देश की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते है तथा आगे आने वाले समय के लिए विकास का आह्वान करते हैं। इसके साथ वे आजादी के संघर्ष में शहीद हुए नेताओ को श्रद्धांजलि देते हैं और आजादी की लड़ाई में उनके योगदान पर अभिवादन करते हैं। एक अत्यंत रोचक गतिविधि जो स्वतंत्रता दिवस के साथ जुड़ी हुई है, वह है पतंग उड़ाना, जिसे आज़ादी और स्वतंत्रता का संकेत कहा जाता है।



## कविता

### मेरे देश का झंडा 'तिरंगा', सबसे अनोखा सबसे निराला,

तीन रंग इसमें हैं समाहित, बीच में नीला चक्र है डाला।
सबसे प्रथम रंग केसरिया, बलिदानों की कथा सुनाता,
शहीदों की याद दिलाता, देशप्रेम का भाव जगाता।
दूजा रंग सफेद है बच्चा, सबसे सादा सबसे सच्चा,
सदाचार, शांति की भावना, निर्मल, पावन मनोकामना।
तीजा रंग हरा हरियाला, प्रगति का रथ इसने संभाला,
मेहनतकश बन जाएं सारे, माटी देश की रूप निखारे।
सबके बीच इक चक्र है भैया, चौबीस कांटी समय का पहिया,
कहता सदा है चलते जाना, धर्म और सत्य की राह
अपनाना।
रोचिका शर्मा, चेन्नई

### लड़कियो की आजादी -देश की आजादी

है प्रीत जहां की रीत सदा मैं जन्म वहां पे लेती हूं,
भारत मे जन्म लेकर मैं, भारत मां की याद दिलाती
हूं।, लड़के -लड़की का भेद नहीं और दिल से
गहरा नाता है, कुछ और नहीं आता मुझको बस
प्यार लुटाना आता हैं।। है मान चुकी सारी दुनिया में
बात में बात वही दुहराती हूँ भारत की रहने वाली हूँ
भारत मां की याद दिलाती हूँ।।

मॉर्डन कविता

*एक माँ जब कन्या भ्रू हत्या विषय पर लेख पढती है तब एक बेटी कोख से अपनी माँ से पूछती है कि-*



ममी-ममी यस बेटी,
मैं जन्मूंगी,
नो बेटी,
मुझे भ्रूण में मारोगी,
यस बेटी,
दुनिया में लाओगी
नो। नो। नो।
भारत आजाद तभी होगा
जब देश में कन्या का जन्म होगा ,वध नही.........
लड़कियो की आजादी -देश की आजादी
प्रदीप सॉंखला
-बिलाड़ा,जोधपुर

### प्यारा तिरंगा शान से, लहर-लहर लहराएगा।

भारत का हर देशभक्त, वंदे मातरम् गाएगा।।
आन-मान-मर्यादा का, हरदम शान बचाना होगा।
अपने देश के अंदर फिर से, सच्चाई को लाना होगा।।
देश का सर्वोच्च सदस्य, झंडे को फहराएगा।
अपमान न इसका होने पाए, जन-जन की अभिलाषा है।
भारत का भविष्य सजाने वाले, लोगों को तुमसे आशा है।।
मेरा देश एक दिन फिर से, सोने की चिड़िया कहलाएगा।
दुश्मन को चकनाचूर करेंगे, सरहद पर झंडा फहराएंगे।
भारत मां की रक्षा की खातिर, तरकश से बाण चलाएंगे।।
आतंकवाद यहां नहीं चलेगा, आतंकी को मार गिराएंगे।
जय हिन्द जय-जय भारत की, गाथा तुम्हें सुनाएंगे।।
शम्भू नाथ



# परिवार के लिए क्या है आजादी का अर्थ?

**डॉ. क्षमा शर्मा**

**दरअसल आजादी के अर्थ उसकी परिभाषाएं सबके लिए अलग-अलग होती हैं। देश, काल समय के अनुसार वे बदलती भी रहती हैं। आदमी, औरत, बच्चे यहां तक कि पशु-पक्षियों तक को अजादी पसंद होती है। जिस तरह देश के लिए आजादी का मतलब है कि हमें किसी की पराधीनता स्वीकार नहीं है। वैसे ही आखिर परिवार के लिए आजादी का क्या अर्थ है? परिवार में जितने लोग रहते हैं क्या उन सबके लिए आजादी के एक जैसे अर्थ होते हैं, शायद नहीं।**

परिवार के हर सदस्य के लिए आजादी का अर्थ अलग है और अपने हित से भी जुड़ा है। बिना निजी हितों से जुड़े आजादी के किसी के लिए कोई मायने नहीं होता। संयुक्त परिवार में आपस में हितों की इतनी टकराहट होती है कि वहां आजादी के अर्थ खोजना दिलचस्प होगा। मान लीजिए एक परिवार में माता-पिता, एक बेटा उसकी पत्नी और एक बेटी रहते हैं तो अब इस परिवार में बहू के लिए आजादी क्या वही होगी, जो सास के लिए होती है।

### आजकल हालांकि सासें

काफी बदल गई हैं, लेकिन फिर भी उन्हें यह लगता है कि पूरी जिंदगी तो वे इस परिवार के लिए खटती रही हैं। हाय मेरा घर, उसका खर्चा, बचत, मेरे बच्चे, उनका करियर, उनका स्वास्थ्य, उनकी अच्छी नौकरी, फिर शादी की चिंता करते-करते जिंदगी बीत गई। अब जीवन के जो कुछ वर्ष बचे हैं, तो उन्हें कुछ शांति और आराम से बिता लें। काम से कुछ निजात मिले। कहीं आ-जा सकें।

### सास के बरक्स बहू की

आजादी के सपने क्या होंगे। अभी-अभी तो शादी हुई है, अभी से क्या घर के काम में खटने लगें। कुछ घूमें-फिरें, एंजॉय करें। अभी नहीं करेंगे तो कब करेंगे। जिम्मेदारियां संभालने के लिए तो उम्र पड़ी है। नौकरी करके घर पहुंचें तो कम से कम खाना न बनाना पड़े। कोई एक प्याला चाय देने वाला हो। ननद किसी काम में खोट निकालने वाली और चुगलखोर न हो।

यह नहीं आता, वह नहीं आता, अपने मायके से कुछ नहीं लाई आदि बातें किसी से न सुनना पड़े। घूंघट तो हर्गिज न हो। कोई कमाई के पैसे पर भी चील नजर न रखे। जो मन चाहे पहन सकूं। जो मन चाहे खा सकूं, जब चाहे मायके जा सकूं। कोई रोक-टोक न हो। बहू पर रोक-टोक का न होना ही उसकी असली आजादी है।

### अब इस परिवार की लड़की

के बारे में सोचें। वह सोचेगी कि घर में आते ही भाभी उसके भाई पर कब्जा न कर ले। माता-पिता की जो चीजें हैं, उन पर अपना अधिकार न जमाने लगे। बात-बात पर टोकने न लगे। उसे प्रतिद्वंद्वी न माने। उसके पढ़ने-लिखने, खाने, दोस्तों से मिलने पर किसी रोक-टोक का सामना न करना पड़े। भाभी सहेली की तरह हो न कि उसे बोझ समझे। दोनों हिल-मिलकर रह सकें। भाई पहले की तरह ही उसका खयाल रखे। उसकी बात भी घर में सुनी जाए।

### वहीं घर के पुरुषों में पिता

के बारे में पहले सोचें। उनकी आजादी का क्या अर्थ है। पिता की इच्छा होगी कि अब तक घर में जो सुख-शांति है, उसे बने रहना चाहिए। बेटा अब तक जो आदर करता आया है, उसमें कोई कमी न आए। वह बात-बात पर अब यह न कहने लगे कि कोई उसे बिना मांगी सलाह न दे। उसे अपनी जिंदगी जीने दी जाए। घर में पैसे टके और अधिकारों को लेकर परिवार के किसी सदस्य के बीच में वैमनस्य और मतभेद इतने न हो जाएं कि अलगाव की नौबत आ जाए।



### दूसरी तरफ बेटे


का सोच क्या होगा। वह सोचेगा कि अब वह बच्चा नहीं रहा। माता-पिता बात-बात में न टोकें और न हर पल जिम्मेदारी का अहसास कराते रहें। रात-बिरात देर से लौटें तो पहले की तरह डांट न पड़े। उसकी पत्नी को बाहरी न मानकर अपना समझा जाए। उसके परिवार की भी इज्जत की जाए। साथ ही पत्नी उसके माता-पिता की इज्जत करे। आते ही अलग हो जाने की बात न करने लगे।

बेटा होने के नाते अगर माता-पिता की देखभाल करता है ,तो उसमें अडंगा न लगाए। दफ्तर से लौटने में अगर थोड़ी देर हो जाए तो पत्नी मास्टर बनकर पूछताछ न करने लगे। अगर ये बातें नहीं तो कैसी आजादी! तो देखिए, परिवार में जितने लोग उनकी उतनी ही उनकी इच्छाएं, आकांक्षाएं। आजादी का असली मतलब भी यही है कि घर में परिवार में हर एक को अपनी बात कहने की और दूसरे की सुनने की आजादी हो।

हर कोई दूसरे की इच्छा का सम्मान करे। क्योंकि घरों से मोहल्ला बनता है। मोहल्लों से गांव और नगर। नगर से महानगर, इन सबसे मिलकर देश। तो आजादी के मायने उसे मनाना सेलिब्रेट करना तो है ही। हर घर और परिवार की खुशी के लिए भी जरूरी है हम एक-दूसरे का खयाल करें। दूसरों की इच्छाओं को अपनी मानकर पूरा करें। हम किसी की मदद करेंगे तो कोई और हमारी। ऐसे ही तो आदान-प्रदान का सिलसिला शुरू होता है।

इस तरह की मदद को उठे हाथ ही तो देश को बनाते हैं। देश की तरक्की में सही भूमिका निभाते हैं। सच्ची आजादी का अर्थ बताते हैं। देश की आजादी को हमेशा तरक्की के रास्ते पर डालकर ही आगे बढ़ाया जा सकता है।

# क्यों महात्मा गांधी ने 15 अगस्त 1947 को तिरंगा नहीं फहराया



14 अगस्त 1947 की रात को जब संविधान सभा की बैठक राष्ट्रपिता का नाम लेकर शुरु हुई उस वक्त सभा के बाहर महात्मा गांधी की जय के नारे लगाये जा रहे थे, लेकिन इन सब के बीच महात्मा गांधी वहां मौजूद नहीं थे। जिस रात देश की आजादी की घोषणा हो रही थी उस वक्त महात्मा गांधी कलकत्ता में थे और उन्होंने किसी भी कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया और ना ही तिरंगा फहराया। लेकिन इसके पीछे की वजह काफी अहम है। बापू ने 15 अगस्त को रखा था 24 घंटे का उपवास भारत का विभाजन एक ऐसी घटना हुई जिसने हजारों लोगों के खून की बलि ली थी। 16 अगस्त 1946 को कलकत्ता में हिंदू मुस्लिम दंगे शुरु हो गये थे जोकि पूरे बंगाल में धीरे-धीरे फैल गये थे। देशभर में मचे कत्लेआम के खिलाफ 15 अगस्त के दिन महात्मा गांधी ने 24 घंटे का उपवास रखा था। महात्मा गांधी का कहना था कि जिस आजादी के लिए उन्होने इतना संघर्ष किया उसकी कीमत भारत का विभाजन के रूप में चुकानी पडी।

क्या आप कत्लेआम के बीच उत्सव मनाना चाहते हैं 14 अगस्त की शाम को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ने बापू से मुलाकात की और उनसे 15 अगस्त को होने वाले कार्यक्रमों में हिस्सा लेने का आग्रह किया। उस वक्त बापू ने कहा कि हर तरफ लोग भूख से मर रहे हैं, क्या आप इन सबके बीच में उत्सव मनाना चाहते हैं।

### भूल जाइये कि मुझे अंग्रेजी आती है

उस वक्त बापू से एक वरिष्ठ पत्रकार ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर संदेश देने को कहा तो बापू के शब्द थे हमारे यहां अकाल है। वहीं बीबीसी ने जब बापू से संदेश लेने की कोशिश की तो गांधी जी ने बीबीसी से जवाहरलाल नेहरू से बात करने को कहा था। लेकिन बीबीसी ने एक बार फिर बापू से कहा कि आपका संदेश काफी अहम है क्योंकि यह कई देशों में कई भाषाओं में अनुवाद करके सुनाया जाएगा। लेकिन व्यथित बापू ने यह कहकर इनकार कर दिया कि आप भूल जाइये कि मुझे अंग्रेजी आती है।



## 15 अगस्त व्यंजन

### तिरंगा ब्रेड केक



**सामग्री:** ब्रेड एक बड़ा पैकेट, एक आम, मलाई एक कटोरी, पिसी हुई शक्कर एक कटोरी, गुलाब जल एक चम्मच, सजाने के लिए काजू, किशमिश, बादाम, अमरूद का जैम आवश्यकतानुसार।

**विधि :** सर्वप्रथम मलाई में आधा कटोरी शव कर व गुलाब जल मिलाकर इसे अच्छी तरह फेंटे। बाकी बची हुई शक्कर आम में मिलाकर उसे फेंटें। अब किसी प्लेट में एक ब्रेड रखें, उस पर आम का मिश्रण फैलाएं, इस पर दूसरी ब्रेड रखकर मलाई का मिश्रण फैलाएं। अब उसके ऊपर ब्रेड की तीसरी स्लाइस रखकर उस पर जैम लगाएं। इसी प्रकार चौथी ब्रेड रखकर मलाई का मिश्रण लगाएं। अब सजावट हेतु काजू, किशमिश आदि चिपकाएं तथा इसे केक की तरह सर्व करें।

### लाजवाब तिरंगी खोया बर्फी



**सामग्री :** 400 ग्राम खोया या मावा (फ्रेश), 350 ग्राम शक्कर, 150 ग्राम पनीर, मीठा पीला व हरा रंग, चांदी का बरक, आधा चम्मच इलायची पावडर।

**विधि :** सबसे पहले खोया और पनीर को कद्दूकस करके रख लें। अब इसमें शक्कर मिलाएं, तत्पश्चात कढ़ाही में मध्यम आंच पर पकने दें। मिश्रण गाढ़ा होने पर गैस बंद कर दें। अब तैयार मिश्रण को तीन भागों में बराबर बांट लें। पहले वाले को सफेद रखें।

दूसरे भाग में मीठा पीला व तीसरे भाग में हरा रंग मिला लें। हल्के हाथ से मोटा बेल लें और सबसे नीचे हरा, फिर सफेद और ऊपर पीले रंग की जमा दें और हल्के से हाथ से दबा कर बरक चिपका दें। अब इसको चौकोर शेप छोटे-छोटे साइज में काटें और लाजवाब तिरंगी बर्फी पेश करें।

## कानपुर को हराकर लखनऊ मंडल पहुंचा सेमी फाइनल में

**लखनऊ।** लखनऊ मंडल के खेल प्रेमियों के लिए आज दो खुशखबरी आयी। एक तरफ आगरा में चल रहे सब जूनियर बालक फुटबाल चैंपियनशिप में लखनऊ मंडल ने कानपुर को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं मऊ में चल रहे जूनियर बालक स्टेट फुटबाल चैंपियनशिप में भी गुरुगोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आगरा में अंडर-16 सब जूनियर बालक फुटबाल चैंपियनशिप का क्वार्टर फाइनल कानपुर मंडल और लखनऊ मंडल के बीच खेला गया। इस मैच में 17 मिनट तक तो दोनों टीमें गोल के लिए कसम-कस करती रहीं, लेकिन 18वें मिनट में लखनऊ मंडल के गौतम थारू ने एक गोल कर बढ़त बना ली। इसके बाद कानपुर मंडल अभी बराबरी करने का प्रयास कर ही रहा था कि लखनऊ मंडल ने 43वें मिनट में एक गोल और दाग दिया। इसके बाद 56वें मिनट में लखनऊ मंडल ने एक और गोलकर मैच को तीन-शून्य से जीतकर सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं दूसरी तरफ मऊ में चल रहे अंडर-19 जूनियर बालक स्टेट फुटबाल चैंपियनशिप में भी लखनऊ मंडल को सफलता हाथ लगी। वहां भी लखनऊ मंडल और गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। इसमें लखनऊ मंडल ने गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज को तीन-शून्य से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इसमें भी पहले 17 मिनट तक दोनों टीमें गोल के लिए तरसती रहीं, लेकिन 18वें मिनट में लखनऊ मंडल के निरंजन ने एक गोल कर दिया। इसके बाद निरंजन ने ही लखनऊ मंडल के लिए 29वें मिनट और 44वें मिनट में एक-एक गोल किये और लखनऊ मंडल ने तीन-शून्य से मैच जीत लिया।

## संप्रीति कप फुटबॉल मैच 10 सितंबर को

**जलपाईगुड़ी।** जिले के राजगंज ब्लॉक में संप्रीति कप फुटबॉल मैच का आयोजन 10 सितंबर को किया जाएगा। आमबाड़ी चिंतामोहन हाई स्कूल में एक संप्रीति कप फुटबॉल मैच का आयोजन



किया जाएगा। तृणमूल युवा कांग्रेस की तरफ से फुटबॉल मैच का आयोजन किया जाएगा। आमबाड़ी शक्तिसोपान क्लब में पत्रकार सम्मेलन कर राजगंज ब्लॉक युवा तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष तुषार कांति दत्त ने इसकी जानकारी दी।

तुषार कांति दत्त ने कहा कि 10 सितंबर को आमबाड़ी चिंतामोहन हाई विद्यालय के मैदान में चौथी बार संप्रीति कप एक दिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया जा रहा है। इस एक दिवसीय फुटबॉल मैच में आठ टीमें हिस्सा लेंगी। विजेता टीम को 60 हजार और उपविजेता टीम को 40 हजार नगद सहित ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावे मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ दी टूर्नामेंट से भी खिलाड़ियों को सम्मनित किया जाएगा।

## पेरिस ओलंपिक में पहुंची ऑस्ट्रेलियाई हॉकी टीम

**वांगरेई ।** ऑस्ट्रेलिया की पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने 2023 ओशिनिया कप जीतकर 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिये क्वालीफाई कर लिया है। दोनों टीमों ने न्यूजीलैंड को हराकर ओलंपिक में जगह पक्की की। ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में 3-1 से जीत दर्ज की, जबकि महिला टीम ने न्यूजीलैंड को 3-0 से हराया। इसके साथ ऑस्ट्रेलिया ओशिनिया के महाद्वीपीय चैंपियन के रूप में ओलंपिक खेलों के लिये सीधे क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गयी। फ्रांस ने मेज़बान होने के नाते 2024 खेलों के लिये क्वालीफाई किया है। ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम ने कुल मिलाकर दो जीत और एक हार के साथ छह अंक हासिल किये, जबकि महिला टीम ने दो जीत और एक ड्रॉ की बदौलत सात अंक जुटाए। ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम के खिलाड़ी जेक हार्वी ने कहा, 'न्यूजीलैंड ने इसे बहुत प्रतिस्पर्धी शृंखला बनाया, लेकिन हम ओलंपिक खेलों के लिये क्वालीफाई करके बहुत खुश हैं। खेलों से पहले हमें बहुत काम करना है, लेकिन अभी हमें उस पल का आनंद लेना होगा कि हमें ओलंपिक में एक टीम भेजने का मौका मिला है।' न्यूजीलैंड की पुरुष और महिला टीमें अब एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 खेलेंगी जहां उन्हें ओलंपिक में पहुंचने का दूसरा मौका मिलेगा। पुरुष और महिला प्रत्येक वर्ग में कुल 12 हॉकी टीमें ओलंपिक खेलों में हिस्सा लेंगी।

## वेस्टइंडीज ने 3-2 से जीती टी20 श्रृंखला, आखिरी मुकाबले में भारत को 8 विकेट से हराया

**फ्लोरिडा।** वेस्टइंडीज ने भारत को टी20 श्रृंखला में 3-2 से हरा दिया है। खेले गए पांचवे और आखिरी टी20 मैच में मेजबान ने मेहमान भारतीय टीम को आठ विकेट से मात दी। भारत की ओर से मिले 166 रन के लक्ष्य को वेस्टइंडीज ने दो विकेट के नुकसान पर 12 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया।

वेस्टईंडीज के लिए सलामी बल्लेबाज ब्रेंडेन किंग और विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन ने जोरदार बल्लेबाजी की। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी की। जहां पूरन 47 रन बनाकर आउट हुए। वहीं किंग 85 रन बनाकर नाबाद रहे। उनके साथ साई होप 22 रन बनाकर नाबाद रहे। जबकि ओपनर बल्लेबाज काइल मेयर्स ने 10 रन बनाए। भारत की तरफ से अर्शदीप सिंह और तिलक वर्मा को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए



भारतीय टीम निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 165 रन बनाए। भारत के लिए सूर्यकुमार यादव ने सबसे ज्यादा 61 रन बनाए। इसके अलावा, तिलक वर्मा 27, हार्दिक पांड्या 14, संजू सैमसन और अक्षर पटेल ने 13-13 रन का योगदान दिया। जबकि भारतीय पारी में 11 अतिरिक्त रन भी शामिल रहे। वेस्टइंडीज के लिए रोमारियो शेफर्ड ने 4 विकेट झटके, जबकि अकील हुसैन और जेसन होल्डर को दो-दो सफलता मिली। वहीं रोस्टन चेज को एक विकेट मिला।

## बास्केटबॉल सुपरकप : चीन ने न्यूजीलैंड को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया

**बर्लिन।** चीन ने ली कैयर के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत हैम्बर्ग में 2023 बास्केटबॉल सुपरकप में न्यूजीलैंड को 69-68 से हरा दिया। इस जीत के साथ ही चीन ने टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया। ली ने स्कोरिंग में चीन का नेतृत्व किया और 18 अंकों के साथ टीम के वापसी की नींव रखी।

मैच में न्यूजीलैंड ने जोरदार शुरुआत की और पहले क्वार्टर में बराबरी के बाद 22-16 की बढ़त बना ली।

चीन ने दूसरे क्वार्टर में वापसी करते हुए 10-0 के स्कोर के साथ 28-27 की बढ़त हासिल कर ली। हालाँकि, न्यूजीलैंड ने आत्मविश्वास से जवाब दिया और दूसरे क्वार्टर को 39-31 की बढ़त के साथ समाप्त किया।

अलेक्जेंडर जोर्डजेविक के मार्गदर्शन में, चीन ने तीसरे क्वार्टर में वापसी की और न्यूजीलैंड के नौ अंको की बढ़त को घटाकर 4 अंक तक ले आये और स्कोर



54-50 हो गया। जब चीन दो अंक, 68-66 से पिछड़ रहा था, और केवल एक मिनट शेष था, झांग जेनलिन ने ले-अप के साथ 68-68 की बराबरी कर ली। यानि वेटज़ेल के फाउल ने चीन को दो फ्री थ्रो दिए, जिनमें से झोउ क्यूई ने एक फ्री थ्रो किया, जिससे चीन को 27 सेकंड शेष रहते एक अंक का फायदा हुआ। न्यूजीलैंड की उम्मीदें तब धराशायी हो गईं जब ली के अवरोधन ने चीन की करीबी जीत सुनिश्चित कर दी।

## प्रसिद्ध कृष्णा ने केएससीए टी20 टूर्नामेंट के जरिए आयरलैंड दौरे के लिए किया अभ्यास

**नई दिल्ली।** आयरलैंड दौरे से पहले, तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने यहां केएससीए महाराजा ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट में हुबली टाइगर्स के खिलाफ मैसूरु वॉरियर्स के लिए पूरी ताकत से गेंदबाजी की। प्रसिद्ध 15 अगस्त को कप्तान जसप्रीत बुमराह सहित अन्य भारतीय खिलाड़ियों के साथ मुंबई से आयरलैंड के लिए रवाना होने वाले हैं।भारत 18, 20 और 23 अगस्त को मलाहाइड, डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ तीन टी20 मैच खेलेगा। प्रसिद्ध ने अपने कौशल को निखारने और जाने से पहले अपने शरीर को खेल की माँगों के अनुरूप ढालने के लिए केएससीए टी20 टूर्नामेंट का उपयोग किया। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने पूरी तीव्रता और गति के साथ दो ओवर डाले और 13 रन देकर एक विकेट हासिल



किया। बड़ी जिम्मेदारियों से निपटने के लिए अपनी तत्परता को रेखांकित करने के लिए प्रसिद्ध ने अपने कर्नाटक टीम के साथी लवनिथ सिसौदिया को शून्य पर क्लीन बोल्ड कर दिया। हालाँकि, उनका स्पैल वॉरियर्स के लिए काम नहीं आया, क्योंकि टाइगर्स ने एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में बारिश से प्रभावित मैच में नौ विकेट से जीत दर्ज की। प्रसिद्ध ने पिछले महीने केएससीए टी20 टूर्नामेंट जी कस्तूरिरंगन मेमोरियल ट्रॉफी टूर्नामेंट में भी गेंदबाजी की थी। उन्होंने सर सैयद क्रिकेटर्स के खिलाफ माउंट जॉय क्रिकेट क्लब के लिए उस मैच में चार विकेट (4-0-36-4) लिए थे।

प्रसिद्ध चोट के कारण लगभग एक साल कर बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे हैं। कर्नाटक के तेज गेंदबाज ने भारत के लिए आखिरी बार 20 अगस्त, 2022 को जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय मैच खेला था।

इस साल की शुरुआत में, 27 वर्षीय प्रसिद्ध को लम्बर स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण आईपीएल 2023 से बाहर कर दिया गया था। सर्जरी के बाद वह एनसीए में स्वास्थ्य लाभ कर रहे थे।

## संशोधित-कोच्चि केडीज ने रोमांचक फाइनल में किराक हैदराबाद को हराकर जीता प्रो पांजा लीग का खिताब

**नई दिल्ली।** कोच्चि केडीज ने नई दिल्ली के आईजीआई स्टेडियम में खेले गए फाइनल में किराक हैदराबाद को 30-28 से हराकर प्रो पांजा लीग के उद्घाटन सीजन का खिताब जीत लिया। खिताबी मुकाबले में कड़ी टक्कर देखने को मिली, जिसमें रुद्र नाइक और प्रिंस कुमार ने कोच्चि के लिए अपने मुकाबले जीते, जबकि किराक के लिए बुद्धा सिंह और सविता कुमारी ने अपने विरोधियों पर जीत हासिल की। मुख्य कार्ड में, कोच्चि की चेतना शर्मा ने प्रतियोगिता के अपने सबसे कठिन 65



किग्रा मुकाबले में मधुरा केएन से मुकाबला किया। चेतना ने क्लीन स्वीप से मुकाबला जीतकर कोच्चि को बढ़त दिला दी।

लेकिन हैदराबाद के स्टीव थॉमस ने अगले मैच में कोच्चि के आकाश कुमार के खिलाफ 70 किग्रा मुकाबले में तुरंत चैलेंजर राउंड को एक्टिव करते हुए 10-0 से जीत हासिल की और पासा पलट दिया। लेकिन रात में उतार-चढ़ाव जारी रहा क्योंकि योगेश चौधरी ने प्रो पांजा लीग में अपना दबदबा जारी रखा और 65 किग्रा मुकाबले में जिंसी जोस के खिलाफ चैलेंजर राउंड को एक्टिव कर दिया। 10-0 की जीत के साथ कोच्चि ने एक बार फिर बढ़त बना ली.

80 किग्रा के मुकाबले में किराक के कप्तान आस्कर अली का मुकाबला कोच्चि के प्रिंस धीर से था और दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। आस्कर ने मैच को 10-0 से जीतने के लिए दूसरे चैलेंजर राउंड को एक्टिव किया और किराक को फिर से प्रतियोगिता में वापस लाया। सिद्धार्थ मालाकार ने शेख मोहम्मद अबरार को क्लीनस्वीप से हराकर 90 किग्रा मुकाबले में 5 अंक हासिल किए, लेकिन मजाहिर सैदु ने उज्जवल अग्रवाल को 10-0 से हराकर मैच को टाई-ब्रेकर में पहुंचा दिया।

किराक के स्टीव ने रुद्र नाइक को हराकर किराक को टाई-ब्रेकर में बढ़त दिलाई, लेकिन मज़ाहिर ने आस्कर अली को मात देकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद चेतना शर्मा ने मधुरा केएन को हराकर कोच्चि केडीज को बढ़त दिलाई और फिर योगेश चौधरी ने जिंसी जोस को एक बार फिर हराकर कोच्चि केडीज को ट्रॉफी जिताने में मदद की।

## बास्केटबॉलः ओलंपिक प्री-क्वालीफायर एशिया चैंपियनशिप में भारत ने लगातार दो जीत दर्ज की

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष बास्केटबॉल टीम ने दमिश्क, सीरिया में छह-टीम प्री-क्वालीफायर एशिया चैंपियनशिप में अपने पहले दो मैचों में मेजबान सीरिया और इंडोनेशिया को हराकर 2024 एफआईबीए पुरुष ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने की अपनी संभावना बरकरार रखी है। , भारत ने अपने दूसरे मैच में इंडोनेशिया को 90-74 से हराकर दो मैचों से चार अंक जुटाए और बहरीन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गया। बहरीन ने भी अब तक अपने दोनों मैच जीते हैं। भारत की शुरुआत शानदार रही और उसने पहला क्वार्टर 25-16 से और दूसरा क्वार्टर 25-20 से जीतकर हाफ



टाइम तक 50-36 की अच्छी बढ़त ले ली। इंडोनेशिया ने तीसरे क्वार्टर में अच्छी लड़ाई लड़ी। दोनों टीमों ने 19 अंक बनाए। भारत ने चौथे और अंतिम क्वार्टर में इंडोनेशिया के 19 अंकों के मुकाबले 21 अंक बनाए और आसानी से मैच जीत लिया। भारत के लिए मुईन बेक हफीज ने सर्वाधिक 15 अंक बनाए जबकि पलप्रीत सिंह बरार ने नौ रिबाउंड बनाए वहीं, विशेष भृगुवंशी और हफीज ने पांच-पांच सहायता की। इससे पहले भारत ने शनिवार को अल-फ़ैहा स्पोर्ट्स ऐरेना में सीरिया के खिलाफ 85-74 की जीत के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत की थी। भारत ने पहले क्वार्टर में शुरुआती 31-16 की बढ़त बना ली और हालांकि मेजबान टीम ने दूसरे क्वार्टर में मेहमान टीम को 19-17 से हरा दिया, लेकिन भारतीयों ने तीसरा क्वार्टर 23-18 से जीतकर अपनी बढ़त को और बढ़ा दिया। हालांकि चौथे और अंतिम क्वार्टर में सीरिया का दबदबा 21-14 से रहा लेकिन अंत में यह पर्याप्त नहीं था।

## फीडे विश्व कप शतरंज -चीन के वांग को हराकर गुकेश बने विश्व नंबर 7 , अर्जुन भी जीते

**बाकू , अजरबैजान।** फीडे विश्व कप शतरंज प्री क्वाटर फाइनल के पहले क्लासिकल मुक़ाबले में भारत के डी गुकेश और अर्जुन एरिगासी नें जीत दर्ज करते हुए क्वाटर फाइनल की ओर कदम बढ़ा दिये है जबकि विदित गुजराती और हरिका द्रोणावल्ली नें अपने मुक़ाबले ड्रॉ खेले ।

भारत के नंबर एक खिलाड़ी 17 वर्षीय गुकेश हर दिन एक नया विश्व रिकॉर्ड बना रहे है , गुकेश नें आज चीन के अनुभवी खिलाड़ी वांग हाउ को मात देते हुए ना सिर्फ 1-0 की बढ़त बना ली




है बल्कि वह अब 2761 अंको के साथ दुनिया के के सातवे नंबर के खिलाड़ी बन गए है । बड़ी बात यह है की क्वाटर फाइनल में गुकेश का सामना विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन से हो सकता है जिन्होने आज उक्रेन के वेसली इवांचुक को मात देकर इसकी संभावना बढ़ा दी है । भारत के अर्जुन एरिगासी भी आज जीत दर्ज करने में सफल रहे उन्होने नीदरलैंड के निल्स ग्रंडेलीयूस को हराया और क्वाटर फाइनल दौड़ में आगे निकल गए है ।अन्य खिलाड़ियों में विदित गुजराती नें यान नेपोमनिशि से , कल बड़ा उलटफेर करने वाले प्रज्ञानन्दा नें हंगरी के फ्रेंक बेकेर्स से और महिला वर्ग में हरिका द्रोणावल्ली नें रूस की अलेकसांद्रा गोरयाचिकना से ड्रॉ खेला ।

## एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में जीत के बाद FIH रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचा भारत

**नई दिल्ली।** एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) में खिताबी जीत के बाद भारतीय हॉकी टीम एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) की नवीनतम रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। एशियाई खेलों से पहले रैंकिंग में इस सुधार से भारतीय टीम का हौसला बढ़ेगा। भारत (2771.35 अंक) इंग्लैंड (2763.50 अंक) को पछाड़ कर एक स्थान के सुधार के साथ तीसरे स्थान पर पहुंचा। इस रैंकिंग में नीदरलैंड (3095.90 अंक) पहले और बेल्जियम (2917.87 अंक) दूसरे स्थान पर हैं। यह दूसरी बार है जब भारत



एफआईएच रैंकिंग में तीसरे पायदान पर पहुंचा। भारतीय टीम ने 2021 में तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक हासिल करने के बाद यही रैंकिंग हासिल की थी।

तोक्यो में भारत ने ओलंपिक में पदक के 41 साल के सूखे को खत्म किया था। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके शनिवार को मलेशिया को 4-3 से हराकर चौथी बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता का खिताब जीता और 23 सितंबर से होने वाले हांगझोउ एशियाई खेलों के लिए अपनी तैयारियों का पुख्ता सबूत पेश किया। एसीटी की उपविजेता मलेशिया नौवें स्थान पर बरकरार है। इस रैंकिंग में कोरिया 11वें, पाकिस्तान 16वें स्थान पर है। टूर्नामेंट में तीसरी स्थान पर रही जापान की टीम रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ 18वें स्थान पर पहुंच गई।

## जीव मिल्खा सिंह लीजेंड्स टूर में संयुक्त छठे स्थान पर

**लंदन।** भारत के दिग्गज गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने लीजेंड्स टूर ट्रॉफी के पहले टूर्नामेंट के शुरुआती दिन चार अंडर 68 का स्कोर बनाया। जीव ने अंतिम नौ होल में लगातार पांच बर्डी बनाई। उन्होंने कुल छह बर्डी बनाई लेकिन इस बीच दो बोगी भी की। वह पहले दौर के बाद संयुक्त छठे स्थान पर हैं। स्वीडन के जोकिम हेगमैन और वेल्शमैन स्टीफन डोड ने शुरुआती दिन के बाद संयुक्त बढ़त पर



हैं। जीव ने अब तक विभिन्न प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह वेल्स में सीनियर ओपन में संयुक्त 14वें और फिर जेसीबी चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर रहे थे।

## बेन स्टोक्स को विश्व कप 2023 के लिए मनाने की तैयारी, जोस बटलर को मिली जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** क्रिकेट विश्व कप 2019 की विजेता टीम इंग्लैंड एक बार फिर से अपने रिटायर प्लेयर बेन स्टोक्स को वापस लाने की तैयारी कर रही है। स्टोक्स जोकि पिछले साल ही वनडे फार्मेट से संन्यास ले चुके हैं, को मनाने के लिए इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान जोस बटलर प्रयास कर सकते हैं। माना यह जा रहा है कि 2019 विश्व कप में स्टोक्स का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा था और वह इस साल भी शानदार प्रदर्शन करने में सक्षम हो सकते हैं। विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलना है। 2019



क्रिकेट विश्व कप के दौरान इन्हीं दो टीमों के बीच फाइनल मुकाबला हुआ था। एक बार फिर से यह मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है। ऐसे में इंग्लैंड क्रिकेट मैनेजमैंट इस मैच में अपने सर्वश्रेष्ठ प्लेयरों में से एक स्टोक्स को जरूर बुलाना चाहेगी।

**स्टोक्स जोकि पिछले साल ही वनडे फार्मेट से संन्यास ले चुके हैं, को मनाने के लिए इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान जोस बटलर प्रयास कर सकते हैं।**

इंग्लैंड के सफेद गेंद के कोच मैथ्यू मॉट ने कहा कि सीमित ओवरों के कप्तान जोस बटलर संभावित वापसी के संबंध में स्टोक्स के साथ बातचीत शुरू करने का नेतृत्व करेंगे। मॉट ने कहा कि बेन हम सभी के साथ बहुत सीधा है। हम देखेंगे कि क्या वह उत्सुक है। वह क्या करने जा रहे हैं। इस पर अभी कोई स्पष्ट निर्देश नहीं आया है, लेकिन हम अभी भी आशान्वित हैं। मॉट बोले- मैंने हमेशा कहा है कि उसकी गेंदबाजी एक बोनस होगी, लेकिन जरा देखिए कि वह बल्ले से क्या लाता है, यहां तक कि मैदान में भी। मॉट ने टीम के लिए स्टोक्स के बहुमुखी मूल्य पर जोर दिया और कहा कि पूरे एशेज सीरीज के दौरान उन्हें देखकर ऐसा लगा कि उनकी उपस्थिति बहुत अच्छी थी। जब एकदिवसीय क्रिकेट में प्रदर्शन की बात आती है तो उसने वर्षों तक ऐसा किया है और इसलिए वह एक अमूल्य वस्तु है।

## कानपुर को हराकर लखनऊ मंडल पहुंचा सेमी फाइनल में

**लखनऊ।** लखनऊ मंडल के खेल प्रेमियों के लिए आज दो खुशखबरी आयी। एक तरफ आगरा में चल रहे सब जूनियर बालक फुटबाल चैंपियनशिप में लखनऊ मंडल ने कानपुर को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं मऊ में चल रहे जूनियर बालक स्टेट फुटबाल चैंपियनशिप में भी गुरुगोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आगरा में अंडर-16 सब जूनियर बालक फुटबाल चैंपियनशिप का क्वार्टर फाइनल कानपुर मंडल और लखनऊ मंडल के बीच खेला गया। इस मैच में 17 मिनट तक तो दोनों टीमें गोल के लिए कसम-कस करती रहीं, लेकिन 18वें मिनट में लखनऊ मंडल के गौतम थारू ने एक गोल कर बढ़त बना ली। इसके बाद कानपुर मंडल अभी बराबरी करने का प्रयास कर ही रहा था कि लखनऊ मंडल ने 43वें मिनट में एक गोल और दाग दिया। इसके बाद 56वें मिनट में लखनऊ मंडल ने एक और गोलकर मैच को तीन-शून्य से जीतकर सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं दूसरी तरफ मऊ में चल रहे अंडर-19 जूनियर बालक स्टेट फुटबाल चैंपियनशिप में भी लखनऊ मंडल को सफलता हाथ लगी। वहां भी लखनऊ मंडल और गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। इसमें लखनऊ मंडल ने गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज को तीन-शून्य से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इसमें भी पहले 17 मिनट तक दोनों टीमें गोल के लिए तरसती रहीं, लेकिन 18वें मिनट में लखनऊ मंडल के निरंजन ने एक गोल कर दिया। इसके बाद निरंजन ने ही लखनऊ मंडल के लिए 29वें मिनट और 44वें मिनट में एक-एक गोल किये और लखनऊ मंडल ने तीन-शून्य से मैच जीत लिया।

## संप्रीति कप फुटबॉल मैच 10 सितंबर को

**जलपाईगुड़ी।** जिले के राजगंज ब्लॉक में संप्रीति कप फुटबॉल मैच का आयोजन 10 सितंबर को किया जाएगा। आमबाड़ी चिंतामोहन हाई स्कूल में एक संप्रीति कप फुटबॉल मैच का आयोजन



किया जाएगा। तृणमूल युवा कांग्रेस की तरफ से फुटबॉल मैच का आयोजन किया जाएगा। आमबाड़ी शक्तिसोपान क्लब में पत्रकार सम्मेलन कर राजगंज ब्लॉक युवा तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष तुषार कांति दत्त ने इसकी जानकारी दी।

तुषार कांति दत्त ने कहा कि 10 सितंबर को आमबाड़ी चिंतामोहन हाई विद्यालय के मैदान में चौथी संप्रीति कप एक दिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया जा रहा है। इस एक दिवसीय फुटबॉल मैच में आठ टीमें हिस्सा लेंगी। विजेता टीम को 60 हजार और उपविजेता टीम को 40 हजार नगद सहित ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावे मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ दी टूर्नामेंट से भी खिलाड़ियों को सम्मनित किया जाएगा।

## पेरिस ओलंपिक में पहुंची ऑस्ट्रेलियाई हॉकी टीम

**वांगरेई ।** ऑस्ट्रेलिया की पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने 2023 ओशिनिया कप जीतकर 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिये क्वालीफाई कर लिया है। दोनों टीमों ने न्यूजीलैंड को हराकर ओलंपिक में जगह पक्की की। ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में 3-1 से जीत दर्ज की, जबकि महिला टीम ने न्यूजीलैंड को 3-0 से हराया। इसके साथ ऑस्ट्रेलिया ओशिनिया के महाद्वीपीय चैंपियन के रूप में ओलंपिक खेलों के लिये सीधे क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गयी। फ्रांस ने मेज़बान होने के नाते 2024 खेलों के लिये क्वालीफाई किया है। ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम ने कुल मिलाकर दो जीत और एक हार के साथ छह अंक हासिल किये, जबकि महिला टीम ने दो जीत और एक ड्रॉ की बदौलत सात अंक जुटाए। ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम के खिलाड़ी जेक हार्वी ने कहा, 'न्यूजीलैंड ने इसे बहुत प्रतिस्पर्धी शृंखला बनाया, लेकिन हम ओलंपिक खेलों के लिये क्वालीफाई करके बहुत खुश हैं। खेलों से पहले हमें बहुत काम करना है, लेकिन अभी हमें उस पल का आनंद लेना होगा कि हमें ओलंपिक में एक टीम भेजने का मौका मिला है।' न्यूजीलैंड की पुरुष और महिला टीमें अब एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 खेलेंगी जहां उन्हें ओलंपिक में पहुंचने का दूसरा मौका मिलेगा। पुरुष और महिला प्रत्येक वर्ग में कुल 12 हॉकी टीमें ओलंपिक खेलों में हिस्सा लेंगी।

## वेस्टइंडीज ने 3-2 से जीती टी20 श्रृंखला, आखिरी मुकाबले में भारत को 8 विकेट से हराया

**फ्लोरिडा।** वेस्टइंडीज ने भारत को टी20 श्रृंखला में 3-2 से हरा दिया है। खेले गए पांचवे और आखिरी टी20 मैच में मेजबान ने मेहमान भारतीय टीम को आठ विकेट से मात दी। भारत की ओर से मिले 166 रन के लक्ष्य को वेस्टइंडीज ने दो विकेट के नुकसान पर 12 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया।

वेस्टइंडीज के लिए सलामी बल्लेबाज ब्रेंडेन किंग और विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन ने जोरदार बल्लेबाजी की। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी की। जहां पूरन 47 रन बनाकर आउट हुए। वहीं किंग 85 रन बनाकर नाबाद रहे। उनके साथ साई होप 22 रन बनाकर नाबाद रहे। जबकि ओपनर बल्लेबाज काइल मेयर्स ने 10 रन बनाए। भारत की तरफ से अर्शदीप सिंह और तिलक वर्मा को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए



भारतीय टीम निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 165 रन बनाए। भारत के लिए सूर्यकुमार यादव ने सबसे ज्यादा 61 रन बनाए। इसके अलावा, तिलक वर्मा 27, हार्दिक पांड्या 14, संजू सैमसन और अक्षर पटेल ने 13-13 रन का योगदान दिया। जबकि भारतीय पारी में 11 अतिरिक्त रन भी शामिल रहे। वेस्टइंडीज के लिए रोमारियो शेफर्ड ने 4 विकेट झटके, जबकि अकील हुसैन और जेसन होल्डर को दो-दो सफलता मिली। वहीं रोस्टन चेज को एक विकेट मिला।

## बास्केटबॉल सुपरकप : चीन ने न्यूजीलैंड को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया

**बर्लिन।** चीन ने ली कैयर के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत हैम्बर्ग में 2023 बास्केटबॉल सुपरकप में न्यूजीलैंड को 69-68 से हरा दिया। इस जीत के साथ ही चीन ने टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया। ली ने स्कोरिंग में चीन का नेतृत्व किया और 18 अंकों के साथ टीम के वापसी की नींव रखी।

मैच में न्यूजीलैंड ने जोरदार शुरुआत की और पहले क्वार्टर में बराबरी के बाद 22-16 की बढ़त बना ली।

चीन ने दूसरे क्वार्टर में वापसी करते हुए 10-0 के स्कोर के साथ 28-27 की बढ़त हासिल कर ली। हालांकि, न्यूजीलैंड ने आत्मविश्वास से जवाब दिया और दूसरे क्वार्टर को 39-31 की बढ़त के साथ समाप्त किया।

अलेक्जेंडर जोर्डजेविक के मार्गदर्शन में, चीन ने तीसरे क्वार्टर में वापसी की और न्यूजीलैंड के नौ अंको की बढ़त को घटाकर 4 अंक तक ले आये और स्कोर



54-50 हो गया। जब चीन दो अंक, 68-66 से पिछड़ रहा था, और केवल एक मिनट शेष था, झांग जेनलिन ने ले-अप के साथ 68-68 की बराबरी कर ली। यानि वेटज़ेल के फाउल ने चीन को दो फ्री थ्रो दिए, जिनमें से झोउ क्यूई ने एक फ्री थ्रो किया, जिससे चीन को 27 सेकंड शेष रहते एक अंक का फायदा हुआ। न्यूजीलैंड की उम्मीदें तब धराशायी हो गईं जब ली के अवरोधन ने चीन की करीबी जीत सुनिश्चित कर दी।

## प्रसिद्ध कृष्णा ने केएससीए टी20 टूर्नामेंट के जरिए आयरलैंड दौरे के लिए किया अभ्यास

**नई दिल्ली।** आयरलैंड दौरे से पहले, तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने यहां केएससीए महाराजा ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट में हुबली टाइगर्स के खिलाफ मैसूरु वॉरियर्स के लिए पूरी ताकत से गेंदबाजी की। प्रसिद्ध 15 अगस्त को कप्तान जसप्रीत बुमराह सहित अन्य भारतीय खिलाड़ियों के साथ मुंबई से आयरलैंड के लिए रवाना होने वाले हैं।भारत 18, 20 और 23 अगस्त को मलाहाइड, डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ तीन टी20 मैच खेलेगा। प्रसिद्ध ने अपने कौशल को निखारने और जाने से पहले अपने शरीर को खेल की माँगों के अनुरूप ढालने के लिए केएससीए टी20 टूर्नामेंट का उपयोग किया। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने पूरी तीव्रता और गति के साथ दो ओवर डाले और 13 रन देकर एक विकेट हासिल



किया। बड़ी जिम्मेदारियों से निपटने के लिए अपनी तत्परता को रेखांकित करने के लिए प्रसिद्ध ने अपने कर्नाटक टीम के साथी लवनिथ सिसौदिया को शून्य पर क्लीन बोल्ड कर दिया।

हालांकि, उनका स्पैल वॉरियर्स के लिए काम नहीं आया, क्योंकि टाइगर्स ने एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में बारिश से प्रभावित मैच में नौ विकेट से जीत दर्ज की। प्रसिद्ध ने पिछले महीने केएससीए टी20 टूर्नामेंट जी कस्तूरीरंगन मेमोरियल ट्रॉफी टूर्नामेंट में भी गेंदबाजी की थी। उन्होंने सर सैयद क्रिकेटर्स के खिलाफ माउंट जॉय क्रिकेट क्लब के लिए उस मैच में चार विकेट (4-0-36-4) लिए थे।

प्रसिद्ध चोट के कारण लगभग एक साल कर बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे हैं। कर्नाटक के तेज गेंदबाज ने भारत के लिए आखिरी बार 20 अगस्त, 2022 को जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय मैच खेला था।

इस साल की शुरुआत में, 27 वर्षीय प्रसिद्ध को लम्बर स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण आईपीएल 2023 से बाहर कर दिया गया था। सर्जरी के बाद वह एनसीए में स्वास्थ्य लाभ कर रहे थे।

## संशोधित-कोच्चि केडीज ने रोमांचक फाइनल में किराक हैदराबाद को हराकर जीता प्रो पांजा लीग का खिताब

**नई दिल्ली।** कोच्चि केडीज ने नई दिल्ली के आईजीआई स्टेडियम में खेले गए फाइनल में किराक हैदराबाद को 30-28 से हराकर प्रो पांजा लीग के उद्घाटन सीजन का खिताब जीत लिया। खिताबी मुकाबले में कड़ी टक्कर देखने को मिली, जिसमें रुद्र नाइक और प्रिंस कुमार ने कोच्चि के लिए अपने मुकाबले जीते, जबकि किराक के लिए बुद्ध सिंह और सविता कुमारी ने अपने विरोधियों पर जीत हासिल की। मुख्य कार्ड में, कोच्चि की चेतना शर्मा ने प्रतियोगिता के अपने सबसे कठिन 65



किग्रा मुकाबले में मधुरा केएन से मुकाबला किया। चेतना ने क्लीन स्वीप से मुकाबला जीतकर कोच्चि को बढ़त दिला दी।

लेकिन हैदराबाद के स्टीव थॉमस ने अगले मैच में कोच्चि के आकाश कुमार के खिलाफ 70 किग्रा मुकाबले में तुरंत चैलेंजर राउंड को एक्टिव करते हुए 10-0 से जीत हासिल की और पासा पलट दिया। लेकिन रात में उतार-चढ़ाव जारी रहा क्योंकि योगेश चौधरी ने प्रो पांजा लीग में अपना दबदबा जारी रखा और 65 किग्रा मुकाबले में जिंसी जोस के खिलाफ चैलेंजर राउंड को एक्टिव कर दिया। 10-0 की जीत के साथ कोच्चि ने एक बार फिर बढ़त बना ली.

80 किग्रा के मुकाबले में किराक के कप्तान आस्कर अली का मुकाबला कोच्चि के प्रिंस धीर से था और दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। आस्कर ने मैच को 10-0 से जीतने के लिए दूसरे चैलेंजर राउंड को एक्टिव किया और किराक को फिर से प्रतियोगिता में वापस लाया। सिद्धार्थ मालाकार ने शेख मोहम्मद अबरार को क्लीनस्वीप से हराकर 90 किग्रा मुकाबले में 5 अंक हासिल किए, लेकिन मजाहिर सैदु ने उज्जवल अग्रवाल को 10-0 से हराकर मैच को टाई-ब्रेकर में पहुंचा दिया।

किराक के स्टीव ने रुद्र नाइक को हराकर किराक को टाई-ब्रेकर में बढ़त दिलाई, लेकिन मज़ाहिर ने आस्कर अली को मात देकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद चेतना शर्मा ने मधुरा केएन को हराकर कोच्चि केडीज को बढ़त दिलाई और फिर योगेश चौधरी ने जिंसी जोस को एक बार फिर हराकर कोच्चि केडीज को ट्रॉफी जिताने में मदद की।

## बास्केटबॉल: ओलंपिक प्री-क्वालीफायर एशिया चैंपियनशिप में भारत ने लगातार दो जीत दर्ज की

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष बास्केटबॉल टीम ने दमिश्क, सीरिया में छह-टीम प्री-क्वालीफायर एशिया चैंपियनशिप में अपने पहले दो मैचों में मेजबान सीरिया और इंडोनेशिया को हराकर 2024 एफआईबीए पुरुष ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने की अपनी संभावना बरकरार रखी है। , भारत ने अपने दूसरे मैच में इंडोनेशिया को 90-74 से हराकर दो मैचों से चार अंक जुटाए और बहरीन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गया। बहरीन ने भी अब तक अपने दोनों मैच जीते हैं। भारत की शुरुआत शानदार रही और उसने पहला क्वार्टर 25-16 से और दूसरा क्वार्टर 25-20 से जीतकर हाफ



टाइम तक 50-36 की अच्छी बढ़त ले ली। इंडोनेशिया ने तीसरे क्वार्टर में अच्छी लड़ाई लड़ी। दोनों टीमों ने 19 अंक बनाए। भारत ने चौथे और अंतिम क्वार्टर में इंडोनेशिया के 19 अंकों के मुकाबले 21 अंक बनाए और आसानी से मैच जीत लिया। भारत के लिए मुईन बेक हफीज ने सर्वाधिक 15 अंक बनाए जबकि पलप्रीत सिंह बरार ने नौ रिबाउंड बनाए वहीं, विशेष भृगुवंशी और हफीज ने पांच-पांच सहायता की। इससे पहले भारत ने शनिवार को अल-फ़ैहा स्पोर्ट्स ऐरेना में सीरिया के खिलाफ 85-74 की जीत के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत की थी। भारत ने पहले क्वार्टर में शुरुआती 31-16 की बढ़त बना ली और हालांकि मेज़बान टीम ने दूसरे क्वार्टर में मेहमान टीम को 19-17 से हरा दिया, लेकिन भारतीयों ने तीसरा क्वार्टर 23-18 से जीतकर अपनी बढ़त को और बढ़ा दिया। हालांकि चौथे और अंतिम क्वार्टर में सीरिया का दबदबा 21-14 से रहा लेकिन अंत में यह पर्याप्त नहीं था।

## फीडे विश्व कप शतरंज -चीन के वांग को हराकर गुकेश बने विश्व नंबर 7 , अर्जुन भी जीते

**बाकू , अजरबैजान।** फीडे विश्व कप शतरंज प्री क्वाटर फाइनल के पहले क्लासिकल मुकाबले में भारत के डी गुकेश और अर्जुन एरिगासी नें जीत दर्ज करते हुए क्वाटर फाइनल की ओर कदम बढ़ा दिये है जबकि विदित गुजराती और हरिका द्रोणावल्ली नें अपने मुकाबले ड्रॉ खेले ।

भारत के नंबर एक खिलाड़ी 17 वर्षीय गुकेश हर दिन एक नया विश्व रिकॉर्ड बना रहे है , गुकेश नें आज चीन के अनुभवी खिलाड़ी वांग हाउ को मात देते हुए ना सिर्फ 1-0 की बढ़त बना ली







है बल्कि वह अब 2761 अंको के साथ दुनिया के के सातवे नंबर के खिलाड़ी बन गए है । बड़ी बात यह है की क्वाटर फाइनल में गुकेश का सामना विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन से हो सकता है जिन्होने आज उक्रेन के वेसली इवांचुक को मात देकर इसकी संभावना बढ़ा दी है । भारत के अर्जुन एरिगासी भी आज जीत दर्ज करने में सफल रहे उन्होने नीदरलैंड के निल्स ग्रेंडेलीयूस को हराया और क्वाटर फाइनल दौड़ में आगे निकल गए है ।अन्य खिलाड़ियों में विदित गुजराती नें यान नेपोमनिशि से , कल बड़ा उलटफेर करने वाले प्रज्ञानन्दा नें हंगरी के फ्रेंक बेकेर्स से और महिला वर्ग में हरिका द्रोणावल्ली नें रूस की अलेकसांद्रा गोरयाचिकना से ड्रॉ खेला ।

## एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में जीत के बाद FIH रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचा भारत

**नई दिल्ली।** एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) में खिताबी जीत के बाद भारतीय हॉकी टीम एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) की नवीनतम रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। एशियाई खेलों से पहले रैंकिंग में इस सुधार से भारतीय टीम का हौसला बढ़ेगा। भारत (2771.35 अंक) इंग्लैंड (2763.50 अंक) को पछाड़ कर एक स्थान के सुधार के साथ तीसरे स्थान पर पहुंचा। इस रैंकिंग में नीदरलैंड (3095.90 अंक) पहले और बेल्जियम (2917.87 अंक) दूसरे स्थान पर हैं। यह दूसरी बार है जब भारत



एफआईएच रैंकिंग में तीसरे पायदान पर पहुंचा। भारतीय टीम ने 2021 में तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक हासिल करने के बाद यही रैंकिंग हासिल की थी।

तोक्यो में भारत ने ओलंपिक में पदक के 41 साल के सूखे को खत्म किया था। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके शनिवार को मलेशिया को 4-3 से हराकर चौथी बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता का खिताब जीता और 23 सितंबर से होने वाले हांगझोउ एशियाई खेलों के लिए अपनी तैयारियों का पुख्ता सबूत पेश किया। एसीटी की उपविजेता मलेशिया नौवें स्थान पर बरकरार है। इस रैंकिंग में कोरिया 11वें, पाकिस्तान 16वें स्थान पर है। टूर्नामेंट में तीसरी स्थान पर रही जापान की टीम रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ 18वें स्थान पर पहुंच गई।

## जीव मिल्खा सिंह लीजेंड्स टूर में संयुक्त छठे स्थान पर

**लंदन।** भारत के दिग्गज गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने लीजेंड्स टूर ट्रॉफी के पहले टूर्नामेंट के शुरुआती दिन चार अंडर 68 का स्कोर बनाया। जीव ने अंतिम नौ होल में लगातार पांच बर्डी बनाई। उन्होंने कुल छह बर्डी बनाई लेकिन इस बीच दो बोगी भी की। वह पहले दौर के बाद संयुक्त छठे स्थान पर हैं। स्वीडन के जोकिम हेगमैन और वेल्शमैन स्टीफन डोड ने शुरुआती दिन के बाद संयुक्त बढ़त पर



हैं। जीव ने अब तक विभिन्न प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह वेल्स में सीनियर ओपन में संयुक्त 14वें और फिर जेसीबी चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर रहे थे।

## बेन स्टोक्स को विश्व कप 2023 के लिए मनाने की तैयारी, जोस बटलर को मिली जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** क्रिकेट विश्व कप 2019 की विजेता टीम इंग्लैंड एक बार फिर से अपने रिटायर प्लेयर बेन स्टोक्स को वापस लाने की तैयारी कर रही है। स्टोक्स जोकि पिछले साल ही वनडे फार्मेट से संन्यास ले चुके हैं, को मनाने के लिए इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान जोस बटलर प्रयास कर सकते हैं। माना यह जा रहा है कि 2019 विश्व कप में स्टोक्स का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा था और वह इस साल भी शानदार प्रदर्शन करने में सक्षम हो सकते हैं। विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलना है। 2019 क्रिकेट विश्व कप के दौरान इन्हीं दो टीमों के बीच फाइनल





मुकाबला हुआ था। एक बार फिर से यह मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है। ऐसे में इंग्लैंड क्रिकेट मैनेजमैंट इस मैच में अपने सर्वश्रेष्ठ प्लेयरों में से एक स्टोक्स को जरूर बुलाना चाहेगी।

**स्टोक्स जोकि पिछले साल ही वनडे फार्मेट से संन्यास ले चुके हैं, को मनाने के लिए इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान जोस बटलर प्रयास कर सकते हैं।**

इंग्लैंड के सफेद गेंद के कोच मैथ्यू मॉट ने कहा कि सीमित ओवरों के कप्तान जोस बटलर संभावित वापसी के संबंध में स्टोक्स के साथ बातचीत शुरू करने का नेतृत्व करेंगे। मॉट ने कहा कि बेन हम सभी के साथ बहुत सीधा है। हम देखेंगे कि क्या वह उत्सुक है। वह क्या करने जा रहे हैं। इस पर अभी कोई स्पष्ट निर्देश नहीं आया है, लेकिन हम अभी भी आशान्वित हैं। मॉट बोले- मैंने हमेशा कहा है कि उसकी गेंदबाजी एक बोनस होगी, लेकिन जरा देखिए कि वह बल्ले से क्या लाता है, यहां तक कि मैदान में भी। मॉट ने टीम के लिए स्टोक्स के बहुमुखी मूल्य पर जोर दिया और कहा कि पूरे एशेज सीरीज के दौरान उन्हें देखकर ऐसा लगा कि उनकी उपस्थिति बहुत अच्छी थी। जब एकदिवसीय क्रिकेट में प्रदर्शन की बात आती है तो उसने वर्षों तक ऐसा किया है और इसलिए वह एक अमूल्य वस्तु है।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया


Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 15 अगस्त 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# विभीषिका स्मृति दिवस घोषित करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार: मुख्यमंत्री मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर बंटवारे की त्रासदी झेलने वालों के बलिदानों के कारण आज हम सभी खुली हवा में साँस ले रहे हैं। आज के दिन अपनी शहादत देने वाले लोगों को याद करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी, इसके लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री आज फतेहाबाद में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पंचनद स्मारक ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामण्डलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी महाराज उपस्थित थे। श्री मनोहर लाल ने कहा कि आज का दिन भारत के बंटवारे का दुखद दिन है। वर्ष 1947 में भारत की आजादी की प्रक्रिया चल रही थी तो आज के दिन भारत माता की छाती पर लकीर खींच कर देश का विभाजन भी किया गया था। हमें आजादी तो मिली लेकिन इस आजादी की हमें भारी कीमत चुकानी पड़ी। आज का दिन हमें बंटवारे के कारण जान गंवाने वाले अपने पूर्वजों की याद तो दिलाता ही है। साथ ही हमें भाईचारे का संदेश भी देता है। पूर्व की सरकारों ने कभी शहादत देने वाले लोगों को याद करने की ओर ध्यान नहीं दिया, प्रधानमंत्री ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने की पहल शुरू की श्री मनोहर लाल ने कहा कि विभाजन में भारत माता के दो टुकड़े हुए, इस त्रासदी को भुलाया नहीं जा सकता, लेकिन पूर्व की सरकारों ने कभी इस और ध्यान नहीं दिया और न ही हमारे पूर्वजों को याद किया। वह विभाजन ऐसी त्रासदी



है जिस पर आजादी के बाद का लगभग आधा साहित्य भरा पड़ा है। उस पीड़ा से आहत होकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश के बंटवारे को 20वीं शताब्दी की सबसे बड़ी त्रासदी कहा और 15 अगस्त, 2021 को स्वतंत्रता दिवस पर आजादी के अमृत महोत्सव का शुभारंभ करते हुए इस विभाजन में अपनी जान गंवाने वाले लोगों की याद में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने की घोषणा की थी। उस समय श्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि "विभाजन की पीड़ा को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वहशी नफरत और हिंसा के कारण हमारी लाखों बहनें और भाई दर-बदर हो गये और तमाम लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। ऐसे लोगों की शहादत को याद करने के लिए स्मारक बनाए जाएंगे और उनकी शहादत को याद किया जाएगा।"

**मुख्यमंत्री ने समाज के लोगों से की अपील, पंचनद स्मारक ट्रस्ट द्वारा बनाए जा रहे शहीदी स्मारक के निर्माण में करें: सहयोग** मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचनद संस्था ने पिछले 15 सालों से विभाजन के पीड़ितों को याद करने का जिम्मा उठाया। पंचनद स्मारक ट्रस्ट द्वारा कुरुक्षेत्र में देश का विश्व स्तरीय शहीदी स्मारक बनाया जा रहा है। विभाजन विभीषिका के शहीदों का स्मारक प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से जल्द बनकर तैयार होगा और इस मानवीय कार्य में सरकार की ओर से हर सम्भव मदद की जाएगी। हालांकि, सरकार की ओर से इस कार्य के लिए वित्तीय सहायता की बजाय समाज के लोगों से सहयोग लिया जाएगा। स्मारक से विभाजन की दास्ताँ से भावी पीढ़ी जुड़ पाएगी और आजादी के संघर्ष को महसूस करने के साथ साथ देशभक्ति के प्रति प्रेरित होंगे। मुख्यमंत्री ने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि पंचनद स्मारक ट्रस्ट द्वारा बनाए जा रहे स्मारक में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि वे स्वयं अपने संपर्क से समाज के लोगों के सहयोग से साढ़े 5 करोड़ रुपये की राशि इकट्ठा करके देंगे। इसके अलावा, उन्होंने विधायक श्री सुभाष सुधा, श्री विनोद भ्याना, श्रीमती सीमा त्रिखा, श्री प्रमोद विज सहित 11 लोगों की ओर से 51-51 लाख रुपये के सहयोग की भी घोषणा की।

मनोहर लाल ने पंचनद स्मारक ट्रस्ट, फतेहाबाद को भी अपने ऐच्छिक कोष से 21 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की। इसके अलावा, शिवधाम नवीनीकरण योजना के तहत स्थानीय शिवपुरी शमशान घाट के लिए भी 21 लाख रुपये की राशि को मंजूर करने की घोषणा की।














संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 15 अगस्त 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 17 अंक: 217 पृष्ठ: 12+12+12+8 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group




मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला के समरहिल में हुए भारी भूस्खलन के बाद चलाए गए बचाव अभियान के दौरान घटना स्थल का दौरा किया।

















## सरकार 15 अगस्त से 50 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बेचेगी टमाटर



नई दिल्ली।
टमाटर की महंगाई से आम लोगों को निजात दिलाने के लिए केंद्र सरकार ने 15 अगस्त से 50 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर टमाटर बेचने का फैसला किया है। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी है। उपभोक्ता मामलों ने भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 50 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव टमाटर बेचने के निर्देश दिए हैं। मंत्रालय ने थोक बाजार में टमाटर की कीमतों में गिरावट के बाद यह फैसला लिया है। सरकार ने पहले एनसीसीएफ और नेफेड के जरिए बेचे जाने वाले टमाटर का खुदरा भाव 90 रुपये प्रति किलोग्राम तय किया था। इसको 16 जुलाई से घटाकर क्रमशः 80 रुपये प्रति किलोग्राम और 20 जुलाई से 70 रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया गया था, जिसे अब घटाकर 50 रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया गया है। दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान के (जयपुर, कोटा), उत्तर प्रदेश के (लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज) और बिहार (पटना, मुजफ्फरपुर, आरा, बक्सर) में ये टमाटर बेचे जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि टमाटर की बढ़ती कीमतों से निजात दिलाने के लिए पिछले एक महीने से केंद्र सरकार एनसीसीएफ और नेफेड के माध्यम से दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सहित कई राज्यों में रियायती दरों पर टमाटर बेच रही है। दिल्ली-एनसीआर में टमाटर की खुदरा बिक्री 14 जुलाई, 2023 से शुरू हुई थी।

## थोक महंगाई दर जुलाई में मामूली गिरावट के साथ -1.36 फीसदी पर



नई दिल्ली।
थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर जुलाई में मामूली घटकर -1.36 फीसदी पर पहुंच गई है। जून महीने में यह दर -4.12 फीसदी रही थी। हालांकि, यह लगातार चौथा महीना है, जब थोक महंगाई दर शून्य से नीचे रही है। पिछले साल जुलाई में थोक महंगाई दर 14.07 फीसदी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि जुलाई में थोक महंगाई दर में गिरावट मुख्य रूप से खनिज तेल, बुनियादी धातुओं, रसायन एवं रसायन उत्पादों, कपड़ा और खाद्य उत्पादों की कीमतों में गिरावट के कारण आई है। आंकड़ों के मुताबिक जुलाई में खाद्य पदार्थों की महंगाई 14.25 फीसदी रही, जो जून महीने में 1.32 फीसदी थी। हालांकि, ईंधन और बिजली खंड की महंगाई जुलाई में -12.79 फीसदी रही, जो जून महीने में -12.63 फीसदी थी। इसी तरह विनिर्मित उत्पादों की महंगाई जुलाई में -2.51 फीसदी रही, जो जून में -2.71 फीसदी थी। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने पिछले हफ्ते महंगाई को काबू में रखने के साथ अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए लगातार तीसरी बार नीतिगत दर रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर बरकरार रखा था। गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि मुद्रास्फीति को लेकर अभी काम खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा था कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में खाद्य वस्तुओं, ऊर्जा के दाम में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक तनाव तथा मौसम संबंधित अनिश्चितताओं के कारण मुद्रास्फीति को लेकर जोखिम बना हुआ है।





राष्ट्रीय दैनिक
# एक्शन इंडिया
सबकी खबर सब तक
03
नई दिल्ली
मंगलवार, 15 अगस्त 2023
RKB
Rakesh Bhardwaj Group












## कानपुर को हराकर लखनऊ मंडल पहुंचा सेमी फाइनल में

**लखनऊ।** लखनऊ मंडल के खेल प्रेमियों के लिए आज दो खुशखबरी आयी। एक तरफ आगरा में चल रहे सब जूनियर बालक फुटबाल चैंपियनशिप में लखनऊ मंडल ने कानपुर को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं मऊ में चल रहे जूनियर बालक स्टेट फुटबाल चैंपियनशिप में भी गुरुगोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आगरा में अंडर-16 सब जूनियर बालक फुटबाल चैंपियनशिप का क्वार्टर फाइनल कानपुर मंडल और लखनऊ मंडल के बीच खेला गया। इस मैच में 17 मिनट तक तो दोनों टीमें गोल के लिए कसम-कस करती रहीं, लेकिन 18वें मिनट में लखनऊ मंडल के गौतम थारू ने एक गोल कर बढ़त बना ली। इसके बाद कानपुर मंडल अभी बराबरी करने का प्रयास कर ही रहा था कि लखनऊ मंडल ने 43वें मिनट में एक गोल और दाग दिया। इसके बाद 56वें मिनट में लखनऊ मंडल ने एक और गोलकर मैच को तीन-शून्य से जीतकर सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं दूसरी तरफ मऊ में चल रहे अंडर-19 जूनियर बालक स्टेट फुटबाल चैंपियनशिप में भी लखनऊ मंडल को सफलता हाथ लगी। वहां भी लखनऊ मंडल और गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। इसमें लखनऊ मंडल ने गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज को तीन-शून्य से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इसमें भी पहले 17 मिनट तक दोनों टीमें गोल के लिए तरसती रहीं, लेकिन 18वें मिनट में लखनऊ मंडल के निरंजन ने एक गोल कर दिया। इसके बाद निरंजन ने ही लखनऊ मंडल के लिए 29वें मिनट और 44वें मिनट में एक-एक गोल किये और लखनऊ मंडल ने तीन-शून्य से मैच जीत लिया।

## संप्रीति कप फुटबॉल मैच 10 सितंबर को

**जलपाईगुड़ी।** जिले के राजगंज ब्लॉक में संप्रीति कप फुटबॉल मैच का आयोजन 10 सितंबर को किया जाएगा। आमबाड़ी चिंतामोहन हाई स्कूल में एक संप्रीति कप फुटबॉल मैच का आयोजन



किया जाएगा। तृणमूल युवा कांग्रेस की तरफ से फुटबॉल मैच का आयोजन किया जाएगा। आमबाड़ी शक्तिसोपान क्लब में पत्रकार सम्मेलन कर राजगंज ब्लॉक युवा तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष तुषार कांति दत्त ने इसकी जानकारी दी।

तुषार कांति दत्त ने कहा कि 10 सितंबर को आमबाड़ी चिंतामोहन हाई विद्यालय के मैदान में चौथी बार संप्रीति कप एक दिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया जा रहा है। इस एक दिवसीय फुटबॉल मैच में आठ टीमें हिस्सा लेंगी। बिजेता टीम को 60 हजार और उपविजेता टीम को 40 हजार नगद सहित ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावे मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ दी टूर्नामेंट से भी खिलाड़ियों को सम्मनित किया जाएगा।

## पेरिस ओलंपिक में पहुंची ऑस्ट्रेलियाई हॉकी टीम

**वांगरेई ।** ऑस्ट्रेलिया की पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने 2023 ओशिनिया कप जीतकर 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिये क्वालिफाई कर लिया है। दोनों टीमों ने न्यूजीलैंड को हराकर ओलंपिक में जगह पक्की की। ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में 3-1 से जीत दर्ज की, जबकि महिला टीम ने न्यूजीलैंड को 3-0 से हराया। इसके साथ ऑस्ट्रेलिया ओशिनिया के महाद्वीपीय चैंपियन के रूप में ओलंपिक खेलों के लिये सीधे क्वालिफाई करने वाली पहली टीम बन गयी। फ्रांस ने मेज़बान होने के नाते 2024 खेलों के लिये क्वालिफाई किया है। ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम ने कुल मिलाकर दो जीत और एक हार के साथ छह अंक हासिल किये, जबकि महिला टीम ने दो जीत और एक ड्रॉ की बदौलत सात अंक जुटाए। ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम के खिलाड़ी जेक हार्वी ने कहा, 'न्यूजीलैंड ने इसे बहुत प्रतिस्पर्धी श्रृंखला बनाया, लेकिन हम ओलंपिक खेलों के लिये क्वालिफाई करके बहुत खुश हैं। खेलों से पहले हमें बहुत काम करना है, लेकिन अभी हमें उस पल का आनंद लेना होगा कि हमें ओलंपिक में एक टीम भेजने का मौका मिला है।' न्यूजीलैंड की पुरुष और महिला टीमें अब एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर 2024 खेलेंगी जहां उन्हें ओलंपिक में पहुंचने का दूसरा मौका मिलेगा। पुरुष और महिला प्रत्येक वर्ग में कुल 12 हॉकी टीमें ओलंपिक खेलों में हिस्सा लेंगी।

## वेस्टइंडीज ने 3-2 से जीती टी20 श्रृंखला, आखिरी मुकाबले में भारत को 8 विकेट से हराया

**फ्लोरिडा।** वेस्टइंडीज ने भारत को टी20 श्रृंखला में 3-2 से हरा दिया है। खेले गए पांचवे और आखिरी टी20 मैच में मेजबान ने मेहमान भारतीय टीम को आठ विकेट से मात दी। भारत की ओर से मिले 166 रन के लक्ष्य को वेस्टइंडीज ने दो विकेट के नुकसान पर 12 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया।

वेस्टइंडीज के लिए सलामी बल्लेबाज ब्रेंडेन किंग और विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन ने जोरदार बल्लेबाजी की। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी की। जहां पूरन 47 रन बनाकर आउट हुए। वहीं किंग 85 रन बनाकर नाबाद रहे। उनके साथ साई होप 22 रन बनाकर नाबाद रहे। जबकि ओपनर बल्लेबाज काइल मेयर्स ने 10 रन बनाए। भारत की तरफ से अर्शदीप सिंह और तिलक वर्मा को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए



भारतीय टीम निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 165 रन बनाए। भारत के लिए सूर्यकुमार यादव ने सबसे ज्यादा 61 रन बनाए। इसके अलावा, तिलक वर्मा 27, हार्दिक पांड्या 14, संजू सैमसन और अक्षर पटेल ने 13-13 रन का योगदान दिया। जबकि भारतीय पारी में 11 अतिरिक्त रन भी शामिल रहे। वेस्टइंडीज के लिए रोमारियो शेफर्ड ने 4 विकेट झटके, जबकि अकील हुसैन और जेसन होल्डर को दो-दो सफलता मिली। वहीं रोस्टन चेज को एक विकेट मिला।

## बास्केटबॉल सुपरकप : चीन ने न्यूजीलैंड को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया

**बर्लिन।** चीन ने ली कैयर के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत हैम्बर्ग में 2023 बास्केटबॉल सुपरकप में न्यूजीलैंड को 69-68 से हरा दिया। इस जीत के साथ ही चीन ने टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया। ली ने स्कोरिंग में चीन का नेतृत्व किया और 18 अंकों के साथ टीम के वापसी की नींव रखी।

मैच में न्यूजीलैंड ने जोरदार शुरुआत की और पहले क्वार्टर में बराबरी के बाद 22-16 की बढ़त बना ली।

चीन ने दूसरे क्वार्टर में वापसी करते हुए 10-0 के स्कोर के साथ 28-27 की बढ़त हासिल कर ली। हालाँकि, न्यूजीलैंड ने आत्मविश्वास से जवाब दिया और दूसरे क्वार्टर को 39-31 की बढ़त के साथ समाप्त किया।

अलेक्जेंडर जोर्डजेविक के मार्गदर्शन में, चीन ने तीसरे क्वार्टर में वापसी की और न्यूजीलैंड के नौ अंको की बढ़त को घटाकर 4 अंक तक ले आये और स्कोर



54-50 हो गया। जब चीन दो अंक, 68-66 से पिछड़ रहा था, और केवल एक मिनट शेष था, झांग जेनलिन ने ले-अप के साथ 68-68 की बराबरी कर ली। यानि वेटज़ेल के फाउल ने चीन को दो फ्री थ्रो दिए, जिनमें से झोउ क्यूई ने एक फ्री थ्रो किया, जिससे चीन को 27 सेकंड शेष रहते एक अंक का फायदा हुआ। न्यूजीलैंड की उम्मीदें तब धराशायी हो गई जब ली के अवरोधन ने चीन की करीबी जीत सुनिश्चित कर दी।

## प्रसिद्ध कृष्णा ने केएससीए टी20 टूर्नामेंट के जरिए आयरलैंड दौरे के लिए किया अभ्यास

**नई दिल्ली।** आयरलैंड दौरे से पहले, तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने यहां केएससीए महाराजा ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट में हुबली टाइगर्स के खिलाफ मैसूरु वॉरियर्स के लिए पूरी ताकत से गेंदबाजी की। प्रसिद्ध 15 अगस्त को कप्तान जसप्रीत बुमराह सहित अन्य भारतीय खिलाड़ियों के साथ मुंबई से आयरलैंड के लिए रवाना होने वाले हैं।भारत 18, 20 और 23 अगस्त को मलाहाइड, डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ तीन टी20 मैच खेलेगा। प्रसिद्ध ने अपने कौशल को निखारने और जाने से पहले अपने शरीर को खेल की माँगों के अनुरूप ढालने के लिए केएससीए टी20 टूर्नामेंट का उपयोग किया। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने पूरी तीव्रता और गति के साथ दो ओवर डाले और 13 रन देकर एक विकेट हासिल



किया। बड़ी जिम्मेदारियों से निपटने के लिए अपनी तत्परता को रेखांकित करने के लिए प्रसिद्ध ने अपने कर्नाटक टीम के साथी लवनिथ सिसौदिया को शून्य पर क्लीन बोल्ड कर दिया।

हालाँकि, उनका स्पैल वॉरियर्स के लिए काम नहीं आया, क्योंकि टाइगर्स ने एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में बारिश से प्रभावित मैच में नौ विकेट से जीत दर्ज की। प्रसिद्ध ने पिछले महीने केएससीए टी20 टूर्नामेंट जी कस्तूरीरंगन मेमोरियल ट्रॉफी टूर्नामेंट में भी गेंदबाजी की थी। उन्होंने सर सैयद क्रिकेटर्स के खिलाफ माउंट जॉय क्रिकेट क्लब के लिए उस मैच में चार विकेट (4-0-36-4) लिए थे।

प्रसिद्ध चोट के कारण लगभग एक साल कर बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे हैं। कर्नाटक के तेज गेंदबाज ने भारत के लिए आखिरी बार 20 अगस्त, 2022 को जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय मैच खेला था।

इस साल की शुरुआत में, 27 वर्षीय प्रसिद्ध को लम्बर स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण आईपीएल 2023 से बाहर कर दिया गया था। सर्जरी के बाद वह एनसीए में स्वास्थ्य लाभ कर रहे थे।

## संशोधित-कोच्चि केडीज ने रोमांचक फाइनल में किराक हैदराबाद को हराकर जीता प्रो पांजा लीग का खिताब

**नई दिल्ली।** कोच्चि केडीज ने नई दिल्ली के आईजीआई स्टेडियम में खेले गए फाइनल में किराक हैदराबाद को 30-28 से हराकर प्रो पांजा लीग के उद्घाटन सीजन का खिताब जीत लिया। खिताबी मुकाबले में कड़ी टक्कर देखने को मिली, जिसमें रुद्र नाइक और प्रिंस कुमार ने कोच्चि के लिए अपने मुकाबले जीते, जबकि किराक के लिए बुद्ध सिंह और सविता कुमारी ने अपने विरोधियों पर जीत हासिल की। मुख्य कार्ड में, कोच्चि की चेतना शर्मा ने प्रतियोगिता के अपने सबसे कठिन 65



किग्रा मुकाबले में मधुरा केएन से मुकाबला किया। चेतना ने क्लीन स्वीप से मुकाबला जीतकर कोच्चि को बढ़त दिला दी।

लेकिन हैदराबाद के स्टीव थॉमस ने अगले मैच में कोच्चि के आकाश कुमार के खिलाफ 70 किग्रा मुकाबले में तुरंत चैलेंजर राउंड को एक्टिव करते हुए 10-0 से जीत हासिल की और पासा पलट दिया। लेकिन रात में उतार-चढ़ाव जारी रहा क्योंकि योगेश चौधरी ने प्रो पांजा लीग में अपना दबदबा जारी रखा और 65 किग्रा मुकाबले में जिंसी जोस के खिलाफ चैलेंजर राउंड को एक्टिव कर दिया। 10-0 की जीत के साथ कोच्चि ने एक बार फिर बढ़त बना ली.

80 किग्रा के मुकाबले में किराक के कप्तान आस्कर अली का मुकाबला कोच्चि के प्रिंस धीर से था और दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। आस्कर ने मैच को 10-0 से जीतने के लिए दूसरे चैलेंजर राउंड को एक्टिव किया और किराक को फिर से प्रतियोगिता में वापस लाया। सिद्धार्थ मालाकार ने शेख मोहम्मद अबरार को क्लीनस्वीप से हराकर 90 किग्रा मुकाबले में 5 अंक हासिल किए, लेकिन मजाहिर सैदु ने उज्जवल अग्रवाल को 10-0 से हराकर मैच को टाई-ब्रेकर में पहुंचा दिया।

किराक के स्टीव ने रुद्र नाइक को हराकर किराक को टाई-ब्रेकर में बढ़त दिलाई, लेकिन मज़ाहिर ने आस्कर अली को मात देकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद चेतना शर्मा ने मधुरा केएन को हराकर कोच्चि केडीज को बढ़त दिलाई और फिर योगेश चौधरी ने जिंसी जोस को एक बार फिर हराकर कोच्चि केडीज को ट्रॉफी जिताने में मदद की।

## बास्केटबॉलः ओलंपिक प्री-क्वालीफायर एशिया चैंपियनशिप में भारत ने लगातार दो जीत दर्ज की

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष बास्केटबॉल टीम ने दमिश्क, सीरिया में छह-टीम प्री-क्वालीफायर एशिया चैंपियनशिप में अपने पहले दो मैचों में मेजबान सीरिया और इंडोनेशिया को हराकर 2024 एफआईबीए पुरुष ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने की अपनी संभावना बरकरार रखी है। , भारत ने अपने दूसरे मैच में इंडोनेशिया को 90-74 से हराकर दो मैचों से चार अंक जुटाए और बहरीन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गया। बहरीन ने भी अब तक अपने दोनों मैच जीते हैं। भारत की शुरुआत शानदार रही और उसने पहला क्वार्टर 25-16 से और दूसरा क्वार्टर 25-20 से जीतकर हाफ



टाइम तक 50-36 की अच्छी बढ़त ले ली। इंडोनेशिया ने तीसरे क्वार्टर में अच्छी लड़ाई लड़ी। दोनों टीमों ने 19 अंक बनाए। भारत ने चौथे और अंतिम क्वार्टर में इंडोनेशिया के 19 अंकों के मुकाबले 21 अंक बनाए और आसानी से मैच जीत लिया। भारत के लिए मुईन बेक हफीज ने सर्वाधिक 15 अंक बनाए जबकि पलप्रीत सिंह बरार ने नौ रिबाउंड बनाए वहीं, विशेष भृगुवंशी और हफीज ने पांच-पांच सहायता की। इससे पहले भारत ने शनिवार को अल-फ़ैहा स्पोर्ट्स ऐरेना में सीरिया के खिलाफ 85-74 की जीत के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत की थी। भारत ने पहले क्वार्टर में शुरुआती 31-16 की बढ़त बना ली और हालांकि मेजबान टीम ने दूसरे क्वार्टर में मेहमान टीम को 19-17 से हरा दिया, लेकिन भारतीयों ने तीसरा क्वार्टर 23-18 से जीतकर अपनी बढ़त को और बढ़ा दिया। हालांकि चौथे और अंतिम क्वार्टर में सीरिया का दबदबा 21-14 से रहा लेकिन अंत में यह पर्याप्त नहीं था।

## फीडे विश्व कप शतरंज -चीन के वांग को हराकर गुकेश बने विश्व नंबर 7 , अर्जुन भी जीते

**बाकू , अजरबैजान।** फीडे विश्व कप शतरंज प्री क्वाटर फाइनल के पहले क्लासिकल मुकाबले में भारत के डी गुकेश और अर्जुन एरिगासी नें जीत दर्ज करते हुए क्वाटर फाइनल की ओर कदम बढ़ा दिये है जबकि विदित गुजराती और हरिका द्रोणावल्ली नें अपने मुकाबले ड्रॉ खेले ।

भारत के नंबर एक खिलाड़ी 17 वर्षीय गुकेश हर दिन एक नया विश्व रिकॉर्ड बना रहे है , गुकेश नें आज चीन के अनुभवी खिलाड़ी वांग हाउ को मात देते हुए ना सिर्फ 1-0 की बढ़त बना ली




है बल्कि वह अब 2761 अंको के साथ दुनिया के के सातवे नंबर के खिलाड़ी बन गए है । बड़ी बात यह है की क्वाटर फाइनल में गुकेश का सामना विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन से हो सकता है जिन्होने आज उक्रेन के वेसली इवांचुक को मात देकर इसकी संभावना बढ़ा दी है । भारत के अर्जुन एरिगासी भी आज जीत दर्ज करने में सफल रहे उन्होंने नीदरलैंड के निल्स ग्रंडेलीयूस को हराया और क्वाटर फाइनल दौड़ में आगे निकल गए है ।अन्य खिलाड़ियों में विदित गुजराती नें यान नेपोमनिशि से , कल बड़ा उलटफेर करने वाले प्रज्ञानन्दा नें हंगरी के फ्रेंक बेकेर्स से और महिला वर्ग में हरिका द्रोणावल्ली नें रूस की अलेकसांद्रा गोरयाचिकना से ड्रॉ खेला ।

## एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में जीत के बाद FIH रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचा भारत

**नई दिल्ली।** एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) में खिताबी जीत के बाद भारतीय हॉकी टीम एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) की नवीनतम रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। एशियाई खेलों से पहले रैंकिंग में इस सुधार से भारतीय टीम का हौसला बढ़ेगा। भारत (2771.35 अंक) इंग्लैंड (2763.50 अंक) को पछाड़ कर एक स्थान के सुधार के साथ तीसरे स्थान पर पहुंचा। इस रैंकिंग में नीदरलैंड (3095.90 अंक) पहले और बेल्जियम (2917.87 अंक) दूसरे स्थान पर हैं। यह दूसरी बार है जब भारत



एफआईएच रैंकिंग में तीसरे पायदान पर पहुंचा। भारतीय टीम ने 2021 में तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक हासिल करने के बाद यही रैंकिंग हासिल की थी।

तोक्यो में भारत ने ओलंपिक में पदक के 41 साल के सूखे को खत्म किया था। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके शनिवार को मलेशिया को 4-3 से हराकर चौथी बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता का खिताब जीता और 23 सितंबर से होने वाले हांगझोउ एशियाई खेलों के लिए अपनी तैयारियों का पुख्ता सबूत पेश किया। एसीटी की उपविजेता मलेशिया नौवें स्थान पर बरकरार है। इस रैंकिंग में कोरिया 11वें, पाकिस्तान 16वें स्थान पर है। टूर्नामेंट में तीसरी स्थान पर रही जापान की टीम रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ 18वें स्थान पर पहुंच गई।

## जीव मिल्खा सिंह लीजेंड्स टूर में संयुक्त छठे स्थान पर

**लंदन।** भारत के दिग्गज गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने लीजेंड्स टूर ट्रॉफी के पहले टूर्नामेंट के शुरुआती दिन चार अंडर 68 का स्कोर बनाया। जीव ने अंतिम नौ होल में लगातार पांच बर्डी बनाई। उन्होंने कुल छह बर्डी बनाई लेकिन इस बीच दो बोगी भी की। वह पहले दौर के बाद संयुक्त छठे स्थान पर हैं। स्वीडन के जोकिम हेगमैन और वेल्शमैन स्टीफन डोड ने शुरुआती दिन के बाद संयुक्त बढ़त पर हैं। जीव ने अब तक विभिन्न प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह वेल्स में सीनियर ओपन में संयुक्त 14वें और फिर जेसीबी चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर रहे थे।



## बेन स्टोक्स को विश्व कप 2023 के लिए मनाने की तैयारी, जोस बटलर को मिली जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** क्रिकेट विश्व कप 2019 की विजेता टीम इंग्लैंड एक बार फिर से अपने रिटायर प्लेयर बेन स्टोक्स को वापस लाने की तैयारी कर रही है। स्टोक्स जोकि पिछले साल ही वनडे फार्मेट से संन्यास ले चुके हैं, को मनाने के लिए इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान जोस बटलर प्रयास कर सकते हैं। माना यह जा रहा है कि 2019 विश्व कप में स्टोक्स का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा था और वह इस साल भी शानदार प्रदर्शन करने में सक्षम हो सकते हैं। विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलना है। 2019



क्रिकेट विश्व कप के दौरान इन्हीं दो टीमों के बीच फाइनल मुकाबला हुआ था। एक बार फिर से यह मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है। ऐसे में इंग्लैंड क्रिकेट

> **स्टोक्स जोकि पिछले साल ही वनडे फार्मेट से संन्यास ले चुके हैं, को मनाने के लिए इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान जोस बटलर प्रयास कर सकते हैं।**

मैनेजमेंट इस मैच में अपने सर्वश्रेष्ठ प्लेयरों में से एक स्टोक्स को जरूर बुलाना चाहेगी।

इंग्लैंड के सफेद गेंद के कोच मैथ्यू मॉट ने कहा कि सीमित ओवरों के कप्तान जोस बटलर संभावित वापसी के संबंध में स्टोक्स के साथ बातचीत शुरू करने का नेतृत्व करेंगे। मॉट ने कहा कि बेन हम सभी के साथ बहुत सीधा है। हम देखेंगे कि क्या वह उत्सुक है। वह क्या करने जा रहे हैं। इस पर अभी कोई स्पष्ट निर्देश नहीं आया है, लेकिन हम अभी भी आशान्वित हैं। मॉट बोले- मैंने हमेशा कहा है कि उसकी गेंदबाजी एक बोनस होगी, लेकिन जरा देखिए कि वह बल्ले से क्या लाता है, यहां तक कि मैदान में भी। मॉट ने टीम के लिए स्टोक्स के बहुमुखी मूल्य पर जोर दिया और कहा कि पूरे एशेज सीरीज के दौरान उन्हें देखकर ऐसा लगा कि उनकी उपस्थिति बहुत अच्छी थी। जब एकदिवसीय क्रिकेट में प्रदर्शन की बात आती है तो उसने वर्षों तक ऐसा किया है और इसलिए वह एक अमूल्य वस्तु है।

## हवाई प्रांत के दावानल में भस्म हो गए 93 लोग

**होनोलूलू।** संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रशांत महासागर के मध्य स्थित हवाई प्रांत के माउई में जंगल की आग विकराल होती जा रही है। इस दावानल में मरने वालों की संख्या बढ़कर 93 हो गई है। इसे सदी का सबसे भयावह दावानल कहा जा रहा है।स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गई है। साथ ही यह सवाल भी उठाया गया है कि आग की लपटों में बुरी तरह झुलसे लोगों तक सरकारी मदद अभी तक नहीं पहुंची। इससे लोग गुस्सा हैं। अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि रात तक मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 93 पहुंच गया। इसके और बढ़ने की आशंका है। हवाई के गवर्नर जोश ग्रीन ने कहा है कि पश्चिमी माउई में लगभग 2,200 आवास जलकर राख हो गए। माउई में बिजली नहीं है। इस क्षेत्र में जीवित बचे तमाम लोग आपदा के मद्देनजर एक-दूसरे पर भरोसा कर रहे हैं।



## बलूचिस्तान में बीएलए का आत्मघाती हमला, चार चीनी नागरिकों समेत 13 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में चीनी कामगारों के काफिले पर हुए हमलों की ताजा कड़ी में बलूचिस्तान में हुए एक हमले में चार चीनी नागरिक समेत 13 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पाकिस्तानी सेना के नौ सैनिक भी शामिल हैं। इस हमले की बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने जिम्मेदारी ली है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, चीनी इंजीनियरों के काफिले पर सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुआ। बलूच लिबरेशन आर्मी के आत्मघाती दस्ते माजिद ब्रिगेड ने ग्वादर में चीनी कामगारों पर हमले की जिम्मेदारी ली है। बीएलए का कहना है कि उसके दो मजीद ब्रिगेड 'फिदायीन' ने हमले में हिस्सा लिया। इस हमले की पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने दो कथित हमलावरों की तस्वीरें जारी की हैं। रिपोर्ट के मुताबिक चीनी इंजीनियरों पर फकीर कॉलोनी ग्वादर के पास हमला हुआ। चीनी इंजीनियरों के काफिले पर हमले के बाद ग्वादर में धमाकों का सिलसिला जारी है। बंदरगाह शहर ग्वादर में विस्फोटों और गोलियों की आवाज सुनी जा सकती है। यहां की सभी सड़कों को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है।सरकारी अधिकारियों ने भी ग्वादर में चीनी इंजीनियरों पर हमले की पुष्टि की है। पाकिस्तान में चीनी वाणिज्य दूतावासों ने बलूचिस्तान और सिंध में अपने नागरिकों को अगले आदेश तक अपने घरों के अंदर ही रहने के आदेश जारी किए हैं।



## पाकिस्तानी शख्स ने टॉर्चर कर की अमेरिकी पत्नी की हत्या, कब्रिस्तान में गुपचुप दफना रहा था शव, गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान के लाहौर में पुलिस ने एक व्यक्ति को उसकी पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोप है कि पाकिस्तानी शख्स ने अपनी अमेरिकी मूल की पत्नी को इतना प्रताड़ित किया कि उसकी मौत हो गई। मौत के बाद आरोपी शव को लाहौर के कब्रिस्तान में दफना रहा था, उसी दौरान पुलिस को इसकी सूचना मिल गई और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आरोपी की पहचान काजिम खान के रूप में हुई है। काजिम खान ने अमेरिकी मूल की डियाना क्रिस्टो से शादी की थी। दोनों लाहौर में रह रहे थे। पुलिस का कहना है कि काजिम अपनी पत्नी को काफी प्रताड़ित करता था और इसी प्रताड़ना की वजह से उसकी मौत हुई। पत्नी की मौत के बाद आरोपी उसके शव को लाहौर के कब्रिस्तान में दफना रहा था। तभी इसकी सूचना पुलिस को मिल गई और आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया। जिस हथियार से हत्या की गई, पुलिस ने उसे बरामद कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मुर्दाघर भेजा गया है। पाकिस्तान में इस तरह का यह पहला मामला नहीं है। इससे कुछ साल पहले पाकिस्तान के रिजवान हबीब नामक एक व्यक्ति ने भी अपनी अमेरिकी मूल की पत्नी की हत्या कर दी थी। दोनों अमेरिका में रहते थे लेकिन संपत्ति के सिलसिले में दोनों पाकिस्तान आए थे। रावलपिंडी में रहने के दौरान दंपति के बीच संपत्ति को लेकर विवाद हो गया और पति ने पत्नी की हत्या कर दी।

# प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने अपने एक मंत्री को कैबिनेट से हटाया

**काठमांडू।** प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड ने अपने कैबिनेट में मामूली फेरबदल किया है। माओवादी के कोटे से सरकार में मंत्री रहे एक नेता से इस्तीफा ले लिया गया है।

माओवादी पार्टी के अध्यक्ष समेत रहे प्रधानमंत्री प्रचण्ड की अध्यक्षता में हुई पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में गठबन्धन सरकार में एक और दल को सहभागी कराने के लिए अपनी पार्टी के एक मंत्री को वापस बुलाने का निर्णय किया गया। पार्टी के इस फैसले के साथ ही प्रचण्ड सरकार में संघीय मामला और सामान्य प्रशासन मंत्री अमन लाल मोदी को इस्तीफा देने



को कहा गया। मोदी के इस्तीफे के साथ ही रिक्त हुए मंत्रालय में सरकार को बाहर से समर्थन दे रही जनमत पार्टी की सांसद अनिता साह को सोमवार सुबह 10 बजे शपथ दिलाया जाएगा।

पार्टी बैठक में प्रचण्ड ने कहा कि गठबन्धन सरकार को और अधिक मजबूती करने के लिए जनमत पार्टी को सरकार में सहभागी कराना जरूरी है। नेपाल में माओवादी और एमाले पार्टी का गठबन्धन टूटने के बाद नेपाली कांग्रेस के साथ गठबन्धन बना था उसमें जनमत पार्टी ने भी समर्थन दिया था। जनमत पार्टी के प्रतिनिधि सभा में 6 सांसद हैं। इस पार्टी के बाहर समर्थन करने से कभी भी विरोध में जाने का खतरा बना हुआ था। जिस तरह से इस समय गठबन्धन दलों के बीच ही अविश्वास का माहौल बन रहा है ऐसे में सरकार के गिरने का खतरा लगातार बना हुआ है। इसलिए प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने अपनी सरकार की मजबूती के लिए जनमत पार्टी को एक मंत्रालय दिया है।

## अमेरिका के पेन्सिल्वेनिया में एक मकान में हुए विस्फोट में चार की मौत



**वाशिंगटन।** अमेरिका के पश्चिमी पेन्सिल्वेनिया में एक मकान में विस्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद से एक व्यक्ति लापता है। विस्फोट के कारणों का पता नहीं चला है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। विस्फोट की घटना में तीन मकान नष्ट हो गए तथा कम से कम 12 ढांचे क्षतिग्रस्त हुए हैं। एलेघेनी काउंटी के अधिकारियों ने बताया कि प्लम शहर में पूर्वाह्न करीब 10.30 बजे विस्फोट हुआ और इसके बाद तीन लोगों को अस्पताल ले जाया गया। अधिकारियों ने बाद में कहा कि घायलों में से एक की हालत गंभीर है, जबकि दो अन्य की हालत स्थिर है।

# रूसी हमले में खेरसॉन में 23 दिन की नवजात बच्ची सहित सात की मौत, यूक्रेन के तीन ड्रोन को नाकाम करने का दावा

**कीव।** रूसी हमले में यूक्रेन के दक्षिणी खेरसॉन इलाके में की गई ताजा गोलाबारी में 23 दिन की बच्ची सहित सात लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन के आंतरिक मामलों के मंत्रालय ने यह जानकारी दी। वहीं रूसी रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन की तरफ से किए गए तीन ड्रोन हमले को नाकाम करने का दावा किया है। यूक्रेन के आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि रूस की ओर से निपर नदी के किनारे बसे शिरोका बल्का गांव पर तोप से गोलाबारी की गई जिसमें एक ही परिवार के चार लोगों सहित पांच की मौत हो गई। मंत्रालय ने बताया कि मारे गए परिवार में पति, पत्नी, 12 साल का लड़का और 23 दिन की बच्ची शामिल है।

मंत्रालय ने बताया कि पड़ोसी स्टैनिस्लाव गांव में रूस द्वारा किए



गए हमले में दो पुरुषों की मौत हो गई जबकि एक महिला घायल हुई है।

खेरसॉन के क्षेत्री गवर्नर ओलक्सेंड्र प्रोकुदीन ने कहा कि रूस द्वारा प्रांत पर किए गए हमले में तीन लोग घायल हुए हैं।

यूक्रेन की सेना के अधिकारियों ने दावा किया कि उनकी सेना ने दक्षिण में कुछ प्रगति की है और जापोरिज्जिया क्षेत्र के एक अहम गांव के पास कुछ सफलता प्राप्त की है और अन्य अज्ञात इलाकों को भी अपने नियंत्रण में ले लिया है।

रूस में स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि वायु रक्षा प्रणाली ने बेलगोरोड में दो ड्रोन को मार गिराया जबकि एक अन्य ड्रोन को कुर्स्क क्षेत्र में नाकाम कर दिया गया। ये दोनों इलाके यूक्रेन की सीमा के करीब हैं।

## जोहानिसबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में हजारों भारतीयों ने मनाया इंडिया डे

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में हजारों भारतीय लोगों ने इंडिया डे कार्यक्रम में स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में 15 हजार लोगों ने हिस्सा लिया।

दक्षिण अफ्रीका के आर्थिक केंद्र जोहानिसबर्ग में रहने वाले भारतीयों के संगठन इंडिया क्लब की मेजबानी में इंडिया डे का आयोजन किया गया। स दौरान लगातार 12 घंटे तक भारत के अलग-अलग नृत्यों सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के स्थानीय कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुति दी।

दक्षिण अफ्रीका में कार्य कर रही कई भारतीय कंपनियों ने अपने स्टॉल लगाए थे जिनमें उनके उत्पाद और सेवाओं को प्रदर्शित किया गया जबकि खाने पीने की दुकानों पर भारत और दक्षिण अफ्रीका के व्यंजनों को स्वाद चखने के लिए लोगों की कतार दिखी। इंडिया क्लब के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने कहा, हम बढ़ते समर्थन से बहुत ही खुश हैं और यह समर्थन न केवल भारतीय समुदाय से मिल रहा है बल्कि दक्षिण अफ्रीका में रहने वाले अन्य समुदाय भी साथ आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि कैसे 15 अगस्त का जश्न सुविधानुसार सप्ताहांत में



आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि इंडिया क्लब हर साल इस कार्यक्रम का आयोजन करता है, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण उसे दो साल तक इंडिया डे के आयोजन को स्थगित करना पड़ा। गुप्ता ने बताया, हम 15 अगस्त को भारत की आजादी को मनाने के लिए 15 साल पहले जोहानिसबर्ग के उपनगर रैंडबर्ग के शॉपिंग सेंटर में छोटे स्तर पर शुरुआत की थी और कुछ साल बाद हमने लोकप्रिय जू लेक मैदान में इसे मनाने की शुरुआत की। उन्होंने कहा, कोविड-19 महामारी के कारण दो साल तक हमारे इंडिया डे आयोजित करने की योजना में बाधा आई, लेकिन पिछले साल हमने अनुभव किया कि जू लेक मैदान भी कार्यक्रम आयोजित करने के लिए छोटा पड़ रहा है, इसलिए हम वांडरर्स स्टेडियम आए जो पिछली रात पूरी तरह से भर गया था। दक्षिण अफ्रीका में नवनियुक्त उच्चायुक्त प्रभात कुमार ने कहा, मैं भारत से बाहर हूं, लेकिन अभी महसूस कर रहा हूं कि मैं वापस भारत में ही हूं। मैं पूरे भारत को यहां देख रहा हूं। कई लोग भारत के अलग-अलग क्षेत्रों और राज्यों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

## ग्वादर में चीनी कामगारों के काफिले पर हमले की जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने दो चरमपंथियों को मार गिराया

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर शहर में चरमपंथियों ने चीन के कर्मचारियों को ले जा रहे एक काफिले पर हमले के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ में दो चरमपंथियों को मार गिराया है। ज्ञात रहे कि इस हमले में चार चीनी नागरिकों समेत 13 लोगों की मौत हुई थी। मरने वालों में पाकिस्तानी सेना के नौ सैनिक भी शामिल हैं। इस हमले की बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने जिम्मेदारी ली है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, चीनी इंजीनियरों के काफिले पर सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुआ। बलूच लिबरेशन आर्मी के आत्मघाती दस्ते माजिद ब्रिगेड ने ग्वादर में चीनी कामगारों पर हमले की जिम्मेदारी ली है। बीएलए का कहना है कि उसके दो मजीद ब्रिगेड फिदायीन ने हमले में हिस्सा लिया। इस हमले की पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने दो कथित हमलावरों की तस्वीरें जारी की हैं। रिपोर्टों के मुताबिक चीनी इंजीनियरों पर फकीर कॉलोनी ग्वादर के पास हमला हुआ।

ज्ञात रहे कि ग्वादर प्रमुख बंदरगाह अरबों डॉलर की लागत वाले चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का एक प्रमुख केंद्र है, और चीन के भी कई कर्मचारी यहां काम करते हैं। सीपीईसी परियोजना के तहत चीन, बलूचिस्तान में भारी निवेश कर रहा है।

पाकिस्तानी थलसेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार पूर्वाह्न 10 बजे चरमपंथियों ने छोटे हथियारों और हथगोलों से हमला किया। आईएसपीआर ने दावा किया, लेकिन प्रभावी और त्वरित जवाबी कार्वाई में दो चरमपंथियों को मार गिराया गया।

सेना ने देश की शांति और समृद्धि को नुकसान पहुंचाने की दुश्मनों की कोशिशों को नाकाम करने का संकल्प लिया। हालांकि, उसने अपने बयान में चीन के इंजीनियरों पर किसी हमले का उल्लेख नहीं किया है। बलूचिस्तान में सक्रिय चरमपंथी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी -मजीद ब्रिगेड ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। पाकिस्तानी अधिकारियों ने ग्वादर हमले को तूल न देते हुए इसे महज आतंकवादी गतिविधि करार दिया। वहीं, इस्लामाबाद स्थित चीन के दूतावास ने ग्वादर में चीन के नागरिकों को ले जा रहे काफिले पर हमले की गहन जांच की मांग की।

पाकिस्तान स्थित चीन के दूतावास ने एक बयान जारी कर कहा कि उसके नागरिकों को ले जा रहे काफिले पर ग्वादर बंदरगाह के नजदीक हमला किया गया, लेकिन उक्त घटना में उसके पक्ष का कोई हताहत नहीं हुआ है और सुरक्षा के लिए आवश्यक जवान तैनात थे।

पाकिस्तान स्थित चीन के दूतावास ने इस आतंकवादी गतिविधि की कड़े शब्दों में निंदा की है। बयान में कहा गया, दूतावास और कराची स्थित महावाणिज्य दूतावास ने तत्काल आपात प्रतिक्रिया व्यक्त की और पाकिस्तानी अधिकारियों से हमले को लेकर गहन जांच करने तथा दोषियों को दंडित करने की मांग की। साथ में भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए व्यावहारिक और प्रभावी कदम उठाने को भी कहा।

# बांग्लादेशी नागरिकों को नेपाल बुलाकर बंधक बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**काठमांडू।** बांग्लादेश से नागरिकों को विदेश ले जाने के नाम पर काठमांडू बुलाकर उन्हें बंधक बनाने और उनके घरवालों से फिरौती मांगने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। नेपाल पुलिस ने 5 बांग्लादेशी नागरिकों और 2 नेपाली महिलाओं को गिरफ्तार किया है।

बांग्लादेश की तरफ से उनके कुछ नागरिकों को बंधक बनाकर फिरौती मांगे जाने की सूचना के बाद काठमांडू पुलिस ने इस गिरोह का पर्दाफाश किया। काठमांडू क्राइम ब्रांच के एसपी डॉ. मनोज केसी ने पत्रकार सम्मेलन कर इस पूरे गिरोह के बारे में जानकारी दी। एसपी डॉ. मनोज केसी ने बताया कि पोलैंड में रोजगारी दिलाने के नाम पर पहले लोगों को काठमांडू बुलाया जाता था। फिर उनको वहां एक घर में बंधक



बनाकर उनके ही फोन से उनके घर में फोन करके 10 लाख रुपये तक की फिरौती मांगी जाती थी। इस अपराध को अंजाम देने के लिए कुछ बांग्लादेशी नागरिक पहले से ही काठमांडू में मौजूद थे। इस काम को अंजाम देने के लिए काठमांडू की दो स्थानीय महिलाओं का भी सहयोग लिया जाता था। पत्रकार सम्मेलन में उन्होंने बताया कि इस गिरोह के पास बंधक बनाए गए 8 बांग्लादेशी नागरिकों को बचाया जा चुका है। मुक्त कराए गए लोगों में कुछ युवतियां भी शामिल हैं, जिन्हें यहां मसाज पार्लर में जबरन काम पर लगाया गया था। एसपी केसी ने बताया कि इस मामले में अभी और जांच की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि इस तरह का कोई और गिरोह तो सक्रिय नहीं है।

इस मामले में पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिक 47 वर्षीय आमिर हुसैन, 37 वर्षीय मोहम्मद मोतिउर रहमान, 38 वर्षीय सलीम मियां, 21 वर्षीय जहांगीर आलम, 21 वर्षीया तहमिना बेगम को गिरफ्तार किया गया है। इनको सहयोग करने के आरोप में दो नेपाली महिलाओं 33 वर्षीय रोशनी राई और 27 वर्षीय तारा नेपाली को भी गिरफ्तार किया गया है।

# अमेरिकी एयरलाइंस का विमान अचानक 15 हजार फीट जाने से दहशत में यात्री, हादसा टला

**टालोहासी।** अमेरिकी एयरलाइंस का एक विमान उड़ान भरने के बाद अचानक तीन मिनट में 15,000 फीट तक नीचे जाने से इसमें सवार यात्रियों में दहशत फैल गई। हालांकि यह विमान हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गया। अचानक विमान नीचे जाने का कारण केबिन प्रेशर कम होना बताया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक यह घटनाक्रम अमेरिका में उत्तरी कैरोलिना के चार्लोट से गेन्सविले जाते समय एक यात्री विमान में हुआ। फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हैरिसन होव इस विमान में सवार थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर अनुभव साझा करते हुए लिखा, मैंने कई बार विमान से सफर किया है, लेकिन यह एक डरावना मंजर था। उन्होंने एक




तस्वीर भी साझा की, जिसमें देखा जा सकता है कि विमान के अंदर ऑक्सीजन मास्क लटके हुए हैं। वहीं, कई यात्री मास्क के जरिए ऑक्सीजन ले रहे हैं।

हैरिसन होव द्वारा साझा की गई तस्वीरों में देखा जा सकता है कि विमान में ऑक्सीजन मास्क लटका हुआ है और कई यात्री इसकी मदद से सांस लेने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आगे फ्लाइट क्रू और पायलट की प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि फ्लाइट क्रू और पायलट ने यात्रियों को शांत रहने में मदद की।

# शिआन में तेज बारिश बनी मुसीबत, पहाड़ी इलाके में आई बाढ़ और भूस्खलन से 21 की मौत; 6 अन्य लापता

**शिआन क्षेत्र।** चीन के शानक्सी प्रांत के शिआन क्षेत्र में भारी बारिश होने के कारण शाम पहाड़ी इलाके में बाढ़ आ गई। साथ ही भूस्खलन भी हुआ, जिसके कारण रविवार शाम तक मरने वालों की संख्या 21 पहुंच गई। वहीं, छह अन्य लोग लापता हैं।

**चांग के एक गांव को चपेट में लिया**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार शाम करीब 6 बजे भारी बारिश, पहाड़ी इलाके में आई बाढ़ और भूस्खलन ने शिआन जिले के चांग के एक गांव को अपनी चपेट में ले लिया। आपदा के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 210 पर दो घर और 21 हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

**900 घरों में बिजली नहीं**

शिआन ब्यूरो ऑफ इमरजेंसी मैनेजमेंट के हवाले से बताया गया कि आपदा ने तीन बिजली आपूर्ति बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया है। इससे 900 घरों में फ्लिहाल बिजली नहीं है। इस बीच, खोज, बचाव और आपदा राहत अभियान चलाने के लिए लाइफ डिटेक्टर, सैटेलाइट फोन, खोजी कुत्तों सहित उपकरणों की 1000 इकाइयों को तैनात किया गया है। शहर में एक ऑनसाइट कमांड सेंटर भी स्थापित किया।



खोज, बचाव और आपदा राहत कार्यों को अंजाम देने के लिए 980 से अधिक कर्मियों के साथ अग्निशमन और पुलिस विभाग सहित 14 बचाव दल तैनात किए।

**इतने लोगों को किया स्थानांतरित**

शाम तक, 186 निवासियों को स्थानांतरित किया जा चुका है। राष्ट्रीय राजमार्ग 210 के तीन गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त खंडों को बहाल कर दिया गया है। मामूली क्षतिग्रस्त 21 सड़क खंडों पर काम किया जा रहा है और 49 प्रभावित क्षेत्रों में संचार सेवाएं बहाल कर दी गई हैं। इस बीच 855 घरों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

**100 से अधिक कर्मी तैनात-प्रारंभिक जांच से पता चला है** कि गांव में दो घर बह गए। इसके अलावा आसपास की सड़कें, पुल, बिजली आपूर्ति और अन्य बुनियादी ढांचे क्षतिग्रस्त हो गए। शानक्सी में सशस्त्र पुलिस बल की शीआन टुकड़ी ने प्रभावित क्षेत्र में 100 से अधिक कर्मियों को तैनात किया। प्रभावित क्षेत्र में प्रारंभिक खोज एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

## 'राक्षस' प्रवृत्ति वाले कांग्रेस नेता के बयान पर भाजपा ने किया पलटवार, लोकतंत्र में लोग भगवान के समान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला के राक्षस प्रवृत्ति वाले बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने पलटवार करते हुए जनता को भगवान के समान बताया। सोमवार को भाजपा नेता गौरव भाटिया ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि कांग्रेस के इस बयान से पता चलता है कि 'घमंडिया'अब किस तरह भारत में जनता का अपमान कर रहा है। भारत में 'राक्षस'प्रवृत्ति की मानसिकता 'घमंडिया' के अंदर ही बसती है। यह चीजें केवल राहुल गांधी के निर्देशों के तहत हो रही हैं।



उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले राहुल गांधी ने सदन के पटल पर कहा, भारत माता की हत्या हो गई है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता का सम्मान किया जाना चाहिए चाहे कुछ भी हो, वे जिस पार्टी को वोट देते हों। संविधान के अनुसार यह उनका अधिकार है। चुनाव नजदीक आ रहे हैं। जनता उन्हें ऐसा सबक सिखाएगी कि वे समझ जाएंगे कि भारत के मजबूत लोकतंत्र में लोग भगवान के समान हैं और जो राक्षसी मानसिकता रखते हैं, भारत की राजनीति में उन्हें रहने का कोई अधिकार नहीं है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा के कैथल में कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला ने सभा में कहा कि जो लोग भाजपा को वोट देते हैं और भाजपा के समर्थक हैं, वे 'राक्षस' प्रवृत्ति के हैं। मैं महाभारत की इस भूमि से श्राप देता हूं।

# 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत शाह ने फहराया तिरंगा

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत सोमवार को नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर तिरंगा फहराया और तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी भी साझा की।



शाह ने ट्वीट कर कहा कि स्वतंत्रता दिवस से पहले आकाश में फहराते करोड़ों तिरंगे भारत को फिर से महान बनाने की देश की संयुक्त इच्छाशक्ति का प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शुरू किया गया 'हर घर तिरंगा' अभियान देशभर में चल रहा है।

उन्होंने भारत के सभी नागरिकों से निवेदन करते हुए कहा कि वे भी अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएं और इसे हर घर तिरंगा डॉट कॉम पर अपलोड करें। शाह ने सभी से अपने साथी नागरिकों को भी इसके लिए प्रेरित करने का अनुरोध किया है।

# 'पुलिस पदक' से सम्मानित हुए 954 पुलिसकर्मी

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 954 पुलिसकर्मियों को 'पुलिस पदक' से सम्मानित किया गया है। गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वीरता के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक (पीपीएमजी) सीआरपीएफ के एक कर्मी को प्रदान किया गया। 229 कर्मियों को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी), 82 कर्मियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक (पीपीएम), सराहनीय सेवा के लिए 642 कर्मियों को पुलिस पदक (पीएम) से सम्मानित किया गया।

पीपीएमजी और पीएमजी जीवन और सम्पत्ति बचाने और अपराध को रोकने व अपराधियों को गिरफ्तार करने में विशिष्ट वीरता के मानकों को ध्यान में रखते हुए दिया जाता है।

230 वीरता पुरस्कारों में से अधिकतर वामपंथी उग्रवाद वाले क्षेत्रों के 125, जम्मू कश्मीर क्षेत्र के 71 और पूर्वोत्तर क्षेत्र के 11 कर्मियों को उनकी बहादुरी और साहसिक कार्रवाई के लिए सम्मानित किया गया है। वीरता पुरस्कार पाने वाले कर्मियों में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 28, महाराष्ट्र के 33, जम्मू कश्मीर के 55, छत्तीसगढ़ के 24, तेलंगाना के 22 और आंध्र प्रदेश के 18 व शेष अन्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के पुलिसकर्मी शामिल हैं।




## चांद के बाद अब सूर्य मिशन की तैयारी में इसरो, आदित्य एल-1 पहुंचा श्रीहरिकोटा

**नई दिल्ली।** चंद्रयान -3 के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अब सूरज मिशन की तैयारी में है। सूरज के अध्ययन करने के मकसद से तैयार किया गया अंतरिक्ष यान आदित्य एल-1 सोमवार को बेंगलुरू से श्रीहरिकोटा लाया गया। इसरो ने ट्वीट करके कहा कि सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष-आधारित भारतीय वेधशाला, आदित्य-एल1, प्रक्षेपण के लिए तैयार हो रही है। यू आर राव सैटेलाइट सेंटर (यूआरएससी), बेंगलुरु में साकार किया गया उपग्रह एसडीएससी-एसएचएआर श्रीहरिकोटा पहुंच गया है।



आदित्य एल-1 सूरज का अध्ययन करने वाला पहला भारतीय मिशन होगा। ये अंतरिक्ष यान लॉन्च के चार महीने बाद सूरज-पृथ्वी के सिस्टम में लैगरेंज पॉइंट-1 तक पहुंचेगा। यहां पर ग्रहण का प्रभाव नहीं पड़ता, जिसके चलते यहां से सूरज की स्टडी की जा सकती है। हालांकि इस अंतरिक्ष यान के लॉन्च की कोई तारीख अभी तय नहीं की गई है।

## रणदीप सुरजेवाला के बयान पर भड़के शिवराज का पलटवार, कहा- 'क्या यही मोहब्बत की दुकान है'

**भोपाल।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और मप्र कांग्रेस के सीनियर्स ऑब्जर्वर रणदीप सिंह सुरजेवाला के उस बयान पर भाजपा आक्रामक हो गई है, जिसमें उन्होंने भाजपा को वोट देने वाले वोटर्स को राक्षस कहा था। मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर सवाल साधते हुए पूछा है कि आप क्या मोहब्बत की दुकान चलाने वाले जनता को राक्षस मानते हैं? मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को सुरजेवाला के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि क्या भारतीय जनता पार्टी को वोट देने वाले करोड़ों-करोड़ लोग राक्षस हैं। सोनिया गांधी और राहुल गांधी क्या कहते हैं? क्या आप जनता को राक्षस मानते हैं? बीजेपी के लोग जनता को भगवान मानते हैं। मैं भी हमेशा कहता हूं कि मध्यप्रदेश मेरा मंदिर है, इस प्रदेश में रहने वाली जनता हमारी भगवान है और उस जनता के पुजारी हम हैं। आप राक्षस भी कह रहे हैं और श्राप भी दे रहे हैं। आप जनता को भगवान नहीं मानते हैं। आप स्वयं को भगवान मानते हैं और श्राप दे रहे हैं। क्या यही आपकी मोहब्बत की दुकान है?



## उत्तराखंड में चारधाम यात्रा दो दिन के लिए रोकी गई

**देहरादून।** उत्तराखंड में हो रही मूसलाधार बारिश के मद्देनजर चारधाम यात्रा पर आगामी दो दिन के लिए रोक लगा दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मोर्चा संभालते हुए सभी राहत और बचाव दलों को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।



बरसात और भूस्खलन की स्थिति पर सोमवार को शासकीय आवास पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्चस्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने जनपद पौड़ी में अतिवृष्टि के कारण कुछ लोगों के हताहत होने पर दुख व्यक्ति किया। उन्होंने कहा कि एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें राहत और बचाव कार्य में लगी हुई हैं। घायलों को समुचित उपचार के भी निर्देश दिए हैं। खराब मौसम की वजह से दो दिन के लिए चारधाम यात्रा स्थगित कर दी गई है। उन्होंने श्रद्धालुओं से मौसम के अनुरूप होने पर ही यात्रा करने का आग्रह किया है।

# बीजेपी में शामिल नहीं होगी एनसीपी : शरद पवार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने सोमवार को दोहराया कि उनकी पार्टी का भाजपा में शामिल होने का कोई सवाल ही नहीं है क्योंकि यह 'एनसीपी की राष्ट्रीय नीति के अनुरूप नहीं है'।

83 वर्षीय राकांपा प्रमुख ने स्पष्ट कर दिया कि उनके गुट से कोई भी भाजपा के साथ नहीं जाएगा, इससे इस संबंध में सभी अटकलें खारिज हो गईं।

पवार ने घोषणा की, 'हमारे कुछ सहयोगियों ने इस मुद्दे पर अलग रुख अपनाया है। हमारे 'शुभचिंतक' ऐसे प्रयास कर रहे हैं। एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में, मैं कहता हूं कि एनसीपी भाजपा के साथ नहीं जाएगी।'

उन्होंने यह भी कहा कि राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल के रिश्तेदार को भाजपा में शामिल करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से नोटिस दिया गया था।

पवार ने कहा, 'केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। पाटिल पर दबाव बनाने के लिए उनके रिश्तेदार को ईडी नोटिस भेजा गया है।'राकांपा नेता के बयान तब आए, जब उन्होंने और पाटिल ने सप्ताहांत में राकांपा (एपी) नेता और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के साथ अलग-अलग बैठकें कीं, इससे राजनीतिक अफवाहें उड़ गईं।



शरद पवार ने कहा कि अजित उनके भतीजे हैं और वह उनसे परिवार के पितातुल्य के रूप में मिले और सोचा कि यह मीडिया में इस तरह की आधारहीन चर्चा का विषय क्यों बनना चाहिए।

बैठकों पर महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के साझेदार शिव सेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आई, जिन्होंने अफसोस जताया कि इस तरह की बार-बार की जाने वाली कार्रवाइयां सहयोगियों और कार्यकर्ताओं के बीच भ्रम पैदा करती हैं।

शरद पवार ने कहा कि एमवीए एकजुट है और सहयोगियों - कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) के बीच भ्रम का कोई कारण नहीं है, क्योंकि इसकी विचारधारा भाजपा के विरोध में है।1 जुलाई को अजित पवार के पार्टी से अलग होने और 2 जुलाई को सत्तारूढ़ शिवसेना-भाजपा सरकार में उपमुख्यमंत्री के रूप में शामिल होने के लगभग छह सप्ताह बाद राकांपा सुप्रीमो अपनी पहली यात्रा पर अपने गृह नगर बारामती पहुंचे।

# हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन व बाढ़ से 23 की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण राज्यव्यापी बाढ़ और भूस्खलन के कारण सोमवार को कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि राज्य की राजधानी में भगवान शिव के एक मंदिर के ढह जाने से नौ लोगों की मौत हो गई। यह मंदिर समर हिल में स्थित था। आपदा के वक्त मंदिर में 25-30 लोग मौजूद थे। श्रावण मास के कारण मंदिर में भीड़ थी।

एक पुलिस अधिकारी ने आईएएनएस को बताया, मलबे से पांच लोगों को निकाला गया है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने मृतकों की संख्या की पुष्टि करते हुए कहा कि अब तक नौ शव निकाले जा चुके हैं। उन्होंने एक बयान में कहा, 'स्थानीय प्रशासन लोगों को बचाने को मलबे को हटाने के लिए काम कर रहा है।'

एक अन्य प्राकृतिक आपदा में, सोलन जिले के कंडाघाट क्षेत्र में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन के बाद सात लोग जिंदा दफन हो गए।

यह आपदा राज्य की राजधानी से करीब 45 किलोमीटर दूर धवला उप-तहसील के जादोन गांव में देर रात करीब 1.30 बजे घटी।



अधिकारियों ने आईएएनएस को बताया कि चार शव बरामद कर लिए गए हैं और पांच को बचा लिया गया है। तीन लापता लोगों का पता लगाने के लिए बचाव अभियान जारी है। बारिश के कहर ने बुनियादी ढांचे को काफी नुकसान पहुंचाया है और पहाड़ी राज्य में कई लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। मंडी जिले में बारिश के कारण छह लोगों की मौत हो गई। मंडी के डिप्टी कमिश्नर अरिंदम चौधरी ने कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। मझवार गांव में दो घर और एक गौशाला क्षतिग्रस्त हो गए, जहां दो लोग लापता बताए जा रहे हैं।मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि राज्य के विभिन्न हिस्सों से बादल फटने और भूस्खलन की खबरें सामने आई हैं, इससे जान-माल का नुकसान हुआ है।उन्होंने कहा, +मैं लोगों से आग्रह करता हूं कि वे फिसलन वाले क्षेत्रों से बचें और जल निकायों से दूर रहें।

चंडीगढ़-मनाली राजमार्ग शुक्रवार से मंडी और कुल्लू के बीच यातायात के लिए बंद है, जबकि सोमवार को भूस्खलन के कारण मंडी और कुल्लू के बीच वैकल्पिक मार्ग भी अवरुद्ध हो गए। मनाली और कुल्लू के बीच ब्यास नदी का प्रवाह काफी बढ़ गया है। कुल्लू, मंडी, हमीरपुर और कांगड़ा तथा नूरपुर कस्बों में नदी से सटे क्षेत्र भी ऐसे ही हैं।

# सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध : योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सुबह गोरखनाथ मंदिर में 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और सभी को आश्वस्त किया कि सरकार जनता की समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन में मुख्?यमंत्री योगी ने एक एक कर सभी लोगों से मुलाकात की, उनकी बात सुनी और उनके प्रार्थना पत्र लेकर इस निर्देश के साथ अधिकारियों को दिए कि वे इनका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टि परक निस्तारण सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने सभी को समस्या के समाधान का भरोसा दिलाते हुए कहा कि उनके रहते



किसी को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है और सबकी समस्या पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी। जनता दर्शन में कुछ लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर शासन को भेजें, और इलाज के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। योगी ने लोगों को आश्वस्त किया कि धन के अभाव में किसी का इलाज बाधित नहीं होगा। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं के साथ आए उनके बच्चों को मुख्यमंत्री योगी ने आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट भेंट की। एक अन्य बयान में कहा गया है कि सावन मास के छठवें सोमवार को गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में सभी नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति के लिये प्रार्थना की। सोमवार प्रात: गोरखनाथ मंदिर के अपने आवास के प्रथम तल स्थित शक्तिपीठ में योगी ने भोलेनाथ को बिल्वपत्र, कमल पुष्प आदि अर्पित करने के बाद दूध, फल के रस व जल से अभिषेक किया। मठ के मुख्य पुरोहित आचार्य रामानुज त्रिपाठी व अन्य आचार्य एवं पुरोहितों ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महा मंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया।

# मंजिल के करीब पहुंचा चंद्रयान मिशन, चांद की चौथी कक्षा में हुआ दाखिल, 17 अगस्त की तारीख अहम

**नई दिल्ली।** इसरो का चंद्रयान-3 मिशन मंजिल के और करीब पहुंच गया है। इसरो ने आज जानकारी दी कि चंद्रयान-3 ने सफलतापूर्वक चांद की कक्षा के एक और वृत्ताकार चरण को पूरा कर लिया है और अब वह चांद के और करीब वाली कक्षा में पहुंच गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, चंद्रयान-3 अब चांद के चौथे ऑर्बिट में प्रवेश कर गया है।

**चांद के और करीब पहुंचा चंद्रयान-3**

इसरो ने बताया कि 14 अगस्त की सुबह करीब पौने बारह बजे चंद्रयान-3 के थ्रस्टर्स को चालू किया गया था, जिसकी मदद से चंद्रयान-3 ने सफलतापूर्वक कक्षा बदली। पांच अगस्त को चंद्रयान-3 ने पहली बार चांद की कक्षा में प्रवेश किया था और उसके बाद से तीन बार कक्षा में बदलाव कर चांद के करीब आ चुका है। चंद्रयान-3




1900 किलोमीटर प्रति सेकेंड की रफ्तार से चांद से 150 किलोमीटर दूर कक्षा में यात्रा कर रहा है। चंद्रयान का ऑर्बिट सर्कुलाइजेशन चरण चल रहा है और चंद्रयान-3 ने अंडाकार कक्षा से गोलाकार कक्षा में आना शुरू हो गया है।

**17 अगस्त की तारीख अहम-** 16 अगस्त को चंद्रयान-3 एक और कक्षा कम करके चांद के और करीब आएगा। वहीं 17 अगस्त का दिन मिशन के लिए अहम होगा क्योंकि इस दिन चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल को लैंडर से अलग किया जाएगा। इसके बाद 23 अगस्त को चंद्रयान-3 को चांद की सतह पर लैंड करना है, जिस पर पूरी दुनिया की निगाह होगी।

**14 दिन तक प्रयोग करेगा चंद्रयान 3**

चंद्रयान-3 मिशन में लैंडर, रोवर और प्रोपल्शन मॉड्यूल शामिल हैं। लैंडर और रोवर चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरेंगे और 14 दिनों तक प्रयोग करेंगे। वहीं प्रोपल्शन मॉड्यूल चांद की कक्षा में ही रहकर चांद की सतह से आने वाले रेडिएशन्स का अध्ययन करेगा। इस मिशन के जरिए इसरो चांद की सतह पर पानी का पता लगाएगा और यह भी जानेगा कि चांद की सतह पर भूकंप कैसे आते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने गोधरा ट्रेन अग्निकांड मामले में तीन दोषियों की जमानत याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 2002 के गोधरा ट्रेन जलाने के मामले में तीन दोषियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। । भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूड़, जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने उन्हें उन्?हें जमानत देने से इनकार कर दिया। दोषियों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील संजय हेज ने कहा कि उनमें से किसी को भी मौत की सजा नहीं दी गई और तीन में से दो पथराव के आरोप में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने अदालत को बताया कि एक दोषी सोने के आभूषण लूटने के आरोप में 17.5 साल से अधिक समय से हिरासत में है, साथ ही यह भी कहा कि उसके पास से कभी कोई आभूषण बरामद नहीं हुआ।

गुजरात सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने ट्रायल कोर्ट के आदेश में निर्धारित उनकी विशिष्ट भूमिका का उल्लेख करते हुए याचिकाओं का विरोध किया।

पीठ ने अपीलकर्ताओं सौकत यूसुफ इस्माइल मोहन, सिद्दीक एट द रेट माटुंगा अब्दुल्ला बादाम शेख और बिलाल अब्दुल्ला इस्माइल बादाम घांची जमानत की मांग को खारिज कर दिया।

इसने स्पष्ट किया कि रिहाई के लिए उनके आवेदन को खारिज करने से सुप्रीम कोर्ट में लंबित उनकी अपील की योग्यता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। सुनवाई के अंत में सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि वह एक पीठ के गठन के लिए आदेश पारित करेंगे और पक्षकार अपील की शीघ्र सुनवाई के लिए उस पीठ के समक्ष आवेदन करने के लिए स्वतंत्र होंगे।

इससे पहले इस साल अप्रैल में शीर्ष अदालत ने आठ दोषियों को जमानत दे दी थी और चार दोषियों की जमानत खारिज कर दी थी। गौरतलब है कि फरवरी 2002 में, गुजरात के गोधरा में ट्रेन के एक डिब्बे को जला दिए जाने से 59 लोग मारे गए, इससे राज्य में दंगे भड़क उठे। गुजरात सरकार ने 11 दोषियों की मौत की सजा को उम्रकैद में बदलने के गुजरात उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था। साथ ही, कई आरोपियों ने मामले में उनकी दोषसिद्धि को बरकरार रखने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। मार्च 2011 में ट्रायल कोर्ट ने 31 लोगों को दोषी ठहराया था, इनमें से 11 को मौत की सजा और बाकी 20 को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। 63 आरोपियों को बरी कर दिया गया। अक्टूबर 2017 में, गुजरात उच्च न्यायालय ने सभी की सजा बरकरार रखी, लेकिन 11 की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया।

# मशरूम में छिपा है पोषण का खजाना

यदि सब्जियों की बात की जाए तो मशरूम काफी लोकप्रिय सब्जी है, जो बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी की पसंदीदा है। इसमें और सब्जियों की तुलना में अधिक पोषक तत्व पाए जाते हैं। मशरूम में लाइसिन नामक अमीनो अम्ल अधिक मात्रा में होता है, जबकि गेहूं, चावल आदि अनाजों में इसकी मात्रा बहुत कम होती है। यह अमीनो अम्ल मानव के संतुलित भोजन के लिए आवश्यक होता है। मशरूम में मौजूद एंटी ऑक्सीडेंट हमें फ्री रेडिकल्स से बचाता है। यह एक प्राकृतिक एंटीबायोटिक है, जो माइक्रोबियल और अन्य फंगल संक्रमण को ठीक करता है।



- यह ब्लड प्रैशर जैसी बीमारी को भी नियंत्रित करने में मदद करता है, जो लोग इस बीमारी से परेशान हैं, उन्हें मशरूम का सेवन अवश्य करना चाहिए।
- कार्बोहाइड्रेट की पर्याप्त मात्रा होने के कारण यह कब्ज, अपचन, अति अम्लीयता सहित पेट के विभिन्न विकारों को दूर करता है, साथ ही शरीर में कोलेस्ट्रॉल एवं शर्करा के अवशोषण को कम करता है।
- मशरूम वह सब कुछ देगा, जो डायबिटीज रोगी को चाहिए। इसमें विटामिन, मिनरल और फाइबर होता है। इसमें फैट, कार्बोहाइड्रेट और शुगर भी नहीं होती, जो डायबिटीज रोगी के लिए जानलेवा है। यह शरीर में इंसुलिन का निर्माण करता है।
- इसमें लीन प्रोटीन होता है, जो वजन घटाने में बढ़ा कारगर होता है। मोटापा कम करने वालों को प्रोटीन डाइट पर रहने को बोला जाता है, जिसमें मशरूम खाना अच्छा माना जाता है।
- इसमें सोडियम सॉल्ट नहीं पाया जाता, जिस कारण मोटापे, गुर्दे तथा हृदयघात रोगियों के लिए आदर्श आहार है। हृदय रोगियों के लिए कोलेस्ट्रॉल, वसा एवं सोडियम सॉल्ट सबसे अधिक हानिकारक पदार्थ होते हैं।
- मशरूम में लौह तत्व यू तो कम मात्रा में पाया जाता है, लेकिन मौजूद होने के कारण रक्त में हीमोग्लोबिन के स्तर को बनाए रखता है। इसमें बहुमूल्य फॉलिक एसिड की उपलब्धता होती है, जो केवल मांसाहारी खाद्य पदार्थों से प्राप्त होता है। लौह तत्व एवं फॉलिक एसिड के कारण यह रक्त की कमी की शिकार अधिकांश ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों के लिए सर्वोत्तम आहार है।

# खूबियों का खजाना है प्याज

आयुर्वेदिक दृष्टिकोण से कई तरह के रोगों को दूर करने में उत्तम घरेलू औषधि होती है प्याज। प्याज का प्रयोग वैसे हर दिन हर घर में होता है। प्याज का छौंक लगी हुई दालों, सब्जियों के अलावा कई तरह के फास्ट फूड आदि में स्वाद बढ़ाता है प्याज। प्याज का हम सलाद के रूप में भी सेवन करते हैं। इसके अलावा आयुर्वेद में प्याज के कई औषधीय गुण बताए गए हैं, जो बहुत ही चमत्कारी हैं।



## प्याज के गुण

आयुर्वेद में प्याज को पलांडू कहते हैं। प्याज में प्रोटीन 1.2 प्रतिशत, कार्बोहाइड्रेट 11.6 प्रतिशत तथा कैल्शियम, आयरन, विटामिन ए, विटामिन बी1, विटामिन सी पाए जाते हैं। आयुर्वेद के अनुसार, प्याज का प्रयोग शरीर पर बाहरी और आंतरिक दोनों ही रूपों में किया जा सकता है और इससे भरपूर लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं।

### ज्वरनाशक है प्याज

प्याज का उपयोग बुखार को ठीक करने के लिए किया जाता है। अगर किसी व्यक्ति को बुखार आ रहा हो तो ऐसा व्यक्ति प्याज के पत्तों को एक गिलास पानी में तब तक उबाले, जब तक वह आधा न हो जाए। फिर इसे ठंडा करके पीने से बुखार में तुरंत आराम मिलता है।

### डायबिटीज दूर करे

जिन लोगों को डायबिटीज की बीमारी है, उन्हें प्याज, अजवाइन, कलौंजी और मेथी के बीजों को एक समान मात्रा में मिलाकर पीसकर एक-एक चम्मच नियमित रूप से सेवन करना चाहिए। इससे डायबिटीज की समस्या हमेशा नियंत्रित रहेगी।

### कफ को निकाल बाहर करे

प्याज का सेवन करने से जमा हुआ कफ पतला होकर आसानी से बाहर निकल जाता है। इसके लिए प्याज को हल्का गर्म करके उसका रस निकालकर उसमें थोड़ी सी चीनी मिलाए। कफ से पीड़ित बच्चे को यह रस एक चम्मच पिलाए और बड़े को दो चम्मच।

### अनेक रोगों में उपयोगी

अकसर गर्मियों के मौसम में गर्म हवाएं चलने के कारण लू लगने का खतरा बना रहता है। ऐसे में अगर खुद को लू लगने से बचाना है तो नियमित रूप से प्याज का सेवन करना चाहिए। जो लोग दिनभर धूप में बाहर रहते हैं, उनको अपनी जेब में एक प्याज रखनी चाहिए, ताकि लू न लगे।

गर्मी के कारण अकसर उल्टी, दस्त जैसी समस्या हो जाती है। जब कभी ये समस्या हो तो प्याज के रस के साथ पुदीना एवं काला नमक मिलाकर पीने से तुरंत राहत मिलती है। किस समस्या से बचने के लिए कितनी खुराक लें, इसकी जानकारी विशेषज्ञ से ले लें।

### त्वचा रोगों से मिले छुटकारा

त्वचा से संबंधित किसी भी तरह की समस्या जैसे फोड़े-फुंसी, मुहांसे हो जाएं या फिर शरीर में किसी जगह गांठ निकल आए या त्वचा में खुजली की समस्या हो तो प्रभावित जगह पर प्याज का रस लगाएं, त्वचा संबंधी रोगों से छुटकारा मिलेगा।

किसी भी कारण से त्वचा जल जाए तो प्रभावित जगह पर तुरंत प्याज का रस लगा लेने से जलन कम होती है। त्वचा पर कहीं भी जलने के निशान हो तो। उस जगह प्याज का लेप लगाने से वह निशान धीरे-धीरे खत्म हो जाता है। इतना ही नहीं प्याज का उपयोग दांत दर्द दूर करने में भी अचूक साबित होता है।

दांत में कीड़ा लगने और मसूड़ों में सूजन आने पर प्याज और कलौंजी के बीजों को बराबर मात्रा में मिलाकर और उसे चिलम में भरकर उसका धुआं लेने से दोनों तकलीफों से आराम मिलता है।

### जहरनाशक है प्याज

कुत्ते के काटने पर प्याज के रस में चूना मिलाकर प्रभावित जगह पर लगाने से कुत्ते का जहर खत्म हो जाता है। प्याज के बीजों को कलौंजी के बीजों के साथ मिलाकर इस्तेमाल करने से भी कुत्ते, बिच्छू, मधुमक्खी जैसे कई अन्य जहरीले कीड़ों के काटने का असर नहीं होता। इससे उनके काटने से हुई जलन भी काफी कम हो जाती है।

### बालों के लिए चमत्कारी है प्याज

अगर किसी व्यक्ति के सिर के बीच के कुछ बाल संक्रमण के कारण उड़ जाते है या दाढ़ी के बाल उड़ जाते हैं, उनके लिए प्याज किसी चमत्कार से कम नहीं है। ऐसे में प्याज के रस में शहद मिलाकर प्रभावित स्थान पर लगाने से कुछ ही दिनों में बाल धीरे-धीरे वापस आ जाते हैं।

बालों में डैंड्रफ होने पर प्याज के पत्तों के रस और धतूरे के पत्तों के रस को एक साथ मिलाकर लगाएं, डैंड्रफ खत्म हो जाएगा। इसके अलावा बालों में चमक लाने के लिए प्याज के रस के साथ आंवले का रस, एलोवेरा का रस मिलाकर लगाएं, बाल चमक उठेंगे।

### आंखों की रोशनी बढ़ाए

आंखों की रोशनी कम होने और आंखों से पानी आने पर प्याज के रस में बराबर मात्रा में गुलाब जल मिलाकर इसकी कुछ बूंदें आंखों में डालें। प्याज के पत्तों के रस को आंखों में डालने से रतौंधी रोग भी दूर हो सकता है।

## रेसिपी



### शाही मशरूम

**सामग्री**

- मशरूम: 200 ग्राम ■ प्याज: 4
- टमाटर: 5 ■ अदरक: 1 टुकड़ा
- हरी मिर्च: 2 ■ नमक: स्वाद के अनुसार
- लाल मिर्च पाउडर: 1/2 चम्मच
- गरम मसाला पाउडर: 1/2 चम्मच
- चीनी: 1 चम्मच
- क्रीम: 1 कप ■ काजू: 1 कप
- घी: 3 चम्मच

**विधि**

मशरूम को धोकर दो टुकड़ों में काट लें। प्याज और टमाटर को भी छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। कड़ाही में दो चम्मच घी गर्म करें और प्याज को सुनहरा होने तक भूनें। इसके बाद कड़ाही में टमाटर, अदरक और हरी मिर्च डालें, जब टमाटर मुलायम होने लगे तो गैस ऑफ करें और मिश्रण के ठंडा होने पर उसका पेस्ट बना लें। अब उसी कड़ाही में बचा हुआ घी डालें और गर्म करें। तैयार पेस्ट को घी में डालें अब कड़ाही में लाल मिर्च पाउडर, सभी मसाले, चीनी और काजू का पेस्ट डालें। चार से पांच मिनट तक धीमी आंच पर भूनें ग्रेवी के लिए आधा कप पानी डालें। जब ग्रेवी उबलने लगे तो कड़ाही में मशरूम डालकर धीमी आंच पर पांच से सात मिनट तक पकाएं। सबसे अंत में नमक और क्रीम डालकर मिलाएं। लगातार चलाते हुए पांच मिनट तक पकाएं और गैस बंद कर दें।



### बेसन भुर्जी का स्नैक्स

**सामग्री**

- बेसन: 1 कप ■ अलसी के बीज का पाउडर: 1 चम्मच ■ दही: 2 चम्मच

**सब्जियों के लिए-**

- जीरा: 1 चम्मच ■ बारीक कटा प्याज: 1
- बारीक कटी शिमला मिर्च: 1 ■ कटा हुआ मशरूम: 1 कप ■ बारीक कटी मिर्च: 2
- हल्दी पाउडर: 1/4 चम्मच ■ लाल मिर्च पाउडर: 1 चम्मच ■ जीरा पाउडर: 1 चम्मच ■ नमक: स्वाद के अनुसार ■ तेल: 2 चम्मच
- धनिया पत्ती: गार्निशिंग के लिए

**विधि**

एक बर्तन में बेसन, दही और अलसी का पाउडर डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। आवश्यकतानुसार पानी डालकर मिलाएं और बेसन का घोल तैयार कर लें। नॉनस्टिक पैन में तेल गर्म करें और उसमें जीरा डालें। जब जीरा चटकने लगे तो पैन में प्याज डालकर सुनहरा होने तक भूनें। मिर्च व अन्य सब्जियां डालकर मिलाएं। मसाले डालकर मिलाएं और पांच से छह मिनट तक भूनें। अब धीरे-धीरे बेसन वाला मिश्रण पैन में डालें। धीमी आंच पर लगभग पांच मिनट पकाएं। जब बेसन वाला मिश्रण किनारों से पकने लगे तो धीरे-धीरे सब्जी व बेसन के मिश्रण को मिलाना शुरू करें। ध्यान रहे कि सब्जियां पूरी तरह से गल न जाएं। जब भुर्जी का रंग सुनहरा होने लगे तो पैन में नमक व धनिया पत्ती डालकर मिलाएं। दो-तीन मिनट बाद गैस बंद कर दें। इस भुर्जी को ब्रेड टोस्ट के साथ नाश्ते में सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यापाधिक्य का अवसर आ सकता है। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शुभांक-4-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग है। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-7-8-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़े अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रू रे रो ता ती तू ते): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बने रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-6-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पूजा-पाठ आदि धार्मिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-5-7-8

## काकुरो पहेली - 1807




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 1806 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक बूढ़ा समाज सुधारक जेल में बंद युवक चोर को देखकर बोला- 'बेटे! तुम किसी बात की परवाह मत करो. जेल से बाहर निकलोगे तो मैं तुम्हारा पथ-प्रदर्शन करूंगा.'

'ठीक कहते हैं आप !' युवक चोर धीरे से बोला- 'दरअसल मुझसे भूल हो गई थी जो आप जैसे बुजुर्गों के पथ-प्रदर्शन के बिना ही इस रोजगार में लग गया.'

□ □ □

एक डाक्टर के पास एक वकील बैठा हुआ था. तभी एक औरत ने आकर डाक्टर से कोई सलाह ली और चली गई. उसके जाने के बाद डाक्टर ने वकील से पूछा- 'क्या मुझे इससे कुछ लेना चाहिये ?'

'क्यों नहीं !' वकील बोला- 'आखिर तुमने उसे अपनी व्यापारिक सेवाएं प्रदान की हैं.'

'मैं ऐसा ही करूंगा !' डाक्टर बोला.

वकील चला गया. फिर अगले दिन डाक्टर जैसे ही बिल बनाने के लिये मेज पर पहुँचा, उसकी नजर एक बिल पर पड़ी. लिखा था- 'कानूनी सेवाओं की फीस तीस रुपये.' नीचे वकील का नाम और पता लिखा हुआ था.

□ □ □

महिला- 'सुना है आप के सिर में गोबर भरा है.'

आदमी- 'जी हाँ पर क्यों ?'

महिला- 'जी मुझे गोबर गैस कनेक्शन लेना है.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 1807



**बायें से दायें:-**

१. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना, शमिता की फिल्म-३
४. 'भंवरे ने खिलाया फूल' गीत वाली ऋषिकपूर, पद्मिनी की फिल्म-४
७. फिरोजखान, संजय, मनीषा की 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
८. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षय, अमृता राव की फिल्म-३
१०. राजेंद्रकुमार, राखी की 'तुम मेरी हो मेरे सिवा किसी' गीत वाली फिल्म-२,२
१२. 'ऐ सनम इतना बता' गीत वाली जैकी, मिथुन, जूही, दिव्या की फिल्म-४
१५. नाना, शाहरुख, संजय कपूर, करिश्मा की 'इश्क कमीना' गीतवाली फिल्म-२
१६. 'एहसान तेरा होगा मुझ पर' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा बानो की फिल्म-३
१७. 'बागबान' में अमिताभ की पत्नी ?-२
१८. 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली देव आनंद, माला सिन्हा की फिल्म-२
१९. ऋषिकपूर, कमल हासन, डिम्पल की 'मारिया ओ मारिया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'आते जाते हुए' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूर, राखी, परवीन की फिल्म-२
२१. राजकुमार, धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की 'तोरा मन दर्पण' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'आज हमने दिल' गीत वाली नसीर, अतुलअग्निहोत्री, पूजाभट्ट की फिल्म-२
२४. राहुलराय, पूजा भट्ट की 'जो प्यार कर गये' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'साल के बारा महीने' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
२६. संजीवकुमार, शर्मिला की १९७४ की कृष्णन पंजु निर्देशित एक फिल्म-४
२९. 'पति पत्नी और वो' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
३०. 'क्या चीज है मुहब्बत' गीत वाली सुनील शेट्टी, दिव्या की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'जब ना माना दिल' गीत वाली फिल्म-३
२. कुलभूषण, जावेद, शबाना, नंदिता दास की एक फिल्म-३
३. 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की फिल्म-४
५. अमिताभ, वहीदा, जीनत की एक फिल्म-३
६. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
९. अर्जुन रामपाल, जावेदखान, अमीषा की 'उड़ उड़ उड़ उड़ जाये' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'वो कागज की कश्ती' गीत वाली कुमार गौरव, अनामिका पाल की फिल्म-२
११. 'छुपाना भी नहीं आता' गीत वाली फिल्म-४
१२. अजय देवगन, करिश्मा कपूर की फिल्म-४
१३. जीतेंद्र, कमल सदाना, आयशा, दिव्या की 'तेरी मुहब्बत ने दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'जिस दिल में बसा था प्यार तेरा' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१६. 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
१९. संजयदत्त, सलमान, माधुरी की फिल्म-३
२०. राजकपूर मीनाकुमारी की 'ये चांद जहां वो जाये' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'जैक एण्ड जिल' गीत वाली अजय, उर्मिला की फिल्म-३
२२. 'मैंने प्यार किया' में नायक कौन था-४
२३. 'आँखों में नींदें ना दिल में' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा की फिल्म-३
२७. फिल्म 'नीलकमल' के संगीतकार कौन थे-२
२८. 'दिलवालों के दिल का करार लूटने' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 1806



## सूडोकु -1807


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -1806 का हल



## शब्द पहेली - 1807



**बाएँ से दाएँ**

1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल (उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**

2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. परोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

### शब्द पहेली - 1806 का हल



# निगम पार्षद योगेश वर्मा ने पार्क में किया कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारत के प्रधानमंत्री द्वारा मेरी माटी मेरा देश के आह्वान के तहत आज देश के समस्त स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया और उनके परिवारजनों को सम्मानित करने का कार्य किया गया। इससे पूर्व दिल्ली में नेशनल वार मेमोरियल बनाकर शहीदों को याद किया गया था लेकिन इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर देश के ऐसे सच्चे वीर जिन्होंने देश की आजादी में अपने प्राण न्योछावर किये थे, उनकी याद में क्षेत्रीय स्तर पर उनके परिवारजनों को एक कार्यक्रम के तहत सम्मानित करने का कार्य किया गया। इसी क्रम में आज वार्ड संख्या- 64, में क्षेत्रीय निगम पार्षद योगेश वर्मा के द्वारा पार्क में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।





जिसमें उनके क्षेत्र के 4 शहीद परिवारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री वर्मा ने कहा कि भारत के सच्चे वीरों को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम किया जा रहा है और उनके आह्वान पर ही पूरे देश में वीरों के परिवारजनों को सम्मानित करने का कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर क्षेत्र के पार्कों में वृक्षारोपण भी किया गया और कार्यक्रम में उपस्थित समस्त क्षेत्रवासियों को शपथ भी दिलवाने का कार्य किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारजनों ने कहा कि आज तक हम गुमनामी की जिन्दगी जी रहे थे लेकिन आज प्रधानमंत्री जी ने हमें याद कर हमें सम्मानित करने का जो कार्य किया है उसके लिए हम तहे दिल से उनके शुक्रगुजार हैं। इस अवसर पर क्षेत्रीय निगम पार्षद योगेश वर्मा के अतिरिक्त क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. महेन्द्र नागपाल, क्षेत्रीय आर.डब्ल्यू.ए. के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सर्वोदय बाल विद्यालय प्रहलादपुर बांगर में मनाया स्वतंत्रता दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सर्वोदय** बाल विद्यालय प्रहलादपुर बांगर के प्रांगण में नशा मुक्त दिल्ली के संकल्प के साथ धूमधाम से 77वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि बवाना विधानसभा के विधायक जयभगवान उपकार ने विशिष्ट अतिथि एवं स्कूल के पूर्व छात्र एवं पूर्व शिक्षक रहे शिक्षाविद् दयानंद वत्स बरवाला, स्कूल प्रधानाचार्य सुशील मान, आम आदमी पार्टी किसान मोर्चा के अध्यक्ष नरेश डबास, आम आदमी पार्टी बवाना विधानसभा के पदाधिकारी रिखिल गर्ग, दीपक खत्री, गौरव कुमार स्कूल प्रबंधन समिति के अनिल शर्मा,




रमेश कुमार के सान्निध्य में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विधायक जयभगवान उपकार ने हजारों विद्यार्थियों को नशा मुक्त दिल्ली बनाने का संकल्प दिलाया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। दयानंद वत्स बरवाला ने बच्चों से आग्रह किया कि वे स्कूल आने से पहले अपने माता पिता के तथा स्कूल में अपने गुरुजनों के चरण स्पर्श कर प्रतिदिन उनका आशीर्वाद जरूर लिया करें।

## सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए: डॉ विपिन पिव्हाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
डॉ. विपिन पिव्हाल ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। आज जो आप देश में विकास की लहर देख रहे है, उसका श्रेय केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा का सिपाही देश के कोने-कोने में मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि हम जहां पर भी जनसंपर्क के दौरान जा रहे है, लोग भाजपा के कार्यो से काफी ज्यादा प्रभावित है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य है, जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह एक भी



पूरे नहीं हुए है, जिसके चलते दिल्ली की जनता को परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है, लेकिन वास्तविकता यह है कि दिल्ली की कई कॉलोनियों में पानी न आने की वजह से जनता को बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है और जनता परेशान हो रही है।

एक अन्य सवाल के जवाब में श्री पिव्हाल ने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए।

उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधे से जहां एक और हमें छाया मिलती है है, वहीं इनसे में हमें फल, फूल, कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है।

इसलिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए। इसलिए सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण केवल वन विभाग का कार्य ही नहीं है, यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम भी पौधारोपण करें और पेड़-पौधों की रक्षा करें।

उन्होंने आगे बताया कि सभी को रक्तदान करना चाहिए और क्योंकि आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी को जीवन दान मिल सकता है। इसलिए रक्तदान अवश्य ही करें। रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरो को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए और गरीब व असहायों की मदद करनी चाहिए।

# नेहरू युवा केंद्र द्वारा स्वतंत्रता सेनानी के परिजन का किया गया सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेहरू** युवा केंद्र मध्य दिल्ली द्वारा सर्वोदय बाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जीटीबी नगर में मेरी माटी, मेरा देश मिट्टी को नमन वीरों को वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरीश माथुर, एच.आर गिलानी प्रधानाचार्य सर्वोदय बाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोरेन सिंह राजपूत दिल्ली पुलिस तिमार पुर थाना उपस्थित रह। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता उदयबीर जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र मध्य दिल्ली एवं संचालन मोहित कुमार भारतीय राज्य प्रशिक्षक द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ





दीपप्रज्जवलित कर किया गया हरीश माथुर स्वतंत्रता सैनानी स्वर्गीय. नन्द लाल जी के (जो की आजाद हिंद फोज के सदस्य थे और आजादी के लिए उन्होंने सुभाष चंद्र बोस जी के साथ भाग लिया, जिसके लिए उन्हें आजादी के 25 वे वर्ष पर तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा ताम्रपत्र भी दिया गया था) पड़पोते है उन्हे सम्मानित किया गया, हरीश माथुर ने युवाओं को संबोधित करते बताया कि उनके वार्ड्स में 15 अगस्त को होने वाले मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने का आह्वान करने के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की बात कही और साथ ही हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सभी से अपने घरों में तिरंगा झंडा फहराने का भी आह्वान किया वहीं स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारजन को उदयबीर जिला युवा अधिकारी द्वारा माला पहनाकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया जिसमें हरीश माथुर भी शामिल रहें।



आर्य समाज जेजे कॉलोनी वजीरपुर में यज्ञ हवन कार्यक्रम के दौरान वजीरपुर वार्ड निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी, समाजसेवी प्रेम कुमार विद्यार्थी व अन्य।

## सभी परिवार की तरह करें पेड़-पौधे की रक्षा: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए।

उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधे से जहां एक और हमें छाया मिलती है है, वहीं इनसे में हमें फल, फूल, कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है। इसलिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए। सभी को रक्तदान करना चाहिए और क्योंकि आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी को जीवन दान मिल सकता है। इसलिए रक्तदान अवश्य ही करें। अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह



सैनी ने कहा कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरो को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करें।



संगम पार्क वार्ड में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ निगम पार्षद सुशील कुमार व अन्य।

# स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जिला केशवपुरम में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** जिला केशवपुरम के मीडिया प्रभारी विनोद शर्मा ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला केशवपुरम के जिला अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र गोयल के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा बाइक रैली के रूप में निकाली गई। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद डॉ. हर्षवर्धन रहे।

तिरंगा यात्रा से पूर्व सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने विभाजन विभीषिका - स्मृति दिवस 14 अगस्त की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। जिसमें आजादी के साथ हुए बंटवारे पर हुई हिंसा , लूट , आगजनी व विभिन्न





अमानवीय घटनाओं प्रदर्शित करने वाली प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। तिरंगा यात्रा में सांसद डॉ. हर्षवर्धन व जिला अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र गोयल ने खुली जीप पर सवार हो आरम्भिक स्थल दीप मार्किट अशोक विहार से नेतृत्व किया जो जिले की सभी विधानसभा से होते हुए शंकर चौक त्रिनगर विधानसभा में सम्पन्न हुई। इस अवसर सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि देश की आजादी लाखों देशभक्तों की कुर्बानी व बलिदान के बाद मिली है। हमें कृतज्ञ भाव से देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले बलिदानियों को याद कर अपनी श्रद्धांजलि देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी आजादी के अमृत महोत्सव में राष्ट्र प्रेम की भावना को सुदृढ़ करने व एक सूत्र में बंधे होने का संदेश देने के लिए यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वाहन पर 13-15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराएं। जिला अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र गोयल ने कहा कि आजादी के बाद पिछले 9 वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में देश के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी उन्नति हई है।

# शिमला शहर में बारिश का कहर, 10 की गई जाने

## प्रथम कार्य जाने बचाना, प्रशासन काम कर रहा है

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**समरहिल** में शिव बॉडी मंदिर में बड़ा हादसा हुआ एडवांस स्टडीज से बदल फ टने के कारण लासा नीचे की ओर चला साथ ही पेड़ भी गिरे। इससे मंदिर में बड़ी क्षति हुई और इस समय मंदिर में प्रातः 7:30 बजे आखरी सोमवार होने से मंदिर में हवन का आयोजन भी किया गया था। माना जा रहा है की मंदिर परिसर में 25 से 30 से लोग थे, लगातार एनडीआरएफ ए पुलिस और प्रशासन को टीम बचाव कार्य में लगी। मौके पर 10 बजे भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, मंडल अध्यक्ष सुनील धर, सुनील धर, प्यार सिंह, सुदीप महाजन शैली शर्मा पहुंचे। उसके उपरांत भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप, राकेश कश्यप, बलदेव भंडारी, संजय सूद, राजीव पंडित, गौरव



कश्यप भी मौके पर पहुंचे। सुरेश कश्यप ने कहा ने कहा पूरे हिमाचल प्रदेश में बारिश के कारण बहुत बड़ा नुकसान हुआ है और कल की बारिश के कारण सभी जिलों में जान और माल का नुकसान देखने को मिला है। शिमला शहर में भी बड़ी छाती देखने को मिली है समरहिल में मंदिर और फगली में हुए हादसे पर भाजपा शिकागुल है। पूरा प्रशासन बचाव कार्य में लगा है और इस संकट की घड़ी में हमारा सबसे बड़ा काम है फं से लोगों को बचाना। शिव मंदिर स्थल पर अभी तक 5 लोगों और फगली में 5 लोगों की मृत्यु हो गई है, इस संकट की घड़ी में सभी भाजपा के कार्यकर्ता बचाव कार्य में लगे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार हिमाचल की मदद में लगी है और हिमाचल प्रदेश को किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने देगी यह हमें पूरा भरोसा है। कश्यप ने बताया की फ गली वार्ड में बूथ अध्यक्ष बाबर की फ गली हादसे में मृत्यु हो है,यह दुखद है।कर्ण नंदा ने कहा की इस स्थान पर रेलवे ट्रैक हवा में लटक गया जाया और पानी का रिसाव तेजी से हो रहा है। यह हादसा बड़ा है और अति पीड़ा देने वाला है, हमारे सामने सामने 3 शव बरामद हुए थे जिसमें से एक छोटा बच्चा भी था। एक परिवार था जिसके 6 सदस्य इस हादसे में मंदिर परिसर में दब गए, उन्होंने हवन का आयोजन किया था।

**दुखद**

> यह हादसा बड़ा है और अति पीड़ा देने वाला है, हमारे सामने सामने 3 शव बरामद हुए थे

# बारिश ने मचाई तबाही, डीसी ने तैनात किए अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**रविवार को** नाहन तथा आस-पास के क्षेत्रों में लगातार भारी बरसात हो रही है। नाहन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कंडईवाला में बाढ़ से भारी नुकसान की रिपोर्ट है। राजस्व विभाग के अधिकारियों के अनुसार लगभग 30 से 40 बीघा जमीन बह गई है। एक गौशाला सहित तीन पशुओं के भी बहने की खबर है। इसके अलावा एक ट्रैक्टर, एक ट्रॉली तथा एक दुकान जलमग्न होने की सूचना है।घटना की सूचना मिलते ही उपायुक्त सुमित खिमटा ने एसडीएम रजनेश कुमारए पुलिस, होम गार्ड, स्वास्थ्य विभाग तथा राजस्व विभागों के अधिकारियों को मौके पर पहुंच कर राहत व बचाव के कार्य में लगा दिया है। इसके अलावा अन्य संबंधित विभाग में काम में जुटे हैं और लोगों को राहत पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। तीन



जेसीबी को मौके पर तैनात किया गया है वर्षा और बाढ़ में कडईवाला के समीप कुछ स्कूली बच्चे भी फ स गए जो टूर्नामेंट खेलने के लिये जा रहे थे। उपायुक्त ने बताया कि इन सभी बच्चों को स्थानीय निवासी जयप्रकाश के घर में सुरक्षित स्थान पर ठहरने की व्यवस्था कर दी गई है और अभिभावकों को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उधर, भारी वर्षा के चलते उपायुक्त ने एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों से अनावश्यक घरों से बाहर न निकलने की अपील की है। उन्होंने लोगों से नदी-नालों के समीप न जाने की भी सलाह दी है। पहाड़ों के आस-पास भी नहीं जाने को कहा है। अत्यधिक वर्षा के कारण भू:स्खलन हो रहे हैं और जगह-जगह पत्थर गिर रहे हैं। उन्होंने अपने वाहनों को पहाड़ी की ओर पार्क न करने को कहा है और साथ ही रात्रि के समय यात्रा न करने की भी अपील की है।

# नाट्य प्रस्तुति 'गज फुट इंच' से उपस्थित दर्शकों को गुदगुदाया

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**स्थानीय** संस्था ऐक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन कुल्लू द्वारा भाषा एवं संस्कृति विभाग कुल्लू के संयुक्त तत्वावधान में कला केन्द्र कुल्लू में आयोजित किए जा रहे नाटकों के राज्य स्तरीय हिमाचल नाट्य महोत्सव की चौथी व अन्तिम संध्या स्टैप्को नाहन के कलाकारों ने अपनी नाट्य प्रस्तुति गज फु ट इंच से उपस्थित दर्शकों को गुदगुदाया।

केपी सक्सेना द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन रजित सिंह कंवर ने किया था। हल्की और स्वस्थ कामेडी लिए इस नाटक का प्रुमख पात्र टिल्लू जो एक सीधा



सादा लडका है। जो बचपन से ही अपने बाप दादा द्वारा चलाई दुकान को संभाल रहा है। जो ज्यादा पढ़ा लिखा भी नहीं है। उसके पिता पोखरमल और उनके मित्र साईंदास चाहते हैं कि टिल्लू की शादी साई दास की बेटी जुगनी से हो जाए, जो बहुत पढ़ी लिखी है और समझदार भी है। जब टिल्लू जुगनी से मिलने जाता है तो अपने भोलेपन से बातें करता है। जुगनी की सहेली जुगनी के साथ मजाक करती है और टिल्लू का भी मजाक उड़ाती है अंत में टिल्लू जुगनी से कहता है कि वो बहुत पढ़ी लिखी है लडकी है कहीं और शादी कर ले। क्योंकि मैं दूसरे लडकों की तरह नही हूँ।

# वनों के संरक्षण और विस्तार के लिए स्थानीय जनता का सहयोग महत्वपूर्ण: कुलदीप

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

**वन** पर्यावरण संरक्षण को बल देते हैं किसी भी क्षेत्र में वनों के संरक्षण और विस्तार के लिए स्थानीय जनता का पौधारोपण कार्यों में सहयोग महत्वपूर्ण होता है। यह बात विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भटियात विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गड़ाना के गाँव भराडी में 74वें मंडल स्तरीय वन महोत्सव के उपलक्ष्य पर वन मंडल डलहौजी की ओर से आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर अपने संबोधन में कही। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने चंपा प्रजाति का पौधा भी रोपित कर 74वें वन



मंडल स्तरीय महोत्सव का शुभारंभ किया और डलहौजी वन मंडल डलहौजी के आधिकारिक फेसबुक पेज को लॉन्च किया। जिसमें चंबा शहर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से जुड़े व विशेष सुगंध की पहचान रखने वाले चंपा के पौधे के संरक्षण व संवर्धन को मजबूती प्रदान करने को इंगित किया गया है। उन्होंने कहा की समाज के विभिन्न वर्गों को हरित आवरण के विस्तार के लिए सरकार द्वारा वानिकी क्षेत्र में अनेक नई योजना चलाई जा रही है। वन महोत्सव लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करके पर्यावरण संरक्षण को मजबूती देने, परिस्थितिक सन्तुलन बनाये रखने में पेड़ों के महत्व के बारे में अधिक जागरूक करने का अवसर होता है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि हर परिवार अपने खुशी के मौके पर पौधा रोपण अवश्य करें और नई पीढ़ी को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित करें इस अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों व स्थानीय लोगों के सहयोग से वन भूमि पर विभिन्न प्रजातियों के 400 पौधे रोपित किए गए। भाराड़ी गांव में जनसभा को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने कहा कि डलहौजी वन मंडल में इस वर्ष 174.67 हेक्टेयर वन भूमि में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 1 लाख 61 हजार पौधे रोपित किए जा रहे हैं जिसमें 80 प्रतिशत रोपण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि वृक्षरोपण से पर्यावरण को सुरक्षित करने के साथ-साथ पौधों से जंगली जानवरों के भोजन की जरूरत और इंसानों की जीवन यापन में भी सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र भटियात के हर गाँव को सडक सुविधा के साथ जोड़ा जा रहा है।

# औरों की जान बचाने के लिए दे दी अपनी जान

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**धर्मपुर** विधानसभा क्षेत्र की टिहरा उपतहसील की तानिहार ग्राम पंचायत के नलयाणा गांव में सोमवार सुबह एक हादसा हो गया। एक मकान पर ल्हासा गिरने के कारण उस घर के सदस्यों को बाहर निकालते समय पूर्व प्रधान प्रभास राणा जो इसी गांव के निवासी हैं दीवार गिरने से उसकी चपेट में आ गए और उनकी मृत्यु हो गई। पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड के सदस्य भपेंद्र सिंह ने बताया कि आज सुबह ही नलयाणा गांव में उनके पड़ोसी के घर पर भारी बारिश के कारण मलवा आ गया और परिवार अंदर ही फ स गया। जिन्हें बाहर निकलने के लिए प्रभास राणा ने घर के अंदर प्रवेश किया और उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल दिया लेकिन उतने में दीवार पर पीछे से और मलबा आ गया और दीवार गिर गयी और वे उसके नीचे दब गए। तीन दिन से हो रही प्रलयकारी वारिस के कारण सडक मार्ग बंद होने के कारण उन्हें समय पर टिहरा अस्पताल जो यहां से मात्र सात किलोमीटर दूर है तक नहीं पहुंचाया जा सका और रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि प्रभास राणा कॉलेज समय से ही सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते थे और छात्र संगठन



एसएफआई के राज्य अध्यक्ष रह चुके हैं। उसके बाद वे जनवादी नॉजवान सभा और मजदूर संगठन सीटू के जिला अध्यक्ष पद पर अपनी सेवाएं प्रदान करने के बाद पँचायत प्रधान और दो बार बीडीसी सदस्य भी रह चुके हैं। एक बार जिला परिषद का चुनाव भी लड़ा था और बहुत कम मतों से हारे थे। वत्र्तमान में वे धर्मपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के सचिव थे और विधायक चन्द्रशेखर की कोर कमेटी के सदस्य थे। पत्नी के अलावा उनकी एक बेटी जिसने बीएससी नर्सिंग की है और चंडीगढ़ एक निजी अस्पताल में कार्यरत हैं और बेटा सुन्दरनगर में बी फार्मेसी कर रहा है। उनके इस तरह से अचानक निधन की खबर आते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। विधायक चन्द्रशेखर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जितेंद्र ठाकुर, दिनेश काकू इत्यादि ने शोक व्यक्त किया है और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

# बाग पशोग व हरोली पंचायत प्रधानो को दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस समारोह में निमंत्रण

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**हिमाचल** प्रदेश की दो महिला पंचायत प्रधानों को जल संरक्षण में बेहतर कार्य करने के लिए केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय की ओर से दिल्ली में लाल किला पर आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है। जिला सिरमौर के बाग पशोग पंचायत की प्रधान राजेश्वरी शर्मा तथा ऊना जिला के हरौली पंचायत प्रधान रमन कुमारी को जलशक्ति मंत्रालय की ओर से विशेष आमंत्रित किया गया है।बता दें कि दोनों पंचायतों में जल संरक्षण सहित अपनी अपनी पंचायत में बेहतर



कार्यों के लिए दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्वतंत्रता समारोह देखने के लिए विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जलशक्ति मंत्रालय की ओर से इन दोनो पंचायत प्रधानों सहित पांच महिला प्रधानों को सम्मानित किया जा चुका है। हिमाचल प्रदेश सरकार की और से भी राजेश्वरी शर्मा को स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान 2023 के लिए चयनित किया था। इसी तरह विश्व जल दिवस पर भी प्रदेश सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री द्वारा भी बाग पशोग पंचायत को जल जीवन मिशन के तहत बेहतर प्रदर्शन के लिएए जल हे तो जीवन है व हर घर नलए हर घर जल के लिए शिमला में प्रशस्तिपत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है। राजेश्वरी शर्मा पिछले 30 वर्षो से जनसेवा में सक्रिय है और कांग्रेस पार्टी से जुड़ी हुई है। पिछले दस वर्षों से प्रदेश महिला कांग्रेस के सचिव के पद पर कार्यरत है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश सरकार ने राजेश्वरी शर्मा को उनके बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए प्रदेश सरकार के महिला कल्याण बोर्ड में सदस्य नियुक्त किया है।

### स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेशवासियों सहित देशवासियों को दी हार्दिक बधाई

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा। प्रदेश कांग्रेस** अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेशवासियों सहित देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रतिभा सिंह ने एक संदेश में कहा कि 15 अगस्त का यह दिन उन महान राष्ट्रभक्तों को याद करने का दिन है जिनके संघर्ष व बलिदान से देश गुलामी की जंजीरों से मुक्त हुआ और आधुनिक भारत का निर्माण हुआ। प्रतिभा सिंह ने कहा कि देश की आजादी में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का बहुत बड़ा योगदान हैं।

# भुरनी नाला में बादल फटा लोगों के खेतों सहित भवानीपुर पुल व भुरनी नाला पर बनी पुली क्षतिग्रस्त

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**

**गत 48** घंटों से हो रही भयंकर बरसात व सराज विधानसभा क्षेत्र के भुरनी नाला में बादल फ टने व भारी भूस्खलन से सराज क्षेत्र में करोड़ों का नुक्सान हुआ है। वहीं पर भुरनी नाला में बादल फ टने से आई भयंकर बाढ़ के चलते गोहर कांढा सडक मार्ग पर भुरनी नाल में बनी पुली और ग्राम पंचायत मझोठी देवधार में बना भवानीपुर पुल बाढ़ की भेंट चढ़ गया। जिससे क्षेत्र का संपर्क कट गया है। स्थानीय लोगों ने बताया बाढ़ के कारण सैंकड़ों लोगों की खेत बर्बाद हो गए हैं



जिसमें मक्की की फ सल को भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं पर नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्वांज के समीप कांडी मोड़ पर हुए भूस्खलन के कारण देवी सिंह पुत्र दिले राम के घर के पास काफी ज्यादा भूस्खलन हुआ है। गनीमत रही कि मकान को ज्यादा नुक्सान नहीं हुआ। प्रशासन द्वारा नुक्सान का आंकलन किया जा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### संत निरंकारी मिशन ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। संत** निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा आज सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन के समीप नेचर पार्क पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें फ ाउंडेशन से जुड़े सदस्य ने बड़ी संख्या में हिस्सा लेकर कर विभिन्न प्रकार के पौधे रोपित किए। मीडिया से बात करते हुए संत निरंकारी मिशन के प्रचारक विकास अग्रवाल ने बताया कि नेचर पार्क में मिशन से जुड़े लोगों द्वारा विभिन्न प्रकार के करीब 5 दर्जन औषधीय व फलदार पौधे आज रोपित किए हैं।संत निरंकारी मिशन द्वारा तय लक्ष्य के मुताबिक हर वर्ष लाखों पौधे देश भर में आरोपित किए जाते हैं और उसी कड़ी में इस वर्ष भी पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान पौधों का महत्व देखने को मिला था जब ऑक्सीजन की कमी के कारण कई लोगों को अपनी जान से हाथ भी गवाना पड़ा था।

### झूठे साबित हुए कांग्रेस के सभी वायदे, जनता से किया धोखा: राकेश गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। सिरमौर** जिला भाजपा के मीडिया प्रभारी राकेश गर्ग ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश सत्ता संभालते ही अपने किए वायदे भूल गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने चुनावो के समय ओपीएस बहाल करने का आश्वासन दिया था जो अभी तक लटक रहा है, महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह देने का विश्वास दिलाया था मगर सब धोखा ही निकला और अब युवा वर्ग अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है उन्होंने कहा कि चुनावी समय मे कांग्रेस ने वायदा किया था कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही 1 लाख युवाओं को प्रदेश भर में रोजगार दिया जाएगा मगर सत्ता संभालने के बाद कांग्रेस के नेता व मंत्री अपने युवाओं से किए वायदे भूल गए है। जिससे साफ तौर पर कहा जा सकता है कि कांग्रेस ने प्रदेश के युवाओं के साथ एक बहुत बड़ा छलावा किया है। मीडिया को जारी बयान में राकेश गर्ग ने कहा कि मौजूदा कांग्रेस सरकार कोई भी नई भर्तियां प्रदेश के भीतर नहीं कर पा रही है और बेरोजगारी का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है उन्होंने कहा कि युवा आए दिन नई भर्तियों की मांग को लेकर और जो परीक्षाएं युवाओं ने दी है उसके परिणाम घोषित करने को लेकर सडकों पर उतरे दिखते हैं मगर सरकार को युवाओं की चिंता नहीं है जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

# कुनाल और यशस्वी ने जीती मिनी मेराथन, नोरबू ने साईकिल रेस

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**तीन** दिवसीय राज्य स्तरीय जनजातीय उत्सव केलंग के अवसर पर आज मिनी मेराथन व साईकिल रेस का आयोजन किया गया। मिनी मैराथन के अन्दर 19 पुरूष वर्ग में चेस्ट नंबर-557 कुनाल तथा अंडर-19 महिला वर्ग में चेस्ट नंबर -560 यशस्वी विजेता रही। जबकि साईकिल रेस में नोरबू विजेता बने। जनजातीय उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं उपायुक्त लाहौल एवं स्पीति राहुल कुमार ने मिनी मेराथन व साईकिल रेस को हरी झंडी देकर रवाना किया। जन जातिय उत्सव के



अवसर पर आयोजित मिनी मेराथन के अंडर 19 पुरूष वर्ग में चेस्ट नंबर-554 कृष्णा दूसरे तथा चेस्ट नंबर-551 अर्जुन तीसरे स्थान पर रहे। इसी तरह अंडर-19 महिला वर्ग में चेस्ट न0 537 कशिश दूसरे तथा अंशिका तीसरे स्थान पर रही। इसी तरह आयोजित साईकिल रेस में तंजिन डूडन दुसरे तथा जंगपों तीसरे स्थान पर रहे। मिनी मेराथन के दोनों वर्गो में कुल 44 जबकि साईकिल रेस में कुल 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी उप पुलिस अधीक्षक मनीष चौधरी भी मौजूद रहे।

# मेले एवं त्यौहार संस्कृति को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होते हैं: जगत

**टीम एक्शन इंडिया/ किन्नौर/ अनिल**

राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने गत सांय किन्नौर जिला के पूह उपमण्डल में आयोजित तीन दिवसीय ग्रीष्म महोत्सव मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि मेले एवं त्यौहार लोगों को मेल.जोल का अवसर प्रदान करते हैं और पारंपरिक लोक संस्कृति को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाते हैं। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने मेला आयोजकों को ग्रीष्म महोत्सव के सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि मेले व त्यौहार हमारी समृद्ध संस्कृति के धरोहर हैं। हम सभी का दायित्व बनता है कि इनके संरक्षण के लिए आगे आएं ताकि आने वाली




पीढि ऐं हमारी समृद्ध संस्कृति से अवगत हो सके। उन्होंने कहा कि मेले व त्यौहार आपसी सद्भाव व भाईचारा बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं तथा आज के व्यस्तम जीवन में भी आपसी मेल-मिलाप को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। जनजातीय विकास मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल के विकास को गति प्रदान करने के लिए प्राथमिकता से कार्य कर रही है। राज्य में आपदा के कारण हुए नुकसान की भरपाई के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा राज्य को पुनः अपने पैरों पर खड़े करने के कड़े प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने पूह स्टेडियम में हर प्रकार के खेलों को बढ़ावा देने के लिए इसे और अधिक आधुनिक उपकरणों सहित विकसित कर भव्य मैदान बनाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें वॉलिबॉल प्रतियोगिता, लोक नृत्य सीनियर व जूनियर प्रतियोगिता, मिस-पूह प्रतियोगिता, टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता, पूह की आवाज प्रतियोगिता, बैस्ट स्टॉल प्रतियोगिता शामिल रही। आयोजित प्रतियोगिता में विजेता रहे प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।आयोजित पुरूष वॉलिबॉल प्रतियोगिता में 17 जॉट टीम ने प्रथम स्थान तथा ईश्वर बॉयज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

महिला वॉलिबॉल प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पूह ने प्रथम तथा सैनिक विद्यालय पूह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

उत्तराखण्ड शासन | आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

15 अगस्त





हर देश की विकास यात्रा में एक समय ऐसा आता है जब देश खुद को नए सिरे से परिभाषित करता है। अगले 25 वर्षों की यात्रा भारत के इस सृजन का अमृत काल है। इस अमृत काल में हमारे संकल्पों की सिद्धि, हमें गौरवपूर्ण रूप से आज़ादी के 100 वर्ष तक ले जाएगी।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ


आओ, मिलकर फहराएँ हर घर तिरंगा



मैं, भारत माता की स्वाधीनता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी अमर शहीदों, महान स्वतन्त्रता सेनानियों तथा स्वतन्त्र भारत की सुरक्षा एवं अखंडता में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी वीर सैनिकों को नमन् करता हूँ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज देश हर्षोल्लास के साथ 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' मना रहा है। नये भारत के निर्माण में नये उत्तराखण्ड का योगदान अमूल्य है। आइये, स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर हम उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के विकल्प रहित संकल्प को लेकर आज़ादी के अमृत महोत्सव की बेला पर हर घर तिरंगा लगाकर राष्ट्रीय पर्व को धूमधाम से मनाएँ।

जय हिन्द, जय उत्तराखण्ड

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड





## नये भारत का नया उत्तराखण्ड

- केदारनाथ-बद्रीनाथ धाम में 1300 करोड़ रुपए से पुनर्निर्माण का कार्य।
- गौरीकुण्ड-केदारनाथ, गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब रोपवे।
- मानसखण्ड मंदिर माला मिशन।
- 4000 से अधिक होम स्टे विकसित।
- 16 ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन का विकास।
- AIIMS, ऋषिकेश का उधमसिंहनगर में सैटेलाइट सेंटर।
- 2 हजार करोड़ रुपए की लागत से टिहरी लेक डेवलेपमेंट।
- एडवेंचर टूरिज्म व योग का केन्द्र बना उत्तराखण्ड।
- चारधाम ऑल वेदर रोड।
- दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे।
- वन्देभारत एक्सप्रेस ट्रेन।
- पर्वतमाला परियोजना से प्रदेश में रोपवे कनेक्टिविटी।
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना।
- पर्यटन हब, एडवेंचर टूरिज्म, फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन के रुप में उभरता उत्तराखण्ड।
- भारतमाला परियोजना।
- एक जिला-दो उत्पाद योजना।
- निवेश अनुकूल औद्योगिक नीति।
- स्टार्टअप से युवा उद्यमिता को प्रोत्साहन।
- अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना।
- स्टेट मिलेट मिशन से राज्य में पौष्टिक अनाज को बढ़ावा।
- अन्त्योदय नि:शुल्क गैस रिफिल योजना के तहत वर्ष में 3 गैस सिलैण्डर रिफिल मुफ्त।
- मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना।
- राज्य में सोलर पॉवर उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु नई सौर ऊर्जा नीति लागू।
- मिशन एप्पल के तहत राज्य में सेब के 500 बगीचों की स्थापना का लक्ष्य है। मिशन एप्पल का बजट दुगुना।
- राज्य के किसानों के लिए 304 करोड़ रुपये की पॉलीहाउस योजना के तहत प्रदेशभर में लगभग 18000 पॉलीहाउस बनाने का लक्ष्य रखा गया है। किसानों को पॉलीहाउस बनाने के लिए सरकार द्वारा 70 प्रतिशत सब्सिडी।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
"open your eyes
to quality vision"
R.V.S.
EYE CENTRE
All Major Mediclaim Facilities Available
ON Panel : CGHS • DGEHS • ECHS • NDMC • RBI • DVB • DJB
DU • RITES • TPDDL • AIR INDIA • DDA • DTC • FCI • BSES
011-27478745, 9811671606, 9891067652
BFH-9, Som Bazar Road, (Near Mountabu Public School)
Shalimar Bagh, Delhi-110 088


वैलफेयर एसोसिएशन (रजि.)
मजलिस पार्क
एस.सी. दीक्षित
अध्यक्ष (Advocate)
आई.एस. बंसल
महासचिव
नीरज कपूर
कोषाध्यक्ष
सुशील बंसल
महासचिव (कार्यवाहक)
अरविन्द शर्मा
लक्ष्मीनारायण गोयल
गुरदयाल छाबड़ा
एस.एन. वर्मा
जी.के.जैन
परमानंद सिंघल
धर्मवीर चौधरी
प्रेमचंद गुप्ता
आर.एस. चौहान
नरेश टण्डन
सुरेन्द्र चौधरी
किशनलाल गोयल
पी.एस. चौहान
पवन गुप्ता
अर्जुन जैन
संदीप तुल्ली
आर.एस.गुप्ता
मंनजीत सिंह सोढी


GARHWAL BAKERS
9999320707
Happiest days must be celebrated.....
GARHWAL BAKER'S
Garhwal BAKER'S
CAKES & COOKIES
RAMLAL UNIYAL
92122 73454
SURESH UNIYAL
9999320707
A-57, Kewal Park, Main Road,
Azadpur, Delhi-110033
www.garhwalbakers.com


TILES
SANITARYWARE
Mohan Garg
9354212413
Jai Prakash Goyal
9811041323
India's Fifth Largest
Manufacturer Of Sanitaryware
SOMANY
TILES • BATHWARE
SOMANY DURAGRES
STRONG, Stylish
& LONG-LASTING
50 YEARS
LEADERSHIP IN
DESIGN AND INNOVATION
E-mail : bathjewels94@gmail.com
BATH JEWELS
K-6, KEWAL PARK EXTN.,
AZADPUR, DELHI-110033
Sagar Garg #7982107189 | Sanchit Garg #8383880905
MOHAN PAINTS & SANITARY STORE
K-6B, Kewal Park Extn., Azadpur, Delhi-110033
E-mail : mohanpaints.co.in@gmail.com

दिल्ली सरकार
आप की सरकार

# स्वतंत्रता दिवस
## की हार्दिक शुभकामनाएं

**-अरविंद केजरीवाल**
मुख्यमंत्री, दिल्ली



सूचना एवं प्रचार निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार